बैशाख कृष्ण पक्ष एकादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 4 मई 2024
वर्ष-34, अंक-97, पृष्ठ-16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य-5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



मंगल की धरती है भूगर्भीय रासायनिक संरचना 16

17 से स्ट्रीम होगी बाहुबली: क्राउन ऑफ ब्लड 15



पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

## प्रधानमंत्री मोदी आज कानपुर में करेंगे रोड शो

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार शाम 4 बजे कानपुर पहुंचेंगे। छह बजे से रोड शो करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी विशेष विमान से चकेरी एयरपोर्ट आएंगे। यहां से कार से सड़क मार्ग से गुमटी गुरुद्वारा जाएंगे और वहां माथा टेकने के बाद गुरुद्वारा समिति के पदाधिकारियों से मिलेंगे। वहीं से रोड शो के लिए रथ पर सवार होंगे।

रोड शो शाम 6 बजे शुरू होकर गुमटी बाजार,संतनगर चौराहे से कालपी रोड पहुंचेगा। उनके साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, कानपुर से उम्मीदवार रमेश अवस्थी और अकबरपुर से उम्मीदवार देवेंद्र सिंह भोले भी रहेंगे।

### मोदी 14 मई को करेंगे नामांकन दाखिल

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी लोकसभा सीट से 14 मई को नामांकन दाखिल करेंगे। इससे पहले 13 मई को वाराणसी में रोड शो भी करेंगे। बता दें कि वाराणसी लोकसभा सीट पर एक जून को वोटिंग होगी। पार्टी प्रधानमंत्री मोदी की जीत को ऐतिहासिक बनाने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी।

## सीपीआई नेता अतुल अंजान का निधन



लखनऊ। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) के राष्ट्रीय सचिव अतुल कुमार अंजान (70 वर्ष) का शुक्रवार सुबह लखनऊ के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वे लंबे वक्त से कैंसर से पीड़ित थे। एक माह से निजी अस्पताल में भर्ती थे। वर्ष 1977 में लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रसंघ अध्यक्ष के रूप में राजनीतिक पारी शुरू करने वाले अतुल अंजान वामपंथी राजनीति में एक चर्चित नाम थे। अतुल अंजान चार बार लखनऊ विश्वविद्यालय के अध्यक्ष रहे।

**चुनाव में हमनाम उम्मीदवारों से संबंधित याचिका पर सुनवाई से कोर्ट का इनकार**

## एक नाम होने के कारण चुनाव लड़ने से नहीं रोक सकते

नई दिल्ली, एजेंसी



उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को उस याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया, जिसमें चुनाव लड़ने वाले हमनाम उम्मीदवारों के मुद्दे को हल करने के उद्देश्य से एक प्रभावी तंत्र के लिए तत्काल कदम उठाने के वास्ते चुनाव आयोग (ईसी) को निर्देश देने का अनुरोध किया गया था।

न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ द्वारा याचिका पर विचार करने में अनिच्छा जताने के बाद याचिकाकर्ता के वकील ने इसे वापस लेने की अनुमति मांगी। जिसे पीठ ने स्वीकार कर लिया।

पीठ ने याचिकाकर्ता साबू स्टीफन की ओर से पेश अधिवक्ता वीके. बीजू से पूछा कि अगर कोई राहुल गांधी के रूप में पैदा हुआ है या कोई लालू प्रसाद यादव के रूप में, तो उन्हें चुनाव लड़ने से कैसे रोका जा सकता है? क्या इससे उनके अधिकारों पर असर नहीं पड़ेगा? इस मुद्दे को बेहद गंभीर बताते हुए, बीजू ने चुनाव संचालन नियमावली, 1961 के नियम 22(3) का हवाला दिया था, जिसमें कहा गया है कि यदि दो या दो से अधिक उम्मीदवारों का नाम एक ही है, तो उन्हें उनके व्यवसाय, निवास या किसी अन्य तरीके से अलग किया जाएगा। पीठ ने पूछा कि अगर किसी के माता-पिता ने एक जैसा नाम दिया है, तो क्या यह उनके चुनाव लड़ने के अधिकार में बाधा बन सकता है? न्यायालय ने कहा कि आप जानते हैं कि इस मामले का क्या होगा। इसके बाद वकील ने पीठ से याचिका वापस लेने की इजाजत मांगी जिसे स्वीकार कर लिया गया। याचिका में कहा गया था कि 'हमनाम' उम्मीदवारों की गलत प्रथा मतदाताओं के मन में भ्रम पैदा करने की एक पुरानी चाल है।

### सुप्रीम कोर्ट का फैसला

- याचिका में कहा गया था कि हमनाम उम्मीदवार मतदाताओं को करते हैं भ्रमित

### एक नजर

### सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम 20 मई के बाद

नई दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) 10वीं और 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम 20 मई के बाद घोषित कर सकता है। बोर्ड के अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। परीक्षा परिणामों की घोषणा की अटकलों के बीच बोर्ड का यह स्पष्टीकरण आया है। बोर्ड ने अपनी वेबसाइट पर कहा कि सीबीएसई की कक्षा 10वीं और 12वीं के नतीजे 20 मई के बाद घोषित होने की संभावना है। दोनों कक्षाओं की बोर्ड परीक्षाएं फरवरी-अप्रैल के बीच आयोजित की गईं थीं।

### जासूसी के आरोप में एक गिरफ्तार

होशियारपुर। पंजाब की होशियारपुर जिला पुलिस ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि हरप्रीत सिंह उर्फ पेस्टर जॉनसन, जो मूल रूप से तरण तरण जिले का निवासी है, यहाँ विजय नगर में रह रहा था। उसे कल रात गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार हरप्रीत पिछले कुछ वर्षों में दो बार पाकिस्तान जा चुका है।

### ढाई करोड़ के सोने के साथ पांच गिरफ्तार

नई दिल्ली। सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों ने दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर करीब 2.4 करोड़ रुपये मूल्य के सोने की तस्करी करने के आरोप में अजरबैजान के पांच नागरिकों को गिरफ्तार किया है। सीमा शुल्क विभाग द्वारा 30 अप्रैल को दुबई से आए आरोपियों को रोका गया। उनकी तलाशी में आभूषण, तार, बेल्ट बकल और हैंडबैग हैंडल आदि के रूप में 3.5 किलो सोने की वस्तुएं बरामद की गईं, जिनकी कीमत 2.44 करोड़ रुपये है।

# रायबरेली से लड़ेंगे राहुल

## कांग्रेस अध्यक्ष खरगे, सोनिया-प्रियंका की मौजूदगी में किया नामांकन

- भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह ने भी दाखिल किया अपना पर्चा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** रायबरेली-अमेठी सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशियों को लेकर कई दिनों से बने कौतुहल के बीच नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रायबरेली सीट से नामांकन किया। इस मौके पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी, राबर्ट वाड्रा, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत आदि मौजूद रहे।

कलेक्ट्रेट परिसर में कांग्रेस के दिग्गज नेताओं के साथ भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह के समर्थन में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, राज्यसभा सदस्य अमरपाल मौर्य व राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला लाव-लश्कर के साथ पहुंचे। सबसे पहले भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह ने चार सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके बाद राहुल गांधी ने चार सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मो. इलियास, पूर्व विधायक अजयपाल सिंह, कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी व सुशील पासी उनके प्रस्तावक बने।



जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर को नामांकन पत्र सौंपते राहुल गांधी। साथ में सोनिया गांधी, प्रियंका वाड्रा, राबर्ट वाड्रा व कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे। ● अमृत विचार

### कैसरगंज से करण भूषण ने भरा पर्चा

कैसरगंज सीट से भाजपा के मौजूदा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के पुत्र करन भूषण शरण सिंह ने नामांकन किया। इस मौके पर सदर विधायक प्रतीक भूषण शरण सिंह, सुमित भूषण सिंह व सांसद प्रतिनिधि संजीव सिंह मौजूद रहे। नामांकन के पूर्व रघुकुल विद्यापीठ परिसर में सभा के बाद करण भूषण पार्टी नेताओं-कार्यकर्ताओं के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने चार सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके पहले सपा से भगतराम मिश्र ने नामांकन पत्र दाखिल किया।

### अमेठी से केएल शर्मा ने किया नामांकन

हाईप्रोफाइल अमेठी सीट से कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा ने नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के पहले अमेठी पहुंचीं प्रियंका गांधी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित कर उनका उत्साह बढ़ाया। गौरीगंज केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय से कलेक्ट्रेट मोड़ तक कार्यकर्ताओं के बीच भारी उत्साह के साथ रोड शो कर कांग्रेस प्रत्याशी केएल शर्मा कलेक्ट्रेट पहुंचे और चार सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। रोड शो में सपा व आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता शामिल हुए।

## मथुरा वृंदावन में बड़ी कार्ययोजना के साथ हमारा एजेंडा तय : योगी

कार्यालय संवाददाता, संभल/बबराला

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संभल लोकसभा सीट के कैला देवी व बदायूं के बबराला में चुनावी सभाओं में कहा कि मथुरा, वृंदावन में कन्हैया के लिए बड़ी कार्ययोजना के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं। हमारा एजेंडा तय है। लोग पूछें समाजवादी पार्टी से कि क्या वह इस कार्य में सहयोग करेगी।

कैला देवी धाम पर भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह संभल में श्री हरि विष्णु के अवतार महाराज कल्कि के धाम को एक नया स्वरूप देने का चुनाव है। अयोध्या के बारे में भी लोग यही कहते थे कि क्या यह हो पाएगा। भाजपा ने अयोध्या को फिर से श्रीराम के कालखंड का अयोध्या बनाकर आपकी आस्था को सम्मान दिया है। सपा व कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जब ये न आपको सुरक्षा दे सकते हैं, न देश को सुरक्षित रख सकते हैं, न देश को सम्मान दिला सकते हैं, न गरीब कल्याण कर सकते हैं और न ही आपकी आस्था का सम्मान कर सकते हैं तो फिर इनको चुन कर क्या करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश को विकसित भारत के रूप में स्थापित करने की बात करते हैं। जबकि विपक्षी गठबंधन कहता है कि हम पिछड़े और दलितों को मिलने वाले आरक्षण को काट करके अल्पसंख्यकों को दे देंगे।

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता को मौका देती है जबकि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी सब कुछ अपने घर में समेटकर रखना चाहती हैं। चाहे पार्टी का कोई पद हो, चाहे सत्ता की व्यवस्था हो, सब कुछ उन्हें अपने परिवार के लिए चाहिए। उन्होंने सपा को परिवारवादी पार्टी बताया।



संभल के कैलादेवी धाम की जनसभा में लोगों का अभिवादन स्वीकार करते मुख्यमंत्री योगी और मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव व अन्य नेता। ● अमृत विचार

- मुख्यमंत्री बोले, सपा बताए क्या इस पुण्य कार्य में सहयोगी बनेगी
- कांग्रेस-सपा सब अपने घर में समेट कर रखना चाहती हैं : मोहन

## ईडी ने कुर्क कीं 205 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्तियां

नई दिल्ली, एजेंसी

**छत्तीसगढ़ आबकारी घोटाला**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छत्तीसगढ़ में कथित आबकारी घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के तहत सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा, रायपुर के महापौर के बड़े भाई व अन्य व्यक्तियों की 205 करोड़ रुपये मूल्य से अधिक की संपत्ति कुर्क की है।

जांच एजेंसी ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि कुर्क की गई संपत्तियों में टुटेजा की 15.82 करोड़ रुपये की 14 संपत्तियां, रायपुर के महापौर व कांग्रेस नेता ऐजाज ढेबर के बड़े भाई अनवर ढेबर की 116.16 करोड़ रुपये की 115 संपत्तियां, विकास अग्रवाल उर्फ सुब्बू की 1.54 करोड़ रुपये की संपत्तियां और अरविंद सिंह की 12.99 करोड़ रुपये की 33 संपत्तियां शामिल हैं।

ईडी के अनुसार, भारतीय दूरसंचार सेवा (आईटीएस) के अधिकारी और आबकारी विभाग के विशेष सचिव अरुणपति त्रिपाठी की 1.35 करोड़ रुपये की संपत्ति, त्रिलोक सिंह ढिल्लों की 28.13 करोड़ रुपये की नौ संपत्तियां, नवीन केडिया के 27.96 करोड़ रुपये के आभूषण और आशीष सौरभ केडिया/दिशिता वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड की 1.2 करोड़ रुपये की चल संपत्ति कुर्क की गई है।

## तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस के सोशल मीडिया सेल के 5 सदस्य गिरफ्तार

हैदराबाद, एजेंसी

**शाह डीपफेक वीडियो मामला**

- हैदराबाद साइबर क्राइम पुलिस ने भाजपा की शिकायत पर की कार्रवाई

तेलंगाना की हैदराबाद साइबर क्राइम पुलिस ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के हैदराबाद के बाहरी इलाके सिद्दीपेट में चुनाव अभियान एवं जनसभा के दौरान दिए गए भाषण का एक विकृत वीडियो प्रसारित करने के आरोप में तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस की सोशल मीडिया इकाई में काम करने वाले पांच लोगों को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार लोगों में पेंड्याला वामशी कृष्णा, मन्ने सतीश, पेट्टम नवीन, अस्मा तस्लीम और कोया गीता शामिल हैं। हैदराबाद शहर के साइबर अपराध पुलिस उपायुक्त दारा कविता ने शुक्रवार को यहां बताया कि सभी हैदराबाद के निवासी हैं। सभी आरोपियों को हैदराबाद के नामपल्ली में अदालत के समक्ष पेश किया गया, जहां उन्हें सशर्त जमानत दे दी गयी।

अदालत ने उन्हें दो प्रतिभूतियों के साथ 10 हजार रुपये जमा करने और अगले आदेश तक सोमवार और शुक्रवार को जांच अधिकारी के समक्ष उपस्थिति दर्ज कराने को कहा है। भाजपा के राज्य महासचिव जी. प्रेमेंदर रेड्डी ने 27 अप्रैल को शिकायत दर्ज कराई थी कि तेलंगाना कांग्रेस ने अपने ट्विटर अकाउंट पर शाह का विकृत/मनगढ़ंत वीडियो पोस्ट किया है।

## ईडी गिरफ्तारी के खिलाफ हेमंत सोरेन की याचिका खारिज



रांची। झारखंड हाईकोर्ट ने शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उस रिट याचिका को खारिज कर दिया और उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया, जिसमें उन्होंने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी थी। हालांकि अदालत ने जेल में बंद सोरेन को छह मई को अपने चाचा के अंतिम संस्कार में पुलिस हिरासत में शामिल होने की अनुमति दे दी। एक याचिका के जरिए सोरेन ने ईडी द्वारा अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी थी। अदालत ने 28 फरवरी को मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। न्यायमूर्ति आर. मुखोपाध्याय ने निर्देश दिया है कि पुलिस हिरासत में वह (सोरेन) अपने चाचा के अंतिम संस्कार में शामिल हो सकते हैं।

## इफ्को और कोरोमंडल की पोटेशियम सल्फेट पर रोक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लाइसेंस के विपरीत नामों से उर्वरक बिक्री पर नोटिस जारी
- कृषि निदेशालय ने अग्रिम आदेश तक प्रदेश में लगाई रोक

**अमृत विचार :** कृषि निदेशालय ने इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर को-ऑपरेटिव लि. (इफ्को) व कोरोमंडल इंटरनेशनल लिमिटेड की अलग-अलग नामों से बेची जा रही पोटेशियम सल्फेट उर्वरक प्रतिबंधित कर दी है। साथ ही लाइसेंस से विपरीत नाम देने पर दोनों कंपनियों के राज्य विपणन प्रबंधक को नोटिस जारी किया है।

संयुक्त निदेशक (उर्वरक) अनिल कुमार पाठक ने प्रदेश में उर्वक की बिक्री, पैकिंग व प्रचार की जांच की। इस दौरान पाया कि इफ्को ने प्रदेश में पोटेशियम सल्फेट नाम से उर्वरक बिक्री का लाइसेंस लिया था। जबकि कंपनी द्वारा बाजार व वेबसाइट पर 0:0:50 पोटेशियम सल्फेट व पोटेशियम सल्फेट (0:0:50) नाम से बिक्री की जा रही है। इसी तरह कोरोमंडल इंटरनेशनल लिमिटेड ने पोटेशियम सल्फेट के नाम से लाइसेंस लिया था और उर्वरक की बिक्री भिन्न नाम एनपीके 0:0:50 सल्फेट ऑफ पोटाश के नाम से हो रहा था। जो लाइसेंस के नियमों का उल्लंघन है। दोनों उर्वरकों की अग्रिम आदेश तक बिक्री प्रतिबंधित कर दी गई है। इफ्को के राज्य विपणन प्रबंधक अभिमन्यु राय व कोरोमंडल के राज्य विपणन प्रबंधक दिनेश कुमार सिंह से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

## आगरा में जनसभा के दौरान स्वामी प्रसाद मौर्य पर युवक ने फेंका जूता

आगरा, एजेंसी



- पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा कर रहे थे मौर्य
- रास्ते में कार पर स्याही फेंकी काले झंडे दिखाए, एक गिरफ्तार

हिंदू धर्म ग्रंथों पर विवादित बयानबाजी के चलते सुर्खियों में रहने वाले राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के मुखिया स्वामी प्रसाद मौर्य की जनसभा में शुक्रवार को जूता फेंका गया। इससे पहले उनके काफिले को रोककर काले झंडे दिखाए गए और उनकी कार पर स्याही फेंकी गई। पुलिस ने जूता फेंकने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया।

स्वामी प्रसाद मौर्य फतेहपुर सीकरी लोकसभा क्षेत्र में थाना डौकी क्षेत्र स्थित माता सती मंदिर पर अपनी पार्टी के प्रत्याशी होतम सिंह निषाद के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इसी दौरान जनता के बीच से एक युवक उठा और जब तक कोई कुछ समझ पाता उसने हाथ में जूता लेकर मंच की ओर फेंक दिया। हालांकि यह जूता मौर्य को न लग कर पोडियम के बराबर में लगे मोबाइल रिकार्डिंग स्टैंड से टकराया। अचानक हुई इस घटना से अफरा-तफरी मच गई। भागते हुए युवक को पुलिस ने तुरंत दबोच लिया और जनसभा स्थल से पकड़कर थाने ले गई। इससे पूर्व फतेहाबाद चौराहे पर अखिल भारत हिंदू महासभा के कार्यकर्ताओं ने स्वामी प्रसाद मौर्य के काफिले को काले झंडे दिखाए। उन्होंने कार पर स्याही भी फेंक दी। स्वामी प्रसाद मौर्य वापस जाओ के नारे लगना शुरू हो गए। स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा पिछले दिनों हिंदू धर्म को लेकर टिप्पणी की गई थी। प्रदर्शनकारियों में इसी बात को लेकर नाराजगी थी।

**मनमानी**

35 जिलों में पशुओं के मरने पर प्रीमियम से ज्यादा आया क्लेम

## ज्यादा क्लेम पर 62 चिकित्सकों के बीमा करने पर रोक

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ



- हाई इन्श्योरेंस क्लेम रेसियो बताकर कंपनी ने खड़े किए हाथ

**अमृत विचार :** जोखिम प्रबंधन एवं पशुधन बीमा योजना में कंपनी को पशुओं की मौत में ज्यादा 'जोखिम' दिखा तो उप्र पशुधन विकास परिषद ने 35 जिलों के 62 पशु चिकित्सकों के बीमा करने पर रोक लगा दी है।

यह कार्रवाई इसलिए कि गई कि वर्ष 2023-24 में जिन पशुओं का चिकित्सकों द्वारा बीमा किया गया, उनके मरने पर प्रीमियम से ज्यादा क्लेम आया है। इसे हाई आईसीआर यानी अधिक इन्श्योरेंस क्लेम रेसियो बताकर चिकित्सकों को कठघरे में खड़ा कर दिया है। जांच कर प्रगति सुधार के लिए संबंधित मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को लिखा गया है। दरअसल, जिन पशुओं ने दम तोड़ा उनकी क्लेम राशि ज्यादा है, जिसे देने में कंपनी को घाटा है। आगे ऐसी स्थिति से बचने के लिए ज्यादा क्लेम कराने वाले चिकित्सकों के बीमा करने पर रोक लगाई है। सिर्फ लखनऊ की बात करें तो एक पशु चिकित्सक ने 26 पशुओं का बीमा किया, जबकि एक पशु की मौत हुई। इसी तरह दूसरे ने 46 पशुओं का बीमा किया, मौत चार पशुओं की हुई।

### इन जिलों के 66 चिकित्सकों पर रोक

शाहजहांपुर, बदायूं, मुरादाबाद, फिरोजाबाद, आगरा, हाथरस, अलीगढ़, अमेठी, सुल्तानपुर, बाराबंकी, आजमगढ़, सिद्धार्थनगर, बस्ती, गोंडा, श्रावस्ती, जालौन, कानपुर नगर, फर्रुखाबाद, इटावा, सीतापुर, हरदोई, उन्नाव, लखनऊ, रायबरेली, मेरठ, सोनभद्र, अमरोहा, बिजनौर, संभल, प्रयागराज, प्रतापगढ़, मुज्जफनगर, वाराणसी, गाजीपुर व चौंदौली।

### घाटा होने पर सात माह प्रभावित रही थी प्रक्रिया

प्रदेश में पशुधन बीमा योजना का काम एक कंपनी अनुबंध के तहत देख रही है। जिसने वर्ष 2022-23 में प्रीमियम से ज्यादा क्लेम आने पर वर्ष 2023-24 में अनुबंध के लिए मना कर दिया था। इस वजह से सात माह तक बीमा की प्रक्रिया नहीं हुई थी। मनमाने नियम बनाकर कंपनी ने टेंडर लिया। सितंबर से अप्रैल तक पशुओं का बीमा किया गया, अब पशुओं की मौत पर क्लेम देने से बचने में लगी है।

> बीमा और क्लेम नहीं रोका गया है। कुछ जगह प्रीमियम से ज्यादा क्लेम आया है। इसके चेक प्वाइंट के लिए संबंधित मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को लिखा गया है। इस वर्ष 41 प्रतिशत क्लेम दिया है।
> – **डॉ. मंजीत राठौर**, पशु चिकित्साधिकारी, उप्र पशुधन विकास परिषद

### अधिक पोस्टमार्टम पर भी उठे सवाल

पशुओं का बीमा चिकित्सक द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण रिपोर्ट के आधार पर होता है। बीमा कंपनी प्रतिनिधि पूरी पड़ताल कर फोटो समेत पॉलिसी करते हैं। मौत होने पर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर पशु पालक क्लेम करते हैं। वर्ष 2022-23 में जिन-जिन पशुओं की मौत हुई उनका चिकित्सकों ने नियमानुसार पोस्टमार्टम किया। लेकिन, इसे भी अधिक पोस्टमार्टम करना बता दिया गया।

## एक नजर

### जाति-धर्म आधारित सम्मेलनों की होगी वीडियोग्राफी

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकसभा चुनाव में आचार संहिता का कड़ाई से पालन करने के लिए जाति–धर्म आधारित सम्मेलनों की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। ग्राम्य विकास आयुक्त की तरफ से सभी जिला निर्वाचन अधिकारी को पत्र जारी किया गया है। इसमें लिखा की जाति आधारित सम्मेलनों व पंचायतों पर गहन नजर रखी जाए। ऐसे सम्मेलनों की वीडियोग्राफी कराई जाए। यदि सम्मेलन में जाति, धर्म आदि का इस्तेमाल होता है तो आदर्श आचार संहिता के तहत कार्रवाई की जाए।

### मतदाता जागरूकता रैली का होगा आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र भारत स्काउट और गाइड द्वारा लोक सभा निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान के लिए शनिवार को मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया जाएगा। रैली का उद्घाटन संस्था के अध्यक्ष एवं जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार द्वारा प्रात : 06 :30 बजे क्वींस इण्टर कालेज लालबाग में किया जायेगा। मतदाता जागरूकता रैली में विभिन्न विद्यालयों के लगभग 1500 स्काउट, गाइड, स्काउटर, गाइडर उपस्थित रहेगें। रैली क्वीस इण्टर कालेज लालबाग से शुरू होकर नावेल्टी चैराहा, मेफेयर चैराहा, होते हुए अटल चैक, जीपीओ गांधी प्रतिमा पर समाप्त होगी। जिला सचिव अनिल शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर जिला संस्था के संरक्षक डॉ. आरपी मिश्र व जिला मुख्यायुक्त डॉ. जेपी मिश्र के अतिरिक्त विशिष्ट अतिथि के रूप में संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ. प्रदीप कुमार, उप शिक्षा निदेशक रेखा दिवाकर, जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक द्वितीय आरएस बघेल, सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक जय शंकर श्रीवास्तव, मनीषा द्विवेदी, एएसओसी लखनऊ मण्डल पूनम संन्धू, जिला कमिश्नर (स्काउट) एसडी यादव, जिला कमिश्नर (गाइड) संगीता अग्रवाल व जिला संस्था के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

# सर्वोदय विद्यालयों में भी लागू होगा ग्रेडिंग सिस्टम

## पहले चरण में यूपी बोर्ड व उसके बाद सीबीएसई के स्कूलों को किया जाएगा शामिल

राजीव शुक्ला, लखनऊ



- शिक्षक-छात्रों की उपस्थिति और परीक्षा परिणाम होंगे ग्रेडिंग के मानक
- पढ़ाई की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए ग्रेडिंग सिस्टम लागू करने का लिया गया निर्णय

**अमृत विचार :** समाज कल्याण विभाग ने आश्रम पद्धति विद्यालय (अब सर्वोदय विद्यालय) की पढ़ाई की स्थिति में सुधार करने के लिए ग्रेडिंग सिस्टम लागू किया जा रहा है। समाज कल्याण निदेशक ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। ग्रेडिंग सिस्टम में तय अंकों के आधार पर विद्यालयों का मूल्यांकन कर उन्हें स्वर्ण, रजत और कांस्य श्रेणी की रैंकिंग में रखा जाएगा। हर श्रेणी में टॉप 10 विद्यालयों को रखे जाने की व्यवस्था है।

बता दें कि समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। इनमें 54 यूपी बोर्ड के हैं जबकि शेष सीबीएसई बोर्ड के हैं। दोनों बोर्डों से जुड़े विद्यालयों की रैंकिंग अलग-अलग की जाएगी।

**पांच बार किया जाएगा मूल्यांकन :** यूपी बोर्ड से मान्यता प्राप्त सभी आश्रम पद्धति विद्यालयों का मूल्यांकन वर्ष में पांच बार होगा। मई, अगस्त, अक्टूबर, दिसंबर (अर्द्धवार्षिक परीक्षा) और फरवरी में (वार्षिक परीक्षा) के बाद। मई से अक्टूबर के बीच तीन बार यूनिट टेस्ट कराए जाएंगे।

समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत की ओर से विभागीय अधिकारियों के साथ सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को दिशा निर्देश भेजे गए हैं। कहा गया है कि ग्रेडिंग के लिए प्रत्येक शैक्षणिक सत्र में प्रत्येक विद्यालय का पांच बार मूल्यांकन किया जाएगा।

पहला मूल्यांकन बोर्ड परीक्षा के बाद, दूसरा पहले यूनिट टेस्ट के बाद, तीसरा मूल्यांकन दूसरे यूनिट टेस्ट के बाद, चौथा मूल्यांकन अर्द्धवार्षिक परीक्षा के बाद और पांचवां मूल्यांकन वार्षिक परीक्षा के बाद होगा। विद्यालयों में यूनिट टेस्ट कराने का निर्णय पिछले शैक्षणिक सत्र में लिया गया था।

### नौ मानकों पर होगा मूल्यांकन

ग्रेडिंग के लिए नौ मानक बनाए गए हैं। मानकों के आधार पर सौ नंबरों का एक प्रारूप तय किया गया है। पहले मानक में छात्रों और शिक्षकों की मासिक उपस्थिति के दस–दस अंक तय किए गए हैं। 91 सो 100 फीसदी तक उपस्थिति पर दस अंक, 81 से 90 फीसदी उपस्थिति पर आठ अंक तय किए गए हैं। इसी क्रम में 50 फीसदी से कम उपस्थिति पर शून्य अंक दिए जाने का प्रावधान किया गया है। इसी तरह हाईस्कूल और इंटर के परीक्षा परिणाम, पढाई के साथ सांस्कृतिक और खेलकूद की उपलब्धियों, विद्यालय की साफ–सफाई और सुरक्षा व्यवस्था, नवाचार, स्प्लिट ऑफ सिलेबस (समयावधि में पाठ्यक्रम की पूर्णता), ऑनलाइन शैक्षणिक कार्यक्रम, स्कूल की क्रियाशीलता और विद्यालय के छात्र–छात्राओं के सीयूईटी, नीट, जेईई और क्लैट की परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन को मानकों में रखा गया है।

### दो विद्यालय ही ए श्रेणी में

यूपी बोर्ड के हाईस्कूल और इंटर के परीक्षा परिणाम आने के बाद विभाग ने यूपी बोर्ड से जुड़े 51 विद्यालयों की ग्रेडिंग कराई, तो सिर्फ दो विद्यालय (सर्वोदय बालिका विद्यालय, कौड़िहार प्रयागराज और सर्वोदय विद्यालय मेहरौना, देवरिया) ही ए श्रेणी में आए। हमीरपुर, महोबा, बांदा, कानपुर नगर और कौशाम्बी के पांच विद्यालय बी श्रेणी में अपनी जगह बना पाए। बाकी 44 विद्यालय 'सी' और 'डी' श्रेणी में हैं।

# हाईकोर्ट ने आरोपी वकील की गिरफ्तारी पर लगाई रोक

विधि संवाददाता, लखनऊ

- रवि किशन से कथित तौर पर रंगदारी मांगने का मामला

**अमृत विचार :** भाजपा सांसद रवि किशन की पत्नी द्वारा रंगदारी मांगने के आरोप में दर्ज एफआईआर में अभियुक्त बनाए गए वकील विवेक कुमार पांडेय की गिरफ्तारी पर हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने रोक लगा दी है। वहीं एफआईआर में पत्रकार दर्शाए गए दूसरे अभियुक्त खुर्शीद अहमद खान की याचिका को न्यायालय ने खारिज कर दिया है।

न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति अजय कुमार श्रीवास्तव, प्रथम की खंडपीठ ने शुक्रवार को खुर्शीद अहमद खान की याचिका को खारिज किया। याचिका का राज्य सरकार की ओर से अपर शासकीय अधिवक्ता, प्रथम ने विरोध करते हुए कहा कि मामले में अभियुक्त की सक्रिय भागीदारी पायी गई है। जबकि इसके पूर्व 25 अप्रैल को न्यायमूर्ति विवेक चौधरी व न्यायमूर्ति एनके जौहरी की खंडपीठ ने विवेक पांडेय की गिरफ्तारी पर अगली सुनवाई अथवा विवेचना पूरी होने तक के लिए रोक लगा दी थी।

अभियुक्त विवेक पांडेय को रवि किशन की पत्नी की ओर से 16 अप्रैल को हजरतगंज थाने में एफआईआर दर्ज करायी गई थी। उल्लेखनीय है कि रवि किशन की पत्नी प्रीती शुक्ला द्वारा दर्ज एफआईआर में उक्त महिला, उसके पति, बेटा व बेटी समेत अन्य अभियुक्तों पर 20 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने व न देने पर मनगढ़ंत आरोप लगाते हुए, प्रेस कॉन्फ्रेंस करने का आरोप लगाया गया है।

# स्मृति इरानी के घमंड को चूर करेंगे केएल शर्मा : अजय राय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि अमेठी से कांग्रेस प्रत्याशी केएल शर्मा भाजपा प्रत्याशी स्मृति इरानी का घमंड चूर करेंगे।

यहां जारी बयान में उन्होंने कहा कि पार्टी नेता राहुल गांधी प्रदेश में अपने परिवार की परंपरा और विरासत को संभालने जा रहे हैं, वहीं गांधी परिवार व कांग्रेस पार्टी के लिए वर्षों से पूरी ईमानदारी-निष्ठा से काम कर रहे किशोरी लाल शर्मा अमेठी से भाजपा प्रत्याशी स्मृति इरानी का घमंड चूर-चूर करने का काम करेंगे। राहुल गांधी के प्रदेश से चुनाव लड़ने पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि उनके चुनाव लड़ने के कारण जहां प्रदेश के कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा व जोश का संचार हुआ है वहीं प्रदेश की जनता में भी भारी उत्साह देखने को मिला है।

पूरे देश भर में जो बदलाव की लहर चल रही है। बदलाव की लहर की रफ्तार में और तेजी देखने को मिलेगी। रायबरेली और अमेठी से उठने वाली आवाज देश की आवाज बनेगी। उन्होंने कहा कि जिस तरह राहुल गांधी पूरे देश भर में लोकतंत्र और संविधान बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं, वह लड़ाई उत्तर प्रदेश के जन-जन के दिलों में है। भाजपा नेताओं की बौखलाहट से साफ हे कि भाजपा ने अपनी हार स्वीकार कर ली है।

## नमो एप पर दूसरी बार ब्रांड एंबेसडर बने ब्रजेश पाठक

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक एक बार फिर 'नमो एप' के ब्रांड एंबेसडर चुने गए हैं। अप्रैल माह में देश भर से चुने गए पांच विकसित भारत एंबेसडरों में से उप मुख्यमंत्री ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसके लिए उन्होंने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है।

नमो एप पर हर माह देश भर से पांच विकसित भारत एंबेसडरों का चुनाव किया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर माह एक निश्चित तिथि पर इन पांच एंबेसडरों से मुलाकात करते हैं। इस उपलब्धि पर ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री से उन्होंने प्रेरणा ली है, वह नमो एप पर लगातार सक्रिय रहते हैं। प्रधानमंत्री के सभी सोशल मीडिया अकाउंट्स को फॉलो करते हैं। इस एप के जरिए वह देश व दुनिया के तमाम लोगों से संपर्क में रहते हैं।

# भाजपा जीती तो देश में दीपावली, कांग्रेस की जीत पर पाकिस्तान में मनेगा जश्न

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- मुख्यमंत्री ने चुनावी जनसभाओं के लिए रवाना होने से पहले सरकारी आवास पर मीडिया से की बात

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को पाकिस्तान से कांग्रेस के समर्थन में उठी आवाज पर राहुल गांधी और इंडी गठबंधन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अब यह स्पष्ट हो गया है कि कांग्रेस का हाथ देश के दुश्मनों के साथ है। संभल, बदायूं और आंवला लोकसभा क्षेत्रों में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करने के लिए रवाना होने से पहले मुख्यमंत्री ने अपने सरकारी आवास पर मीडिया से इस विषय पर बात की।

योगी ने कहा कि अगर मोदी और भाजपा जीतते हैं तो देश में दीपावली मनाई जाती है तो वहीं कांग्रेस की जीत पर पाकिस्तान में जश्न मनाया जाता है। इस अंतर को देश की जनता को समझना चाहिए और देश विरोधी तत्वों को नकार देना चाहिए।

योगी ने कहा कि चुनाव आज चरम पर पहुंच चुका है। स्वाभाविक रूप से जो देश के दुश्मन हैं वह चुनाव के दौरान मोदी के पक्ष में जो माहौल है उसको खराब करने का भरसक प्रयास करेंगे। कुछ चीजें पूरे देश की जनता को देखनी चाहिएं कि कैसे पाकिस्तान राहुल गांधी को प्रोजेक्ट कर रहा है।

योगी के मुताबिक, पाकिस्तान सरकार का एक पूर्व मंत्री जो बेशर्मी के साथ पुलवामा की घटना का समर्थन करता है, वहीं व्यक्ति आज राहुल गांधी को सपोर्ट कर रहा है और राहुल गांधी को लेकर प्रफुल्लित हो रहा हो। यह दिखाता है कि कांग्रेस का हाथ, देश के दुश्मनों का साथ दोनों साथ हैं।

ये दिखाता है कि मोदी जीतेंगे तो भारत में दीपावली होगी, लेकिन यदि कांग्रेस कहीं पर सफलता प्राप्त करे तो पाकिस्तान उससे प्रफुल्लित हो रहा है। देश की जनता को इन बयानों से सजग होना चाहिए और समझना चाहिए कि इसके पीछे भारत विरोधी ताकतों की मंशा क्या है।

## भाई, बहन और मां में तालमेल नहीं : नंदी



**अमृत विचार, लखनऊ :** औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने रायबरेली से कांग्रेस नेता राहुल गांधी के चुनाव मैदान में उतरने पर तंज कसते हुए कहा कि जिस तरह से सोनिया गांधी ने अपनी सीट राहुल गांधी को दे दी है उससे साफ है कि भाई, बहन और मां के बीच तालमेल नहीं है।

मछलीशहर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी बीपी सरोज के समर्थन में शुक्रवार शाम जफराबाद विधान सभा क्षेत्र के जेबी ग्रीन रिसोर्ट में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में पंहुचे मंत्री ने कहा कि पूरे देश में भाजपा के पक्ष में जबर्दस्त माहौल है। प्रदेश में भाजपा सभी 80 सीटें जीतने जा रही है।



जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार को प्रपत्र सौंपते राजेंद्र कुमार अग्रवाल, साथ में भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी।

## राजनाथ के चौथे प्रस्तावक ने जमा किए प्रपत्र

**अमृत विचार :** लखनऊ लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिहं के चौथे प्रस्तावक राजेंद्र कुमार अग्रवाल ने जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार को प्रस्तावक संबंधी प्रपत्र दिए। बता दें कि रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने 29 अप्रैल को लखनऊ लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल किया था। उनके तीन प्रस्तावक डॉ. एलपी मिश्रा, डॉ. गुरमीत सिंह और डॉ. अशोक कुमार श्रीवास्तव ने उसी दिन प्रस्तावक संबंधी प्रपत्र जमा कर दिए थे। अग्रवाल ने शुक्रवार दोपहर लगभग 12 :15 बजे कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रपत्र जमा किए। इस दौरान भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# देश को आत्मनिर्भर बनाना चाहते हैं प्रधानमंत्री

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ




राजाजीपुरम में सभा को संबोधित करते भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व विधायक पंकज सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार :** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष और विधायक पंकज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य भारत को आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने का है। इस संकल्प को पूरा करने के लिए भाजपा श्रीराम के आदर्शों पर आगे बढ़ेगी।

विधायक ने उक्त बात राजाजीपुरम में उद्योग व्यापार मंडल और डीडीएस लॉन पारा बुद्धेश्वर विकास महासभा की ओर से आयोजित सभा में कही। उन्होंने कहा कि भाजपा अपने कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के विश्वास पर भरोसा करती है। आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस लोगों को गुमराह करने और भावनाओं के साथ खेलने में माहिर हैं।

दूसरी ओर कैंट स्थित गुरुद्वारा कम्यूनिटी हाल में सर्वधर्म सद्भावना सभा का आयोजन किया गया। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि सनातन का मतलब हर जगह व्याप्त होना है। इस दौरान भाजपा नेता नीरज सिंह, महंत दिव्या गिरी महाराज, डोनाल डिसूजा कैथोलिक प्रवक्ता, डॉ. गुरमीत सिंह, राजेंद्र सिंह बग्गा, मौलाना नासिर आदि मौजूद रहे। इससे पूर्व नीरज सिंह ने अधिवक्ताओं के साथ बार एसोसिएशन में बैठक की। वही मध्य विधानसभा कार्यालय पर उपविजेता रजनीश गुप्ता ने पटरी दुकानदारों की बैठक तथा शाम को रामकृष्ण यादव ने शंकर चौराहा पर नुक्कड़ सभा को संबोधित किया।

**मोर्चों के सम्मेलनों में दिया जाएगा विश्व बंधुत्व और सर्वधर्म समभाव का संदेश :** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के प्रचार के लिए होने वाले मोर्चों के सम्मेलन में विश्व बंधुत्व और सर्वधर्म समभाव का संदेश दिया जाएगा। भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने अनुसूचित मोर्चा सम्मेलन की तैयारी को लेकर आयोजित बैठक में उक्त बात कही। उन्होंने कहा कि सम्मेलन के माध्यम से पार्टी जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता इस बात का प्रचार-प्रसार करेंगे कि मोदी सरकार अपनी योजनाओं को लागू करने में कोई भेदभाव नहीं करती है। क्लस्टर प्रभारी पूर्व मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा ने कहा कि हमें इस बात की चिंता करनी है कि अनुसूचित मोर्चा सम्मेलन में सभी संवर्गों के लोगों शामिल हों।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर मांगे वोट

**अमृत विचार :** लोकसभा और पूर्वी विधानसभा के लिए चुनाव प्रचार धीरे–धीरे तेज होता जा रहा है। शुक्रवार को पूर्वी विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव ने इंदिरानगर में घर–घर जाकर लखनऊ के विकास के लिए वोट मांगे। श्रीवास्तव ने केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। नुक्कड़ सभा के दौरान श्रीवास्तव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जल्द ही विकसित भारत का सपना पूरा होने वाला है। पूर्वी विधानसभा में शेष रह गए विकास कार्य कराए जाएंगे। उनके लिए भाजपा नेता नीरज सिंह ने भी प्रचार किया। दूसरी ओर कूर्मांचल नगर बी–43 में भाजपा महिला मोर्चा की बैठक हुई। इस्माइलगंज प्रथम वार्ड और पेपर मिल कालोनी में जनसंपर्क किया गया। जबकि निशातगंज कालविन वार्ड में जनसभा की गई और 20 मई को भाजपा प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव के पक्ष में मतदान करने की अपील की गई। इस दौरान हेमा डोगारियाल, कृष्णवीर सिंह 'बन्टू', सुमित खन्ना, सतीश लखवानी आदि मौजूद रहे।

## मिशन निरामय : मेंटरशिप प्रोग्राम में शामिल होने के लिए अंतिम दिन आज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मिशन निरामय के तहत प्रदेश में चल रहे मेंटरशिप प्रोग्राम में नर्सिंग कॉलेजों को ग्रेड 'ए' व 'बी' मेंटर घोषित किया जायेगा। इसके लिए उप्र.स्टेट मेडिकल फैकल्टी में सहमति देने के लिए नर्सिंग कॉलेजों के पास शनिवार अंतिम दिन है।

उक्त कार्यक्रम में नर्सिंग सलाहकार डॉ.नीतू देवी ने बताया कि प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा मिशन निरामया कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उक्त के तहत प्रदेश के सभी नर्सिंग व पैरामेडिकल प्रशिक्षण केन्द्रों को शामिल किया गया है। इनमंत से मानक के अनुरूप शिक्षण व प्रशिक्षण देने वाले संस्थानों की ग्रेडिंग कर ग्रेड ए व ग्रेड बी में मेंटर घोषित किया जाता है। मेंटर बने संस्थानों के शिक्षक अन्य कॉलेजों को भी मानक अनुरूप, बेहतर शिक्षा व्यवस्था में सहयोग करते हैं। उक्त के तहत ही सभी संस्थानों से सहमति मांगी गई थी।

## जीएनएम व पैरामेडिकल प्रशिक्षण परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 7 को

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- स्टेट मेडिकल फैकल्टी ने जारी किया आदेश

**अमृत विचार :** नर्सिंग व पैरामेडिकल कॉलेजों में जून में होने वाली मुख्य वार्षिक परीक्षाओं के लिए शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ा कर 7 मई 2024 कर दी गई है। इसके लिए स्टेट मेडिकल फैकल्टी द्वारा प्रशिक्षण केन्द्रों के प्रधानाचार्यो को निर्देश भेजे जा चुके हैं।

फैकल्टी सचिव डॉ.आलोक कुमार ने बताया कि जीएनएम, एएनएम समेत पैरामेडिकल प्रशिक्षणों में एक्सरे टेक्नीशियन, लैबोरेटरी टेक्नीशियन आदि के वार्षिक परीक्षाएं होनी हैं। इसके लिए कई संस्थानों के पंजीकृत छात्रों का परीक्षा शुल्क नहीं जमा हुआ है। जिसकी वजह से प्रवेश पत्र नहीं जारी किये जा रहे हैं। पूर्व में भी नोटिस दी जा चुकी है, यह अंतिम नोटिस है, शुल्क न जमा करने पर छात्र परीक्षा से वंचित होंगे।

# लखनऊ–मोहनलालगंज संसदीय सीट से 26 ने किया नामांकन

## लखनऊ लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी के डॉ. आशुतोष वर्मा और किरन ने भरा पर्चा

कार्यालय संवाददाता, लखऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ-मोहनलालगंज संसदीय सीट के लिए शुक्रवार को 26 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। नामांकन करने वाले प्रत्याशियों में समाजवादी पार्टी के डॉ. आशुतोष वर्मा, किरन और आम आदमी पार्टी से सौंदर्य रंजन शामिल रहीं।

लोकसभा की दोनों सीटों और पूर्वी विधानसभा की सीट के लिए 26 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई थी। जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने बताया कि लखनऊ लोकसभा से 19 नामांकन, मोहनलालगंज लोकसभा से 7 नामांकन और पूर्वी विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए 2 प्रत्याशियों ने नामांकन किया।



कलेक्ट्रेट में लखनऊ लोकसभा सीट के लिए समाजवादी पार्टी से दूसरे प्रत्याशी के रूप में पर्चा दाखिल करने पहुंचे डॉ. आशुतोष वर्मा। अमृत विचार

- पूर्वी विधानसभा के लिए दो ने भरा पर्चा, आज भी बांटे गए नामांकन पत्र

उन्होंने बताया कि लखनऊ लोकसभा सीट से अखिल भारतीय हमारा समाज पार्टी से कविता निगम, राष्ट्रवादी जन समाज पार्टी से मोहम्मद अकरम अंसारी, सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया से मो. अहमद, आप से सौंदर्य रंजन, आजाद समाज पार्टी से रेखा भारती, बहुजन मुक्ति पार्टी से विद्या शंकर मिश्रा, समाजवादी पार्टी से डॉ. आशुतोष वर्मा, संयुक्त जन संदेश पार्टी से भगवानदीन, निर्दलीय सय्यद जिशान अहमद, मुस्लिम मजलिस उत्तर प्रदेश से मोहम्मद रईस, निर्दलीय पीसी कुरील, आजाद अधिकार सेना पार्टी से राघवेंद्र कुमार सैनी, निर्दलीय निरंजन कुमार पांडेय, निर्दलीय मिरदुल कुमार श्रीवास्तव, समाजवादी पार्टी से किरन, भारतीय कृषक दल से विनय प्रकाश श्रीवास्तव, राष्ट्रीय समाज प्रकाश पार्टी से पारस पांडे, निर्दलीय लोकेश श्रीवास्तव, निर्दलीय प्रशांत कुमार मिश्रा ने पर्चा भरा। वहीं एक मई को लखनऊ लोकसभा सीट से पर्चा दाखिल कर चुके सपा प्रत्याशी रविदास मल्होत्रा शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार को नामांकन पत्र का दूसरा सेट दिया।

दूसरी ओर मोहनलालगंज संसदीय सीट से निर्दलीय संदीप कुमार रावत, निर्दलीय विजय कुमार, निर्दलीय संतोष कुमार, निर्दलीय जितेंद्र कुमार, निर्दलीय दिशा गौतम, निर्दलीय राजरानी, निर्दलीय महेंद्र ने नामांकन दाखिल किया। पूर्वी विधानसभा से जन क्रांति दल से आशुतोष कुमार और निर्दलीय विनोद कुमार वाल्मीकि ने पर्चा भरा। वहीं दूसरी ओर लखनऊ लोकसभा के लिए 5, मोहनलालगंज (अज) के लिए 1 नामांकन और पूर्वी विधानसभा उप निर्वाचन के लिए 1 नामांकन पत्र वितरित किया गया।

### दोनों संसदीय सीट से 63 और विधानसभा के लिए 6 ने किया नामांकन

लखनऊ–मोहनलालगंज लोकसभा और पूर्वी विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए शुक्रवार को नामांकन का अंतिम दिन था। मोहनलालगंज लोकसभा सीट पर कुल 22, लखनऊ लोकसभा सीट पर 41 और पूर्वी विधानसभा सीट के लिए 6 नामांकन दाखिल किए गए। शनिवार को सुबह 11 बजे से कलेक्ट्रेट में नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। 6 मई को नामांकन वापस लिए जा सकते हैं।

# सपा प्रत्याशी की ढाई करोड़ की अचल संपति, दो करोड़ से अधिक का कर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 46 लाख रुपये से अधिक की मर्सिडीज तो पत्नी के पास इनोवा और हांडा सिटी
- डॉ. दंपति की वार्षिक आय 45 लाख रुपये से अधिक

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी से लखनऊ लोकसभा सीट से नामांकन करने वाले डॉ. आशुतोष वर्मा के पास 2 करोड़ 92 लाख की अचल संपति है। जबकि उनकी पत्नी के पास इनोवा और हांडा सिटी है।

सपा से डॉ. आशुतोष वर्मा ने शुक्रवार को पर्चा भरा। उनकी वार्षिक आय 22 लाख 17 हजार 620 रुपये है। उनके पास दो लाख रुपये की नकदी है। 46 लाख 67 हजार रुपये की मर्सिडीज से चलते हैं। जबकि 3 लाख 50 हजार रुपये का 50 ग्राम सोना है।

बैंक खाते, एफडीआर, चारपहिया वाहन, सोना, एलआईसी आदि मिलकार 71 लाख रुपये हैं। उनके ऊपर 2 करोड़ 35 लाख 86 हजार रुपये का कर्ज है।

डॉ. वर्मा की पत्नी डॉ. सीमा सिंह के पास 24 लाख 96 हजार की इनोवा और 10 लाख 35 हजार की हांडा सिटी है। उनके पास 14 लाख रुपये का दो सौ ग्राम सोना है। उनके पास डेढ़ लाख की नकदी है। बैंक खाते, एफडीआर, चारपहिया वाहन, सोना आदि मिलाकर 1 करोड़ रुपये हैं। डॉ. सीमा के पास 2 करोड़ 70 लाख रुपये की अचल संपति है। जबकि 23 लाख 37 हजार 160 रुपये की वार्षिक आय है।

## 5वें चरण में 113 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में पांचवें चरण की 14 लोकसभा सीटों पर चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन 113 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इनमें सपा से नरेश उत्तम पटेल समेत अन्य प्रत्याशी शामिल हैं। इन सीटों पर अभी तक कुल 296 प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं। लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट के लिए कुल छह प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं। छह मई को प्रत्याशी नाम वापसी कर सकेंगे। 20 मई को मतदान होगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि मोहनलालगंज (अजा) में सात, लखनऊ में 19, रायबरेली में 16, अमेठी में 14, जालौन (अजा) में चार, झांसी में चार, हमीरपुर में एक, बांदा में 10, फतेहपुर में 11, कौशाम्बी (अजा) में पांच, बाराबंकी (अजा) में पांच, फैजाबाद में सात, कैसरगंज में आठ व गोण्डा में दो प्रत्याशियों ने नामांकन किया। फतेहपुर सीट के लिए समाजवादी पार्टी से नरेश चन्द्र उत्तम ने नामांकन किया।



मां सोनिया गांधी, बहन प्रियंका वाड्रा के साथ पूजन करते कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी।



कांग्रेस केंद्रीय कार्यालय में नामांकन के बाद पूजन करते राहुल गांधी।



कलेक्ट्रेट में नामांकन करते भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह।

# रायबरेली से पहली बार मैदान में राहुल गांधी, भाजपा से दिनेश ने दिखाया दम

**भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के नामांकन में पहुंचे डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक तो राहुल गांधी में सोनिया, प्रियंका वाड्रा समेत कई दिग्गज नेता रहे मौजूद**

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण की नामांकन प्रक्रिया के आखिरी दिन शुक्रवार को सुबह से ही गहमागहमी का माहौल रहा। सोनिया गांधी के राज्यसभा में जाने के बाद राहुल गांधी ने पहली बार रायबरेली से नामांकन भरते हुए जनपदवासियों से नाता जोड़ने की भरसक कोशिश की। उनके साथ मां सोनिया गांधी के अलावा बहन प्रियंका वाड्रा, बहनोई राबर्ट, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत समेत कई दिग्गज नेता नामांकन के समय मौजूद रहे। वहीं भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह के समर्थन में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने मोर्चा संभाला।

सबसे पहले भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह के समर्थन में कार्यकर्ता सुबह से ही सुपर मार्केट में एकत्र होने लगे। वहीं डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने पहुंचकर कार्यकर्ताओं में खूब जोश भरा। दोपहर बाद भाजपा प्रत्याशी के रथ पर सवार होकर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य, राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला समेत अन्य लोग नामांकन के लिए निकले। इस दौरान हर ओर सिर्फ भाजपा कार्यकर्ता ही नजर आ रहे थे। सबसे पहले उन्होंने जगमोहनेश्वर मंदिर में पूजन किया। हाथी पार्क स्थित डा. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आगे बढ़े। रथ पर सवार होकर डिग्री कालेज चौराहा से पुलिस अधीक्षक कार्यालय होते हुए नामांकन कक्ष पहुंचे। जिला निर्वाचन अधिकारी के सामने दिनेश सिंह ने चार सेटों में नामांकन पत्र दाखिल किया। प्रस्तावक में जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल पासी, पूर्व मंत्री गिरीश नारायण पांडेय, ऊंचाहार विधानसभा की पूर्व प्रत्याशी अंजली मौर्या, अपना दल जिलाध्यक्ष सत्येंद्र पटेल शामिल रहे। वहीं से कुछ दूरी पर कांग्रेस के केंद्रीय कार्यालय में भी कांग्रेस और सपा कार्यकर्ता पहुंचे थे। कांग्रेस प्रत्याशी का काफिला तिलक भवन होते हुए केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय पहुंचा। वहां कुछ देर रुकने के बाद कार्यकर्ताओं के साथ नामांकन कक्ष के लिए रवाना हो गए। करीब दो बजे राहुल गांधी ने मां सोनिया गांधी, बहन प्रियंका गांधी, बहनोई राबर्ट वाड्रा के साथ नामांकन के लिए कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां पर राहुल गांधी ने जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर को चार सेटों में नामांकन पत्र दाखिल किया। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मो. इलियास, पूर्व विधायक अजयपाल सिंह, कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी, सुशील पासी प्रस्तावक बने।



डिग्री कॉलेज चौराहे पर उमड़ा जनसैलाब। • अमृत विचार

### राहुल ने भावुकता भरा किया ट्वीट

पार्टी कार्यालय पहुंचे राहुल गांधी का स्वागत हजारों कार्यकर्ताओं की भीड़ ने किया। नामांकन भरने के बाद राहुल ने अपने एक्स पर लिखा– रायबरेली से नामांकन मेरे लिए भावुक पल था। मेरी मां ने मुझे बड़े भरोसे के साथ परिवार की कर्मभूमि सौंपी है और उसकी सेवा का मौका दिया है। अमेठी और रायबरेली मेरे लिए अलग-अलग नहीं हैं, दोनों ही मेरा परिवार हैं और मुझे ख़ुशी है कि 40 वर्षों से क्षेत्र की सेवा कर रहे किशोरी लाल जी अमेठी से पार्टी का प्रतिनिधित्व करेंगे। मुझे विश्वास है कि संविधान और लोकतंत्र को बचाने की इस लड़ाई में आप सभी मेरे साथ खड़े हैं।

### पहली बार नामांकन के बाद की पूजा

शायद यह पहली बार हुआ है कि गांधी परिवार का कोई सदस्य नामांकन के बाद पूजा के लिए बैठा। प्रत्याशी की घोषणा में देरी और पूरी तैयारी नहीं होने के कारण ऐसा माना जा रहा है। अब तक इंदिरा गांधी से लेकर सोनिया गांधी तक ने जब भी लोकसभा के लिए नामांकन किया तो उससे पहले कांग्रेस के केंद्रीय कार्यालय पहुंचकर पूजन किया। उसी परंपरा को निभाने के लिए नामांकन से पहले पूजन कार्यक्रम केंद्रीय कार्यालय में ही रखा गया था। देरी होने के कारण राहुल गांधी, मां सोनिया गांधी, बहन प्रियंका गांधी, बहनोई राबर्ट वाड्रा आदि के साथ पहले नामांकन करने चले गए। इससे पहले नामांकन के लिए पूजन मुख्य यजमान कल्याण गांधी करा चुके थे। राहुल गांधी नामांकन के बाद सीधे कांग्रेस केंद्रीय कार्यालय पहुंचे और पारंपरिक पूजन में शामिल हुए। इस दौरान कांग्रेस विधायक आराधना मिश्रा उर्फ मोना, सपा विधायक राहुल लोधी, बछरावां विधायक श्याम सुंदर भारती, कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी, जिला प्रवक्ता विनय द्विवेदी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता डीएस मिश्रा, विजय शंकर अग्निहोत्री, नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर, पूर्व विधायक सुरेंद्र विक्रम सिंह, एडवोकेट राजकुमार मिश्रा, राकेश सिंह राना, मनीष सिंह आदि मौजूद रहे।

### शेयर बाजार के माहिर खिलाड़ी हैं राहुल गांधी

राहुल गांधी शेयर बाजार के माहिर खिलाड़ी हैं। उनके पास नगद रुपए तो 55 हजार है, लेकिन स्टेट बैंक और एचडीएफसी बैंक में 26 लाख 25 हजार 157 रुपए जमा है। जबकि 24 कंपनियों में 4 करोड़ 33 लाख 60 हजार 519 रुपए के शेयर हैं। जिसमें इंफोसिस, हिंदुस्तान यूनीलीवर, बजाज फाइनेंस, आईटीसी व टाटा के शेयर हैं। 3 करोड़ 81 लाख 33 हजार 572 रुपए के म्युचुअल फंड है। वह 15 लाख 21 हजार 740 रुपये के गोल्ड बॉन्ड भी है। पीपीएफ में 61 लाख 52 हजार 426 रुपये जमा है। 4 लाख 20 हजार 850 रुपये का सोना भी इनके पास है। महरौली में प्रियंका के साथ दो जमीनें हैं जिसकी कीमत एक करोड़, 24 लाख 33 हजार 800 रुपये है। गुरुग्राम में व्यावसायिक प्रतिष्ठान भी है, जिसकी कीमत 11 करोड़ 15 लाख 2598 रुपये है। राहुल के खिलाफ गुजरात की सूरत की अदालत में धारा 499 व 500 के तहत 2019 में एक केस चल रहा है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने मुकदमे में स्टे दे दिया है। वही भाजपा प्रत्याशी दिनेश सिंह के पास 45 हजार रुपये नकद है। स्टेट बैंक में उनके पास 23 लाख 63 हजार 486 रुपये जमा है। मालविका सीमेंट प्राइवेट लिमिटेड में 59 लाख रुपये का शेयर है। 15 लाख 47 हजार इंश्योरेंस में जमा है। सात लाख 50 हजार कीमत का 130 ग्राम का सोना है। दिनेश सिंह के पास एक लाख 20 लाख रुपये की पिस्टल और 85 हजार रुपये की एक राइफल है। 2 करोड़ 40 लाख रुपये कीमत की कृषि योग्य भूमि है। दिनेश सिंह के पास एक करोड़ 7 लाख 36 हजार 441 की कुल संपत्ति है।

## जनता से वोट की भीख मांग रहे राहुल

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार :** जिले में भाजपा प्रत्याशी के नामांकन में शामिल होने पहुंचे डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने राहुल गांधी को आड़े हाथों लेते हुए भगोड़ा तक कह दिया। उन्होंने सुपर मार्केट में कहा कि भगोड़े राहुल गांधी वायनाड भागने वाले राहुल गांधी आज अमेठी की जनता को छोड़कर रायबरेली की जनता से वोट की भीख मांगने आए हैं। इसके साथ ही उन्होंने प्रदेश और केंद्र सरकार के कामों को भी गिनाया। कहा कि पिछले 10 वर्ष में सरकार ने प्रति व्यक्ति आय को बढ़ाया। हर गरीब को पक्का मकान दिलाया। शौचालय बनवाया। पहले पानी के लिए हैंडपंप तलाशने पड़ते थे। अब हर घर नल योजना से पानी पहुंच रहा है।

प्रदेश की कानून व्यवस्था देश की सबसे अच्छी है। अब अपराधी जेल में है। इससे पहले भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। उन्होंने इस दौरान गांधी परिवार पर कई तीखे प्रहार किया। मैं राहुल गांधी की तरह मैं रायबरेली की जनता को छोड़ नहीं जाऊंगा। मैं यहीं पर आप सबके बीच रहूंगा। इस दौरान उन्होंने जनता से जीत का आशीर्वाद भी मांगा।



सपा विधायक डॉ. मनोज कुमार पांडेय से मिलते डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, राज्यसभा सदस्य अमरपाल मौर्य और भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह।



कलेक्ट्रेट में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेती डीएम हर्षिता माथुर और एसपी अभिषेक अग्रवाल। • अमृत विचार

## झलकियां



केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय में मौजूद जैनब को गोद में उठाए डमी राहुल गांधी।

### राहुल के नामांकन में दिखे डमी राहुल

**रायबरेली।** राहुल गांधी के नामांकन में शामिल होने के लिए दूर दूर से उनके समर्थक आए थे। इन्ही में एक मध्य प्रदेश के भोपाल से आए राकेश कुशवाहा हूबहू राहुल गांधी की स्टाइल में रहे। कांग्रेस कार्यालय उनके पहुंचते ही कई लोगों ने उन्हें पहले तो राहुल गांधी समझ लिया, लेकिन बाद में लोग उन्हें समझ पाए। राकेश कुशवाहा डेढ़ वर्ष पूर्व राहुल गांधी से भारत जोड़ो यात्रा के दौरान मिले थे। तब से वह कांग्रेस पार्टी के लिए लगातार प्रचार प्रसार कर रहे हैं। इससे पहले राकेश अमेठी भी जा चुके हैं राकेश का पहनावा और चेहरा पूरी तरीके से राहुल गांधी से मिलता जुलता रहा, जिसको लेकर कई बार लोगों में सस्पेंस भी बनता रहा।



राहुल गांधी के नामांकन में शामिल मेरठ का दिव्यांग नजर अली।

### राहुल के नामांकन में मेरठ से पहुंचा दिव्यांग समर्थक

धर्मेन्द्र प्रधान, रायबरेली

अपने नेता से मिलने की चाहत, पार्टी के प्रति समर्पण और दिव्यांगता को मात देकर उत्साह से लबरेज नजर अली की कहानी कुछ ऐसी ही है। ट्राई साइकिल में लगा कांग्रेस का झंडा और साइकिल को धक्का देने के लिए अपने एक साथी के साथ रायबरेली पहुंचा कांग्रेस का समर्थक अपने जोश से राहुल गांधी को अपना आदर्श बता रहा था। मेरठ से नौचंदी एक्सप्रेस से अपनी ट्राई साइकिल लेकर रायबरेली आए नजर अली मेरठ के सरधना के रहने वाले है। अपने साथी सुक्के को लेकर शुक्रवार को शहर आया था। कांग्रेस कार्यालय जहां से राहुल का नामांकन कारवां चलना वही पर वह अपने साथी के साथ अपने नेता के इंतजार में खड़े रहे, लेकिन राहुल गांधी से मुलाकात नही हुई है। उसने बताया कि अब तक उसकी राहुल गांधी से कई बार मुलाकात हो चुकी है।



नामांकन के दौरान सड़क पर लगा जाम। • अमृत विचार

### व्यवस्था संभालने में हांफती रही पुलिस, पग-पग पर जाम

**रायबरेली।** शुक्रवार को यातायात पुलिस की हकीकत सबके सामने आ गई। नामांकन के कारण सुपर मार्केट में हजारों की तादाद में लोग उमड़े रहे। सड़कों के किनारे सैकड़ों चौपहिया वाहन खड़े रहे। पार्किंग की कोई पहले से प्लान नहीं होने के कारण जिसने जहां पाया वाहन को खड़ा कर दिया। नतीजतन डिग्री कालेज से लेकर कचहरी रोड, सुपर मार्केट, अस्पताल चौराहा, हाथी पार्क पूरी तरह से जाम रहा। जिले के मुख्य चौराहों पर नामांकन के दौरान घंटों जाम की स्थिति बनी रही। भीषण गर्मी में जाम में फंसे लोगों को काफी परेशान होना पड़ा। जाम में कई एंबुलेंस भी घंटों फंसी रही। इस दौरान यातायात व्यवस्था में लगाई गई पुलिस पूरी तरह से फेल रही।

## एक मंच पर आए दिग्गज सदर विधायक रहीं नदारद

हर्षित द्विवेदी, रायबरेली

**डिप्टी सीएम, प्रभारी मंत्री के आने से उत्साहित रहे कार्यकर्ता, खूब भरा जोश**

**अमृत विचार :** कांग्रेस के गढ़ को ढहाने के लिए इस बार भाजपा कोई कसर नहीं छोड़ना चाह रही है। यही वजह रही कि राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह को टिकट मिलने के बाद सपा विधायक डा. मनोज कुमार पांडेय समेत तमाम दिग्गजों को जोड़ने के लिए डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने मोर्चा संभाल लिया। उन्होंने ना केवल भाजपा प्रत्याशी और राज्यसभा सदस्य अमरपाल मौर्या के साथ सपा विधायक डा. मनोज कुमार पांडेय के घर पहुंचे। साथ ही उनके बेटे राज पांडेय को डिप्टी सीएम ने पार्टी की सदस्यता दिलाई। वहीं प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला भी मंच पर मौजूद रही। इस दौरान हर किसी को सदर विधायक की कमी अखरती रही। उनके नदारद रहने पर चर्चाओं का बाजार खूब गर्म रहा। भारतीय जनता पार्टी के नेता विपक्षी गठबंधन में बिखराव के दावे भले ही करते हो, लेकिन स्थानीय स्तर पर गुटबाजी से पार्टी अछूती नही है। 400 पार का नारा देने वाली भारतीय जनता पार्टी प्रदेश की सभी 80 सीटों को जीतने का भले ही दम भर रही हो, लेकिन गुटबाजी के चलते यह संभव हो पायेगा इस पर सवालिया निशान सदर विधायक ने नामांकन में अनुपस्थित होकर खड़ा कर दिया है। विपक्षी गठबंधन की ओर से नामांकन के दौरान कांग्रेस और समाजवादी पार्टी दोनों के कार्यकर्ता व विधायक मौजूद रहे, जबकि सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा के नामांकन में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ एनडीए में शामिल अपना दल के कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। सदर विधायक अदिति सिंह की नामौजूदगी कार्यकर्ताओं के साथ नेताओं को भी खटक रही थी।

## विरासत ही नहीं, देश को आगे ले जाने की जिम्मेदारी निभाएंगे राहुल

अमरेंद्र कुमार, रायबरेली

**अमृत विचार।** नामांकन में राहुल के काफिले के साथ-साथ चल रही गांव व कस्बों से आई जनता का खुलकर समर्थन देखने को मिला। इस चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी में उनका उत्साह काफी जोश से भरा रहा। इस दौरान जनसैलाब में चल रही भीड़ में कोई राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाने तो कोई उन्हें अपनी जनता से किया गया वादा व गांधी परिवार की जिम्मेदारियों को पूरा करके देश को तरक्की की ओर ले जाने की चर्चा करता है। शहर से सटे बेलागुसीसी गांव के रहने वाले बैजनाथ राहुल गांधी ने कहा कि वर्तमान सरकार में जो जुमलेबाजी करके मुझ भोलीभाली जनता व युवाओं को आर्थिक रूप से कमजोर कर रहे हैं जो किसी से छिपा नहीं है। सिधौना गांव निवासी मोहम्मद अली ने कहा कि वह गरीब परिवार से हैं। उनका राशन कार्ड बना था जिसे काट दिया गया था। कड़ी मेहनत और संघर्ष करने के बाद उनका राशन कार्ड जारी किया। इसके अलावां आज तक उन्हें कोई योजना का लाभ नहीं मिला। उन्हें परिवार की जीविका चलाने के लिए शहर की मंडी आकर मजदूरी करना पड़ता है। उनके पास परिवार की चलाने का कोई अन्य स्रोत नहीं है। नामांकन कराने आए भांव गांव के प्रधान प्रतिनिधि फैसल ने कहा कि आने वाले कल के लिए राहुल गांधी ही एक मात्र चमकता चेहरा है, जो गरीबों की उन्नति व देश को तरक्की के शिखर पर पहुंचा सकता है। सभी बेरोजगार युवाओं को अच्छे व पढे लिखे युवा राहुल गांधी का समर्थन करना चाहिए। शहर के कप्तान का पुरवा के रहने वाले बेरोजगार मनोज कुमार अपनी नाई की दुकान चलाते हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के नामांकन में उमड़ी भीड़ देखकर वह काफी गदगद हैं। अमावां ब्लाक से आई शिवदेवी गुप्ता के चेहरे पर राहुल की उपस्थिति होने की खुशी झलक रही थी। बोले, राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना उनका एक मात्र उद्देश्य है। अंदरूनकिला निवासी शब्बू भी राहुल गांधी के नामांकन से पीछे नहीं रहे। वह भी उमड़ी भीड़ व राहुल के लग रहे जयकारों से काफी प्रफुल्लित दिखे।



बैजनाथ



मोहम्मद अली



फैसल



शिवदेवी गुप्ता



शब्बू



मनोज कुमार

## अटकलों को विराम लगा राहुल ने संभाली कमान

दुर्गेश पांडेय, रायबरेली

**नामांकन के दौरान गांधी परिवार ने बनाए रखी दूरी, पूजन के बाद गेस्ट हाउस लौटे**

**अमृत विचार :** बहुप्रतीक्षित घोषणा के साथ ही जिले की राजनीति उस समय सबसे बड़ा फेरबदल सामने आया, जब राहुल गांधी ने सभी अटकलों को विराम लगाते हुए खुद ही मां की विरासत को संभालने की जिम्मेदारी ले ली। सुबह जब उनके नाम की घोषणा हुई तो हर कोई आश्चर्यचकित रह गया। सबको उम्मीद थी कि इस बार प्रियंका वाड्रा जरूर राजनीतिक यात्रा की शुरूआत करेंगी। इसके लिए सबसे अधिक सुरक्षित रायबरेली सीट से आना तय माना जा रहा था। शुक्रवार को भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह के बाद कांग्रेस के प्रत्याशी राहुल गांधी ने नामांकन किया। उनके आने के बाद लड़ाई एक बार फिर रोचक हो गई है। वायनाड सीट पर मतदान हो चुका है। ऐसे में राहुल गांधी ने चुनौती को स्वीकार करते हुए रायबरेली से भी मां की विरासत को संभालने की चुनौती को स्वीकार कर लिया। एक तरफ जहां उत्साहित भाजपा कार्यकर्ता जय श्रीराम के नारे लगा रहे थे। वहीं दूसरी ओर पूरे परिवार के साथ राहुल गांधी नामांकन करने पर पहुंचे तो कांग्रेसियों के साथ सपाई भी जोश से भर गए। हर कोई राहुल से मिलने के लिए उतावला रहा। इतना ही नहीं, गांधी परिवार ने पूरे समय मीडिया से दूरी बनाए रखी।

### यह डर अच्छा है, डरना चाहिए : सुप्रिया

कांग्रेस राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने भाजपा पर करारा हमला करते हुए कहा कि राहुल गांधी के नामांकन से बीजेपी हिली हुई है। राहुल गांधी से क्यों डरते हैं। राहुल गांधी के एक ट्विट से सारी सरकार सकपका जाती है। सारे मंत्री राहुल गांधी की माला रट रहे है। आज दो-तीन सभाएं प्रधानमंत्री कर चुके हैं। वहां पर भी राहुल गांधी की माला रटते रहे। यह डर अच्छा है, डरना चाहिए।

**चुनावी सरगर्मियां** सुबह से शुरू हुआ सियासी घमासान दिनभर चलता रहा, कहीं पर कांग्रेस और सपा समर्थक उत्साहित दिखे तो कहीं भाजपाई कमल खिलाने का दम भरते नजर आए

## राहुल गांधी के आने से कांग्रेसियों में दिखा नई ऊर्जा का संचार

दिलीप सिंह, रायबरेली

**अमृत विचार :** कांग्रेस का गढ़ कहे जाने वाले रायबरेली में इस बार भाजपा की ओर से जबरदस्त घेराबंदी की गई है। नामांकन के एक दिन पहले भाजपा ने राज्यमंत्री और पूर्व में सोनिया गांधी को लोकसभा चुनाव में कड़ी टक्कर दे चुके दिनेश प्रताप सिंह पर विश्वास जताया। वहीं पशोपेश में पड़ी कांग्रेस ने अमेठी के बजाये राहुल गांधी को रायबरेली का प्रत्याशी बना दिया। उत्साह से लबरेज भाजपाई खेमा पूरी तरह से गांधी परिवार पर आक्रामक दिखा। पांच साल तक गायब रहने के साथ ही अमेठी की जनता को धोखा तक देने तक के राहुल पर आरोप लगाए गए। शुक्रवार को रायबरेली की धरती पर कुछ और नजारा देखने को मिला। अपने गढ़ में पहली बार गांधी परिवार को शायद इतने विरोध के स्वर सुनने को मिला होगा। दिनेश प्रताप सिंह ने तो धोखेबाज तक कह दिया। वहीं डिप्टी सीएम ने भगोड़ा कहते हुए सम्बोधित किया। सुबह से शुरू हुआ सियासी घमासान दिनभर चलता रहा। रायबरेली शहर की सड़कें दोनों दलों के कार्यकर्ताओं से पटी रहीं। कहीं पर कांग्रेस और सपा समर्थक उत्साहित दिखे तो कहीं पर भाजपाई कमल खिलाने का दम भरते नजर आए। करीब छह घंटे तक चले इस संग्राम के बहाने हर किसी ने अपनी ताकत का अहसास कराने की पूरी कोशिश की। हां इतना जरूर है कि गांधी परिवार को भी पांच साल की दूरी का अहसास है। यही वजह है कि कहीं ना कहीं अपने दरकते गढ़ को संभालने के लिए राहुल गांधी के साथ सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी समेत कांग्रेस के दिग्गज नेताओं ने रायबरेली की धरती पर आकर संगठन में जान फूंकने की भरपूर कोशिश की।

### रात में हलचल दिन में राहुल-राहुल की पुकार

वैसे तो शुरू से ही तय था कि इस बार गांधी परिवार का ही कोई सदस्य चुनाव लड़ेगा। सोनिया गांधी ने पत्र के माध्यम से यह संदेश भी दे दिया था। ऐसे में हर किसी को उम्मीद थी कि इस बार प्रियंका गांधी अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत यहीं से करेंगी। गुरुवार की रात से ही कांग्रेस के खेमे में हलचल तेज होने लगी थी। तिलकभवन में इसे देखा जा सकता था। रातोंरात यहां के मुख्यगेट पर प्रियंका, सोनिया, राहुल गांधी व खरगे के बैनर लग गए। शुक्रवार को तस्वीर साफ होते ही तिलक भवन में खासी चहल-पहल थी। फरमान आ चुका था कि राहुल गांधी यहां से नामांकन करेंगे। कांग्रेसियों का कहना था कि वह यहां प्रियंका या राहुल को देखना चाहते थे। राहुल गांधी के नामांकन से वे फूले नहीं समा रहे थे। बातचीत में लंबी बढ़त के दावे भी किए जा रहे थे।

### गूंजता रहा जय श्रीराम का उद्घोष

भाजपा इस बार हर हाल में रायबरेली के किले को भेदना चाहती है। इसका असर भी पिछले कई दिनों से लगातार देखने को मिल रहा था। नामांकन एक ही दिन होने के कारण भाजपा पदाधिकारियों ने पूरी ताकत झोंक दी। नतीजतन सुबह से ही पूरा शहर भगवा से पट गया। शहर की हर सड़क पर भगवा लिए लोग नजर आए। पूरा शहर जय श्रीराम के उद्घोष से गूंजता रहा। वहीं कांग्रेसी कार्यकर्ता जोश के साथ पहुंचे जरूर, लेकिन भाजपाइयों के उत्साह को देखते हुए अधिकांश समय शांत ही नजर आए। हालांकि नामांकन के दौरान जरूर उत्साहित रहे।

## एक नजर

### भक्ति के बगैर नीरस है जीवन : विमला

जगतपुर, रायबरेली। जगतपुर के संत निरंकारी सत्संग भवन में शुक्रवार को महिलाओं के सत्संग का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता महात्मा विमला ने की। उन्होंने कहा कि भक्ति के बगैर जीवन को नीरस माना गया है। भक्ति ही एक भक्त के जीवन में आनंद ही भर देती है। जब जीवन में भक्ति आ जाती है तो जीवन में निखार आ जाता है। जीवन में शांति आ जाती है। इस मौके पर उषा, वंदना, पूनम, रेखा पांडे, सोनाली, रूपाली, शकुंतला, कुमकुम, मीरा दीक्षित आदि मौजूद रहे।

### कोठरी में बंधी कई बकरियां चोरी

सरेनी, रायबरेली। सरेनी थाना क्षेत्र के एक गांव में बुधवार की रात कोठरी में बंधी बकरियों को रस्सी काटकर चोरों ने पार कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को गुरुवार को तहरीर दे दिया है। थाना क्षेत्र के शिव खेड़ा मजे कहिंजर गांव के रहने वाले पुत्तीलाल व उनके भाई विजय बहादुर की कई बकरियां कोठरी में बंधी थीं। रात में चोर रस्सी काटकर सभी बकरियों को चार पहिया वाहन में लादकर फरार हो गये। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है।

# कार की टक्कर से बाइक सवार दंपति व तीन वर्षीय बेटी की मौत

## गम्भीर रूप से घायल दो बच्चे जिला अस्पताल रेफर, आक्रोशित लोगों का हंगामा

संवाददाता, अटौरा, रायबरेली

- रायबरेली-लालगंज मार्ग पर शुक्रवार को हुआ हादसा
- मौके पर पहुंची पुलिस ने आक्रोशित भीड़ को समझाया

**अमृत विचार :** गुरुबक्शगंज थाने की अटौरा चौकी क्षेत्र के अन्तर्गत रायबरेली-लालगंज मार्ग पर स्थित बदई का पुरवा गांव में शुक्रवार की शाम रायबरेली की ओर से कानपुर जा रही एक तेज रफ्तार कार ने आगे जा रहे बाइक सवार को टक्कर मार दी। इस घटना में बाइक पर सवार पति-पत्नी व एक बेटी की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं एक बेटा व छह माह की दुधमुंही बच्ची गम्भीर रूप से घायल हो गई। देखते ही देखते घटनास्थल पर सैकड़ों की संख्या में लोग एकत्रित होकर हंगामा करने लगे। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल बच्चों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया। आक्रोशित भीड़ को नियंत्रित करते हुए कार सवार पुरुष व महिला को अटौरा चौकी भिजवाया।

शुक्रवार की शाम करीब 5 बजे मंजेश (30) निवासी पूरे लालू मजरे रासिगांव थाना सरेनी अपनी पत्नी काजल (28), पुत्री कनिका (3), पुत्र चीकू (6) व छः माह की दुधमुंही बच्ची माही को लेकर ससुराल बेला टेकारी थाना मिलएरिया अपनी बाइक से जा रहा था। बदई का पुरवा गांव में सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गये। इस भीषण टक्कर में मंगेश उसकी पत्नी काजल व बेटी कनिका की



हादसे के बाद कार के नीचे पड़ी मोटरसाइकिल।

घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि छह वर्षीय बेटा चीकू व छह माह की बेटी माही गम्भीर रूप से घायल हो गई। देखते ही देखते घटनास्थल पर सैकड़ों लोग एकत्रित हो गये। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल बच्चों को एंबुलेंस से इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया और आक्रोशित भीड़ को नियंत्रित करते हुए कार सवार पुरुष व महिला को अटौरा चौकी भिजवाया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## महिलाओं और बच्चों को पीटा केस दर्ज

**डलमऊ, अमृत विचार :** शराब के नशे में धुत हमलावरों ने घर में घुसकर महिलाओं व बच्चों को जमकर पीटा। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के सेंदुरामऊ निवासी इंद्राना पासी का आरोप है कि बुधवार शाम को पूरे कोडर गिरधरपुर निवासी रामकुमार नशे में धुत होकर उनके दरवाजे पर आया और अचानक गिर गया, जब उनका बेटा गोविंद उसे उठाने पहुंचा तो उसे गालियां देने लगा। कुछ ही देर में परिवार के अन्य सदस्य भी जा पहुंचे और मारपीट शुरू कर दी। यही नहीं हमलावरों ने घर में घुसकर महिलाओं के साथ भी मारपीट की। जिन्हें घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया। कोतवाली प्रभारी डलमऊ पवन कुमार सोनकर ने बताया कि इंद्राना की तहरीर पर पूरे कोडर गिरधरपुर निवासी रामकुमार यादव, अनिल कुमार व अशोक कुमार के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## अमृत विचार की मुहिम

# न मिले पोलिंग बूथ तो डायल करें 1950




**रायबरेली, अमृत विचार :** शहर के कैनवास क्लब के अंश ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए एक कलाकृति बनाई है। जिसमें उन्होंने दर्शाया है कि पोलिंग बूथ न मिलने पर 1950 डायल करके पोलिंग बूथ की जानकारी की जा सकती है। चुनाव आयोग द्वारा जारी वोटर हेल्प लाइन नंबर 1950 मतदाताओं को उनके पोलिंग बूथ न मिलने पर बहुत ही उपयोग साबित होगा। आपके भी मन में मतदान को लेकर कोई सवाल गूंज रहा है तो उसे अमृत विचार समाचार पत्र में भेज सकते हैं। आपकी कलाकृतियों के माध्यम से सवाल और जवाब प्रकाशित किया जाएगा। 20 मई को होने वाले चुनाव में जिला प्रशासन की मतदान प्रतिशत बढ़ाने की मुहिम में आप भी अपनी भागीदारी कर सकते हैं। अपनी कलाकृतियों को ई-मेल आईडी avrbl@gmail.com या व्हाटसएप नंबर 9140826999 पर भेज सकते हैं।

## संदिग्ध हालात में किसान की मौत

**बछरावां, अमृत विचार :** थानाक्षेत्र के अंतर्गत जलालपुर गांव के रहने वाले भाईलाल (62) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार किसान भाई लाल दोपहर में खेत जा रहे थे, तभी रास्ते में तबीयत खराब होने से वह जमीन पर गिर पड़े। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे परिवारीजन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां इलाज लेकर पहुंचे, जहां परीक्षण के दौरान प्रभारी चिकित्सक डॉ. प्रभात मिश्रा ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस बाबत डॉ. प्रभात मिश्रा ने बताया कि मौत के स्पष्ट कारणों का पता नहीं लग पाया है।

# 'गुरुजी' ने बढ़ाया छात्रों का उत्साह

संवाददाता, शिवगढ़, रायबरेली

**अमृत विचार :** शिवगढ़ नगर पंचायत अन्तर्गत दामोदर खेड़ा स्थित बौद्ध उपासक महासभा कार्यालय एवं पुस्तकालय को शिक्षक जागेश्वर 'गुरुजी' ने सीलिंग फैन भेंट कर छात्र-छात्राओं का उत्साह बढ़ाया।

गौरतलब हो कि गरीब छात्राओं के उत्थान के लिए पिछले कई वर्षों से बौद्ध उपासक महासभा कार्यालय में सामाजिक सहयोग से निःशुल्क पुस्तकालय चलाया जा रहा है। पुस्तकालय में पंखा न होने के कारण गर्मी के दिनों में अध्ययन करने वाले छात्र-छात्राओं को पढ़ाई



पुस्तकालय को सीलिंग फैन वितरित करते लोग।

में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। जिसको दृष्टिगत रखते हुए क्षेत्र के झमई खेड़ा मजरे गूढ़ा गांव के रहने वाले शिक्षक जागेश्वर 'गुरुजी' ने पुस्तकालय को सीलिंग फैन भेंट किया। इस मौके पर युवा समाजसेवी आलोक कुमार बौद्ध, अम्बरीष बौद्ध, अमरेश बौद्ध, अंकुल, कृष्णा प्रेमी, बारातीलाल, प्रेम नारायण आदि उपस्थित रहे।

## मवेशी से टकराकर विद्युत संविदाकर्मी घायल, हालत गंभीर

**ऊंचाहार, अमृत विचार :** क्षेत्र के खोजनपुर गांव निवासी सुरेश कुमार बिजली विभाग में संविदा कर्मचारी हैं। गुरुवार को वह रोहनिया विद्युत उपकेंद्र में ड्यूटी पर थे, जहां से रात में वह बाइक से घर लौट रहे थे। बीकरगढ़ चौराहे के पास अचानक एक मवेशी उनकी बाइक के सामने आ गया, जिससे टकराकर वह सड़क पर गिर गए। आसपास के लोगों ने एंबुलेंस के माध्यम से उनको सीएचसी पहुंचाया, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# बड़े बाबा के जयकारों से गूंजा मंदिर

संवाददाता, शिवगढ़, रायबरेली

**अमृत विचार :** क्षेत्र के जयचन्दपुर मजरे बैंती स्थित बड़े बाबा के मन्दिर प्रांगण में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा एवं ज्ञान यज्ञ के समापन पर शुक्रवार को प्रातः काल हवन पूजन एवं पूर्वाहन 3 बजे से देर रात तक भण्डारे का आयोजन किया गया। जिसमें पुण्य की लालसा से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने मन्दिर में माथा टेककर प्रसाद ग्रहण कर मनोकामनाएं मांगी। हवन पूजन एवं भंडारे के दौरान बड़े बाबा के जयकारों से समूचा मन्दिर प्रांगण गूंजता रहा।

बड़े बाबा के मन्दिर प्रांगण में



हवन पूजन करते भक्त।

कष्टहरी धाम खैरा कनकू जनपद बाराबंकी से पधारे सर्वेश कृष्ण शास्त्री महराज के शिष्य कथा व्यास मोहित कृष्ण शास्त्री महाराज पिछले सात दिनों से अपनी अमृतमयी वाणी से श्रोताओं को श्रीमद्भागवत कथा का रसपान करा रहे थे। विजय यादव, रामचंद्र आदि श्रद्धालुओं ने बताया कि बड़े बाबा के मन्दिर में श्रद्धालुओं की अटूट आस्था है।

# काली पट्टी बांधकर जताया रोष

संवाददाता, रायबरेली

- डिप्टी सीएएमई को तत्काल प्रभाव से निलंबन करते हुए एएमसीएफ से बाहर स्थानांतरण की मांग की

**अमृत विचार :** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर रोष प्रकट किया है। आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के अभियंता संघ के अध्यक्ष सुमित कुमार के आह्वान पर शुक्रवार की शाम एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अध्यक्ष ने कहा कि वरिष्ठ अनुभाग अभियंता संतोष मौर्य को न्याय मिलने तक यह आंदोलन जारी रहेगा। मामले के अभियुक्त डिप्टी सीएमई पर अब तक कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है। किसी प्रकार की कार्रवाई न होने से आरोपी का मनोबल दिन का दिन मजबूत होता जा रहा है। जिसके चलते आरोपी गवाहों को प्रभावित करने का कुचक्र रच रहा है।

पीड़ित संतोष मौर्या अस्पताल में जीवन मौत की लडाई लड़ रहा है। उन्होंने कहा कि डिप्टी सीएएमई पर पहले भी ऐसे मामले दर्ज होते रहे हैं। एएमसीएफ प्रसासन द्वारा कोई भी ठोस कार्रवाई न करने के कारण एसएसई, जेई, सूपरवाइज़र तथा स्टाफ में गहरा रोष व्याप्त है। डिप्टी सीएएमई अमित कुमार पर कार्रवाई करने की बजाये उन्हें छुट्टी व ट्रेनिंग पर भेजा जा रहा है, जिससे साफ जाहिर हो रहा है कि एएमसीएफ प्रशासन आरोपी को संरक्षण दे रहा है। जो बिलकुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा है। संघ के पदाधिकारियों ने एक स्वर में डिप्टी सीएएमई अमित कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबन करते हुए एएमसीएफ से बाहर स्थानांतरण की मांग की है। ऐसा न होने पर आंदोलन को तेज करने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर विकल्प पांडे, अमित कुमार गौड़, रोहित मिश्रा, नैब सिंग, सुशील भारती, अमल कुमार सिंह, रहमतुल्ला खान, जीशान, विनय सिंह मौजूद रहे।

# मोदी प्याऊ का उद्घाटन




मोदी प्याऊ के उद्घाटन पर मौजूद भाजपा कार्यकर्ता।

**लालगंज, रायबरेली।** सरेनी विधानसभा क्षेत्र के गोविंदपुर वलौली में भाजपा के वरिष्ठ नेता दीप प्रकाश शुक्ला, विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला द्वारा मोदी प्याऊ का उद्घाटन किया गया। विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला ने कहा कि गर्मी का प्रकोप बढ़ गया है। मंडल अध्यक्ष जगन्नाथ पांडे ने सभी लोगों से 20 मई को वोट डालने की अपील की। इस अवसर पर नीलेश शुक्ला, महामंत्री विकेश द्विवेदी, संतोष सिंह, डॉ. चंद्र प्रताप सिंह, मदन मिश्रा, आशीष दीक्षित आदि लोग मौजूद रहे।

## एक ही घर में ब्याही गईं दो बहनों से मारपीट का आरोप

**ऊंचाहार, अमृत विचार :** कस्बा के तकिया नूरशाह निवासिनी शहनाज बानो का कहना है कि उसकी छोटी बहन और उसकी शादी एक ही परिवार में दो भाइयों के साथ हुई है। शादी के कुछ समय बाद से उसको और उसकी बहन को ससुराल वाले लगातार प्रताड़ित कर रहे हैं। उनके साथ मारपीट की जाती है। इस प्रकरण में कुछ लोगों की मध्यस्तता से सुलह समझौते का प्रयास किया गया। किंतु ससुराल वाले लगातार दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहे हैं। इस प्रताड़ना से परेशान होकर पीड़िता ने शुक्रवार को कोतवाली में तहरीर दी है।

# अपहरण करने वाले बाइक सवार को पुलिस ने पकड़ा

संवाददाता, लालगंज, रायबरेली

**अमृत विचार :** बाइक सवार बदमाश एक छात्रा को उसके घर के बाहर से अपहरण करके भाग निकले। सूचना पर पुलिस ने बाइक सवार युवक को धर दबोचा।

कोरिहरा गांव की एक किशोरी इंटरमीडिएट की छात्रा है। वह कॉलेज से पढ़कर स्कूली वाहन से अपने घर के बाहर उतरी, तभी पहले से घात लगाए एक युवक ने उसे दबोच लिया और बाइक से खड़े अपने दूसरे साथी के साथ उसे लेकर डलमऊ की तरफ फरार हो गया। पड़ोसियों ने छात्रा का अपहरण होते देखा तो शोर मचाया। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरा खंगालते के साथ ही अन्य थानो की पुलिस को सक्रिय किया। युवक को मुंशीगंज के निकट पुलिस ने पकड़ते हुए छात्रा को बरामद कर लिया। हालांकि उसका साथी भाग निकलने में सफल रहा। छात्रा के पिता ने मामले का शिकायती पत्र कोतवाली पुलिस को दिया है। कोतवाल शिव शंकर सिंह ने बताया कि आरोपित युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

### सऊदी अरब भेजने के नाम पर युवकों से 3 लाख की ठगी

**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार :** सतरिख थाना क्षेत्र के मंगरवल गांव निवासी आफतब व मो. फहीम को सऊदी अरब में काम दिलाने साथ ही वीजा दिलाने के लिए लखनऊ जिले के गोसाईगंज थाना क्षेत्र के रमरोईया गांव निवासी पप्पू व अमेठी गांव के मो. नदीम ने दो-दो लाख रुपये की मांग की। उसके बाद दोनों युवकों ने डेढ़-डेढ़ लाख रुपए दे दिए। काम न मिलने पर दोनों युवकों द्वारा जब रुपये वापस मांगे गए तो मारपीट पर उतारू हो गए और धमकी देने लगे। जिसकी शिकायत पीड़ितों ने तहरीर देकर सतरिख थाने पर की है।

# निजी अस्पताल में जच्चा-बच्चा की मौत, परिजनों का जमकर हंगामा

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार :** शहर के नेहरू नगर स्थित एक निजी अस्पताल में जच्चा-बच्चा की मौत हो गई। इस पर आक्रोशित परिजनों ने जमकर हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह माहौल को संभाला। परिजनों ने चिकित्सा स्टाफ पर लापरवाही करने का आरोप लगाया है।

अमेठी जिले जायस के जवाहरगंज की रहने वाले रामकेवल मौर्य अपनी गर्भवती पत्नी के इलाज के लिए गुरुवार को एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जहां ऑपरेशन से एक बच्चे ने जन्म लिया। उसके अगले दिन अचानक महिला की हालत बिगड़ गई और जच्चा-बच्चा दोनों की मौत हो गई। मृत महिला के भाई अमित मौर्य ने बताया कि हॉस्पिटल ट्रेनी नर्सों के सहारे चल रहा है। हॉस्पिटल प्रशासन की लापरवाही से मेरी बहन की मौत हो गई। जब तक हॉस्पिटल को सीज नहीं किया जाएगा, तब तक हम लोग यहां से नहीं जायेंगे। मुख्य चिकित्साधिकारी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर शहर कोतवाली पुलिस मुकदमा दर्ज कर रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराई, बालक की मौत

**निन्दूरा, बाराबंकी अमृत विचार :** घुंघटेर थाना क्षेत्र के नंदपुर पलिया निवासी शिव बालक का 16 वर्षीय पुत्र सिद्धार्थ शुक्रवार शाम गांव के बाहर रोड पर अकेले बाइक चलाना सीख रहा था। बाइक सीखते समय अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पेड़ से जा टकराया। हेलमेट न पहने होने के चलते सिर में गंभीर चोटें लगने से गिर गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने युवक आनन-फानन सीएचसी घुंघटेर में भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक सिद्धार्थ तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। इस संबंध में थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि मौके पर घटना की जानकारी ली जा रही है।

### शौचालय बनने से कम हुई मिर्गी की बीमारी

**कानपुर, अमृत विचार।** करीब 10 वर्ष पहले ग्रामीण क्षेत्रों के अधिकांश लोग शौच के लिए खेत जाते थे और उसी खेत में सब्जियां भी उगाई जाती थीं। उसके बाद लोग उन्हीं सब्जियों का सेवन करते थे, जिस कारण लोगों में न्यूरो सिस्टो सरकोसिस (दिमाग में कीड़ा) बीमारी अधिक देखने मिलती थी।

**जज्बा** — प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रभावित होकर उन पर लिख डाली रचनाएं

# जिंदगी की जंग से लड़ रहे अभय के हौसले बुलंद

संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** तबस्सुम लबों पर सजाये रख.., हार जब तक न हो तार जीत का लगाये रख...। जाने कब तुझे फिर से आफताब होना पडे..राख की ढेर में थोड़ी सी चिंगारी दबाये रख..। यह लाइनें किसी प्रसिद्ध शायर या कवि की नहीं बल्कि एक ऐसे इन्सान की हैं जो वर्षों से मोटर न्यूरॉन डिसऑर्डर नाम की बीमारी से जूझ रहा है। जिंदगी और मौत की जंग में उसके हौसले बुलंद हैं।

शहर के पीरबटावन निवासी अभय चांदवासिया की उम्र लगभग पचास साल की है और असाध्य रोग न्यूरोन डिसऑर्डर बीमारी से पीड़ित



अभय चांदवासिया।

हैं। शारीरिक रूप से दुर्बल, चलने फिरने में असमर्थ अभय बिस्तर पर लेटे-लेटे जिन्दगी की अन्तिम सांसों तक अपने हौसले की उड़ान को जिन्दा रखे हैं। हलांकि आर्थिक रूप से समृद्ध परिवार से ताल्लुक रखने वाले अभय चांदवासिया की सुविधाओं का पूरी तरह से ध्यान रखा जाता है। बिस्तर पर लेट एलईडी टीवी पर निगाहें और माउस व कीबोर्ड के सहारे अभय सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। बीमारी ने 95 प्रतिशत शरीर को पूरी तरह से असमर्थ बना दिया है, लेकिन मन और ह्दय का कवि जब जागता है तो वह कभी अपनी रचनाओं से पीएम मोदी की तारीफ में रचनाएँ लिखते हैं तो कभी अपने अतीत की गहराइयों में गोते लगाते हैं। अभय चांदवासिया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यशैली से काफी प्रभावित हैं और मोदी की चर्चा होते ही उत्साह से भर जाते हैं। उनकी कृति भारती का सारथी उनकी आवाज में काफी प्रसिद्धि पा चुकी है। प्रधानमंत्री मोदी के व्यक्तित्व पर उनकी दीवानगी उनकी रचनाओं में साफ देखी जा सकती है।

### इन शबनमी लम्हों में जी ले, झूम ले मुस्करा ले...

अमृत विचार से अभय ने बेबाक होकर हर बात का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि बीमारी के क्षणों में मैंने महसूस किया कि कोई अदृश्य शक्ति मेरे आस पास है जो मुझे जीने की ताकत दे रही है। सुख और दुख के इन मिश्रित क्षणों में खुद के पास किसी दैवीय शक्ति को महसूस करता हूं। बड़ा कुरेदने पर उन्होंने खुद के लिए वर्तमान स्थितियों पर लिखी एक रचना साझा करते हुए भावुक इन लाइनों के साथ अपनी बात को खत्म किया... इन शबनमी लम्हों में जी ले, झूम ले मुस्करा ले... जमीं पैरों तले है जब तक राख की ढेर में चिंगारी दबाये...।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सूचित किया जाता है मेरी पुत्री का नाम जन्म प्रमाण पत्र में गार्गी सिंह वर्मा लिख गया है जो गलत है। कृपया इसे गार्गी सिंह करने की कृपा करें। – **आकांक्षा सिंह (माता), निवासी– 330. संजय गांधीपुरम, लखनऊ**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैनें अपने चौथे नम्बर के पुत्र अरबाज द्वारा भाग कर शादी करने एवं मेरे साथ आए दिन मारपीट एवं प्रताड़ित करने से तंग आकर पुत्र अरबाज और उसकी पत्नी खुशनुमा के गलत कृत्यों को लेकर सम्बंध विच्छेद कर लिया है। इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य से मेरा कोई लेना देना नहीं है। मैं अपनी चल–अचल सम्पत्ति से पुत्र अरबाज एवं उसकी पत्नी खुशनुमा को बेदखल करती हूं। – **चुन्नी उर्फ सदरुन पत्नी स्व. ताजुल हसन, निवासी– ग्राम –गाजीपुर, जिला– फतेहपुर**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री रूपा निषाद मनमानी करते हुए वीरू निषाद निवासी केएनआई से विवाह कर लिया है, जिससे मेरे परिवार की काफी बदनामी हुई है। मैं सपत्नीक रूपा निषाद को बेदखल करते हुए उससे सभी प्रकार के संबंधों से नाता तोडता हू। उसके सभी क्रियाकलापों से मेरा व मेरे परिवार का कोई लेना–देना नहीं है। **मनीराम पुत्र काशीराम व कुसुमा पत्नी मनीराम निवासी वलीपुर, पोस्ट– केएनआई, थाना कोतवाली नगर, सुलतानपुर।**

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मेरे पति स्वर्गीय मिश्री लाल वर्मा ने भारतीय जीवन बीमा निगम गोण्डा से पालिसी संख्या 218353953 खरीदी थी जिसमें नामिनी में श्रीमती भानमती दर्ज है जबकि सही नाम गुडिया देवी उर्फ श्रीमती भानमती पत्नी स्वर्गीय मिश्री लाल वर्मा निवासी ग्राम घांचा वीकापपुर मजरा घांचा कुर्मी पुरवा पोस्ट घांचा बीकापुर तहसील/थाना तंरबगंज जिला गोण्डा

**सूचना**
मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम त्रुटिवश जसवीर कौर (JASAVEER KAUR) दर्ज हो गया था जबकि सही नाम जसबीर कौर (JASBIR KAUR) है, मुझे इसी नाम से जाना पहचाना व पढ़ा जाये। **जसबीर कौर पत्नी जुझहार सिंह नि. कानपुर रोड, भल्ला फार्म, कुशहरी पो. आशा खेड़ा जि. उन्नाव।**

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक नजर

### तीन जुआरी पकड़े गए रुपये बरामद, केस दर्ज

**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार।** सतरिख थाना क्षेत्र के उपनिरीक्षक अभिषेक मिश्रा, आरक्षी मिथिलेश यादव, राधेश्याम, पवन कुमार आदि को मुखबिर से सूचना मिली कि मोहल्ला गढ़ी में फैसल की बाग में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मोहल्ला कजियाना के सतीश कुमार, मोहल्ला गढ़ी के अमरेश मिश्रा व सनी को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में 52 अदद ताश के पत्ते और 410 रुपये बरामद किए। प्रभारी निरीक्षक अमर कुमार चौरसिया ने बताया कि जुआरियों को गिरफ्तार कर केस दर्ज किया गया हैं।

### पशु-पक्षियों के लिए ट्रस्ट ने भरवाया पानी

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार।** ब्लॉक बनीकोडर के अधिकारियों द्वारा तालाब में पानी नहीं भरवाया गया तो श्री गोपाल जी गौ सेवा नारायण सेवा ट्रस्ट टीम ने तालाब में पानी भरवाने का कार्य शुरू किया। मई-जून के महीने में लोग तेज तपिश और भयंकर गर्मी से परेशान हैं। ऐसे में पशु-पक्षियों की सेवा करना परम धर्म है। इधर-उधर भटकते पशु-पक्षियों को पानी के संकट से बचाने के लिए तालाबों में पानी न होने की समस्या को देखते हुए शुक्रवार को चंदौली गांव के निकट तालाब में करीब 10 घंटे तक ट्यूबवेल से पानी संस्थान द्वारा भरवाया गया।

### बच्चों ने ईवीएम में वोट डालकर किया जागरूक

**संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार।** फतेहपुर ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बिशुनपुर 2 में प्रधानाध्यापक सम्पन्न कुमार निगम के नेतृत्व में ईवीएम सिम्युलेटर मशीन द्वारा चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। चुनाव में बच्चों ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए एक लघु नाटिका आयोजित की। जिसमें दिव्यांग, वृद्ध, महिला व युवा सभी को ज्यादा से ज्यादा प्रतिभाग करने का संदेश दिया गया। बच्चों ने लोगों से चुनाव में बढ़चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। कार्यक्रम में शिक्षिका नेहा सैनी, अभिभावक अन्नपूर्णा शुक्ला, अमरेश शुक्ला, राजेश, सीता, आरती इत्यादि लोग उपस्थित थे।

# हेल्थ वेलनेस सेंटरों पर लटका मिला ताला

## खोखला साबित हो रहा स्वास्थ्य विभाग का दावा, स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए ग्रामीण निजी अस्पतालों पर निर्भर

**संवाददाता, रामनगर, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग भले ही जनता को बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था मुहैया कराने का लाख दावा कर ले, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ अलग ही है। ग्रामीण स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधा दिलाने के लिए पूरे तामझाम के साथ रामनगर ब्लॉक के 76 ग्राम पंचायतों में 13 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर खोले गए। यहां पर सभी प्रकार की सामान्य जांचों की सुविधा उपलब्ध कराई गई। ग्रामीणों को इलाज के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े, इसके लिए हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर सीएचओ की तैनाती कर सुबह 10 से 4 बजे तक बैठकर लोगों का उपचार करने के लिए बाध्य किया गया। लेकिन धरातल पर ज्यादातर सेंटर बंद पड़े हैं। जिन गांवों में सेंटर खुलते हैं। वहां भी टाइम टेबल नहीं है। दोपहर होते ही उनमें भी ताला लटकने लगता है। आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को खोलने के पीछे सरकार की मंशा यह थी कि ग्रामीणों को गांव में ही सेंटरों पर शुगर, ब्लड प्रेशर, स्तन कैंसर सहित अन्य गैर संचारी रोगों की जांच और परामर्श की सुविधा मिलेगी।

> यदि समय से पहले हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बंद किए जा रहे हैं या फिर समय से नहीं खुल रहे हैं तो इसकी जांच कर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों ने जिन सेंटरों के कभी न खुलने की बात कही है। वहां की भी जांच कराकर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
>
> – मुकुंद पटेल, सीएचसी अधीक्षक, रामनगर।

**हकीकत 1**



ब्लॉक के पीछे बने केंद्र पर लटकता ताला।

रामनगर विकास खंड के पीछे गोंडा लखनऊ हाईवे के किनारे बने हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का बेहतर रंग रोगन किया गया है। यहां पर सीएचओ सुष्मिता शर्मा की तैनाती भी है, लेकिन गुरुवार को 3 बजे यहां ताला लटक रहा था। आसपास के लोगों ने बताया कि यह सेंटर कभी खुलता ही नहीं है। यहां रोजाना ताला ही लटकता मिलता है।

**हकीकत 2**



ग्राम बड़नपुर का सेंटर भी मिला बंद।

गांव बड़नपुर के तराई में बने हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर गुरुवार को 3 बजकर 22 मिनट पर ताला बंद था। यहां के ग्रामीण सत्रोहन लाल, देशराज ने बताया कि यह सेंटर कभी-कभी खुलता है और दोपहर होते ही इसमें ताला लटक जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि इस केंद्र पर कौन सी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। ऐसे में हमें निजी अस्पतालों का सहारा लेना पड़ता है।

**हकीकत 3**



ग्राम गर्री के सेंटर पर भी मिला ताला।

तराई इलाके के ग्राम गर्री में ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए बनाया गए हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर सीएचओ ममता मिश्रा की तैनाती की गई है। यहां पर 3 बजकर 44 मिनट पर ताला बंद था। ग्रामीण मुरली, गीत, सरिता आदि ने बताया कि दोपहर होते ही लोग यहां ताला लटक जाता है। केंद्र में कौन-कौन सी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हैं, इसकी आज तक जानकारी नहीं हो पाई।

## अमृत विचार की मुहिम

# मुहिम से जुड़कर मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए करें सहयोग



मतदाता के सवाल का कलाकृति के माध्यम से जवाब।

**संवाददाता, रामनगर, बाराबंकी**

किसान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इस्माइलपुर देवा के सहायक अध्यापक आशुतोष पाण्डेय ने ब्रेन लिपि जानने वाले मतदाताओं के वोट देने के तरीके को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब अपनी कलाकृति के माध्यम से दिया है। अगर आपके मन में भी मतदान से जुड़ा ऐसा कोई सवाल हो तो आप हमें sveepbarabanki2024@gmail.com व amritvicharbarabanki@gmail.com पर लिखकर भेजें। अमृत विचार ऐसी ही सुंदर कलाकृतियों के माध्यम से आपका सवाल और उसका जवाब प्रकाशित करेगा।

मुहिम खत्म होने पर इस प्रतियोगिता के तीन सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को अमृत विचार व जिला प्रशासन सम्मानित भी करेगा। तो आइये लोकतंत्र के इस महापर्व को सफल बनाने की मुहिम से जुड़कर मत प्रतिशत बढ़ाने में जिला प्रशासन का सहयोग करें। जिससे जनपद इस चुनाव में मतदान के सारे पुराने रिकॉर्ड तोड़कर एक नया कीर्तिमान गढ़ सके।

# दो पशु तस्करों पर गैंगस्टर की कार्रवाई

**संवाददाता, मसौली, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** घूमंतू पशुओं की तस्करी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के दो सदस्यों पर मसौली पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई करते हुए मुकदमा पंजीकृत किया है।

बिहार प्रांत के जनपद कटिहार कोरहागना थाना क्षेत्र के अन्तर्गत बाढटोला मटवारा निवासी मनोज कुमार महतो अपने एक अन्य साथी मोहम्मद दुलाल निवासी विनयनिया थाना कोरहा जनपद कटिहार के साथ गिरोह में नये-नये सदस्यों को शामिल कर घूमंतू गोवंशीय पशुओं को पकड़कर तस्करी करते हैं। बीते वर्ष 22 मई को मुखबिर की सूचना पर उपनिरीक्षक शिव अंजोर मिश्र ने गोंडा-बहराइच राजमार्ग पर स्थित ग्राम ज्योली के निकट एक डीसीएम को पकड़कर उनमें मौजूद छोटे-बड़े 20 गोवंशीय पशुओं को बरामद किया था। इन पशुओं को सीतापुर से बिहार ले जाया जा रहा था। मसौली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अभियुक्तों को जेल भेजा था। मसौली पुलिस ने उक्त अभियुक्तों की जांच पड़ताल कर गिरोह के अन्य सदस्य मनोज कुमार महतो निवासी ग्राम बाढ़टोला थाना कोरहा जनपद कटिहार बिहार के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज किया था। प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह ने बताया कि मनोज कुमार महतो गिरोह का सरगना है तथा दुलाल गैंग का सक्रिय सदस्य है। इनके विरुद्ध पूर्व में गैंगस्टर की कार्रवाई की गई हैं।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

# चारा-पानी के साथ गोवंशों को छाया में रखने का प्रबंध करें

**संवाददाता, निंदूरा, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी अ. सुदन ने शुक्रवार को कुर्सी स्थित गो आश्रय केंद्र का निरीक्षण किया। गर्मी के मौसम में बढ़ते हुए तापमान और संभावित लू के प्रकोप से गोवंशों को बचाने के लिए मूलभूत सुविधाएं देखीं। सीडीओ ने गोवंश के लिए पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी, चारा, भूसा एवं अन्य पशु आहार, गोवंश को गर्मी एवं लू से बचाने के लिए छाया आदि की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। बीमार, अशक्त एवं गर्भवती गोवंशों की उचित देखभाल व उपचार की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए गए। सीडीओ ने इस दौरान गोवंश को फल भी खिलाए।

इससे पहले सीडीओ ने राजकीय इंटर कॉलेज निंदूरा का निरीक्षण किया। इस दौरान सबसे पहले वह कक्षा 10 ब की छात्राओं के कक्ष में पहुंचे जहां उन्होंने छात्राओं से अंग्रेजी की किताब मांगी और उससे प्रश्न पूछे? उसके बाद सीडीओ कक्षा 10 अ के छात्रों के कक्ष में गए, जहां उन्होंने बच्चों से गणित की किताब मांगी और बारी-बारी से बच्चों से प्रश्न किए। बच्चों के सही जवाब देने पर उनकी सराहना की। कक्षा में अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले बच्चों के बारे में पूछा और उसकी भी सराहना की। अंत में सीडीओ ने बच्चो से पूछा कि पढ़ाई अच्छे से चल रही है कि नहीं। आपको कोई समस्या हो तो मुझे बताएं। कक्षा 12 ब विज्ञान वर्ग के छात्र आशीष कुमार ने कपड़े पर बनाई गई सीनरी मुख्य विकास अधिकारी को भेंट की। जिस पर उन्होंने बच्चे की तारीफ की। वहीं उन्होंने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का भी निरीक्षण किया। इस दौरान छात्राओं के लिए बन रहे आवासीय भवन का निर्माण देखा। जहां पर निर्माण भवन निर्माण में अनियमितता मिलने पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को सही कराने के निर्देश दिए।



गोवंशों को फल खिलाते मुख्य विकास अधिकारी।

# भाजपा प्रत्याशी राजरानी को जिताने का संकल्प लिया

**संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** जिला सहकारी बैंक लिमिटेड की प्रबंध कमेटी के सभी वर्तमान एवं कई पूर्व डायरेक्टरों ने बैंक सभापति सिद्धान्त पटेल की अगुवाई में शुक्रवार को बैठक कर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत के चुनाव में प्रचार-प्रसार व व्यापक समर्थन करने पर विचार-मंथन किया।

इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत के पति राजकरन रावत, बैंक के पूर्व बैंक डायरेक्टर उमाशंकर दिवेदी, शारदा बख्श वर्मा, अजय कुमार वर्मा सहित वर्तमान बैंक डायरेक्टर ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह, रंजीत कुमार वर्मा, सुरेशचन्द्र वर्मा, रामलाल, सुभाषचन्द्र, राजकुमारी वर्मा, शिवदेवी वर्मा, लीना वर्मा, शशिवर्मा, रीना वर्मा एवं देशराज रावत आदि ने सम्मिलित होकर भाजपा प्रत्याशी को भारी बहुमत से जीत सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।

# घर-घर पहुंचाएं मतदाता पर्ची : सीडीओ

**संवाददाता, निंदूरा, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** विकासखंड क्षेत्र के स्थानीय राजकीय इंटर कॉलेज परिसर में मुख्य विकास अधिकारी अ. सुदन की अध्यक्षता में मतदाता जागरुकता बाइक व वैन रैली का आयोजन किया गया। इस मौके पर सीडीओ ने कहा कि हमें इस समय तीन बातों का ध्यान रखना है कि गर्मी से बचाव के लिए हम खूब पानी पीएं, छाते का प्रयोग करें, धूप से बचकर रहे। मतदाता पर्ची को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाना है। जिसके लिए बीडीओ और एसडीएम जैसा निर्देश दें, वैसे आप सभी कार्य करें। वहीं मतदान वाले दिन मतदान स्थल पर छाया की व्यवस्था अवश्य होनी चाहिए। जिसके लिए कुछ टेंट जरूर लगा हो।

इससे पहले प्रांगण में उपस्थित सभी लोगों को मतदाता जागरुकता शपथ और सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई गई। कहा कि मतदान वाले दिन सबसे पहले मतदान करें, बाकी सारे काम बाद में करें। वृद्ध, युवा, महिला, दिव्यांग कोई भी मतदान करने से वंचित न रहे। शपथ के उपरांत सीडीओ सुदन ने मतदाता जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में करीब डेढ़ हजार बाइक तथा 50 से अधिक वैन द्वारा करीब ढाई हजार लोगों ने प्रतिभाग किया। यह रैली जीआईसी निंदूरा प्रांगण से प्रारंभ होकर प्रत्येक न्याय पंचायत के प्रत्येक बूथ तक गई। रैली के बूथ पर पहुंचने पर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं और आंगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा स्वागत किया गया। इस मौके पर बीडीओ संतोष सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आर जगत सांईं, एडीओ पंचायत अनिल सिंह, एडीओ कॉपरेटिव खुशबू राय, डॉ. अलकमा, प्रधानाचार्य भानु प्रताप सिंह, बीईओ सुषमा सेंगर, हरीश अवस्थी समेत कई सचिव व आमजन मौजूद रहे।



मतदाता जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाते सीडीओ।

# ...और आग का गोला बनी वैन

**संवाददाता, हैदरगढ़, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** कोतवाली हैदरगढ़ के पोखरा गांव निवासी अनिल द्विवेदी रेडीमेड गारमेंट के थोक व्यापारी हैं। उनका पुत्र श्याम द्विवेदी वैन से हैदरगढ़ आया हुआ था। जहां पर सीएनजी गैस खत्म होने पर वैन को पेट्रोल पर लगाकर चौबीसी स्थित राज रोहन ऑटोमोबाइल्स पेट्रोल पंप पर सीएनजी भराने जा रहा था। दोपहर लगभग डेढ़ बजे जब वह पेट्रोल पंप की ओर मुड़ रहा था कि तभी वैन झटका देने लगी। गाड़ी रोककर जब तक वह गाड़ी में कोई कमी देखता तब तक आग लग चुकी थी। वैन में आग लगने की सूचना तत्काल कोतवाली पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचे दरोगा राम सिंह ने अग्निशमन दल को बुलाकर आग बुझवाई, लेकिन जब तक फायरकर्मी आग पर काबू पाते तब तक वैन पूरी तरह से जल चुकी थी और वैन का केवल ढांचा बचा था।

# हादसे में पिता-पुत्र व पुत्री घायल

**संवाददाता, हैदरगढ़, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** अवसानेश्वर मंदिर दर्शनों के लिए सुबह मोटरसाइकिल से जा रहे पिता-पुत्र व पुत्री घायल हो गए। सीएचसी त्रिवेदीगंज में उपचार के बाद जहां पिता को छुट्टी दे दी गई। वहीं दोनों बच्चों को गंभीर अवस्था में जिला चिकित्सालय भेजा गया।

कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत बारा गांव निवासी दीप नारायण पाल पुत्री जानवी (7) एवं पुत्र पियूष (10) के साथ बारा गांव व अवसानेश्वर मार्ग से होकर सुबह साढ़े नौ बजे मोटरसाइकिल से मंदिर दर्शनों के लिए जा रहे थे। बारा रेलवे क्रॉसिंग पर दीप नारायण पाल आगे चल रही पिकअप को ओवरटेक कर रहे थे कि तभी सामने से आई बोलेरो से बाइक की टक्कर हो गई। जिसमें तीनों लोग घायल हो गए। सभी को एंबुलेंस से त्रिवेदीगंज सीएचसी पहुंचाया गया। जहां दीप नारायण को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

**सहूलियत** | 18 माह में तैयार होगा फायर स्टेशन का भवन, संसाधनों से होगा लैस

# 11 करोड़ से हो रहा फायर स्टेशन का निर्माण

**संवाददाता, फतेहपुर, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** गर्मियों में आग लगने की घटनाओं से जनहानि के साथ ही धनहानि भी होती है। आग लगने की घटनाओं पर त्वरित व प्रभावी कार्रवाई के लिए क्षेत्र के पचघरा मोहल्ला में 11 करोड़ की लागत से प्रस्तावित फायर स्टेशन का निर्माण कार्य शुरू हुआ है। इसे 18 माह में पूर्ण करने का लक्ष्य तय किया गया है।

अग्निशमन विभाग में स्टाफ व संसाधनों की कमी की वजह से अक्सर आगजनी की घटनाओं पर समय रहते काबू न हो पाने से काफी नुकसान हो जाता है। ऐसी घटनाओं को प्रभावी स्तर पर रोकने के लिए रिस्पॉन्स टाइम सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण होता है। इसी उद्देश्य से आवास विकास परिषद द्वारा लगभग 11 करोड़ की लागत से कस्बे के पचघरा मोहल्ला में फायर स्टेशन का निर्माण कराया जा रहा है। इसमें प्रशासनिक भवन, टाइप-ए के दो आवास, टाइप-बी के 12 आवासों, गार्ड रूम, पंप रूम, बाउंड्रीवाल आदि का निर्माण होगा। जमीन तहसील मुख्यालय में फायर स्टेशन के लिए 25 साल पहले ही 1999 में आवंटित हुई थी, लेकिन अभी तक निर्माण के लिए एक ईंट तक नहीं रखी जा सकी। फायर स्टेशन निर्माण कार्य की देखरेख कर रहे अवर अभियंता रमेश पटेल ने बताया कि लगभग 11 करोड़ की लागत से बन रहे फायर स्टेशन का निर्माण लगभग 18 माह में पूरा हो जाएगा। साथ ही फायर स्टेशन को आग बुझाने के अत्याधुनिक उपकरणों व संसाधनों से भी लैस किया जाएगा। अभी तक क्षेत्र में फायर बिग्रेड की एक गाड़ी से ही फतेहपुर के मोहम्मदपुरखाला, बड्डूपुर, कुर्सी, घुंघटेर व फतेहपुर समेत पांचों थाना क्षेत्र को कवर किया जाता है। फायर स्टेशन परिसर में ही आवास और स्टाफ की सुविधा से घटनाओं पर नियंत्रण में मदद मिल सकेगी।



पचघरा मोहल्ले का निर्माणाधीन फायर स्टेशन।



## एक नजर

### गैंगस्टर एक्ट में वांछित गिरफ्तार

**बाराबंकी।** अलग-अलग मामलों में वांछित अभियुक्तों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मसौली पुलिस टीम ने बिहार के कटिहार जिले के गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त मो. दुलाल को गिरफ्तार कर लिया।

### 30 ग्राम मार्फीन के साथ एक गिरफ्तार

**बाराबंकी।** मादक पदार्थों के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को बदोसराय पुलिस ने थाना क्षेत्र रामनगर के कटका निवासी विजय कुमार ऊर्फ खट्टर को 30 ग्राम मार्फीन के साथ गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है।

### 35 ग्राम स्मैक के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**बाराबंकी।** मादक पदार्थों के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के खिलाफ असन्द्रा पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र बदोसराय के राजापुर गाँव निवासी जमाल को 35 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है।

### 27 अभियुक्तों के खिलाफ शांतिभंग में कार्रवाई

**बाराबंकी।** लोकसभा चुनावों के मद्देनजर संदिग्ध व्यक्तियों के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को 27 अभियुक्तों के खिलाफ शांतिभंग के तहत कार्रवाई की गई। जबकि छह वांछित अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

### आग ने आगोश में लिए 4 घर, लाखों का नुकसान

**हरख, बाराबंकी।** विकासखंड हरख के पीरपुर मजरे अकनपुर गांव निवासी केशवराम घर से शुक्रवार दोपहर अचानक आग लपटें उठने लगीं। जिसे देखकर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीण बाल्टी में पानी भर आग बुझाने का प्रयास किया तथा आग की लपटें पड़ोसी मनीराम, माताप्रसाद व कामता प्रसाद पुत्र गण बिरजू व विनोद कुमार पुत्र दुखीराम के घर में भी आ गईं। चंद मिनटों में इन घरों में रखी गृहस्थी, खाद्यान्न, कपड़े व बिस्तर आदि जलकर खाक हो गया। नवाबगंज तहसील के क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा आंकलन किया जा रहा है। ग्राम प्रधान अकनपुर पंकज वर्मा ने बताया कि चार घर आग से जले हैं।

# एक लीटर फ्यूल में भारी वाहन 10 तो हल्के वाहन चलेंगे 15 किमी

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

**लोकसभा चुनाव**

- भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव में प्रयोग वाहनों के ईंधन खपत को लेकर निर्धारित की मात्रा
- पेट्रोल-डीजल के लिए 13 पेट्रोल पंप चिन्हित, सीएनजी की भी मात्रा तय
- प्रेक्षक, आलाधिकारी के साथ चुनाव में लगे हैं तीन हजार से अधिक वाहन

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में प्रयोग होने वाले वाहनों के ईंधन का एवरेज भारत निर्वाचन आयोग ने निर्धारित किया है। ड्यूटी के दौरान हल्के वाहन को एक लीटर में 8 से पंद्रह किलोमीटर का एवरेज देना होगा। वहीं भारी वाहनों के लिए 3 से 10 किलोमीटर का एवरेज प्रति लीटर रखा गया है।

सभी वाहनों को रूट चार्ट में दूरी के आधार पर ईंधन दिया जाएगा। ईंधन की उपलब्धता के लिए शहर समेत जिले भर के 13 पेट्रोल पंपों को चिन्हित किया गया है। जिला पूर्ति कार्यालय द्वारा जारी क्रेडिट स्लिप के जरिए वाहनों को संबंधित पंप पर ईंधन उपलब्ध कराया जाएगा।

पांचवें चरण में 20 मई को बाराबंकी लोकसभा व अयोध्या लोकसभा सीट के दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र सहित 2615 बूथों पर वोट डाले जाएंगे। मतदान कराने के लिए शहर से पोलिंग पार्टियों को एक दिन पहले विधानसभावार बस, ट्रक समेत हल्के व भारी वाहनों से निर्धारित रूट के हिसाब से बूथों पर भेजा जाएगा। इसके अलावा प्रेक्षक, लाइजन ऑफिसर समेत चुनाव कार्यालय, तहसील व आलाधिकारियों के लिए भी वाहनों की व्यवस्था की गई है। इस चुनाव में करीब तीन हजार छोटे-बड़े वाहन लगे हैं। इन सभी वाहनों को ईंधन की व्यवस्था के लिए आपूर्ति विभाग को जिम्मेदारी दी गई है। जबकि अलग-अलग वाहनों के लिए प्रति लीटर पेट्रोल-डीजल की मात्रा आयोग द्वारा तय की गई है। हल्के वाहनों के लिए जहां आठ से 15 किलोमीटर प्रति लीटर ईंधन दिया जाएगा। वहीं बड़े वाहनों को तीन से 10 लीटर तक ईंधन उपलब्ध कराया जाएगा। ईंधन देने के लिए शहर समेत सभी तहसील क्षेत्रों के कुल 13 पेट्रोप पंपों को चिन्हित किया गया है। संबंधित वाहनों के चालक जिला पूर्ति कार्यालय से क्रेडिट स्लिप लेकर संबंधित पेट्रोल पंप से ईंधन ले सकेंगे। पोलिंग पार्टियों के ले जाने वाले वाहन रूट चार्ट में दर्शायी गई दूरी के आधार पर ईंधन दिया जाएगा। वहीं प्रेक्षक, आलाधिकारी, लाइजन अफसर व उड़नदस्ता टीमों के लिए दर्जनों वाहन काफी पहले से दौड़ रहे हैं।

जिला पूर्ति अधिकारी डॉ.राकेश कुमार तिवारी ने बताया कि चुनाव में लगे वाहनों के प्रकार व सीटर के आधार पर दूरी को ध्यान में रखते हुए गाइडलाइन के अनुसार ईंधन दिया जाएगा। इसके लिए 13 पेट्रोप पंप चिन्हित किए गए हैं।

**वाहन का प्रकार - ईंधन की खपत किमी प्रति लीटर**

बसें - 13 से 22 सीटर - छह
बसें - 23 से 36 सीटर - पांच
बसें - 37 व उससे अधिक - चार
---------------
माल वाहन - तीन हजार किग्रा. सकल यान का भार तक - 10
तीन हजार से अधिक 7500 किग्रा. सकल यान का भार तक - सात
7500 से अधिक 12000 किग्रा. सकल यान का भार तक - पांच
12000 से अधिक 28000 किग्रा. सकल यान का भार तक - चार
28000 किग्रा. से अधिक मल्टीएक्सल सकल यान का भार तक - तीन
---------------
हल्के यात्री वाहन - जीप, टैक्सी, कारें, मैक्सीकैब - चार सीटर - 15
पांच से छह सीटर - 10
सात से बारह सीटर - आठ
---------------

**विशिष्ट श्रेणी वाहन**

इनोवा, क्रेटा, फॉर्च्यूनर, इंडेवर, एक्सयूवी एवं समकक्ष वाहन - 10

# साहब के पास पानी की बोतल फरियादियों के सूख रहे हलक

## डीएम, एसडीएम, सीएमओ कार्यालय, जिला अस्पताल व कोतवाली में खराब पड़े हैंडपंप व वॉटर कूलर

संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी में दूरदराज से अफसरों के कार्यालय पहुंचकर अपनी समस्या बताने वाले फरियादियों की समस्या और बढ़ रही है। जिलाधिकारी समेत नवाबगंज तहसील, सीएमओ कार्यालय, जिला अस्पताल और कोतवाली में ही हैंडपंप और वॉटर कूलर खराब पड़े हैं। साहब अपने लिए तो पानी की बोतल लेकर चलते हैं लेकिन इस भीषण गर्मी में उनके कार्यालय परिसर में लगे पेयजल के संयंत्रों को सही कराने की जरूरत नहीं समझी। ऐसे में यहां आने वाले लोगों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है तो वहीं सक्षम लोग बाजार से पानी की बोतल खरीदकर हलक तर कर रहे हैं।

अमृत विचार की टीम ने शुक्रवार को जब डीएम, एसडीएम, सीएमओ कार्यालय, जिला अस्पताल व कोतवाली परिसर में जाकर देखा तो नजारे चौकाने वाले दिखे। सवाल यह उठता है कि जब आला अफसरों के नाक के नीचे पेयजल व्यवस्था धड़ाम है तो गांव व कस्बों में तो हालत इससे बदतर ही होंगे। डीएम कार्यालय में लगा वॉटर कूलर जहां गर्म पानी दे रहा है तो वहीं नवाबगंज तहसील परिसर में लगा हैंडपंप खराब है। इसी तरह सीएमओ कार्यालय, जिला अस्पताल व कोतवाली में लगे हैंडपंप भी सूखे मिले। जबकि इन स्थानों पर प्रतिदिन भारी संख्या में तेज धूप में दूर-दराज से फरियादियों का आना-जाना होता है। इसके बाद भी पेयजल को लेकर इसे जिम्मेदार अफसरों की लापरवाही ही कहेंगे कि अपने कार्यालय परिसर में ही इसे सही कराना उचित नहीं समझा।


जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में गर्म पानी देता वाटर कूलर।


तहसील परिसर का खराब हैंडपंप।


जिला कोषागार का खराब हैंडपंप।


कोतवाली में खराब पड़ा हैंडपंप।


जिला अस्पताल का भी हैंडपंप खराब।


सीएमओ कार्यालय में भी हैंडपंप खराब।


सीएमओ कार्यालय का वाटर कूलर खराब।

# पर्चा भरने का समय पूरा, 18 का नामांकन

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** नामांकन पत्रों को भरने का समय शुक्रवार को पूरा हो गया। 26 अप्रैल से शुरू हुए नामांकन प्रक्रिया के तहत तीन मई तक पर्चा भरने का समय निर्धारित किया गया था। इन छह दिनों में 18 लोगों ने सांसद बनने की मंशा जताते हुए नामांकन पत्र दाखिल किया है। आज नामांकन पत्रों की जांच और सोमवार को नामवापसी की प्रक्रिया के बाद चुनाव चिन्हों का वितरण किया जाएगा। अंतिम दिन चार अन्य लोगों ने पर्चा दाखिल किया।

लोकसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग के निर्देश पर एडीएम न्यायालय में जिला निर्वाचन मजिस्ट्रेट सत्येंद्र कुमार के समक्ष पिछले छह दिनों से नामांकन पत्र दाखिल किए जा रहे थे। इस बीच भाजपा, बसपा व गठबंधन प्रत्याशी समेत कुल 18 लोगों ने सांसद बनने की मंशा जाहिर करते हुए नामांकन पत्र दाखिल किया है। आज नामांकन पत्रों की जांच और सोमवार को नाम वापसी की प्रक्रिया के बाद चुनाव लड़ने वालों की संख्या का पता चलेगा। पर्चा भरने के बाद सभी उम्मीदवार अपने-अपने प्रचार में जुट गए हैं। वहीं शुक्रवार को मिथिलेस, सुनीता, ओमकार, सुरेश व संतोष ने नामांकन पत्र भरा। वहीं बसपा के शिवकुमार दोहरे ने एक और सेट में पर्चा जमा किया। नामांकन के दौरान अतिरिक्त मजिस्ट्रेट के साथ पीओ डूडा सौरभ त्रिपाठी समेत कई अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। नामांकन के दौरान सभी बैरियरों पर पुलिस बल तैनात रहा।

**इन्होंने किया नामांकन**

राजरानी रावत- बीजेपी
तनुज पुनिया- कांग्रेस
शिव कुमार दोहरे- बसपा
आशादेवी- स्वतंत्रता अभियुक्ती पार्टी
प्रो. डॉ. राजदान- पब्लिक अधिकार सोशलिस्ट इंडियन पार्टी
प्रेमचंद्र हरिजन- सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी
महेंद्र कुमार रावत- आवामी समता पार्टी
सुधा गौतम- राष्ट्रीय विकल्प पार्टी
ओमकार- बहुजन मुक्ति पार्टी
सुनीता रावत- जन प्रगति पार्टी
संतोष रावत- डॉ.भीमराव अंबेडकर दल
मिथिलेश कुमारी- निर्दलीय
रामानुज- निर्दलीय
राजेश कुमार- निर्दलीय
देवतादीन गोतम- निर्दलीय
बाबूराम- निर्दलीय
रामलखन पासी- निर्दलीय
सुरेश- निर्दलीय

### 19.5 किलो पोस्ते का छिलका बरामद

**बाराबंकी।** मादक पदार्थों के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत जैदपुर पुलिस टीम ने ग्राम मानपुर निवासी राम सहारे व धर्मानन्द को गिरफ्तार कर लिया। दोनों अभियुक्तों के पास से पुलिस ने 19 .5 किग्रा पोस्ते का छिलका बरामद किया। अभियुक्तों के खिलाफ जैदपुर थाने में सम्बन्धित धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है।

## सार-संक्षेप

### इंडिया गठबंधन में आज शामिल होगीं बसपा नेत्री

**संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** बसपा नेत्री पूर्व विधायक मीता गौतम शनिवार को इंडिया गठबंधन में शामिल होंगी और काग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगी। इस बात की जानकारी मीडिया प्रभारी सरजू शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि इंडिया गठबंधन के केन्द्रीय चुनाव कार्यालय सविल लाइन स्थित पूर्व केन्द्रीय मंत्री मोहसिना किदवई के आवास पर दोपहर बारह बजे प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया है। पूर्व विधायक मीता गौतम को सदस्यता ग्रहण करने के बाद पूर्व सांसद पीएल पुनिया व जिलाध्यक्ष मोहसिन की मौजूदगी में प्रेस वार्ता की जायेगी।

### अधिवक्ताओं के बीच आज होंगे भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता भाटिया

**संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** विकसित राष्ट्र बनाने में अधिवक्ताओं की भूमिका विषय पर अधिवक्ताओं द्वारा आयोजित शनिवार को गोष्ठी की अध्यक्षता करने के लिए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया बतौर मुख्य अतिथि सिविल कार्ट आयोजन स्थल पर आ रहे हैं। यह आयोजन जिला बार एसोसिएशन की तरफ से आयोजित किया जा रहा है। भाटिया के अतिरिक्त सुप्रिम कोर्ट के अधिवक्ता भी गोष्ठी में अपने विचार रखेंगे। गोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में ओमजी अपने विचार साझा करेंगे।

### 28 लीटर कच्ची शराब बरामद

**संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी के निर्देशन में शुक्रवार को नगर कोतवाली क्षेत्र के रेलवे स्टेशन, ग्राम दुर्गापुर, जरौली, पूरे धनाई का पुरवा, मिर्चिया थाना असन्द्रा, ग्राम कसियापुर थाना फतेहपुर, ग्राम दरगापुर, मरकामऊ थाना बदोसराय, ग्राम पुरैना थाना रामनगर में दबिश दी गयी। दबिश के दौरान दो अभियोग पंजीकृत करते हुए लगभग 28 लीटर कच्ची शराब बरामद की गयी। इस दौरान जनपद की देशी शराब, विदेशी शराब व बियर की दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में संचित स्टॉक पर नियमानुसार बारकोड व क्यू आर कोड, ढक्कन, सील, लेबल आदि तथा टोल फ्री नंबर, रेट लिस्ट लगे होने का सत्यापन किया गया।

### प्रतिभागियों ने कहा- पहले मतदान करेंगे बाद में जलपान

**संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान के प्रति प्रेरित करने के लिए जिले के 74 केन्द्रों पर सास, बहू, ननद सम्मेलन कराया गया। जिसमें 2904 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। सम्मेलन में उपस्थित परिवार की सभी सास, बहुओं और ननद को मतदान के मूल्य से अवगत कराया गया। सीडीपीओ, आंगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा सभी को मतदान की शपथ दिलायी गई। बाल विकास परियोजना सिद्धौर के आंगनबाड़ी केंद्र में प्रतिभागियों को बताया गया कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मतदान आवश्यक है। फतेहपुर, मसौली, बंकी और सिरौलीगौसपुर ब्लॉक क्षेत्र के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर सास, बहू सम्मेलन के माध्यम से प्रतिभागियों को जागरूक किया गया कि जिस तरह से शरीर को स्वस्थ रखने के लिये पौष्टिक आहार आवश्यक है, उसी तरह मतदान आवश्यक है। प्रतिभागियों ने शपथ ली कि वह पहले मतदान करेंगे उसके बाद अन्य काम करेंगे।

### बीडीओ ने देखी मतदान केंद्रों पर सुविधाएं

**संवाददाता, हैदरगढ़, अमृत विचार :** खंड विकास अधिकारी हैदरगढ़ संजीव कुमार गुप्ता द्वारा सुबेहा क्षेत्र के ग्राम पंचायत शरीफाबाद एवं चकोरा में विद्यालयों का निरीक्षण किया गया और चल रहे निर्माण कार्यों को दो दिन के अंदर पूरा किए जाने के निर्देश दिए गए। गुप्ता ने बताया कि दोनों विद्यालयों में चहारदीवारी निर्माण का कार्य पूरा हो चुका है और प्लास्टर का कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा रसोई घर शौचालय, रैंप व पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था दुरुस्त पाई गई। उल्लेखनीय है कि 20 मई को लोकसभा चुनाव के लिए होने वाले मतदान के दौरान मतदाताओं को कोई समस्या न उठानी पड़े। इसको लेकर परिषदीय विद्यालय में बनाए गए मतदान केन्द्रों पर सभी मतदाता सुविधा पूर्ण की जा रही है।

### एसपी की मौजूदगी में चला चेकिंग अभियान

**संवाददाता, मसौली, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर थाना क्षेत्र मसौली के शहाबपुर टोल प्लाजा और रामनगर में पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह की मौजूदगी में गुरुवार को चलाए गये चेकिंग अभियान में विभिन्न राजनैतिक दलों के झंडों, काली फिल्म आदि को उतरवाया गया। इसके अलावा गाड़ियों में चेकिंग के दौरान शराब और नकदी धनराशि आदि का निरीक्षण किया। एसपी ने वाहनों पर लगे राजनैतिक दलों के झंडों को निकलवा कर सख्त चेतावनी दी कि आचार संहिता का सख्ती से पालन किया जाए। एसपी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरती नहीं जाएगी। इस दौरान सैकड़ों वाहनों की चेकिंग की गई।

### देश और प्रदेश बुलडोजर से नहीं संविधान से चलेगा

**संवाददाता, बाराबंकी : अमृत विचार :** इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी तनुज पुनिया ने शुक्रवार को विकासखंड हैदरगढ़ की न्यायत पंचायत अंसारी चौबीसी, सराय गोपी में पूर्व विधायक राम सागर रावत और पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ जनसंपर्क किया। इस दौरान तनुज पुनिया ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का अपना एक बलिदानी इतिहास है। देश की आवाम भाजपा के असली चेहरे को पहचान गई है। भाजपा की संविधान को बदलने और लोकतंत्र को खत्म करने की कोई साजिश इंडिया गठबंधन का कार्यकर्ता कामयाब नहीं होने देगा। यह देश और प्रदेश बुलडोजर से नहीं संविधान से चलेगा। वहीं पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया ने विधानसभा हैदरगढ़ के विकासखंड त्रिवेदीगंज में ग्राम सहावर के नवचेतना विद्यालय के प्रांगण में आयोजित सभा का संबोधित करते हुए कहा कि यह चुनाव भाजपा सरकार को सबक सिखाने का है।

## ट्रैक्टर-ट्राली पलटने से एक की मौत

**टिकैतनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** देर रात भूसा लादने जा रही ट्रैक्टर ट्रॉली नदी किनारे बने बंधे पर स्टेयरिंग फेल होने से खाई में पलट गई। जिससे उस पर सवार लोगों में से एक की ट्राली के नीचे दबने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भिजवाया। गुरुवार देर रात करीब एक बजे थाना अंतर्गत ग्राम बसंतपुर से ट्रैक्टर ट्राली से नदी किनारे स्थित खेत से भूसा लादने जा रहे थे। इसी दौरान नदी के बंधे पर ट्रैक्टर का स्टेरिंग फेल हो गया और अनियंत्रित होकर नीचे खाई में जाकर पलट गई।

ट्रैक्टर ट्राली पलटने से उसके नीचे दबने से अमित कुमार व रिंकू दोनों ही बुरी तरह घायल हो गए। हादसे की सूचना पर घटनास्थल पर पहुंचे परिजनों ने आनन-फानन दोनों को सीएचसी टिकैतनगर में पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने घायल अमित कुमार को मृत घोषित कर दिया और दूसरे घायल रिंकू की हालत गंभीर देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने मृतक का पंचनामा भरकर शव को पीएम के लिए भेजा।

## पीएम-सीएम की अगुवाई में हुए ऐतिहासिक फैसले

संवाददाता, रामनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में ऐतिहासिक फैसले लिए गए। चाहे वह राम मंदिर का भव्य निर्माण हो या धारा 370 का खात्मा भाजपा सरकार ने वह हर काम कर दिखाया, जो उसने जनता से वादा किया था। यह बातें ब्लॉक प्रमुख रामनगर संजय तिवारी द्वारा आयोजित ग्राम मझौनी नुक्कड़ सभा में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए प्रदेश सरकार के खाद्य एवं रसद मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने जनता को संबोधित करते हुए कहीं।

उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जाति धर्म और मजहब से आगे उठकर जनता के हित में योजनाएं चलाई। प्रदेश सरकार के मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही पीएम आवास किसान सम्मान उज्जवला आयुष्मान मुफ्त राशन जैसी तमाम योजनाओं का बखान करते हुए केंद्र व प्रदेश सरकार की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने आगे कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने कांवड़ियों पर जहां लाठी बरसाने का काम किया, वहीं भाजपा सरकार में कांवरियों पर पुष्प वर्षा की जा रही है। भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत के समर्थन में आयोजित नुक्कड़ सभा में बोलते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने गुन्डो और माफियाओं को जेल में डालने का काम किया है। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत को भारी मतों से जीत सदन पहुंचने की अपील की। नुक्कड़ सभा को कुर्सी विधायक साकेद्र वर्मा, ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी व रामनगर नगर पंचायत अध्यक्ष रामशरण पाठक ने संबोधित किया। इस मौके पर आरएलबी के प्रबंधक रामकिशोर शुक्ला, राधा कृष्ण मिश्रा, ललित वर्मा, समाजसेवी पप्पू, शिवप्रसाद तिवारी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख आशीष सिंह शेखर हयारण, पूर्व ब्लाक प्रमुख तेज प्रताप सिंह, तहसील बार के अध्यक्ष शिव प्रकाश अवस्थी, छेदी सिंह सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के प्रतिष्ठित लोग मौजूद रहे।

## सामान्य प्रेक्षक ने प्रभारियों अधिकारियों के साथ की बैठक

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सामान्य प्रेक्षक आर.आर. दामोर ने गुरुवार को रिलाइंस इंडस्ट्रीज के सभाकक्ष में प्रभारी अधिकारियो के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी आपने दायित्व का निर्वहन पुरी संवेदनशीलता के साथ करें, इसमें किसी प्रकार की गलती क्षम्य नही होगी। उन्होंने प्रभारी अधिकारी कार्मिक को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्वाचन में मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण सुनियोजित ढंग से समयांतर्गत कराएं। उन्होंने कहा कि कंट्रोल रूम में प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित निस्तारण कराया जाए। बैठक में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था, हल्के व भारी वाहन एवं ईंधन व्यवस्था, मतपत्र व्यवस्था, मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण की व्यवस्था, निर्वाचन सामग्री की व्यवस्था, वीडियोग्राफी व्यवस्था, वेबकास्टिंग व्यवस्था, निर्वाचन में उड़नदस्ता एवं वीडियो निगरानी टीम आदि विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अ. सुदन आदि उपस्थित रहे।

## परेड की सलामी दे पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण

संवाददाता, बाराबंकी: अमृत विचार

एसपी दिनेश कुमार सिंह ने शुक्रवार को पुलिस लाइन्स ग्राउंड में परेड की सलामी ली। सलामी के बाद उन्होंने पुलिस कर्मियों के शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए शारीरिक परीश्रम करने की सलाह दी। एसपी ने 112 पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर मानक को पूरा कर सभी उपकरणों को साथ रखने का निर्देश दिया। परेड के बाद मेस, बैरक, शस्त्रागार, परिवहन शाखा, आवासीय परिसर आदि का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। इस बीच एसपी ने आदेश कक्ष का निरीक्षण कर रजिस्टर एवं अभिलेखों के रखरखाव को लेकर जरूरी निर्देश दिए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन्स सुमित कुमार त्रिपाठी, प्रतिसार निरीक्षक सुभाष चन्द्र मिश्र सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## दिव्यांगजन वेबिनार का आयोजन

**बाराबंकी, अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी अ. सुदन की अध्यक्षता में सुबह 11 बजे दिव्यांगजन संवाद वेबिनार का आयोजन जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी द्वारा गूगल मीट के माध्यम से किया गया। इस कार्यक्रम में दिव्यांग मतदाताओं का आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदान प्रतिशत बढाने हेतु जागरूक किया गया साथ ही जिला प्रशासन द्वारा दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केन्द्र पर उपलब्ध सेवाओं के बारे में भी अवगत कराया गया। इसके अतिरिक्त इस वेबिनार में विषय 100 प्रतिशत मतदान लोकतंत्र की शान पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें रंगई लाल, नागेश पटेल, श्यामजी, लालू यादव, अनन्त सिंह, अमित मिश्रा एवं वीरेन्द्र पाल समेत कुल 7 दिव्यांगजनों ने अपने विचार व्यक्त किये। जिन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। इस वेबिनार में डिप्टी कलेक्टर श्वेता मिश्रा, जिला विकास अधिकारी भूषण कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक ओ.पी. त्रिपाठी, जिला समाज कल्याण अधिकारी एसपी सिंह एवं अन्य दिव्यांगजन उपस्थित रहे।

**चुनावी चौपाल** | अमृत विचार की चुनावी चौपाल में लोगों ने उठाया मुद्दा, बोले- महंगाई पर लगाम कसने वाली सरकार बनाएंगे

# बाढ़ का हो स्थाई समाधान, बुढ़वल चीनी मिल भी हो चालू

संवाददाता, रामनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** 20 मई यानि मतदान की तारीख पास आते ही गली-गली व चाय की दुकानों से लेकर विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर लोग चुनावी चर्चाएं करते दिख रहे हैं। बाराबंकी लोकसभा सीट से चुनाव कौन जीतेगा, लोग कार्यों के आधार पर इसका गणित लगाने में जुटे हैं। इसी बीच अमृत विचार ने मतदाताओं को जागरूक करने के मकसद से चुनावी चौपाल की शुरुआत की है। लोगों को जागरूक करने और मत प्रतिशत बढ़ाने के लिये अमृत विचार चुनाव तक जिलेभर में अलग-अलग जगहों पर ऐसी चौपाल लगाता रहेगा। जिससे मतदाताओं का मन तो टटोला ही जा सके, साथ ही उन्हें मतदान के प्रति जागरूक किया जाए।

अमृत विचार की टीम ने शुक्रवार को रामनगर तहसील क्षेत्र में मतदाताओं के बीच चुनावी चौपाल लगाकर उनकी नब्ज टटोली और चुनावी माहौल जाना। कस्बे की एक दुकान पर एकत्रित ज्यादातर लोगों ने कहा कि रामनगर विधानसभा क्षेत्र का तराई इलाका आज भी काफी पिछड़ा है। सरयू नदी की तलहटी में बसे गांव के लोगों को प्रतिवर्ष बाढ़ की विभीषिका से जूझना पड़ता है। यहां लोगों को तमाम समस्याओं से जूझना पड़ता है। अब इसका कोई स्थाई समाधान निकलना चाहिये। रोजगार के लिए लोग इधर-उधर भटकते हैं। पैसेंजर ट्रेनों का भी संचालन बंद है। नेताओं के तमाम वादों के बाद भी बुढ़वल चीनी मिल आज तक बंद पड़ी है। छात्राओं की अच्छी शिक्षा के लिए क्षेत्र में कोई भी बालिका इंटर कॉलेज व डिग्री कॉलेज नहीं है। बच्चों के खेलने के लिए स्टेडियम भी नहीं है। इस विधानसभा के लोगों को तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। चुनावी माहौल में नेता आते हैं और लुभावने वादे कर वोट लेकर चले जाते हैं, लेकिन इस बार वह विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा व मंहगाई पर लगाम लगाने और जनता के सुख-दुख में साथ देने वाले प्रत्याशी को मतदान करेंगे। दुकान पर बैठे जय नारायण ने कहा कि क्षेत्र में विकास व रोजगार देने वाले प्रत्याशी को मतदान करेंगे। वहीं साथ में बैठे किसान रविन्द्र बोल पड़े कि महंगाई की वजह से फसलों की बुआई में लागत निकालने में भी लाले पड़ रहे हैं। महंगाई पर लगाम कसने वाली सरकार को मतदान करेंगे। वहीं पर मौजूद हर्षवर्धन ने कहा कि युवाओं को अच्छी शिक्षा के साथ-साथ रोजगार देकर मजबूत करने वाली व राष्ट्रहित में कार्य करने वाली सरकार को मतदान करेंगे।


चौपाल में मतदान करने की शपथ लेते नागरिक।

## प्रेक्षकों से संपर्क करने के लिए जारी हुए मोबाइल नंबर

**बाराबंकी, अमृत विचार :** उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 निर्वाचन को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पादित कराये जाने हेतु इस जनपद के प्रेक्षकों की नियुक्ति की गई है। प्रेक्षक जनपद में 2 मई को आ चुके है। उन्होंने बताया कि सभी प्रेक्षक रिलायन्स इन्डस्ट्रीज लिमिटेड देवा रोड बाराबंकी के अतिथि गृह में आवासित हैं। सामान्य प्रेक्षक आरआर दमोर (आईएएस) का मोबाइल नंबर 9452173778 और पुलिस प्रेक्षक गुरुदेव चंद शर्मा (आईपीएस) का मोबाइल नंबर 9452032185 है।

## एक नजर

### हादसे में युवक घायल लखनऊ रेफर

अयोध्या,अमृत विचार। कैंट थाना क्षेत्र के गद्दोपुर रेलवे ओवरब्रिज के पास बाइक सवार मउ यदुवंशपुर निवासी विशाल कुमार (26) हादसे का शिकार हो गया। उसे जिला अस्पताल से गंभीर हालत में ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया।

### सेक्स रैकेट चलाने वाले आरोपियों का शांति भंग में चालान

सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार : रौनाही थाना की सत्ती चौरा चौकी क्षेत्र में हाईवे के किनारे चल रहे एक ढाबे पर छापा मारकर पुलिस ने ढाबा संचालक और एक महिला को मौके से पकड़ा। आरोप है कि दोनों मिलकर सेक्स रैकेट चला रहे थे। चौकी प्रभारी गोविंद अग्रवाल ने बताया कि ठोस साक्ष्य न मिलने से पकड़े गए दोनों आरोपियों को भी पुलिस ने शांति भंग की धारा में चालान किया है। थाना प्रभारी पंकज सिंह ने बताया कि गिरोह के अन्य लोगों की तलाश की जा रही है।

### शॉर्ट सर्किट से गेहूं व भूसा जला

मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार : मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र में शुक्रवार को गेहूं के खेत में विद्युत शॉर्ट सर्किट से लगी आग से दो किसानों महेश यादव व परशुराम यादव का गेहूं व भूसा जलकर राख हो गया। गांव निवासी रवीन्द्र कुमार ने बताया कि परसपुर सथरा से बसवार कलां तक बिजली का तार काफी नीचे लटका हुआ है। ग्रामीणों द्वारा कई बार शिकायत की गई लेकिन बिजली के तार को कसा नहीं गया। हैरिंग्टनगंज विद्युत वितरण केंद्र के अवर अभियंता नंदलाल कनौजिया ने बताया कि पता करवा कर ढीले तारों को कसा दिया जाएगा।

**बुझ गईं शहर की 10 फीसदी स्ट्रीट लाइटें, 60 वार्ड व मुख्य मार्गों पर लगी हैं 16512 स्ट्रीट लाइटें, निगम करता 24 घंटे में ठीक करवाने का दावा**

# रात में इन गलियों से टार्च लेकर ही गुजरें

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : शहर के वार्डो और मुख्य मार्गों पर लगीं 10 फीसदी स्ट्रीट लाइटें बुझ गई है। शाम ढलने के साथ ही कई वार्ड व मुख्य मार्गों पर अंधेरा पसर जाता है। जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

अयोध्या नगर निगम बनने के बाद नगर का तेजी से विस्तार हुआ। शहर में चौतरफा स्ट्रीट लाइट्स लगाई गई, लेकिन रखरखाव के अभाव में स्ट्रीट लाइटें बुझ गई। वह चाहे नगर निगम क्षेत्र का गणेश नगर हो या फिर फतेहगंज-चौक मार्ग। ऐसे कई स्थानों को देखा जा सकता है। जहां इधर कई दिनों से कुछ लाइट्स बंद चल रही हैं। नगर निगम सूत्रों का कहना है कि 60 वार्डों व मुख्य मार्गों पर 16,512 स्ट्रीट लाइट्स लगाई गई हैं। इनमें 10 फीसदी से ज्यादा लगभग दो हजार स्ट्रीट लाइट्स बंद पड़ी हैं। बताया गया कि कहीं तारों की परेशानी है तो कहीं वोल्टेज लो-हाई हो जाने से परेशानी आती है। पॉवर कॉर्पोरेशन की केबल व ओवरहेड में गड़बड़ी आने का खामियाजा भी नगर निगम की स्ट्रीट लाइट्स पर पड़ता है।

शहर की स्ट्रीट लाइट्स दुरुस्त रखने के लिए पूरी फौज है। मरम्मत के लिए निगम के पास तीन हाईड्रोलिक मशीन, 12 सीढ़ी गैंग है। इसके अलावा फैजाबाद और अयोध्या मिलाकर आठ स्विच मैन हैं। जो बंद स्ट्रीट लाइट्स की शिकायत नगर निगम के प्रकाश विभाग में दर्ज कराते हैं। कभी-कभार स्विच मैन की लापरवाही के कारण भी स्ट्रीट लाइट्स गड़बड़ हो जाती हैं। क्योंकि इनका कार्य स्ट्रीट लाइट्स जलाना और बंद करना है।



फतेहगंज-चौक मार्ग पर स्ट्रीट लाइट बंद होने से पसरा अंधेरा। अमृत विचार



पहली बार बहु बेगम मकबरे पर लगवाया गया हाईमास्ट।

### प्रकाश विभाग के पास मरम्मत का जिम्मा

नगर निगम स्थित अनुभाग पथ एवं प्रकाश के पास ही स्ट्रीट लाइट्स लगाने व मरम्मत का जिम्मा है। इस विभाग के पास हेल्प डेस्क, स्विच मैन व पार्षदों के पास से बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट्स की शिकायतें आती हैं। विभाग के कर्मियों की मानें तो शिकायत आने के 24 घंटे के भीतर लाइट्स की मरम्मत करा दी जाती है।

### पार्षदों को ही करनी पड़ती है शिकायत

कल्याण सिंह वार्ड के पार्षद सूर्य कुमार तिवारी ने बताया कि पहली बार मैंने प्रस्ताव दिया था उसके बाद नगर निगम से हाईमास्ट और सोलर लाइट बहू बेगम मकबरा कैंपस में लगवाई गई। स्ट्रीट लाइट बंद होने पर बहुत कम ही जनता शिकायत करने जाती है। पार्षदों को ही शिकायत करनी पड़ती है।



नगर निगम अयोध्या
नागरिक सहायता केंद्र

| Complain No | Name | Mobile No |
|---|---|---|
| | Alok Singh | |
| Zone - | Ward - Param Hans Ram Mangal Das Nagar | |
| Mohalla | Address | Landmark |
| Department – Prakash Vibhag | Category – Street Light | |
| Sub - Category – Street Light Not Working | Status – Process | |
| Complain Date – | Complain Mode – Online | |
| Complaint type – Complain | Complain by IVRS – No | File Attached – Yes |
| Complain Description | | |

नगर निगम में दर्ज कराई गई शिकायत।

### भइया बनवा दीजिए लाइट, बड़ी परेशानी है

नगर निगम के नागरिक सहायता केंद्र पर ही जतना शिकायत करने पहुंचती हैं। यहां 16 मार्च को परमहंस राम मंगल दास नगर वार्ड के खाले का पुरवा स्थित राघव कुटीर के आलोक सिंह ने 158 नंबर पोल पर स्ट्रीट लाइट न जलने की शिकायत दर्ज कराई। आलोक का कहना है कि स्ट्रीट लाइट जलते ही बंद हो जाती है। कई दफा नगर निगम से फोन आया, लेकिन आज तक नहीं बनी। मनीराम दास छावनी वार्ड के रामसेवकपुरम निवासी देवाशीष तिवारी ने स्ट्रीट लाइट बंद होने की शिकायत 25 अप्रैल को सहायता केंद्र पर दर्ज कराई थी। यहां पर भी आज तक मरम्मत नहीं हुई।

### सक्रिय हुआ निगम का प्रकाश विभाग

मामला नगर आयुक्त के संज्ञान में आने के बाद कार्रवाई तेज है। इसमें ऐसे भी क्षेत्र बताए गए हैं जहां नई लाइटें लगाई जा रही हैं, लेकिन काम पूरा नहीं हुआ है। विभाग के सोमनाथ का कहना है कि अयोध्या के कई क्षेत्रों में फैंसी लाइटें लगाई जा रही हैं। किन्हीं कारणों से इनमें व्यवधान आया। लाइटें नहीं लग पाईं। अब फिर काम शुरू हो रहा है। फतेहगंज में बिजली खराबी से स्ट्रीट लाइटें नहीं जल रही थीं। उन्हें ठीक करा दिया गया है। स्ट्रीट लाइटों के न जलने की शिकायतों का निस्तारण 24 घंटे में कराने की कोशिश रहती है। जल्द ही सभी लाइटें जलने लगेंगी।

> इतनी बड़ी संख्या में स्ट्रीट लाइट्स बंद होने की मुझे जानकारी नहीं है। सहायता केंद्र पर भी इतनी शिकायतें नहीं है। आप बता रहे हैं तो मैं पता करवाता हूं। कार्रवाई कराई जाएगी। **-संतोष शर्मा, नगर आयुक्त, नगर निगम अयोध्या**

# चार और स्कूल-कॉलेज मिले अवैध, बेसिक न इंटर की मान्यता

अयोध्या कार्यालय

**▸▸ पहले मिले सभी चार कॉलेज बंद करने के निर्देश**

अमृत विचार : जिले में शुक्रवार को भी चले जांच अभियान में पूराबाजार क्षेत्र में चार स्कूल और कॉलेज अवैध मिले। इनमें से सभी कोचिंग का रजिस्ट्रेशन करा कर हाईस्कूल और इंटरमीडिएट कॉलेज चला रहे हैं। वहीं गुरुवार को पकड़े हुए सभी चार अवैध कॉलेजों को तत्काल प्रभाव से बंद करने के निर्देश दिए गए हैं।

जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश कुमार आर्या के निर्देश पर शुक्रवार को भी जांच अधिकारी डॉ. बसंत कुमार ने पूराबाजार ब्लॉक क्षेत्र में जांच अभियान चलाया। इसमें स्कूल और कॉलेजों में भारी अनियमितताएं मिली। जांच अधिकारी द्वारा डीआईओएस को भेजी गई रिपोर्ट में बताया गया है कि नारायण पब्लिक स्कूल शहनवा कोचिंग में पंजीकृत मिला। जिसकी अवधि भी वर्ष 2002 में समाप्त हो चुकी है। वहीं केएलडब्लू विधा मंदिर शमशुददीनपुर भी अवैध रूप से संचालित मिला। यहां बेसिक और माध्यमिक दोनों की मान्यता नहीं पाई गई। छात्र उपस्थिति पंजिका और अन्य अभिलेख भी नहीं मिले। ओम प्रकाश विद्या मंदिर दर्शननगर पूराबाजार में भी मान्यता नहीं मिली। कॉलेज को लेकर कोई भी अभिलेख नहीं मिला। आरएलवी इंटर कॉलेज भी अवध कोचिंग संस्थान के नाम से संचालित मिला। यहां भी कोई अभिलेख नहीं मिले। जांच अधिकारी ने बताया कि रिपोर्ट जिला विद्यालय निरीक्षक को सौंप दी गई है।

जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के प्रभारी प्रदीप कुमार ने शुक्रवार को बताया कि गुरुवार को जांच में अवैध पाए गए जय हिंद एकेडमिक इंटर कॉलेज सिघोरिया, बाबा दूधनाथ लघु माध्यमिक विद्यालय नेव कबीरपुर, सीआरटी पब्लिक स्कूल खजुरावर, ग्रामोदय किसान इंटर कॉलेज पिलखावा को बंद करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी के प्रबंधक और प्रधानाचार्य को नोटिस जारी कर जवाब देने के लिए कहा गया है। जवाब न देने पर अन्य वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### मोदी का कल चार बजे से रोड-शो

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : पीएम मोदी का रोड-शो पांच मई को शाम चार बजे से प्रस्तावित है। इसमें 50 हजार की भीड़ इकट्ठा करने की तैयारी है। इसको लेकर भाजपा के लोग दौड़ा कर रहे हैं। रोड शो, राम पथ पर लगभग दो किलोमीटर का होगा। सुग्रीव किला से लता चौक तक लोग पीएम का अभिवादन करेंगे। इसमें आने वाले विभिन्न वर्गों की पारपंरिक वेशभूषा में दिख सकते है। इसकी भी तैयारी है। वरिष्ठ भाजपा नेता बांके बिहारी मणि त्रिपाठी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के शेष बचे चरणों के लिए अयोध्या से संदेश जाएगा। सभी प्रत्याशियों को इसका लाभ मिलेगी। रोड शो में 50 हजार भीड़ इकट्ठा करने की तैयारी है।

**50 हजार की भीड़ का लक्ष्य**



रामलला के दर्शन-पूजन के बाद मौजूद जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा।

### जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल ने किये रामलला के दर्शन

अयोध्या, अमृत विचार : जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को अयोध्या पहुंच रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई। उन्होंने सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी में भी जाकर माथा टेका। मीडिया से बात करते हुए मनोज सिन्हा ने कहा कि रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मैं नहीं आ सका था। अब मौका मिला। रामलला के दर्शन कर मन भावुक हो गया। मंदिर बहुत सुंदर बना है।

## ढाई दशक बाद पर्यटन विभाग को मिला नया पता

**▸▸ अयोध्या हाईवे किनारे बहुमंजिली पार्किंग में ट्रांसफर हुआ कार्यालय**

अयोध्या, अमृत विचार। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी कार्यालय का पता ढाई दशक बाद बदल गया है। अब यह कार्यालय अयोध्या हाईवे किनारे स्थित बहुमंजिले पार्किंग में स्थानांतरित हो गया है। जिला मुख्यालय के सिविल लाइंस स्थित एक किराए के भवन में पर्यटन विभाग ने 25 वर्ष पूर्व अयोध्या और देवीपाटन मंडल का क्षेत्रीय पर्यटन कार्यालय खोला था। तब से यहीं से अपने मंडल समेत देवीपाटन मंडल के पर्यटन संबंधी गतिविधियों का संचालन और निगरानी हो रही थीं। क्षेत्रीय पर्यटन कार्यालय के उपनिदेशक राजेंद्र यादव ने शुक्रवार को बताया कि क्षेत्रीय पर्यटन कार्यालय अयोध्या व देवीपाटन मंडल को मुख्यालय के निर्देश पर रामघाट स्थित जिला पर्यटन एवं सांस्कृतिक परिषद कार्यालय में स्थानांतरित किया गया है। पत्राचार के लिए नया पता मंडल, जिला प्रशासन समेत संबंधित विभागों के प्रमुखों को भेजवाया गया है।

## मुंबई के लिए आज से विशेष ग्रीष्मकालीन ट्रेन

अयोध्या,अमृत विचार। यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने वाराणसी से मुंबई के बीच विशेष ग्रीष्म कालीन ट्रेन के संचालन का निर्णय लिया है। 22 कोच युक्त यह आरक्षित श्रेणी की विशेष ट्रेन अयोध्या धाम और अयोध्या कैंट जंक्शन पर रुकेगी। अप-डाउन दोनों तरफ चार-चार फेरे लगाएगी। ट्रेन का संचालन चार से 27 मई के बीच किया जाएगा। उत्तर रेलवे की वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रेखा शर्मा ने बताया कि रेल संख्या 04227 अप मुंबई के लोक मान्य तिलक टर्मिनल से प्रत्येक सोमवार को 22.30 बजे प्रस्थान करेगी और अयोध्या कैंट पर आगमन 19. 00 बजे तथा प्रस्थान 19.02 बजे होगा। अयोध्या धाम जंक्शन पर आगमन 19.20 बजे व प्रस्थान 19.22 बजे होगा। वाराणसी से प्रत्येक शनिवार को रवाना होने वाली रेल संख्या 04228 डाउन का अयोध्या धाम जंक्शन पर आगमन 01.13 बजे व प्रस्थान 01.15 बजे और अयोध्या कैंट पर आगमन 01.25 बजे व प्रस्थान 01.27 बजे होगा। यह ट्रेन जौनपुर, शाहगंज, लखनऊ, कानपुर सेंट्रल, उरई,झाँसी,भोपाल, इटारसी,खंडवा,भुसावल,नासिक रोड,कल्याण व ठाणे स्टेशनों से होकर गुजरेगी। विस्तृत समय सारिणी और अन्य जानकारी वेबसाइट अथवा रेलवे से की जा सकती है।



# पाकिस्तान से पहुंचे 235 भक्तों ने किए रामलला के दर्शन

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : पाकिस्तान के 35 जिलों के रामनगरी आए 235 रामभक्तों ने शुक्रवार को रामलला का दर्शन पूजन किया। छत्तीसगढ़ के रायपुर स्थित शदाणी दरबार के पीठाधीश्वर सांई डॉ. युधिष्ठिर लाल के सानिध्य में आए दल ने राममंदिर के साथ-साथ सरयू स्नान, हनुमान गढ़ी, कनक भवन, भरतकुंड स्थित तपोस्थली आदि प्राचीन मंदिरों का दर्शन पूजन किया।

हैदराबाद के श्रद्धालु चंद्रराम का कहना है कि यहां आकर बहुत अच्छा लगा। सुबह हम सभी ने भरत की तपोस्थली का दर्शन किया। गुप्तारघाट पर भी पूजन-अर्चन किया। रामलला के दर्शन शब्दों में वर्णन करना बहुत कठिन है। अन्य श्रद्धालुओं का कहना था कि पाकिस्तान में रह रहे सिंधी समाज और हिंदुओं की आस्था अयोध्या को लेकर हमेशा रही है।

पाकिस्तान से आए डॉ. अशोक कुमार का कहना है की हम यहां से जो भावना लेकर जा रहे हैं, उसे व्यक्त करने के लिए हमारे पास शब्द नहीं है। प्रेरणा का कहना है की पाकिस्तान से यहां तक की यात्रा बहुत ही अच्छी रही है। हम सभी ने यहां दर्शन पूजन किया है। सिंधी समाज के प्रवक्ता ओमप्रकाश ओमी ने बताया कि जत्थे मे पाकिस्तान देश से कराची, लाहौर, सक्खर, घोटकी, हैदराबाद आदि सहित कई शहरों के श्रद्धालु शामिल रहे। सबसे अधिक संख्या सिंध प्रांत के आठ जिलों से रही। जिसमें जरवार, मीरपुर, खानपुर, चुंडकों, शहजादपुर, पनो आकील, बैजी, मैसरा, भैलारी, कन्धकोट, पीतापिन, रेहणकी, चिचड़ा आदि इलाके शामिल हैं। उन्होंने बताया कि यह पहला अवसर है कि राममंदिर निर्माण के बाद इतनी बड़ी संख्या में पाकिस्तान के सिंधी हिंदू समाज के लोग अयोध्या दर्शन के लिए आए हैं।

**▸▸ 35 जिलों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने सरयू स्नान, हनुमान गढ़ी, कनक भवन व भरतकुंड स्थित तपोस्थली पर भी पहुंचे श्रद्धालु**




पाकिस्तान से बड़ी संख्या आये सिंधी समाज के लोग रामपथ से राम मंदिर जाते हुए। अमृत विचार

### दूल्हे के पैर की अंगुलियां न होने पर शादी से किया मना

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। बीते दिवस दो घरों में शादी समारोह का जश्न था। इसके बाद बरात लड़की के घर पहुंची। वर माला की रस्म पूरी की गई। इसके बाद पांव पूजने की रस्म शुरू हुई। दूल्हे के पैर की सभी उंगलियां न होने पर दुल्हन ने शादी मना कर दिया। मामला मंडप से उठ कर अकबरपुर कोतवाली पहुंच गया। जहां पर दोनों पक्ष और विवाह लगाने वाले से पुलिस पूछताछ कर रही है। इब्राहिमपुर क्षेत्र के मुजाहिदपुर टडवां से बीती रात्रि अकबरपुर के सिझौली गांव में बरात आयी थी। पांव पूजने की रस्म के दौरान दूल्हे के दोनों पैर की सभी उंगलियां नहीं होने के कारण दुल्हन ने रस्म अदा करने से इनकार कर दिया। दूल्हन के पिता गौतम ने बताया कि वर पक्ष ने दूल्हे के पैर की उंगलियां न होने की बात नहीं बतायी। जो भी खर्चा लगा है वह वर पक्ष दे दे। अब शादी नहीं करनी है। वहीं वह मनोज ने बताया कि पहले से ही लड़की से बातचीत होती थी और उसे सबकुछ बता भी दिया था। सब ठीक-ठाक चल रहा था। लेकिन जब सिन्दूर दान की बात आई तो लड़की के पिता ने शादी से मना कर दिया। कोतवाली प्रभारी वीरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि सुलह का प्रयास किया रहा है।

# बीडीओ द्वारा लेखपाल से मेमो लिए बिना मंदिर की जमीन पर चला दी जेसीबी

**▸▸ राजनीतिक रसूख के दम पर मंदिर की जमीन पर कब्जे का प्रयास**

सतरिख, बाराबंकी। अमृत विचार : राजनीतिक रसूख के चलते जिले के प्रसिद्ध सैलानी माता मंदिर की जमीन पर जेसीबी चलवा कर चकमार्ग की पटाई कराई जा रही थी।जिसकी वजह से स्थानीय स्तर पर वहाँ के ग्रामीणों में काफी रोष है। पटाई के दौरान पिछले वर्ष वन विभाग द्वारा लगाये गये पेडों को भी जेसीबी से उखाड़ फेका गया। यही नहीं वन विभाग द्वारा पेडों को सुरक्षित रखने के लिए लगाये गये टीगार्ड को भी तोड़ दिया गया।और यह सब कुछ नियमों को दरकिनार कर मंदिर की जमीन पर चकमार्ग बनाने के नाम पर जमीन को कब्जा करने के की नीयत से किया गया स्थानीय स्तर पर लोगों के बीच यह चर्चा और आक्रोश की वजह बना। पूरा मामला बंकी ब्लाक के डल्लूखेड़ा ग्राम पंचायत में प्रसिद्ध सैलानी माता मंदिर परिसर का है। जहाँ गुरूवार को करीब आधा दर्जन लोग जेसीबी मशीन से चकमार्ग पर पटाई का काम गुपचुप तरीके से करने लगे। पटाई के दौरान कुछ साल पहले वन विभाग द्वारा लगाये गये पेडों को भी इन लोगों ने जेसीबी से उखाड़ फेका और कई टीगार्ड तोड़ दिये। इस बात की भनक साधु संतों और ग्रामीणों को हुई तो लोगों ने इकट्ठा होकर इसका विरोध करना शुरू कर दिया। ग्रामीणों की सूचना पर कुछ ही देर मे सतरिख थाने की पुलिस दल बल के साथ मौके पर पहुँच कर ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए काम ठप्प करा दिया। हलांकि प्रधान का कहना है कि कि यह काम खेल के मैदान के लिए रास्ता बनाने के लिए चल रहा है। जबकि प्रशासन ने ग्रामीणों के विरोध और आक्रोश को देखते हुए मामले की जांच कराने की बात कही है। वहीं, क्षेत्रीय वन दरोगा हरिराम यादव का कहना है कि डीएफओ के निर्देश पर जांच की गई है। मौके पर कई ट्रीगार्ड टूटे मिले हैं। जांच रिपोर्ट अधिकारियों को भेजी जा रही है। खंड विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार सिंह का कहना है कि पंचायत में कोई भी काम करने के पहले मेरे द्वारा लेखपाल से स्थल मेमो लिया जाता है। तभी काम को शुरू कराया जा सकता है। चकपटाई का काम कार्ययोजना में शामिल नहीं है। मामले कि जांच कराई जाएगी।



मौके पर स्थिति दिखाते मंदिर के साधु।

> पूरे मामले को लेकर जब तहसीलदार से बात की गई तो उन्होंने बताया सैलानी माता मंदिर परिसर में चकमार्ग पटाई का काम किस जमीन पर हो रही है इसकी जांच हलका लेखपाल को भेजकर कराई जायेगी। **-शरद कुमार सिंह, तहसीलदार**

**सलाह** | **भीषण गर्मी और लू से आम जनमानस परेशान**

# न करें बासी भोजन, जौ व चने का सत्तू लाभदायक

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : भीषण गर्मी और लू से आम जनमानस परेशान है। निजी हों या फिर सरकारी अस्पताल। सभी मरीज भरे पड़े हैं। बच्चे उल्टी, दस्त और डायरिया से पीड़ित हैं। इसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग लगातार धूप व लू से बचने के लिए एडवाइजरी जारी कर रहा है। 'अमृत विचार' ने भी आम लोगों को जागरूक करने के लिए एलोपैथिक, आयुर्वेदिक व होम्योपैथिक से खास बातचीत की। पेश हैं उनके द्वारा दिए गए सुझाव।



### घर से खाली पेट न निकलें, पानी लेकर चलें

गर्मी बढ़ने से डिहाइड्रेशन के मरीजों की संख्या भी बढ़ी है। बुखार, उल्टियां, चक्कर आना, सिर व पेट दर्द, फूड प्वॉइजनिंग, एलर्जी आदि की शिकायतें भी आ रही हैं। ऐसे में लोगों को एहतियात बरतने की आवश्यकता है। शरीर में पानी की कमी बिल्कुल न होने दें। घर से खाली पेट न निकलें। पानी लेकर चलें। सिर और चेहरा ढककर निकलें। धूप में निकलने से बचें। बासी भोजन और खुले में बिकने वाले खाद्य पदार्थों का सेवन बिल्कुल न करें। तला-भुना खाने से परहेज करें। एसी से तुरंत बाहर नहीं निकलें। सूती का ढीला कपड़ा पहलें। पसीना हो तो तुरंत पोछ दें नहीं तो त्वचा संबंधी परेशानी हो सकती है। लू लगने पर मरीज को ठंडी जगहों पर रखें। एसी या पंखा चला दें। शरीर को ठंडे पानी से पोंछ दें। तरल पदार्थ लें और चिकित्सक से तुरंत संपर्क करें। **-डॉ.अरविंद श्रीवास्तव, डिस्ट्रिक्ट एपीडेमोलॉजिस्ट।**



### नीम के पत्तों से बने शैंपू से करें स्नान

गर्मी में हाई ब्लड प्रेशर, लू, अपच, उल्टी दस्त, चर्मरोग, कमजोरी, पेचिस, अनिद्रा चक्कर आदि की आशंका बढ़ जाती है। इसलिए अधिक से अधिक शीतल पेय, घी, दूध, चावल आदि का सेवन करें। पानी खूब पीएं। धूप में निकलना पड़े तो छाता, गमछा, सूती, खादी या रेशम के कपड़ों का उपयोग करें। दोनों समय चंदन, एलोवेरा, लेमनग्रास, नीम के पत्ते या उससे बने शैंपू साबुन का उपयोग करते हुए स्नान करें। जौ, चना, सत्तू, नारियल, प्याज, बेल, पुदीना, नींबू, इलाइची, दही, तेल मट्ठा, लस्सी व पालक का प्रयोग करना लाभकारी होता है। इसके साथ ही आम पना भी काफी फायदेमंद है। मुनक्का, अंजीर व केला आदि का उपयोग भी लाभकारी है। **- डॉ. हरीश सिंह, वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सक**



### धूप से बचाएगी जेलसीमियम 30 की एक खुराक

अप्रैल से जून तक खसरा और चिकन पॉक्स का प्रकोप रहता है। ऐसे में वेरियोलिनम वन एम पावर की दो-दो गोली बच्चों को चार-चार गोली बड़ों को दिन में तीन बार 10-10 मिनट पर लेनी है। इसका अगला डोज अगले हफ्ते लीजिए। ज्यादा देर धूप में रहने की संभावना हो तो जेलसीमियम 30 की एक खुराक खाकर बाहर निकलें। लू लग जाए तो अन्य उपचारों के साथ-साथ नैट्रम म्यूर-30 आधे-आधे घंटे पर खाएं। धूप में ज्यादा देर रहने पर कोई तकलीफ होने पर एंटीम क्रूड, धूप में चलने पर सिर दर्द होने पर ग्लोनाइन या नैट्रम-कार्ब की आवश्यकता पड़ती है। सर्दी -जुकाम से निजात के लिए जेल्शमियम या ऐलियम सीपा ले सकते हैं। **-डॉ. रईस अहमद, वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी**



## दो समितियों ने डेढ़ माह में खरीदा सिर्फ 304 क्विंटल गेहूं

सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार : विपणन शाखा के इकलौते बड़े क्रय केंद्र कटरौली को समाप्त कर नवीन मंडी में स्थापित किए जाने का सरकारी फैसला किसानों के साथ सरकारी खरीद पर भी भारी पड़ रहा है। नजीजतन यहां बनाए गए पीसीएफ के दो क्रय केंद्रों पर डेढ़ माह में लक्ष्य दो हजार क्विंटल में से कुल 304 क्विंटल खरीद ही हो पाई है। किसान ओपी सिंह , राम गनेश वर्मा, राम सिंह मंगलसी, संजय चौबे लहरापुर आदि ने कहा कि इस बार सरकारी मूल्य 2270 रुपये प्रति क्विंटल से ज्यादा निजी दुकानदारों के यहां मूल्य मिल रहा है। नए क्रय केंद्र नवीन मंडी तक गेहूं लाने ले जाने का खर्च अतिरिक्त बढ़ जाने से सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं बेचना घाटे का सौदा है।



सहायक विपणन अधिकारी दीपक सिंह तोमर का कहना है कि सरकार ने सीडीएस के गोदामों को अपना गोदाम बनाना खत्म कर दिया। सोहावल में और कोई गोदाम विभाग का नही मिला। इसलिए कटरौली क्रय केंद्र हटाना पड़ा। खरीद पर असर पड़ा है। इसका एक कारण सरकारी मूल्य कम होना भी है। किसानों के दरवाजे से खरीद करने की व्यवस्था बनाई है।

## सार-संक्षेप

### आत्महत्या के लिए उकसाने में पति को नहीं मिली जमानत

अयोध्या अमृत विचार : बेटे का जन्मदिन मन माफिक न मनाने देने पर कीटनाशक पीकर जान दे देने के मामले में कोर्ट ने पति को जमानत पर रिहा करने से इनकार कर दिया है। यह आदेश अपर जिला जज वंदना सिंह की अदालत से शुक्रवार को हुआ। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता रोहित पांडे ने बताया कि महाराजगंज थाना क्षेत्र के चरेरा गांव निवासी राम भवन मौर्य ने अपनी पुत्री की शादी कैंट थाना क्षेत्र के मस्तान का पुरवा के रहने वाले राजू मौर्य के साथ की थी। विवाह के कई वर्ष बाद उसके कोई संतान नहीं हुई। 2 जनवरी 2023 को आईवीएफ तकनीक के माध्यम से विजयलक्ष्मी को एक पुत्र पैदा हुआ। पुत्र का जन्मदिन मनमाफिक तरीके से न मनाने देने व प्रताड़ना से ऊबकर विजयलक्ष्मी ने कीटनाशक पी लिया। उसे परिजनों ने ट्रॉमा सेंटर दर्शन नगर में भर्ती कराया। जहां उसकी मृत्यु हो गई। इसकी रिपोर्ट राम भवन मौर्य ने तीनों के खिलाफ दर्ज कराई थी। कोर्ट ने सुनवाई के बाद पति की जमानत अर्जी खारिज कर दी।

### पं. प्रसन्ना ने बांसुरी की धुन से लोगों को किया मंत्रमुग्ध

अयोध्या, अमृत विचार : स्पिक मैके लेक्चर डेमोंसट्रेशन-2024 के तहत शुक्रवार को जेबी अकादमी सभागार में प्रख्यात बांसुरी वादक पं. राजेन्द्र प्रसन्ना की बंसरी की धुन ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने राग अहीर भैरव की मधुर तान से कार्यक्रम की शुरुआत की और उसके बाद सिया राम जी की धुन भी गूंजती रही। तबले पर ललित कुमार व बांसुरी पर सम्यक पाराशरी तथा उनके शिष्य यथार्थ ने की। कार्यक्रम का समापन साहित्यिक समिति सदस्य समृद्धि के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ। शिक्षक शिव प्रसाद मिश्र व डॉ. राजेश्वरी द्विवेदी के निर्देशन में छात्र अयान,अक्षत व संचिता ने सफल मंच संचालन किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य वीके जोशी, उपनिदेशक जेबीएनएस सोसायटी दीपक शर्मा व अनुजा श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र अवस्थी, पीएसी व स्पिक मैके सदस्य, छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



कार्यक्रम में बांसुरी की धुन से मोहित करते पं. प्रसन्ना।

# बसपा प्रत्याशी ने किया नामांकन, सपा कैंडिडेट आज भरेंगे पर्चा

## अब तक कुल आठ प्रत्याशियों ने किया है नामांकन, नामांकन के पांचवें दिन तक कुल 32 राजनीतिक दलों द्वारा नामांकन पत्र क्रय किये गये

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव को लेकर शुक्रवार को बहुजन समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी उदराज वर्मा कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। सपा कैंडिडेट शनिवार को अपना पर्चा भरेंगे। अब तक कुल आठ प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं।


कलेक्ट्रेट में नामांकन पत्र दाखिल करते बसपा प्रत्याशी उदराज वर्मा। अमृत विचार

शुक्रवार को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के अन्तर्गत 38 सुलतानपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिये बहुजन समाज पार्टी से उदराज वर्मा पुत्र राम सूरत वर्मा द्वारा 03 सेट में नामांकन दाखिल किया। इसके पहले इसहाकपुर में निर्धारित रास्तों से होते हुए अपने काफिले के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां पर नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके साथ प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल, प्रदेश महासचिव डा. ओम प्रकाश त्रिपाठी, जिलाध्याक्ष सुरेश कुमार गौतम, डा. शैलेन्द्र त्रिपाठी पूर्व राज्य मंत्री, दिलीप वर्मा, हर्ष वर्धन शर्मा, गोवर्धन शर्मा आदि मौजूद रहे।

इसके अलावा शुक्रवार को निर्दलीय प्रत्याशी मोहम्मद आसिफ पुत्र मोहम्मद शरीफ द्वारा 01 सेट, निर्दलीय प्रत्याशी अशोक कुमार पुत्र जगदम्बा प्रसाद द्वारा 01 सेट, आदर्शवादी कांग्रेस पार्टी से उर्मिला तिवारी पुत्री प्रसाद तिवारी द्वारा 01 सेट में नामांकन कक्ष जिलाधिकारी न्यायालय पहुंचकर अपना नामांकन पत्र रिटर्निंग आफिसर/जिला निर्वाचन अधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना के समक्ष दाखिल किया गया।

इस प्रकार नामांकन के पांचवें दिन तक कुल आठ प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया गया। नामांकन के पांचवें दिन नामांकन कक्ष से प्रत्याशियों द्वारा एक भी नामांकन पत्र क्रय नहीं किया गया। इस प्रकार नामांकन के पांचवे दिन तक कुल-32 राजनीतिक व गैर राजनीतिक दलों द्वारा कुल 56 नामांकन पत्र क्रय किये गये हैं। शनिवार को सपा प्रत्याशी रामभुआल निषाद नामांकन करेंगे।

### करोड़पति बसपा प्रत्याशी की बैंक में लाखों की देनदारी

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** शुक्रवार बसपा के प्रत्याशी उदराज वर्मा ने नामांकन के दौरान दिए शपथ पत्र में खुद को बैंक का बड़ा कर्जदार बताया है। हलफनामे में दिए व्यौरे में वे बैक में 56 लाख 65 हजार 786 रुपये का देनदार बताया है। जबकि, उनकी कुल सकल आय एक करोड़ सात लाख रुपये है। नगदी के तौर पर उनके हाथ में तीन लाख 15 हजार 650 रुपये है। बीए स्नातक उदराज का आपराधिक इतिहास शून्य है। उनके पास स्कार्पियो गाड़ी है।

### सपा नेता ने थामा बसपा का दामन

**सुलतानपुर :** शुक्रवार को बहुजन समाज पार्टी की नीतियों में आस्था व्यक्त करते हुए समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता राम पुष्कर ने समर्थकों के साथ बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल की उपस्थिति में बसपा के प्रदेश महासचिव डा. ओम प्रकाश त्रिपाठी ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। जिला कार्यालय आयोजित इस कार्यक्रम में मंडल कोऑर्डिनेटर जियालाल त्यागी, जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार गौतम, डा. शैलेन्द्र त्रिपाठी पूर्व राज्य मंत्री, दर्शन अम्बेडकर, हंसराज गौतम, बसपा प्रत्याशी उदराज वर्मा आदि रहे।

### एकजुट होकर कार्यकर्ता जिताएं चुनावः पटेल

**कादीपुर, अमृत विचार :** पं. राम चरित्र मिश्र पीजी कॉलेज पडेला में भाजपा बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। शुक्रवार को आयोजित सम्मेलन को संबोधित करते हुए काशी प्रांत के क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल ने कार्यकर्ताओं से चुनाव में एकजुट होने का आवाहन किया। उन्होंने कहा कि चुनाव में प्रत्येक बूथ को जीतना है। इसके लिए आप लोग अभी से पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ जुट जाएं। सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी मेनका संजय गांधी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पांच वर्षों में मैंने संसदीय क्षेत्र में काम किया। आगामी पांच वर्षों में क्षेत्र में विकास कार्यों को एक नई गति प्रदान की जाएगी। मौके पर डॉ. आरए वर्मा, आनंद प्रकाश द्विवेदी, घनश्याम चौहान, राजेश सिंह, सर्वेश कुमार सिंह, आशुतोष सिंह उर्फ मोहित आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### विजय गुप्ता बने सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम न्यायाधीश विजय कुमार गुप्ता को विधिक सेवा प्राधिकरण का सचिव नियुक्त किया गया है। श्री गुप्ता हाल ही में बदायूं जनपद से स्थानांतरित होकर फास्ट ट्रैक कोर्ट गैंगस्टर कोर्ट का पदभार ग्रहण किए थे। उनके सचिव बनने पर लीगल एंड डिफेंस काउंसिल चीफ तारकेश्वर सिंह, नागेंद्र सिंह, अंजलि, निधि सिंह, अब्बास अहमद खान, संतोष पांडेय, अरविंद सिंह राजा आदि ने खुशी जताई। श्री गुप्ता के विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव बनने पर गैंगस्टर कोर्ट रिक्त हो गई है।

### पुलिस प्रशिक्षण कैंप में चिकित्सा शिविर 17 को

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** 17 मई को वर्ल्ड हाइपरटेंशन दिवस के अवसर पर सुलतानपुर लायंस क्लब तथा आशीर्वाद हॉस्पिटल के सहयोग से अमहट स्थित पुलिस प्रशिक्षण संस्थान में मुफ्त चिकित्सा शिविर लगाया जायेगा। पुलिस अधीक्षक प्रशिक्षण ब्रजेश कुमार मिश्र ने बताया कि इस शिविर में पीटीएस सुल्तानपुर में नियुक्त सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं प्रशिक्षणार्थी तथा उनके परिवारीजन निशुल्क बॉडी चेकअप किया जाएगा। नामचीन चिकित्सक परामर्श देंगे।

### पशुशाला में लगी आग गाय की जलकर मौत

**कूरेभार, सुलतानपुर, अमृत विचार :** शुक्रवार की दोपहर थाना क्षेत्र कूरेभार के इरुल गांव में अज्ञात कारणों से असर्फी देवी की पशुशाला में आग लग गई। जिससे पशुशाला जलकर खाक हो गई तथा पशुशाला में बंधी एक गाय भी जलकर मर गई। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। राजस्व कर्मी राधेश्याम शुक्ल ने बताया आग से हुए नुकसान का आंकलन कर रिपोर्ट शासन को भेज दिया गया है।

# 178 माइक्रो ऑब्जर्वर को दिया गया प्रशिक्षण

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में लगे माइक्रो आब्जर्वर का प्रशिक्षण विकास भवन के प्रेरणा सभागार में दो पालियों में दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक ने कहा कि सभी माइक्रो आब्जर्वर ईवीएम व वीवी पैट के परिचालन, कनेक्शन, माकपोल आदि को भली-भांति सीख लें/देख लें, जिससे मतदान दिवस पर संचालित समस्त मतदान प्रक्रिया का सही से मॉनिटरिंग कर सकें। जिला विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि मॉक पोल कराने के बाद कंट्रोल यूनिट को क्लियर अवश्य करें। वीवीपैट के ड्राप बाक्स में गिरी माकपाल की पर्ची को निकाल कर उसके पीछे मॉक पोल की मुहर लगाकर इसे काले लिफाफे में रखकर सील करेंगे। ज़िला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता ने माइक्रो आब्जर्वर के कार्य व दायित्व पर पीपीटी के माध्यम से विस्तार से चर्चा की। स्टेट मास्टर ट्रेनर सुनील कुमार सिंह संतराम यादव आदि ने प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण की पूरी तैयारी डॉ. जनार्दन राय द्वारा की गयी। उन्होंने बताया कि दोनों पाली में 178 माइक्रो आब्जर्वर को प्रशिक्षित किया गया।

# आठ लाख रुपये की अनियमितता

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** विकासखंड जयसिंहपुर की ग्राम पंचायत फतेहपुर संगत में विकास कार्यों में अनियमितता करने के आरोप में प्रधान का अधिकार सीज हो चुका है।

विकास कार्य कराने के लिए समिति गठित की गई है। मामले की अन्तिम जांच के लिए नामित अधिकारी की ओर से गांव की जांच की गई। जिसमें विभिन्न कार्यों में आठ लाख का दुरुपयोग पाया गया। जिलाधिकारी ने प्रधान नीलम देवी को नोटिस जारी करने का आदेश दिया है। 15 दिन के भीतर जबाब नहीं देने पर प्रधान पद से पदच्युत कर दिया जाएगा।

# पूर्व विधायक अनूप संडा मामले में सुनवाई टली


दीवानी न्यायालय परिसर में मौजूद वादकारी व अधिवक्तागण। अमृत विचार

**विधि संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** खराब बिजली व्यवस्था को लेकर रोड जाम, सरकारी कामकाज में बाधा, पुलिसकर्मियों से अभद्रता और अन्य आरोपों में पूर्व विधायक अनूप संडा समेत 34 के खिलाफ जारी मामले में माननीयों की विशेष अदालत में सुनवाई शुक्रवार को टल गई। कोर्ट ने 15 मई को फिर तारीख नियत की है।

मामला अभियोजन पक्ष की गवाही में लंबित है। खराब विद्युत व्यवस्था के खिलाफ सपाइयों ने दो सितंबर 2008 को शहर के ख्वाजा कांप्लेक्स के सामने हाईवे जाम कर प्रदर्शन किया था। पुलिस ने इसी मामले में पूर्व विधायक अनूप संडा, उनके सहयोगी और अब राज्यसभा सांसद संजय सिंह, पूर्व सपा जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव, रवींद्र तिवारी, रिजवान व सबलू समेत 34 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी।

### गैंगरेप के तीन आरोपियों की जमानत खारिज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** चांदा थाना क्षेत्र के एक गांव में बीते साल गैंगरेप और हत्या की धमकी देने के तीन आरोपियों की जमानत जनपद न्यायाधीश जय प्रकाश पांडेय ने आरोपों को गंभीर पाते हुए खारिज कर दी है। अभियोजन के मुताबिक बीते साल तीन जून को पीड़िता आवश्यक कार्य से सुबह साढ़े नौ बजे जा रही थी रास्ते में लम्भुआ के पिलखिनी निवासी बाइक सवार धीरज गौतम, नीरज गौतम व विकास गौतम पीड़िता के मुंह पर नशीला पदार्थ सुघाकर उसके साथ दुष्कर्म जैसी वारदात को अंजाम दिया तथा किसी को बताने पर हत्या की धमकी दी थी।

### पति की हत्यारोपी पत्नी की जमानत मंजूर

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** मोतिगरपुर थाना के एक गांव में संपत्ति की लालच में नौकर से अवैध संबंधों के चलते पति की हत्या में आरोपी पत्नी सुमन को पुलिस ने जेल भेजा था। आरोपित पत्नी के वकील रजनीश शुक्ल व अवनीश ने बताया कि सुमन की जमानत हाईकोर्ट ने मंजूर कर ली है। 28 अप्रैल 2023 को संपत्ति की लालच में पति विक्रम की हत्या कर साक्ष्य छुपाने का आरोप नौकर व पत्नी पर था।

# उदासीन वोटरों को रिझाएगा प्राशिसं

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की संयुक्त कार्यसमिति की एक ऑनलाइन बैठक जिला अध्यक्ष दिलीप पांडेय द्वारा संचालित की गई। बैठक में शिक्षकों के विभिन्न पावनों और समस्याओं के निस्तारण हेतु चर्चा के साथ ही संघ के सामाजिक दायित्व पर भी गहन चर्चा हुई।

जनपदीय प्रवक्ता निजाम खान ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 की प्रक्रिया गतिमान है। देश में दो चरणों के चुनाव संपन्न भी हो चुके हैं। प्रदेश में संपन्न हो चुके मतदान में मतदाताओं की उदासीनता के कारण मतदान प्रतिशत बहुत नीचे रहा है। संस्था उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ छात्रों/शिक्षकों के हितों के संरक्षण और संवर्धन के साथ-साथ अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों के प्रति भी संवेदनशील रहता है। कम मतदान प्रतिशत से चिंतित संगठन की जनपदीय इकाई ने जनपद के मतदाताओं को जागरूक करने के लिए एक चरणबद्ध मतदाता जागरूकता रैली किए जाने का प्रस्ताव किया है। कार्यक्रम के प्रथम चरण में सात मई को प्रातः 8 बजे जनपद के सभी तहसील मुख्यालयों पर हमारे संगठन के तहसील प्रभारी के संयोजन तथा उप जिलाधिकारियों के निर्देशन में बाइक रैली निकाली जाएगी। 10 मई को जनपद के शिक्षकों द्वारा एक रैली जिलाधिकारी के कार्यालय से प्रारंभ करते हुए पोस्ट ऑफिस, शाहगंज चौराहे के रास्ते चौक घंटाघर, सब्जी मंडी से गुजरते हुए जिला अस्पताल , बस स्टेशन के रास्ते जिला पंचायत स्थित अमर शहीदों की प्रतिमा पर समापन किया जाना प्रस्तावित है। प्रस्ताव लेकर प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष दिलीप पांडेय, मंत्री डॉ एचबी सिंह ने जिलाधिकारी से मुलाकात की। संयुक्त मंत्री प्रशांत पांडेय ने बताया कि उपरोक्त कार्यक्रम में शिक्षक मतदाताओं को आकर्षित करने हेतु बैनर ध्वनि विस्तारक यंत्र स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास करेंगे।

### मतदान विषय पर ग्रुप डिस्कशन का आयोजन

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** राणा प्रताप पीजी कॉलेज में राजनीति विज्ञान विभाग के द्वारा ग्रुप डिस्कशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। विभाग अध्यक्ष डॉ अभय सिंह, डॉ मंजू सिंह, डॉ अंजना सिंह और डॉ आलोक पांडेय की उपस्थिति में परास्नातक के छात्र–छात्राओं ने पूर्ण उत्साह से डिस्कशन में प्रतिभागिता की। छात्र मोहम्मद सैफ ने बेरोजगारी को एक कारण बताया। पार्थ सारथी ने कहा कि राजनीतिक दलों को जनता के प्रति स्वयं का दायित्व समझते हुए उनसे निरंतर संपर्क बनाने की आवश्यकता है। छात्र गुंजन ने बताया की ग्रामीण क्षेत्र के मतदाताओं का उत्साह नगरीय क्षेत्र के मतदाताओं से अधिक होता है। बबीता ने कहा कि यदि हम मतदान नहीं करेंगे तो परिवर्तन नहीं होगा। सत्यम चौरसिया ने विशेष रूप से शिक्षित समुदाय की उदासीनता को कारण बताया। डॉ मंजू सिंह ने छात्राओं को यह संदेश दिया कि हम किसी भी विचारधारा से स्वयं को संबंध करें। डॉ आलोक पांडेय ने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु विद्यार्थियों को समाज मे जागरूकता विकसित करना चाहिए। मतदान अवश्य करना चाहिए इससे लोकतंत्र मजबूत होता है।

# पैसा लेकर जा रहे फौजी से छिनैती का प्रयास

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** बैंक शाखा से पेंशन निकालकर घर जा रहे फौजी से बाइक सवार बदमाशों ने छिनैती कर ली। भागने के दौरान बदमाश बाइक से गिर गया, जिसके बाद ग्रामीणों ने उसको पकड़ लिया है। पुलिस ने फौजी व दोनों बदमाश को सीएचसी मे भर्ती कराया है।

कोतवाली देहात के कामतागंज से शंभूगंज रोड पर अंग्रेजी शराब की दुकान के आगे तिवारीपुर भरथीपुर निवासी फौजी व ग्राम प्रधान के बड़े भाई रामचंद्र मिश्र से बदमाशों ने छिनैती कर ली। वह सुलतानपुर की स्टेट बैंक से 10 हजार रुपए निकालकर सवारी वाहन से कामतागंज में उतरे। बदमाश वहीं से उनका पीछा किए थे। कामतागंज में वह उतरकर साइकिल से घर जाने लगे। बाजार पार कर जैसे वह शंभूगंज रोड पर सरकारी अंग्रेजी शराब के ठेके के पास पहुंचे बदमाश उनका बैग छीनने लगे। वह बैग के साथ ही साइकिल से गिरकर सड़क पर रगड़ से चोटिल हो गये। बदमाश भी बैग न छूटने से बाइक लेकर गिर गया। तब तक राहगीर व आसपास के लोग मौके पर पहुंच गये। मौके पर पहुंचे लोगों ने छिनैती करने वाले बाइक सवार आरोपियों को ग्रामीणों ने दौड़ाकर पकड़ लिया। ग्रामीणों ने छिनैती करने वाले आरोपी को सूचना के बाद पहुंची कोतवाली देहात पुलिस को सौंप दिया है।

## सार-संक्षेप

### सांसद ने शोकाकुल परिवार से मिलकर व्यक्त की संवेदना


पीड़ित परिवार से मिलकर उन्हें सांत्वना देतीं सांसद मेनका गांधी। अमृत विचार

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी मेनका संजय गांधी ने संत तुलसीदास पीजी कॉलेज कादीपुर के पूर्व प्राचार्य डॉ. इंदु शेखर उपाध्याय के आवास पर पहुंच कर उनकी पत्नी के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त किया। शुक्रवार को सांसद ने कस्बे में स्थित डॉ उपाध्याय के आवास पर पहुंच कर उनकी पत्नी के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की एवं शोकाकुल परिवार से मिलकर सांत्वना दी। बताते चलें की बीते बृहस्पतिवार को डॉ उपाध्याय की पत्नी उषा उपाध्याय की हृदय गति रुक जाने से मौत हो गई थी।

### तालाब की जमीन को खाते में किया गया दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** दोस्तपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत भरथुआ स्थित गाटा संख्या 1023 रक्बा 0 .628 में खातेदार इंद्रजीत, रणजीत, छत्रपाल सिंह, शीतला सहाय, राम प्रकाश, जय प्रकाश, मगरू, राजपति का नाम अभिलेख में दर्ज हो गया था। जबकि उक्त गाटा पहले तालाब खाते में दर्ज रहा। गांव निवासी अजीत सिंह बनाम इंद्रजीत आदि के खिलाफ धारा 38/2 वाद संख्या 3245/2023 को न्यायालय उप जिलाधिकारी कादीपुर में दायर किया। जिस पर उपजिलाधिकारी कादीपुर दोनों पक्षों को सुनने के बाद सभी खातेदारों का नाम खारिज कर पुन: गाटा संख्या 1023/0 .626 हे. को तालाब खाते में दर्ज करने का आदेश पारित किया। आदेश के बाद फर्जी कास्तकारों में हड़कंप मच गया है।

### सड़क सुरक्षा अपनाना है जीवन को सुखद बनाना है

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** केएनआई संस्थान की छात्र कल्याण अधिष्ठाता समिति ने सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली व विविध कार्यक्रम आयोजित किया। इस मौके पर प्रो. प्रतिमा सिंह ने सड़क सुरक्षा पखवाड़ा जागरूकता श्रृंखला अभियान के तहत छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा अपनाना है, जीवन को सुखद बनाना है। साथ साथ बताया कि ओबर स्पीडिंग, गलत दिशा में वाहन चलाना, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग, शराब पीकर वाहन चलाना सड़क दुघर्टनाओं के प्रमुख कारण है। छात्र कल्याण उपअधिष्ठाता प्रो. बिहारी सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि सभी लोगों के लिए उनके पूरे जीवन भर सड़क सुरक्षा उपायों का अनुसरण करना आवश्यक व सुरक्षित है। इस निमित्त सरकार द्वारा सड़कों की स्थिति सुधार तथा यातायात नियमों की कड़ाई से लागू किए जाने हेतु विविध उपाय किए जा रहे हैं।

### प्रभु से बढ़कर कोई और सुख व संपदा नहीं

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** लंभुआ में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में श्रीधाम अयोध्या से पधारे परम पूज्य स्वामी गजानंद शास्त्री जी महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन धुंधकारी की कथा सुनाई। कहा कि ये कथा जो जीवन भर केवल पापाचार अत्याचार दुराचार करता हो उसका भी कल्याण करने वाली है। क्योंकि इसी श्रीमद् भागवत कथा से धुंधकारी जैसे महाप्रेत का उद्धार हुआ। अमर कथा और शुकदेव जी के जन्म का वृतांत का विस्तार से वर्णन किया गया। कथा वाचक स्वामी गजानंद शास्त्री जी महाराज ने कथा की शुरुआत करते हुए कहा कि आप सब पर ठाकुर जी की कृपा है। जिसकी वजह से आप आज कथा का आनंद ले रहे है।

### आग लगने से 12 घर जलकर राख

**कूरेभार, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र कूरेभार के भटवारा ग्राम पंचायत के (बनराजा के पुरवा) में एक घर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। देखते ही देखते 12 घरों जलकर राख हो गया और लाखों का नुकसान हुआ है। फायर बिग्रेड ने ग्रामीणों की मदद से काफी जद्दोजहद के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

### भारत मास्टर्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता पांच जून से

**अयोध्या कार्यालय।** अमृत विचार : स्व. पं. दीनदयाल उपाध्याय की स्मृति में मास्टर्स एथलेटिक्स एसोसिएशन उप्र के तत्वावधान में तीन दिवसीय प्रथम अंतरराष्ट्रीय आमंत्रण भारत मास्टर्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता पांच जून से डाभासेमर स्थिति डॉ. भीमराव आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में आयोजित की जाएगी। मास्टर्स एथलेटिक्स एसोसिएशन ऑफ यूपी के महासचिव व अंतरराष्ट्रीय एथलीट कृष्णानन्द उपाध्याय ने बताया कि महिला व पुरुष वर्ग में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में श्रीलंका, सिंगापुर, बंग्लादेश व नेपाल सहित भारत के सभी राज्यों की महिला व पुरुष टीमें प्रतिभाग करेंगीं। प्रतियोगिता संयोजक शैलेन्द्र मासूम ने बताया कि भव्य समारोह के साथ पांच जून को प्रतियोगिता का उद्घाटन व सात जून को समारोहपूर्वक समापन होगा।

# ट्रैक्टर ने बाइक सवार को रौंदा, मौत

संवाददाता, अखंडनगर

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के साड़ी जगदीशपुर गांव निवासी ओम प्रकाश चौहान (47) पुत्र जयराम चौहान शुक्रवार की शाम को अखण्डनगर से दोस्तपुर की तरफ बाइक पर सवार होकर जा रहा था। प्राणनाथपुर बछेड़िया गांव के पास दोस्तपुर से अखण्डनगर की ओर अचानक नाले से मिट्टी खनन कराके ट्रैक्टर ट्राली लेकर निकला। इस बीच सामने से आ रहे बाइक सवार ओम प्रकाश को ट्रैक्टर ने रौंद दिया। जिससे युवक का सिर क्षतविक्षत हो गया। इससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। चालक ट्रैक्टर व ट्राली को लेकर घटना के बाद मौके से फरार हो गया। राहगीरों व ग्रामीणों के सूचना पर पहुंची ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया। मृतक की जेब में रखे आधार कार्ड के आधार पर पुलिस ने उसकी पहचान की। हादसे में युवक के मौत की सूचना पर साड़ी जगदीपुर गांव के ग्रामीण बड़ी संख्या में अखण्डनगर थाने पहुंच गए। अवैध खनन में लगे ट्रैक्टर व जेसीवी आदि पर कठोर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने शव का पंचनामा करके पीएम के लिए भेज दिया।

### पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर हुई दुर्घटना में पिता-पुत्र घायल

**धनपतगंज, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर एक डीसीएम अनियंत्रित होकर सामने खड़ी रोडवेज से टकरा गयी। जिसमें तीन लोग चोटिल हो गए। जिन्हें सीएचसी कूरेभार में भर्ती कराया गया है। घटना के मुताबिक डीसीएम यूपी 84टी 4902 का चालक शिवेन्द्र कुमार निवासी इमायतपुर थाना विछ्वा जिला मैनपुरी अपने पिता अतर सिंह के साथ गाड़ी लेकर मैनपुरी से आजमगढ़ जा रहा था। शुक्रवार की सुबह वह पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के माइलस्टोन 107/400 पर पंहुचा ही था तभी सामने से आजमगढ़ जा रही रोडवेज के अज्ञात चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया, जिससे डीसीएम की बस से टक्कर हो गई और डीसीएम क्षतिग्रस्त हो गई। डीसीएम चालक व उसके पिता घायल हो गये। जिनको ईगल एम्बुलेंस से सीएचसी कूरेभार भेजा गया। मौके पर मौजूद यूपीडा सुरक्षा दल के एसओ रामचरन ने बताया कि दोनों वाहनों की टक्कर में बस का परिचालक व दो सवारी घायल हुए है। चोटिलों को बस चालक लेकर भाग गया।

# शव रखकर राजमार्ग किया जाम

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** बल्दीराय थाना क्षेत्र के वलीपुर चौकी क्षेत्र के लंगड़ी ब्राहिमपुर निवासी हरिशंकर यादव पुत्र त्रिवेणी प्रसाद यादव पर गांव निवासी लोगों द्वारा जानलेवा हमला किया गया। हमले में घायल अधेड़ की इलाज के दौरान जिला अस्पताल में शुक्रवार की सुबह मौत हो गई। सूचना पर पहुंची नगर कोतवाली पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।


रोड जाम की सूचना पर पहुंचीं एसडीएम ने लिया मांगपत्र। अमृत विचार

पोस्टमार्टम के बाद परिजन व ग्रामीणों के साथ शव सरैया माफी गांव में हलियापुर सुलतानपुर मार्ग पर कार्यवाही की मांग को लेकर प्रदर्शन करने लगे। प्रदर्शन की जानकारी मिलते ही सीओ बल्दीराय सौरभ सावंत कई थानों की पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और प्रदर्शन कर रहे परिजनों की मान मनौवल में जुट गए, लेकिन करीब दो घंटे प्रदर्शन के बाद पहुंची एसडीएम बल्दीराय विदुषी सिंह से परिजनों ने मांग की कि मृतक की पत्नी व बेटे को शासन द्वारा जीवन यापन के लिए सहायता दिलाई जाये। घटना में नामजद आरोपियों संपति लाल, विजय बहादुर, समर बहादुर, करमराज, बजरंग प्रसाद, फुलेश आदि के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाये और परिवार को सुरक्षा दी जाये। एसडीएम ने परिजनों को आश्वस्त किया कि सभी वाजिब मांगों को पूर्ण किया जायेगा और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

लापरवाही

## चुनाव नजदीक, मतदान केंद्रों पर बुनियादी सुविधाओं का अभाव

# कहीं शौचालय नहीं तो कहीं टूटे हैं रैंप, जिम्मेदार बने अनजान

धनपतगंज, सुलतानपुर


धनपतगंज के बरौली मतदान केंद्र पर ध्वस्त शौचालय।


बाउंड्रीवाल विहीन करमोली बूथ।


विनगी मतदान केंद्र 145 पर दरवाजा विहीन ध्वस्त शौचालय व विनगी बूथ का टूटा रैम्प।

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक पार्टियां और प्रत्याशी प्रचार में पूरी ताकत झोंके हैं। प्रशासन भी तैयारियां मुकम्मल होने का दावा कर रहा है, लेकिन हकीकत भी उलट है। क्षेत्र के कई मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं का अभाव है।

छठे चरण में 25 मई को जिले में मतदान होना है, लेकिन क्षेत्र के अधिकांश मतदान केंद्रों पर कहीं पेयजल तो कहीं शौचालयों की बुनियादी सुविधाओं का अभाव साफ नजर आ रहा है। साफ सफाई को लेकर तो लगभग सभी मतदान केंद्रों की हालत खस्ता है। विद्यालय कैम्पस में गंदगी का अंबार लगा है। कई विद्यालयों में पुराने भवनों के मलवे मतदान केंद्रों के सामने डंप है। जिसमें जहरीले जीव जंतुओं के ठहराव से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। वहीं विनगी बूथ संख्या 145-146 पर शौचालय में न दरवाजे है और न ही लैट्रिन सीट दुरुस्त है। दिव्यांगों के लिए बना रैम्प भी टूटा हुआ है। पूरे परिसर में गंदगी का अम्बार है। पाली प्राथमिक पाठशाला पर बने बूथ संख्या 154 पर सुरक्षा के मद्देनजर बाउंड्रीवाल नहीं है। बरौली में बूथ संख्या 151, 152 पर बने मतदान केंद्र पर शौचालय ध्वस्त है। दिव्यांग के लिए शौचालय बना ही नहीं है। यहां लगे हैंडपंप पर चौकी नहीं बनी है। सारा गंदा पानी घूमकर नल के बोर में जा रहा है, जिसके चलते पानी संक्रमित है। कमोबेश यही स्थिति विकास क्षेत्र के कई अन्य बूथों की भी है। मतदान तिथि नजदीक है। मतदान केंद्रों पर बुनियादी सुविधाएं बन पाएगी या नहीं, यह देखना समय की गर्त है। धनपतगंज खड विकास अधिकारी नीलिमा गुप्ता ने बताया कि अभी समय है कि सब दुरुस्त हो जायेगा।

# अच्छी पकड़ के चलते केएल शर्मा को मिला मौका

## प्रियंका गांधी के सम्बोधन के बाद किया नामांकन, सपा और आप पार्टी के जिलाध्यक्ष सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रहे मौजूद

**लोकसभा चुनाव**

**4 सेट में शर्मा ने दाखिल किया पर्चा, 6 मई से प्रियंका करेंगी चुनाव प्रचार**

**रमन पाण्डेय, अमेठी**

**अमृत विचार :** अमेठी लोस सीट से कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा (केएल शर्मा) ने शुक्रवार दोपहर को चार सेट में नामांकन दाखिल किया।

अमेठी पहुंची प्रियंका गांधी वाड्रा ने नामांकन में शामिल हुए कार्यकर्ताओं और जनता को संबोधित करते हुए भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि अमेठी व रायबरेली की जनता इन्हें कड़ा सबक सिखाएगी। प्रियंका गांधी ने कहा कि खुशी की बात है कि किशोरी लाल को कांग्रेस पार्टी ने अमेठी से उम्मीदवार बनाया है। उन्होंने कहा कि हम अमेठी में एक बार फिर सच्चाई और सेवा की राजनीति वापस लाना चाहते हैं। हम जनता के बल पर चुनाव लड़ेंगे। यह आपका चुनाव है आप लड़ेंगे आप जीतेंगे। उन्होंने कहा कि पिछले 40 वर्षों से किशोरी लाल शर्मा जी अमेठी और रायबरेली की जनता की सेवा कर रहे हैं उन्हें क्षेत्र का विकास कैसे करना है या भली भांति पता है। ऐसे में सभी को कंधे से कंधा मिलाकर काम करना है। इसके बाद प्रियंका गांधी अपने भाई राहुल गांधी के नामांकन के लिए रायबरेली रवाना हो गई। उन्होंने कार्यकर्ताओं को 6 मई से अमेठी में रहकर चुनाव प्रचार प्रसार की कमान संभालने की बात कही है। केएल शर्मा भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी को कड़ी टक्कर दे सकते हैं। क्योंकि अमेठी-रायबरेली में शर्मा की अच्छी पकड़ हैं। करीब चार दशक से रायबरेली और अमेठी लोकसभा सीट पर केएल शर्मा गांधी परिवार के चेहरे के तौर पर मौजूद रहे। सांसद प्रतिनिधि के तौर पर उन्होंने इस क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को दूर करने में बड़ी भूमिका निभाई। वही गौरीगंज केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय से कलेक्ट्रेट मोड़ तक कार्यकर्ताओं के बीच भारी उत्साह के साथ रोड शो कर कांग्रेस प्रत्याशी केएल शर्मा द्वारा कलेक्ट्रेट पहुंच कर 4 सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। केएल शर्मा के नामांकन रोड शो के दौरान इंडिया महागठबंधन से आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष हरिशंकर जायसवाल,सपा जिलाध्यक्ष राम उदित यादव, एमएलसी दीपक सिंह, अनिल सिंह, कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल सहित कांग्रेस पार्टी व सपा और आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता शामिल रहे हैं। वही केएल शर्मा के नामांकन के दौरान उनके समर्थन में कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल, राधेश्याम धोबी, योगेंद्र मिश्र, अल्लू मियां, विजय पासी व कलेक्टर परिसर में पूर्व एमएलसी दीपक सिंह, पूर्व मंत्री आशीष शुक्ला, अर्जुन पासी पूर्व प्रत्याशी सलोन, अमेठी विधायक के भतीजे अरुण प्रजापति, राजकुमार यादव व कांग्रेस प्रवक्ता अनिल सिंह उपस्थित रहे हैं।



कलेक्ट्रेट में नामांकन करते कांग्रेस उम्मीदवार केएल शर्मा। अमृत विचार

### गांधी परिवार के करीबी हैं केएल शर्मा

किशोरी लाल शर्मा पंजाब के लुधियाना से आते हैं। केएल शर्मा मूलत : खत्री ब्राह्मण हैं। 1983 के आसपास राजीव गांधी उन्हें पहली बार अमेठी लेकर आए थे। तब से वह यहीं के होकर रह गए। 1991 में राजीव गांधी की मृत्यु के बाद जब गांधी परिवार ने यहां से चुनाव लड़ना बंद किया तो भी शर्मा कांग्रेस पार्टी के सांसद के लिए काम करते रहे। उन्हें संगठन ही नहीं, परिवार का भी वफादार माना जाता है। रायबरेली से सोनिया गांधी के सांसद चुने जाने के बाद उनके प्रतिनिधि के रूप में कार्य करते रहे। सोनिया गांधी के चुनाव नहीं लड़ने पर किशोरी को रायबरेली से दावेदार माना जा रहा था, लेकिन पार्टी ने उन्हें रायबरेली के बजाय अमेठी से उम्मीदवार बनाया है।

### 14 दिन अमेठी में रहेंगी प्रियंका गांधी

नामांकन से पहले गौरीगंज स्थित कांग्रेस कार्यालय पहुंची प्रियंका गांधी वाड्रा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए एक वादा किया और कहा कि 6 तारीख के बाद चुनाव जब तक समाप्त नहीं हो जाता तब तक मैं अमेठी में ही रहूंगी और यहां की कमियों और समस्याओं को उजागर करूंगी। आप लोग जोश के साथ लग जाइए। इस बार अमेठी में कांग्रेस और इंडिया गठबंधन का जीतना तय है। उधर, नामांकन कार्यक्रम में कांग्रेस के झंडे के साथ-साथ सपा का भी झंडा लहराता हुआ दिखाई दिया। कांग्रेस के समर्थकों के साथ-साथ इंडिया गठबंधन में शामिल पार्टियों के नेता व पदाधिकारी भी शामिल हुए जिसमें सपा जिला अध्यक्ष, आम आदमी पार्टी जिला अध्यक्ष, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी धीरू तिवारी, पूर्व राज्य मंत्री आशीष शुक्ला व अरुण मिश्रा समेत कई नेता मौजूद रहे।

### किशोरी लाल के नामांकन पर उमड़ा जन सैलाब

माना जा रहा था कि राहुल गांधी व प्रियंका गांधी के यहां से प्रत्याशी ना बनाएं जाने पर कांग्रेसी कार्यकर्ता व जनता नाराज होगी लेकिन अमेठी की जनता व कांग्रेसी कार्यकर्ता किशोरी लाल शर्मा को गांधी परिवार के सदस्य के रूप में मानते हैं जिसके चलते किशोरी लाल शर्मा के नामांकन को ऐतिहासिक बनाने के लिए कांग्रेसी कार्यकर्ताओं व लोगों का जन सैलाब उमड़ा दिखा।

रोड शो के दौरान कांग्रेसी कार्यकर्ता झूमते नजर आए। कांग्रेस उम्मीदवार केएल शर्मा का जन्म ब्राह्मण परिवार में 15 दिसंबर 1960 को उनके गृह जनपद में हुआ था। केएल शर्मा के पत्नी का नाम किरण बाला शर्मा है। इनके दो बेटियां हैं। बड़ी बेटी का नाम दिव्या शर्मा तो छोटी बेटी का नाम अंजली शर्मा है।



किशोरी लाल शर्मा के नामांकन में शामिल लोग। अमृत विचार

### नेहरू युवा केंद्र में जिला समन्वय से गांधी परिवार के बने करीबी

किशोरी लाल शर्मा ने अपनी राजनीतिक पारी की शुरुआत नेहरू युवा केंद्र में जिला समन्वय के पद से 1988-89 में इस्तीफा देकर राजीव गांधी के सहयोगी व गांधी परिवार के करीबी बनने से शुरू की थी। और 40 सालों से लगातार गांधी परिवार के करीबी बने रहे हैं। बताया जाता है कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के समय में विधानसभा क्षेत्र समन्वय के रूप में शुरूआत किया था और अमेठी संसदीय क्षेत्र से राजीव गांधी कार्यकाल में विधानसभा क्षेत्र के समन्वय के रूप में कभी किराए की दुकानों में रात काटी तो कभी पेट्रोल पंप के कमरे में भूखे पेट सोये है। किशोरी लाल शर्मा के विषय में कांग्रेसी कार्यकर्ता उनके संघर्ष के किस्से सुनाया करते हैं, जिसमें चुनाव प्रचार व क्षेत्र में जनसंपर्क के दौरान भूखे पेट सोने व मजदूरों के साथ खाना खाने आदि किस्से उनके विषय में प्रचलित है। राजीव गांधी के बाद दो दशक से सांसद रही सोनिया गांधी के प्रतिनिधित्व के रूप में भी उन्होंने कार्य किया है। 2019 तक सोनिया गांधी के इलेक्शन एजेंट के रूप में भी कार्य किया है। गांधी परिवार केएल शर्मा को चुनाव प्रबंधन का चाणक्य मानता है और अपने परिवार के सदस्य रूप में मान्यता में कांग्रेस के गिने-चुने लोगों में यह भी शामिल हैं, जिनकी पहुंच गांधी परिवार के सभी सदस्यों तक है। कांग्रेस के बड़े नेता भी गांधी परिवार तक अपनी बात पहुंचाने के लिए केएल शर्मा को माध्यम चुनते हैं। कांग्रेस के वफादार और विश्वास पात्र किशोरी लाल शर्मा पार्टी में राष्ट्रीय सचिव व कई राज्यों के प्रभारी और सह प्रभारी भी रहे हैं।



नामांकन रोड-शो में शामिल कांग्रेसी। अमृत विचार

### कलेक्ट्रेट गेट पर इंट्री को लेकर पुलिस से नोकझोंक

नामांकन के दौरान कलेक्ट्रेट गेट पर इंट्री को लेकर कांग्रेस पदाधिकारी और पुलिस से नोक झोंक हुई, जिसमें कांग्रेस पदाधिकारियों की मांग थी कि उनके अनुसार कलेक्ट्रेट में लोगों को इंट्री दी जाए लेकिन कलेक्ट्रेट गेट पर खड़े पुलिस अधिकारियों ने नियम के मुताबिक सीमित लोगों को ही प्रवेश करने की अनुमति दी। बता दें कि शुक्रवार को सुबह जब कांग्रेस पार्टी द्वारा अमेठी से उम्मीदवार की आधिकारिक घोषणा की गई तब नामांकन के समय और घोषणा के बीच बहुत कम ही समय था फिर भी समय सीमित होने के बावजूद नामांकन की आनन फानन में सारी व्यवस्थाएं की गई।

### स्मृति इरानी ने गांधी परिवार पर किया पलटवार



**अमेठी**

**अमृत विचार।** कांग्रेस की ओर से केएल शर्मा के नामांकन के बाद भाजपा प्रत्याशी स्मृति इरानी ने कांग्रेस और गांधी परिवार पर पलटवार किया है। स्मृति ने कहा कि कांग्रेस पार्टी मतदान से पहले ही अपनी हार स्वीकार कर चुकी हैं। स्मृति ईरानी ने कहा मेहमानों का स्वागत है।

हमलोग अतिथियों के स्वागत में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे, इतना ही कह दूं कि अमेठी से गांधी परिवार का ना लड़ना इस बात का संकेत है कि कांग्रेस पार्टी चुनाव में वोट पड़ने से पहले ही अमेठी से अपना हार स्वीकार कर चुकी है। अगर उन्हें लगता कि यहां जीत की कोई भी गुंजाइश हो तो वे यहां से लड़ते।

## पुलिस व व्यय प्रेक्षकों का जिले में आगमन

**अमेठी, अमृत विचार :** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पित गुप्ता ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल, निर्विघ्न व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के लिए 37 अमेठी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में समाविष्ट विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमश : 178 तिलोई, 181 सलोन, 184 जगदीशपुर, 185 गौरीगंज एवं 186 अमेठी में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नामित सामान्य प्रेक्षक युवराज आई0ए0एस0 बैच 2005 मो0नं0- 8858022856, मा0 पुलिस प्रेक्षक दीपक गहलावत आईपीएस बैच 2012 मो0नं0- 7080322856 तथा व्यय प्रेक्षक संजय कुमार भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा सेवा 2002 बैच मो0नं0- 7080822856 का जनपद में आगमन हो गया है। सभी प्रेक्षकों के प्रवास की व्यवस्था एच0ए0एल0 कोरवा मुंशीगंज के गेस्ट हाउस में की गई है। गेस्ट हाउस में स्थापित कंट्रोल रूम का नंबर- 05368-298509 है। उन्होंने बताया कि मा0 सामान्य प्रेक्षक के साथ लाइजनिंग ऑफिसर के रूप में राजेश यादव अधिशासी अभियंता नलकूप खंड अमेठी मो0नं0- 8765246099, मा0 पुलिस प्रेक्षक के साथ लाइजनिंग ऑफिसर उप निरीक्षक दयाशंकर मिश्र मो0नं0- 9140388404 तथा मा0 व्यय प्रेक्षक के साथ लाइजनिंग ऑफिसर के रूप में श्री गोविंद यादव सहायक श्रमायुक्त अमेठी मो0नं0- 9760880281 लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि निर्वाचन से संबंधित यदि किसी को कोई जानकारी, सुझाव या शिकायत देना अथवा लेना चाहे तो उपरोक्त नंबरों पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## राहुल बिना लड़े मैदान छोड़ गए : विश्वनाथ

**अमेठी**

**अमृत विचार :** केएल शर्मा के नामांकन के बाद बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्व नाथ ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि सर्वसमाज का मजबूत स्नेह बंधन बसपा के साथ है। मंहगाई, बेरोज़गारी, अवारा पशुओं की समस्या और भ्रष्टाचार से त्रस्त प्रदेश की जनता परिवर्तन के लिए तैयार है। भाजपा और कांग्रेस दोनों पार्टियों का शासन लोग देख चुके हैं। राहुल गांधी ने बिना चुनाव लड़ें ही अमेठी छोड़ दिया। अमेठी में इस बार बहुजन समाज पार्टी का प्रत्याशी जीतेगा। हमारी मुखिया और नेता बहन मायावती जी ने अमेठी संसदीय क्षेत्र को 2002में जिला बनाकर अमेठी की जनता पर भारी एहसान किया है, यहां की जनता इस बार हाथी निशान की बटन दबाकर बसपा प्रत्याशी को आशीर्वाद देगी। वरिष्ठ बसपा नेता प्रेम मोहन त्रिपाठी ने कहा कि गांधी परिवार का मैदान छोड़ कर भागना कांग्रेस की हार का संकेत है।



बैठक को संबोधित करते बसपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

## अंतिम दिन 14 प्रत्यशियों ने पर्चे दाखिल किए

**अमेठी**

**अमृत विचार :** लोकसभा अमेठी सीट से नामांकन के अंतिम दिन कांग्रेस प्रत्याशी केएल शर्मा साहित 14 प्रत्याशियों ने 19 सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। अमेठी लोकसभा सीट से कुल 31 प्रत्याशियों द्वारा 42 सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया गया है। नामांकन के अंतिम दिन 03 मई को 14 प्रत्याशियों में उदयराज यादव निर्दलीय 01 सेट, जगदम्बा प्रसाद यादव निर्दलीय 01 सेट, खुशीराम निर्दलीय 01 सेट, मिथुन जायसवाल निर्दलीय 01 सेट, किशोरी लाल कांग्रेस पार्टी 04 सेट, स्मृति जुबिन इरानी भारतीय जनता पार्टी के प्रस्तावक द्वारा 02 सेट, अखिलेश निर्दलीय 01 सेट, पुत्तीलाल निर्दलीय 01 सेट, रचना वशिष्ठ निर्दलीय 01 सेट, रामबरन निर्दलीय 01 सेट, चन्द्रेश प्रताप सिंह निर्दलीय 01 सेट, परेश कुमार मुलाणी निर्दलीय 01 सेट, राम लखन यादव मानवता वादी समाज पार्टी 01 सेट, विनीत श्रीवास्तव जयहिंद नेशनल पार्टी 01 सेट व श्रीपति सहाय नागर अलहिंद पार्टी 01 सेट नामांकन पत्र दाखिल किया गया है।नामांकन के अंतिम दिवस तक कुल 31 प्रत्याशियों द्वारा 42 सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया गया। नामांकन के अंतिम तिथि को 02 लोगों द्वारा 02 सेट में नामांकन पत्र खरीदा गया, वही नामांकन के अंतिम दिवस तक कुल 42 लोगों द्वारा 77 सेट में नामांकन पत्र खरीदा गया।

## बसपा प्रत्याशी ने लोगों के बीच जाकर मांगा समर्थन

भादर/भेंटुआ। बहुजन समाज पार्टी के लोक सभा प्रत्याशी नन्हे सिंह चौहान ने शुक्रवार को अमेठी विधानसभा के सीमावर्ती इलाकों से जनसंपर्क शुरू किया। उन्होंने कहा कि बहुजन समाज पार्टी की नीति सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय की है। चौहान के बेटे को चुनाव मैदान में भेजकर जुमले बाजी और नफ़रत की राजनीति को समाप्त कर देश में भाईचारा, विकास और जनकल्याणकारी राजनीति को आगे बढ़ाने का संदेश दिया है। यदि मतदाताओं का आशीर्वाद मिला तो अमेठी में जन आवश्यकता आधारित विकास करेंगे।बहन जी ही देश में कानून का राज ला सकती हैं। वरिष्ठ बसपा नेता एहसान अली मुन्ना ने कहा कि 2002में जब अमेठी के मतदाताओं की ओर से बसपा को कोई जीत नहीं दी गई थी,उस समय बहन जी ने अमेठी संसदीय क्षेत्र को जिला बनाकर आरक्षण के जनक और पिछड़ों के मसीहा छत्रपति शाहू जी महाराज के नाम से जिला बनाकर ओ बी सी वर्ग को सम्मान देने के साथ अमेठी में रोजगार और विकास के नये अवसर सृजित किए।

### वर्ग पहेली-59

**बाएं से दाएं**

3. 1. माल का वास्तविक मूल्य, कीमत 2. धन-दौलत 3. कीमती चीज़, मूल्यवान वस्तु।

4. एक अरबी वाद्ययंत्र।

6. 1. आग सुलगाने के लिए पंखे

7. 1. शौरसेन प्रदेश की भाषा 2. शौरसेन प्रांत की प्राचीन प्राकृत भाषा जिससे आधुनिक खड़ी बोली का विकास हुआ है।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. किसी की अधीनता और दीनता स्वीकार कर लेना 2. नमस्कार, अभिवादन सलाम, नमस्ते 3. ईश्वरीय आराधना, उपासना, पूजा।

2. प्राणियों के पेट की वह लंबी नली जिसमें उसके द्वारा खाई गई वस्तुओं का चयापचय होता है, आंत, तांत। (मु.)-टटोलना : किसी के मन की बात जानने का प्रयास करना। अंतड़ियां जलना : भूख से बेचैन होना। अंतड़ियां जलाना : किसी लक्ष्य के लिए कठोर श्रम या त्याग करना।

3. 1. वातावरण, परिवेश 2. परिस्थिति।

4. 1. जिसे दिखाई देता हो, दृष्टिवाला 2. बुद्धिमान, समझदार।

5. वह बिंदु जिसपर किरणें एकत्र होकर मिलें।



### वर्ग पहेली -58 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 नि | षू | द | न | | | 2 मो |
| रं | | | | 3 खं | | धू |
| भ | | | 4 कुँ | ज | ड़ा | |
| | 5 खि | ल | वा | ड़ी | | 6 चा |
| | लं | | री | | | र |
| | द | | | 7 खु | र | पा |
| 8 ध | रा | शा | यी | | | ई |

### सुडोकू -138

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | 4 | | | | |
| | 7 | | 5 | | | | | |
| | | | | | 2 | | | |
| 2 | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | 1 | | | 5 | | 9 | |
| 3 | | 8 | | | | | | |
| | | | 9 | | | | 7 | |
| 9 | | 4 | | | 1 | | 5 | |
| | 8 | 6 | | 5 | | 2 | | |

### सुडोकू -137 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 9 | 5 | 4 | 8 | 2 | 7 | 3 |
| 2 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 4 | 8 | 7 | 2 | 6 | 3 | 1 | 9 | 5 |
| 8 | 2 | 1 | 9 | 5 | 6 | 3 | 4 | 7 |
| 9 | 7 | 6 | 3 | 2 | 4 | 8 | 5 | 1 |
| 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 7 | 1 | 3 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 |
| 6 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 5 | 3 | 8 |
| 5 | 4 | 8 | 6 | 3 | 2 | 7 | 1 | 9 |

### आज का भविष्यफल
-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 4 मई शनिवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-एकादशी 20 .38 तक तत्पश्चात द्वादशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पूर्व भाद्रपद 22 .07 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद।

**मेष** — आज व्यापार में धैर्य से काम लेने के कारण बड़ा लाभ मिल सकता है। बीमार लोगों के रोग मुक्ति की संभावना है। जॉब में मनोवांछित उन्नति मिल सकती है। प्रतियोगी परीक्षाओं में आपको बेहतरीन परिणाम मिलेंगे। प्रतिष्ठित लोगों के बीच आपकी पहचान बनेगी।

**वृष** — आज उच्च शिक्षा में अच्छी संभावना मिल सकती है। नए संबंधों का भरपूर लाभ उठाएंगे। अपनी बातों से लोगों को आकर्षित कर पाएंगे। आपका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा। प्रेम संबंधों को लेकर असहजता दूर होगी। संतान के करियर की चिंता रहेगी।

**मिथुन** — आज आर्थिक स्थिति में धीरे-धीरे सुधार आएगा। व्यर्थ के तनाव से स्वयं को दूर रखें। सरकारी कार्यों में अवरोध आएगा। व्यवसाय में लाभ की स्थिति कमजोर हो सकती है। हृदय रोगियों को स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए।

**कर्क** — आज कुछ लोग आपको लक्ष्यों से भटकाने का प्रयास कर सकते हैं। मन :स्थिति थोड़ी विचलित रहेगी। कब्ज की समस्या हो सकती है। दूर की यात्रा न करें तो हितकर होगा। अनावश्यक मामलों में पड़ने से आपका समय बर्बाद हो सकता है।

**सिंह** — आज व्यावसायिक यात्रा हो सकती है। कोई भी कार्य करने से पहले उसकी योजना अवश्य बना लें। पार्टनरशिप वाले व्यवसाय में आपको लाभ होगा। अपनी जिम्मेदारियों को अच्छी तरह से निभाने के कारण आप के ऊपर लोग काफी विश्वास करेंगे।

**कन्या** — आज आपके वाक चातुर्य से लोग प्रभावित होंगे लेकिन झूठ न बोलें। धार्मिक कार्यों में धन खर्च करेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। सरकारी कार्यों में कुछ अवरोध आएगा,लेकिन उसे संभाल लेंगे।

**तुला** — आज अपनी गुप्त बातें किसी से साझा न करें। भावुक होकर किसी पर भरोसा न करें। अपने व्यक्तिगत जीवन में दूसरों का हस्तक्षेप न होने दें। संतान के भविष्य को लेकर कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लेने पड़ेंगे। पहले लिए गए निर्णय आपको बदलने पड़ सकते।

**वृश्चिक** — आज आपके मनोनुकूल कार्य नहीं होंगे। बुरी संगत के कारण प्रतिष्ठा धूमिल हो सकती है। अस्थमा के रोगियों की समस्या बढ़ सकती है। व्यापार में नए समझौते करने पड़ सकते है। पूजा-पाठ में मन नहीं लगेगा।

**धनु** — आज ऑफिस के काम से आपको दूर करना पड़ सकता है। आशा से अधिक अच्छा परिणाम प्राप्त होने से उत्साहित रहेंगे। आप किसी कानूनी मामले को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं। मित्रों के साथ पुरानी यादें ताजा करेंगे।

**मकर** — आज लोग आपसे ईर्ष्या की भावना रखेंगे। मन से कमजोरी न मानें। कुटुंबजनों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। अनावश्यक कार्यों से दूरी बनाकर रखें। प्रेम संबंधों को लेकर परिवार में स्वीकृति बन सकती है।

**कुंभ** — आज मेहनत का सार्थक परिणाम प्राप्त होगा। अचानक धन लाभ प्राप्त हो सकता है। जीवनसाथी के प्रति प्रेम भाव में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में जो रुकावटें आ रही थी वो दूर होंगी। गूढ़ विषयों का अध्ययन करेंगे। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**मीन** — आज किसी उलझे हुए मामले को लेकर तनावग्रस्त हो सकते हैं। स्त्रियों को यूरिन संक्रमण जैसी समस्या हो सकती है। परिवार और कामकाज में असंतुलन जैसी स्थिति रहेगी। बिना पूछे किसी को सलाह न दें वरना अपयश झेलना पड़ सकता है।

### आज की फिल्में

| चैनल | फिल्म | समय |
|---|---|---|
| B4U Movies | हिरासत | सुबह : 10 .44 |
| B4U Movies | एक और एक ग्यारह | रात : 07 .03 |
| &pictures | मैं तेरा हीरो | सुबह : 10 .07 |
| &pictures | छतरीवाली | रात : 08 .00 |
| Sony Pix | बैटमैन बिगिन्स | सुबह : 10 .17 |
| Sony Pix | सीजे 7 | रात : 07 .40 |
| Zee Cinema | हम आपके हैं कौन | सुबह : 09 .45 |
| Zee Cinema | मोहरा | शाम : 04 .50 |
| Colors Cineplex | ये जवानी है दीवानी | सुबह : 09 .28 |
| Colors Cineplex | दृश्यम 2 | शाम : 06 .05 |

**आज की सुपरहिट फिल्म**




कलर्स सिनेप्लेक्स पर शाम : 06 .05 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

यात्री- क्या मैं यहां एक सिगरेट पी सकता हूं?
स्टेशन मास्टर- नहीं यहां सिगरेट पीना सख्त मना है।
यात्री - फिर यहां इतने सिगरेट के टुकड़े कैसे पड़े हैं?
स्टेशन मास्टर - ये उन लोगों ने फेंके हैं,जो पूछते नहीं है।

दुकानदार- बताइए जनाब क्या चाहिए ?
चिंटू- अपने होने वाली बीवी के कुत्ते के लिए केक चाहिए।
दुकानदार- यहीं खाओगे या पैक कर दूं?

अमृत विचार
www.amritvichar.com

शीलं प्रधानं पुरुषे तद् यस्येह प्रणश्यति।
न तस्य जीवितेनार्थो न धनेन न बन्धुभिः॥

शील ही मनुष्य का प्रमुख गुण है। जिस व्यक्ति का शील नष्ट हो जाता है - धन, जीवन और रिश्तेदार उसके किसी काम के नहीं रहते अर्थात् उसका जीवन व्यर्थ हो जाता है।

## संपादकीय

# प्रौद्योगिकीय वर्चस्व के लिए

प्रौद्योगिकी की मदद से जीवन को आसान और बेहतर बनाया जा सकता है। वर्तमान में प्रौद्योगिकी के बिना कोई विकास नहीं हो सकता। विश्व प्रौद्योगिकीय वर्चस्व के लिए एक अभूतपूर्व दौड़ का साक्षी बन रहा है। शुरुआत से ही प्रौद्योगिकी हमारे जीवन में एक कारक था। प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं उनके भविष्य को आकार देने में उन्नत प्रौद्योगिकियों की महत्वपूर्ण भूमिका को चिह्नित कर रही हैं। अपनी समृद्ध वैज्ञानिक विरासत और प्रौद्योगिकी-संचालित अर्थव्यवस्था की आकांक्षाओं के साथ भारत स्वयं को एक ऐसे चौराहे पर देख रहा है, जहां उसे इस वैश्विक प्रौद्योगिकीय दौड़ में चुनौतियों और अवसरों दोनों का सामना करना पड़ रहा है। भारत विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सशक्त क्षमता रखता है और हमें अपनी इस क्षमता को स्थायी विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में लगाना है। चीन ने प्रौद्योगिकी एवं नवाचार को रणनीतिक उद्देश्य के रूप में प्राथमिकता देने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। दूसरी ओर, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोप ने भी महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में अपनी नेतृत्वकारी स्थिति की पुनः प्राप्ति के लिए और इसे बनाए रखने के लिए प्रयासों को तेज़ कर दिया है। भारत अमेरिका और चीन के बाद विश्व में प्रौद्योगिकी स्टार्टअप के तीसरे सबसे बड़े आधार वाला देश है। एक बढ़ती उद्यमशील संस्कृति और सहायक परितंत्र के साथ भारत के स्टार्टअप और छोटे व्यवसायों से न केवल आर्थिक और व्यावसायिक रूपांतरण को आगे ले जाने की उम्मीद की जाती है, बल्कि भारत के पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के स्वप्न को साकार करने में एक प्रमुख विकास चालक के रूप में उन्होंने अपनी स्थिति और भूमिका को भी सबल किया है। स्थायी विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए जलवायु परिवर्तन से जुड़ी चुनौतियों से लड़ने में अनुकूलन एवं रोकथाम जैसे प्रयास नाकाफी हैं।

उल्लेखनीय है कि सूचना, पूर्वानुमान एवं मूल्यांकन परिषद (टाइफैक) द्वारा ही विजन-2020 और विजन-2035 जैसे दृष्टिपत्र तैयार किए गए हैं जिसमें देश के समग्र एवं संवहनीय विकास पर केंद्रित रूपरेखा प्रस्तुत की गई है। टाइफैक प्रौद्योगिकी विजन-2047 दस्तावेज में प्रभावी कार्ययोजना को शामिल करना चाहिए। भारत वर्ष 2030 तक वैश्विक अर्थव्यवस्था में लगभग 10 प्रतिशत की वृहत हिस्सेदारी प्राप्त करने का लक्ष्य रखता है। भारत को उभरते प्रौद्योगिकी रुझानों और बाज़ार की मांगों के अनुरूप सहयोगात्मक रूप से अभिकल्पित एवं कार्यान्वित करने के लिए उद्योग जगत, शिक्षा क्षेत्र एवं सरकार के बीच 'टेक्नोस्किल्स एलायंस' को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। भारत के वैश्विक प्रतिस्पर्द्धा में बने रहने के लिए प्रौद्योगिकी रणनीति में सुधार आवश्यक हैं। भारत को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में महाशक्ति के रूप में स्थापित करना भारत का लक्ष्य है जिसके लिए स्वयं को समर्पित करने के साथ-साथ एक विस्तृत रूपरेखा की आवश्यकता है।

# अमेठी से गांधी परिवार के रिश्तों पर विराम



राज खन्ना
वरिष्ठ पत्रकार

बेशक किशोरी लाल शर्मा परिवार के प्रतिनिधि के नाते अरसे से अमेठी और रायबरेली से जुड़े रहे हैं, लेकिन वहां के वोटरों के बीच उनकी पहचान गांधी परिवार के भरोसेमंद सहयोगी तक सीमित है। शर्मा की उम्मीदवारी से भाजपा को दोहरा मौका मिला है। एक उसकी चुनौती आसान हुई है। दूसरे राहुल-प्रियंका पर मुकाबले से भागने के प्रहार तेज होंगे।

इंदिरा जी की तीसरी पीढ़ी की राजनीति का अंदाज जुदा है। वे 1977 में रायबरेली से हारी थीं। 1980 में एक बार फिर वहां के रण में थीं। जीतकर हिसाब चुकता किया। संजय गांधी जिन्होंने अमेठी में गांधी परिवार के रिश्तों की बुनियाद डाली, वे वहां 1977 का पहला चुनाव हार गए थे, लेकिन 1980 में जीत दर्ज करके वापसी की। राहुल गांधी ऐसा नहीं कर सके। अमेठी ने उन पर लगातार तीन बार भरोसा जताया, लेकिन 2019 की हार से वे उबर नहीं सके। एक बार फिर से वहां मुकाबले की जगह उन्होंने रायबरेली को तरजीह दी। इसी के साथ अमेठी से गांधी परिवार के लगभग पांच दशकों के चुनावी जुड़ाव पर फिलहाल विराम लग गया है। राजीव गांधी के निधन के बाद उनके पारिवारिक मित्र कैप्टन सतीश शर्मा ने अमेठी का प्रतिनिधित्व किया था, लेकिन तब सोनिया गांधी राजनीति से दूर थीं। राहुल और प्रियंका भी छोटे थे।

बेशक किशोरी लाल शर्मा परिवार के प्रतिनिधि के नाते अरसे से अमेठी और रायबरेली से जुड़े रहे हैं, लेकिन वहां के वोटरों के बीच उनकी पहचान गांधी परिवार के भरोसेमंद सहयोगी तक सीमित है। शर्मा की उम्मीदवारी से भाजपा को दोहरा मौका मिला है। एक उसकी चुनौती आसान हुई है। दूसरे राहुल-प्रियंका पर मुकाबले से भागने के प्रहार तेज होंगे। राहुल गांधी ने 2019 में ही अमेठी के साथ वायनाड से पर्चा दाखिल करके विकल्प खोज लिया था। मीडिया और पार्टी के स्थानीय कार्यकर्ताओं के शोर और अटकलबाजी को दरकिनार करते हुए उन्होंने चुनावी नजरिए से अमेठी की जमीनी सच्चाइयों को तरजीह दी। अपनी उम्मीदवारी के जरिए उन पर उत्तर प्रदेश में पार्टी का हौसला बढ़ाने की जिम्मेदारी है। इसके लिए उन्होंने अमेठी में स्मृति की कठिन चुनौती के मुकाबले रायबरेली में भाजपा के दिनेश प्रताप सिंह का सामना करना आसान समझा।

राहुल ने अमेठी छोड़ने का फैसला क्यों किया? तय था कि एक बार फिर अमेठी के चुनावी मैदान में उतरने पर 2019 की हार के बाद क्षेत्र को भूल जाने के लिए उनकी घेराबंदी होती। इस मुद्दे पर सिर्फ प्रतिद्वंद्वी स्मृति ईरानी ही नहीं, बल्कि तमाम मुखर वोटरों के सवाल भी उन्हें परेशान करते, लेकिन इससे भी एक बड़ा सवाल दोनों स्थानों से जीतने की हालत में यह भरोसा दिलाने का होता कि वे वायनाड छोड़ेंगे और अमेठी में टिकेंगे? हालांकि इस सवाल से उन्हें रायबरेली में भी रूबरू होना पड़ेगा, लेकिन इस मुद्दे पर अमेठी में स्मृति ईरानी के हमले कहीं अधिक पैने और तेज होते। रायबरेली में भी चुनावी इतिहास के पुराने पन्ने पलटे जाएंगे। 1977 में वहां इंदिरा जी पराजित हुई थीं। 1980 में रायबरेली से जीत दर्ज करके उन्होंने हिसाब बराबर कर लिया था, लेकिन इस चुनाव में वे मेडक (आंध्र प्रदेश) से भी निर्वाचित हुई थीं। तब इंदिरा जी ने रायबरेली की सीट छोड़ी थी।

अमेठी से पार्टी उम्मीदवार के नाम को लेकर आखिरी वक्त तक सस्पेंस कायम कर कांग्रेस ने फायदे की तुलना में अपना नुकसान ज्यादा किया। वहां से गांधी परिवार के जुड़ाव के कारण पार्टी का कोई स्थानीय नेता अपनी दावेदारी पेश करने का साहस नहीं कर सकता था। पार्टी ने नामांकन के आखिरी दिन के. एल. शर्मा का नाम घोषित किया।

अमेठी से राहुल की उम्मीदवारी के सवाल पर सबसे ज्यादा उत्सुकता मीडिया में थी। राहुल की उम्मीदवारी की मांग को लेकर धरने पर बैठे पार्टी के नेताओं को "अमेठी की जनता मांगे राहुल गांधी" के तौर पर काफी बढ़ा-चढ़ा कर पेश किया गया। असलियत में अमेठी चुनावी माहौल में भी आम दिनों जैसी ही है। समर्थक भले न मानें, लेकिन सच यही है कि अमेठी, गांधी परिवार के मोहपाश से काफी कुछ दूर हो चुकी है। उसे सिर्फ पहचान दिलाने वाले की ही नहीं, सुलभ रहने, काम कराने और उसकी जरूरतों के लिए लड़ने वाले प्रतिनिधि की तलाश रहती है। राहुल गांधी इस कसौटी पर खरे नहीं उतर सके। 2019 में अमेठी ने उन्हें ठुकरा दिया। हार के बाद राहुल ने अमेठी से दूरी बनाई तो वोटरों ने बाद के विधानसभा सहित हर अगले चुनाव में कांग्रेस को भुला दिया।

अमेठी और रायबरेली से उम्मीदवारों के नाम की घोषणा के पहले राहुल और प्रियंका की उम्मीदवारी के लिए सबसे ज्यादा जोर इस आधार पर था कि इससे उत्तर प्रदेश में पार्टी की ताकत बढ़ेगी और अन्य उम्मीदवारों का हौसला बढ़ेगा। प्रियंका गांधी वाड्रा तो चुनाव लड़ने को तैयार नहीं हुईं। राहुल रायबरेली से मैदान में हैं। उनकी वहां मौजूदगी क्या प्रदेश के अन्य स्थानों पर पार्टी के लिए मददगार होगी? असलियत में इसकी सबसे बड़ी परीक्षा बाजू की अमेठी सीट पर होगी जहां का उन्होंने 2004 से 2014 तक तीन बार लगातार लोकसभा में प्रतिनिधित्व किया। उससे पहले एक बार वहां से सोनिया गांधी और उपचुनाव सहित चार चुनावों में राजीव गांधी और एक बार संजय गांधी जीते। अमेठी की लोकसभा सीट लंबे समय तक गांधी परिवार का पर्याय रही है। बेशक इस बार राहुल गांधी या परिवार का कोई सदस्य वहां से उम्मीदवार नहीं है, लेकिन रायबरेली में राहुल की मौजूदगी की गूंज अमेठी में बनी रहेगी और अमेठी के नतीजों से राहुल की अपने उम्मीदवार को वोट दिलाने की कूवत की एक बार फिर पैमाईश होगी।

अमेठी से पार्टी उम्मीदवार के नाम को लेकर आखिरी वक्त तक सस्पेंस कायम कर कांग्रेस ने फायदे की तुलना में अपना नुकसान ज्यादा किया। वहां से गांधी परिवार के जुड़ाव के कारण पार्टी का कोई स्थानीय नेता अपनी दावेदारी पेश करने का साहस नहीं कर सकता था। पार्टी ने नामांकन के आखिरी दिन के. एल.शर्मा का नाम घोषित किया। बेहद कम समय के बीच शर्मा को उस ताकतवर प्रतिद्वंद्वी का सामना करना है, जो पिछले एक दशक से अमेठी में लगातार सक्रिय है और जिन्होंने वहां अपना घर भी बना लिया है। अमेठी से राहुल या प्रियंका के नामों का टीवी चैनलों और सोशल मीडिया पर लगातार शोर चला। जाहिर है कि अब अमेठी से दोनों में से किसी के उम्मीदवार न होने के कारण स्मृति खेमे को उन्हें घेरने का एक और मौका मिल गया है। अमेठी संसदीय सीट का एक विधानसभा क्षेत्र सलोन, रायबरेली जिले का हिस्सा है। दोनों लोकसभा सीटों के हालात एक-दूसरे पर असर छोड़ते हैं। स्मृति ईरानी इन दोनों ही सीटों पर काफी सक्रिय रही हैं। दूसरी तरफ रायबरेली में भी राहुल के पास कम वक्त है। उन्हें रायबरेली के साथ ही उत्तर प्रदेश सहित देश के अन्य हिस्सों में भी पार्टी के लिए प्रचार करना है। भाजपा की रणनीति रहेगी कि वो अमेठी-रायबरेली के मतदान की तारीख तक राहुल-प्रियंका को इन इलाकों में ज्यादा से ज्यादा वक्त देने के लिए मजबूर करे।

राहुल गांधी 2019 के बाद से अमेठी से दूरी बनाए हुए हैं। 2024 में वहां से परिवार का कोई सदस्य उम्मीदवार नहीं है। हालांकि अमेठी को यह परिवार अपना घर-परिवार बताता रहा है। तब जब गांधी परिवार उस घर-परिवार से दूर हो रहा है, उस वक्त इन रिश्तों की शुरुआत को याद किया जा सकता है। रायबरेली से फिरोज गांधी के दौर से गांधी परिवार का जुड़ाव रहा है। इमरजेंसी के समय इंदिरा गांधी रायबरेली से सांसद थीं। छोटे पुत्र संजय गांधी की संसदीय पारी की शुरुआत के लिए रायबरेली से सटी अमेठी सीट को काफी सुरक्षित समझा गया। 1976 में संजय गांधी ने खेरौना (अमेठी) में युवक कांग्रेस का एक माह का श्रमदान शिविर लगाया। अमेठी की मिट्टी से गांधी परिवार का जुड़ाव इस शिविर के जरिए हुआ। हालांकि 1977 के चुनाव में अमेठी ने संजय गांधी को निराश किया। फिर राजीव गांधी, सोनिया गांधी और राहुल गांधी यहां का प्रतिनिधित्व करते रहे। संजय गांधी 1977 में अमेठी से हारे, लेकिन 1980 में जीत दर्ज करके वहां वापसी दर्ज की।

राहुल गांधी अमेठी से लगातार तीन जीत के बाद 2019 में हारे, लेकिन 2024 में वहां से हिसाब बराबर करने के लिए आगे नहीं आ सके। राहुल के इस फैसले को जयराम रमेश रणनीति बता रहे हैं। प्रधानमंत्री बिना नाम लिए तंज कर रहे हैं "डरो मत कहने वालों को मैं कहता हूं भागो मत!"

## प्रसंगवश

# यादों में अतुल अंजान

कामरेड अतुल अंजान का पूरा जीवन ही सार्वजनिक था जिसमें निजी जैसा कुछ भी नहीं था। हमारी पीढ़ी के लिए वह राजनीति, संविधान, जन सरोकार, सामाजिक मुद्दों सहित देश-दुनिया के विभिन्न मसले जिनका असर आम जनता पर पड़ सकता है उन सभी विषयों के लिए इनसाइक्लोपीडिया थे। वामपंथी राजनीति के वे बड़े चेहरे थे। हम लोगों का उनसे परिचय आज के बीस वर्ष पूर्व इलाहाबाद विश्वविद्यालय में पढ़ाई के दौरान हुआ था। जनजातीय क्षेत्रों में मानवाधिकारों के लिए उन्होंने लंबी लड़ाई लड़ी। वामपंथी राजनीति को पसंद न करने वाले लोग भी उनका भाषण सुनने दूर-दूर से आते थे।



मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल'
पूर्व अतिथि प्रवक्ता
इलाहाबाद विश्वविद्यालय

दिल्ली स्थित मावलंकर हाल, कांस्टीट्यूशन क्लब, तीन मूर्ति लाइब्रेरी में शहीदे आजम भगत सिंह, सामयिक मुद्दों पर कामरेड एबी वर्धन के साथ अतुल अंजान की उपस्थिति हर बार एक नया विमर्श पैदा कर देती थी। लखनऊ विश्वविद्यालय के लोकप्रिय छात्रसंघ अध्यक्ष रहे अतुल अंजान आजीवन छात्र आंदोलन के जेपी मूवमेंट वाली पीढ़ी और नए छात्र/नौजवानों में एक समन्वयकारी भूमिका में रहते थे। अतुल अंजान को अपने गृह जनपद मऊ से बेहद लगाव था। जहां उनके प्रयास से 31 दिसंबर 2015 को तत्कालीन समाजवादी सरकार में नेता जी मुलायम सिंह यादव एवं उस समय मुख्यमंत्री रहे अखिलेश यादव ने जनपद के महान विभूति रहे पंडित अलगू राय शास्त्री और कामरेड जय बहादुर सिंह की प्रतिमा की स्थापना मऊ कलेक्ट्रेट परिसर में की गई।

कामरेड अतुल अंजान की हजरतगंत काफी हाउस की बैठकी बेहद चर्चित थी जिसमें लखनऊ के सिविल सोसायटी से जुड़े अनेक लोग शामिल होते थे। सच कहने का उनमें गजब का साहस था। वे आजीवन सिद्धांत और ईमानदारी की राजनीति करते रहे। उनके निधन ने समाज में एक जनपक्षकार की रिक्तता पैदा कर दी है। यह शून्यता लंबे समय तक बनी रहेगी जिसकी भरपाई मुश्किल है।

# शक्ति का सिद्धांत ही नैसर्गिक सिद्धांत



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

सामाजिक संबंधों में विघटन अंततः अराजकता की ओर ले जाता है। जब सामाजिक खंडन होता है तब अराजकता भी आ जाती है। मनुष्य की समग्रता और संपूर्णता के सिद्धांत को ग्रहण लग जाता है।

इसमें कोई संदेह नहीं कि शक्ति का सिद्धांत नैसर्गिक सिद्धांत है- नाभिषेको न संस्कारो सिंहस्य क्रियते वने, विक्रमार्जित राज्यस्य स्वयमेव मृगेन्द्रता। जंगल के शेर को किसी ने वोट तो दिए नहीं थे। किसी ने उसका राजतिलक भी नहीं किया था। अपने ही पराक्रम के कारण वह जंगल का राजा कहलाता है। सूर्यकांत त्रिपाठी निराला ने भी एक दिन कहा था - 'योग्यजन जीता है, पश्चिम की उक्ति नहीं, गीता है, गीता है।' डार्विन का 'सर्वाइवल ऑफ द फिटेस्ट' सिद्धांत भी इसी सत्य का प्रतिपादन है।

आधुनिकता और कथित वैज्ञानिकता का चश्मा उतारकर देखिए-आज समस्त संसार में विश्व बाजार के माध्यम से शक्ति का नैसर्गिक सिद्धांत अपना काम कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र संघ में पांच देशों को वीटो-पावर (विशेषाधिकार) मिली है तो उसके पीछे यही सिद्धांत है। तकनीक नई है, किंतु शक्ति की होड़ आदिम ही है। यही कारण है कि विश्व के अनेक क्षेत्रों में युद्ध आज भी हो रहे हैं। हार और जीत के निर्णय विध्वंसक शक्ति के आधार पर ही हो रहे हैं। भूमंडलीकरण की प्रक्रिया शक्ति के उसी सिद्धांत के आधार पर चल रही है जिसकी लाठी उसकी भैंस। संस्कृति के क्षेत्र में समृद्ध और सशक्त देश की संस्कृति का वर्चस्व स्थापित होगा, यही प्राकृतिक न्याय है। यह सच है कि बड़ी मछली छोटी मछली को खा जाती है।

यह कोई नई बात नहीं है, मानव इतिहास में ऐसा पहले भी होता ही रहा है, लेकिन तब तक जब तक कि समष्टि चेतना सोई रहती है और व्यष्टि स्वार्थ संगठित हो जाता है। संगठित व्यष्टि स्वार्थ मिथ्या सिद्धांतों के स्टैचू लगाता है और समष्टि चेतना को विच्छिन्न करता है। कहीं जाति की बात करता है तो कहीं मजहब की बात करता है, कहीं कहता है कि जनता तो बुद्धू होती है। वर्ण, वर्ग, जाति, मजहब के आधार पर लोक को विभाजित करने वाले विचार सत्ता में छा जाते हैं। समाज के खंडन और विघटन का समर्थन करने वाले तर्क उभरते हैं, तर्क विचार नहीं होता, विचार का विभ्रम होता है, वह हमें प्रकाश नहीं, अंधेरे में भटका देता है।

पुरानी और बूढ़ी विचारधाराओं की पोथियां जहां हैं, वहीं तक रहेंगी। वे अपने आप खुद ही नहीं सरक सकतीं तो वे मनुष्य को आगे कैसे ले जा सकती हैं? समष्टि के सिद्धांत की पुष्टि के लिए, समष्टिजन के लिए, लोकजीवन में उतरना ही होगा, अब दूसरा कोई रास्ता बचा ही नहीं है। मनुष्य मात्र की एकता। आज मनुष्यता रुग्ण है, हर प्रकार के विभेदक विचार से परहेज करना ही होगा। भाषा और परंपराएं किसी भी जाति की विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान होती हैं। वे उस समूह में एकता लाती हैं, उन्हें संगठित करती हैं। इसीलिए हर आक्रांता समूह, आक्रांत देश की भाषाओं और विजित जाति की संस्कृति को हतोत्साह करता है। आज वही कार्य पैसे की अकूत शक्ति कर रही है। उस जमाने में भारत की लोक संस्कृति पर हमला हुआ था, तब मंदिर तोड़े गए थे, मूर्तियां तोड़ी गई थीं, जजिया कर लगाया गया था, किंतु भारत की जीवन पद्धति ने भारत के जीवन दर्शन ने हार नहीं मानी थी।

आज जब पश्चिम की बयार बह रही है, भारत की जीवन पद्धति और भारत के जीवन दर्शन पर आक्रमण हो रहा है। हम टुकुर टुकुर देख रहे हैं कि इस पछैयां-ब्यार में सब कुछ उड़ा जा रहा है, जीवन-पद्धति भी और जीवन-दर्शन भी। भाषा भी, कला भी, संगीत भी। बाजारवादी दर्शन। नाता रिश्ता-मुनाफे के लिए। अपने लिए। सिर्फ अपनी अपनी चिंता। भूमंडलीकरण अकेला करके मारता है। भारतीय संस्कृति की पीड़ा है कि हम आज अपने ही घर में किराएदार बन गए हैं।

सामाजिक संबंधों में विघटन अंततः अराजकता की ओर ले जाता है। जब सामाजिक खंडन होता है तब अराजकता भी आ जाती है। मनुष्य की समग्रता और संपूर्णता के सिद्धांत को ग्रहण लग जाता है। वे भटके हुए बुद्धिजीवी अध्यात्म को ही पिछड़ापन समझ लेते हैं, जबकि मनुष्य मात्र की एकता के चिंतन के अतिरिक्त अध्यात्म और क्या है? गांधी का चिंतन समग्रता का चिंतन था। एकता का चिंतन तो अध्यात्म का चिंतन है। अध्यात्म का चिंतन वस्तुतः समग्रता का चिंतन है। अध्यात्म का चिंतन वैश्विकता का चिंतन है जिसमें केवल मनुष्य ही नहीं पशु-पक्षी और सभी प्राणी होते हैं, विराट प्रकृति होती है।

## सोशल फोरम

# सत्य से की जाती है धर्म की रक्षा

लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था के संबंध में आम धारणा है कि यह सर्वोत्तम शासन प्रणाली है। यह सफल तभी हो सकती है जब लोग शिक्षित हों और वे प्रवृत्ति से भी लोकतांत्रिक व्यवहार के पक्षधर हों। यह देखकर निराशा होती है कि घरों में अधिक परिश्रम, त्याग और सूझबूझ से योगदान देने वाली पत्नियों से भी हम अपेक्षा करते हैं कि वे पुरुष की तानाशाही एकाधिकार पर चूं तक न करें।



हरिकांत त्रिपाठी
सेवानिवृत्त आईएएस

बच्चों के पालन-पोषण और पढ़ाई-लिखाई में उनकी पिटाई को महिमामंडित करने वाले समाज हैं हम। पूरी कार्य संस्कृति में ऊपरी पायदान पर बैठा व्यक्ति पूरी ढिठाई से निचले पायदान पर बैठे लोगों से साधिकार यह अपेक्षा करता है कि उसकी सही गलत सभी इच्छाओं को वे बिना बुद्धि का प्रयोग किए और आस्था के साथ कार्यान्वित करें। यदि किसी ने भूले भटके कहीं अपनी असहमति भी व्यक्त कर दी तो उसके लिए अधीनता में कठोर दंड की व्यवस्था है। ऐसी स्थिति में हम लोकतंत्र के नाम पर राजशाही और सामंतवादी व्यवस्था चलाने के विरोधाभास को ढोने के लिए अभिशप्त हैं। राजनीति ने खुद को सत्ता पाने का माध्यम बना लिया है। जितने तिकड़म हो सकते हैं चुनाव जीतने के लिए धड़ल्ले से इस्तेमाल किए जा रहे हैं। एक तरफ जहां दबी कुचली आबादी को मुख्य धारा में लाने के नाम पर राजनीतिक दल बेशर्मी से जातीय ध्रुवीकरण में लगे हुए हैं, वहीं नितांत व्यक्तिगत धर्म को भी मत उगाहने का माध्यम बना दिया गया है। पहले अंडा फिर चिड़िया या पहले चिड़िया फिर अंडा की पद्धति पर सभी राजनीतिक दल इसके लिए दूसरों पर दोषारोपण करते रहते हैं। अभी कुछ ही दिनों पहले राम और रामकथा, रामचरित मानस को लेकर भी नेताओं ने अच्छी खासी राजनीति की। लोकापवाद जो लोकतंत्र में सत्य से भी अधिक महत्वपूर्ण माना जाता है के भय से राम ने तथाकथित सारी परीक्षा में सीता के खरी उतरने के बाद भी उन्हें गर्भवती होने की दशा में भी घनघोर वन में छोड़ने का आदेश दे दिया। इस प्रकरण में परित्याग को न्यायसंगत सिद्ध करने के लिए परंपरा-वादियों द्वारा तरह-तरह के अधकचरे तर्क और तथ्य पता नहीं कहां-कहां से लाकर प्रस्तुत किए जाते हैं। लोग यह भूल जाते हैं कि धर्म की रक्षा तर्क से नहीं अपितु सत्य से ही की जाती है।

**-फेसबुक वॉल से**

# दलित चेतना के अग्रदूत क्रांतिकारी संत बसवेश्वर



डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

बसवेश्वर के विचारों से प्रभावित होकर मोलगे मारय्या जो कश्मीर के राजा थे, वे महारानी सहित कश्मीर छोड़कर कल्याण आ गए और लकड़हारे का जीवन व्यतीत करने लगे।

क्रांतिकारी संत बसवेश्वर का जन्म सन् 1127 के आसपास वर्तमान कर्नाटक के बीजापुर जनपद के इंगालेश्वर बागेवाड़ी गांव में एक उच्च कुलीन ब्राह्मण परिवार में हुआ था। बसवेश्वर को बासव और बसन्ना नाम से भी संबोधित किया जाता था। बालपन में ही बसवेश्वर दलित संतों शिवभक्त कण्णप्पा और मदरा चन्नप्पा के उपदेशों से इतने प्रभावित हुए की आठ वर्ष की अवस्था में ही उपनयन संस्कार से विद्रोह कर बैठे। अपने वेद पारंगत पिता के समक्ष निःसंकोच रूप से अपने क्रांतिकारी विचार उद्घोषित करने लगे कि यह उपनयन जातिगत श्रेष्ठता तथा भेदभाव का प्रतीक है। ब्राह्मण के कर्मकांड भगवद्भक्ति से दूर करते हैं। बालक बासव ने अपने पिता से कहा की यदि समाज के हर वर्ग को उपनयन का अधिकार होता तो वे स्वीकार कर लेते।

बीजापुर जिले में कृष्णा नदी और मालप्रभा के संगम पर भगवान शिव का पवित्र लिंग स्थापित है, जो कुडल संगम के नाम से प्रसिद्ध रहा। इस स्थान पर एक प्रतिष्ठित ज्ञानपीठ भी था जिसके कुलपति ईशान्य गुरु थे जिन्होंने शिशु बासव को लिंग के साथ दीक्षित किया था। उपनयन के प्रकरण पर बालक बासव ने अपने पिता से कहा की मुझे पवित्र लिंग ने दीक्षित कर रखा है अब मुझे किसी अन्य दीक्षा की आवश्यकता नहीं है। मुझे कुडल संगम जाने की अनुमति दें। ईशान्य गुरु के संरक्षण में कुडल संगम को समर्पित बसवेश्वर एक क्रांतिकारी चिंतक के रूप में प्रसिद्ध होने लगे। विरक्त क्रांतिकारी संत बसवेश्वर कालांतर में कालचूर्य राजवंश के वित्तमंत्री हुए। बासव दंडनायक ने राजपुरुष के रूप में अपनी पद, प्रतिष्ठा, धन ऐश्वर्य सब कुछ सामाजिक और धार्मिक क्रांति को समर्पित कर दिया। कालचूर्य वंश की राजधानी कल्याण में उन्होंने दलितों, वंचितों के बीच न केवल सैद्धांतिक समता की बात की, बल्कि उसे व्यावहारिक रूप प्रदान करते हुए चमार, मोची, डोम, चांडाल, तेली, दर्जी आदि जातियों का एक सामाजिक धार्मिक संगठन भी स्थापित कर दिया जिसे कुडल संगम का शरण कहा गया जिसके धर्म को निर्देशित करते हुए बासव ने कहा-तू चोरी-हत्या नहीं करेगा, न असत्य बोलेगा, तू किसी पर क्रुद्ध नहीं होगा, न किसी अन्य मनुष्य से घृणा करेगा, अपने आप पर गौरव भी नहीं करेगा, तू दूसरे पर दोषारोपण नहीं करेगा, यह तेरी अंतर्मुखी शुद्धता है, यही हमारे भगवान कुडल स्वामी को जीत लेने का उपाय भी है।

बासव ने दलितों को अछूत कहकर पुकारने का विरोध किया और उन्हें महा महेश्वर-शरण का संबोधन दिया तथा गले में लिंग धारण कराया। दक्षिण भारत में संबोलि की प्रथा थी जिसमे दलित लोग जब रास्ते पर चलते थे तो उच्च स्वर से अन्य वर्णों को सचेत करते थे। बसवेश्वर ने इस प्रथा को बंद कराया। बासव के क्रांतिकारी विचार से प्रभावित होकर उड़ीसा, कश्मीर और गुजरात से भी उनके शरण में सम्मिलित हुए। बसवेश्वर का सामाजिक धार्मिक क्रांति के तीन बिंदु रहे। एक -जन्मना जाति के स्थान पर कर्मणा वर्ण का सिद्धांत, दूसरा कर्मकांड को त्याग कर सरल भक्ति का मार्ग, तीसरा-श्रम का महत्व और उसकी सर्वोपरिता। बसवने अपने उपदेशों में गरीबों की चेतना को जागृत कर धनवानों की भर्त्सना की-आप प्रश्न कर सकते हैं सर्प से दंशित व्यक्ति से, आप प्रेत-ग्रस्त पुरुषों से भी कर सकते हैं सवाल, पर धन के भूत से ग्रस्त व्यक्ति से आपको प्रश्न करने की मजाल कभी नहीं होगी। बसवेश्वर ने मंदिर के बजाय शरीर को ही शिवालय मानने पर जोर दिया जिनके पास धन है वे शिवालय बनवाते हैं, मैं धनहीन क्या कर सकता हूं, मेरे पैर ही खंबे हैं तथा मेरी देह देवालय, मेरा सिर ही सोने का कलश है, हे कुडल संगम देव जरा सुनना, स्थावर नश्वर है, परंतु जंगम का नाश नहीं हो सकता।

बसवेश्वर के विचारों से प्रभावित होकर मोलगे मारय्या जो कश्मीर के राजा थे वे महारानी सहित कश्मीर छोड़कर कल्याण आ गए और लकड़हारे का जीवन व्यतीत करने लगे। दलितों के साथ-साथ बासव ने स्त्रियों को समता का अधिकार दिलाया। हर वर्ण की स्त्रियों-पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिला इस अभूतपूर्व क्रांति में सम्मिलित हुई। बसवेश्वर के सुधारों से ही लिंगायत संप्रदाय अस्तित्व में आया। महात्मा बुद्ध के वाद बसवेश्वर ने ही समाज का मंथन करते हुए उपदेश किया की सदाचार ही उच्च जाति है तथा कदाचार नीच जाति, धर्म सबका जन्मसिद्ध अधिकार है। बासव अपने से हीन किसी को नहीं मानते थे और सबसे बराबरी का व्यवहार करते थे। इसीलिए उन्होंने किसी को अपना शिष्य नहीं बनाया। सामाजिक परिवर्तन के लिए बाबा साहेब आंबेडकर जिस बाल्तेयर की परिकल्पना करते थे वह बसवेश्वर ही थे।

# दैत्य गुरु के घर में देव गुरु

देवों के गुरु वृहस्पति राशि परिवर्तन करके 1 मई को मेष से वृष राशि पर आ गए हैं, जो असुर गुरु शुक्राचार्य का घर है। यहां वे एक वर्ष तक रहेंगे। शुक्र उनके शत्रु हैं और शत्रु राशिस्थ ग्रह निर्बल होता है। वैसे भी गुरु 6 मई से 2 जून तक अस्त रहेंगे। अस्त ग्रह निष्प्रभवी रहता है। तथ्य यह भी है कि गुरु के उदय काल में वहां शुक्र मौजूद होंगे, जो 12 जून तक वृष पर रहेंगे। उनका वह अपना घर है, अतः वहां बलवान होंगे। जब दो परस्पर शत्रु ग्रह एक जगह मिलते हैं तो ग्रह युद्ध होता है। उसमें विजय बलवान की होती है।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

तात्कालिक बलाबल के अनुसार शुक्र का पलड़ा भारी रहेगा। गुरु दैवी, सतोगुणी शक्तियों के प्रतीक हैं और शुक्र आसुरी, नितांत भौतिकतावादी शक्तियों के। गुरु पुरुष हैं और शुक्र स्त्रीलिंग। 4 जून और उसके कुछ बाद के कालखंड में देश में सरकार का गठन हो रहा होगा। उक्त ग्रहीय स्थिति के अनुसार सौम्य, सात्विकी, देवत्व लिए शक्तियो का पलड़ा कमजोर रहेगा और इसके विपरीत शक्तियां प्रबल होंगी। किसी स्त्री का वर्चस्व दिखेगा, क्योंकि शुक्र स्त्री हैं। देश की कुंडली में राज्य भाव यानी दशम में शनि गोचर कर रहे हैं, जो मंद ग्रह हैं। अतः सत्ता संचालन गति में मंथरता कारित करेंगे। 12 जून के बाद गुरु फ्री होंगे। वे गोचर में अपने स्थान से दूसरे, पांचवें, सातवें, नवें और ग्यारहवें भाव के लिए शुभकारी होते हैं। ऐसे में वे मेष, मकर, वृश्चिक, कन्या और कर्क राशि वालों को लाभ देंगे। शेष के लिए अशुभ। वे जातक की कटि और जंघा पर अधिकार रखते हैं तथा रोग कारित करने वाले त्रिदोषों मे कफ पर नियंत्रण करते हैं। ऐसे में अशुभ फल वाली राशियों के लिए इन दोषों को लेकर इन अंगों में पीड़ा पहुचा सकते हैं। ज्वर, वमन, गुल्म व आंत्र रोग, ब्राह्मणों का शाप (नाराजगी) और देवताओं का रोष हो सकता है। "छर्दीश्च गुल्मान्त्ररुजं शुचं द्विजशापोत्थ पीडां सुर सम्भवां रुजम्।" दुष्प्रभावों के शमन हेतु तर्जनी उंगली में सोने की अंगूठी में पोखराज धारण करें और पीली वस्तु का दान करें, जैसे चने की दाल, सोना, पीला कपड़ा। वे वर्ण से ब्राह्मण और विद्वान हैं, अतः ऐसे लोगो को दान, भोजन और सम्मान करने से भी अरिष्ट निवारण होता है।

## एक नजर

### बाइकों की टक्कर में दो युवकों की मौत

**मिर्जापुर, अमृत विचार :** जिले के थाना चील्ह क्षेत्रांतर्गत ग्राम श्रीपट्टी के पास आकाश यादव पुत्र गुड्डू यादव निवासी तिलठी थाना चील्ह 19 वर्ष अपने मोटरसाइकिल से जा रहे थे तथा सामने से आ रहे मोटरसाइकिल सवार शहजाद अली पुत्र जलालुद्दीन निवासी देवनाथपुर थाना ज्ञानपुर जनपद भदोही 32 वर्ष आपस में टकरा गये जिससे दोनों घायल हो गये। सूचना पर पुलिस के उच्चाधिकारी व थाना प्रभारी चील्ह द्वारा तत्समय मौके पर पहुंचकर घायलों को जिला अस्पताल भेजवाया गया जहां डॉक्टरों नें आकाश व शहजाद को मृत घोषित कर दिया गया। चील्ह पुलिस ने दोनो शवो को कब्जें में लेकर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### शिक्षक मो.अनीस को प्रशस्ति पत्र

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान द्वारा आयोजित कला उत्सव 2023 को जनपद में भव्यतापूर्वक, सफलतापूर्वक और सकुशल संपन्न करवाने के लिए जनपदीय नोडल अधिकारी शिक्षक डा. मोहम्मद अनीस को अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा दीपक कुमार एवं विशेष सचिव माध्यमिक शिक्षा डा. रूपेश कुमार द्वारा प्रशस्ति पत्र दिया गया। इसे जिला विद्यालय निरीक्षक सरदार सिंह ने अनीस को शुक्रवार को दिया।

### गुटखा का पैसा मांगने पर दबंगों ने दुकानदार को पीटा

**अहरौरा, मिर्जापुर।** कन्हईपुर बरगद पेड़ के नीचे जितेंद्र पान गुटका बीड़ी का दुकान लगाता है। गुरुवार कोदो लोगो ने गुटखा पान लिया उसके पश्चात दुकानदार द्वारा पैसा मांगने पर मनबढो द्वारा गाली गलौज देते हुए दुकानदार की पिटाई कर दी।

# देश को विश्वगुरु बनाने का है चुनाव : मौर्य

## पार्टी में भितरघात करने वालों को दी कड़ी चेतावनी, सपा-बसपा और कांग्रेस पर बोला हमला

**की दावेदारी**

- भाजपा प्रत्याशी संगमलाल के नामाकंन में पहुंचे उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य

प्रतापगढ़


नामांकन पत्र दाखिल करते भाजपा प्रत्याशी संगम लाल गुप्ता, साथ में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व पार्टी के पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** भाजपा प्रत्याशी सांसद संगम लाल गुप्ता ने शुक्रवार को नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य पहुंचे। मंच से उन्होंने पार्टी में भितरघात करने वाले नेताओं व कार्यकर्ताओं के प्रति नाराजगी जताते हुए चेतावनी दी। साथ ही उन्होंने कांग्रेस, सपा और बसपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि यह चुनाव किसी प्रत्याशी का नहीं, बीजेपी का नहीं, बल्कि देश को विश्व गुरु बनाने का चुनाव है।

प्रतापगढ़ में आईटीआई के सामने जनसभा के मंच से डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सूचना मिली है कि यहां कुछ लोग अंदर - अंदर गड़बड़ कर रहे हैं। सामने बैठे लोगों से पूछा कि ये बात सही है, जवाब मिला सही है। इसके बाद उन्होंने कहा कि चुपके से सूची बना लेना, उनके भविष्य का इलाज भी कर दिया जाएगा। अंदर - अंदर कोई गड़बड़ी करेगा तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अपने सम्बोधन में उन्होंने इंडिया गठबंधन पर जमकर हमला बोला। कहा कि साइकिल तो पहले ही पंचर है, इस बार भाजपा और जनता जनार्दन द्वारा और पंचर किया जाएगा कि वह दोबारा कभी चल नहीं पाएगी।

प्रतापगढ़ सीट से भाजपा के उम्मीदवार संगम लाल गुप्ता को जिताने की अपील करते हुए कहा कि मोदी राष्ट्र निर्माण में लगे हैं और विपक्षी उनको गाली देने में लगे हैं। राहुल ने अमेठी छोड़कर पलायन कर दिया है। केशव प्रसाद मौर्य ने सर्जिकल स्ट्राइक समेत कई मसलों की चर्चा की। सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य, विधायक जीतलाल पटेल, जिला प्रभारी कौशलेंद्र पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, प्रतापगढ़ चुनाव प्रभारी सुशील उपाध्याय, पूर्व मंत्री राजेन्द्र सिंह मोती, प्रो. शिवाकांत ओझा, पूर्व सांसद रत्ना सिंह, राय साहब सिंह, राजेश सिंह, अंशुमान सिंह, विजय मिश्र, पूर्व विधायक धीरज ओझा, राम शिरोमणि शुक्ल आदि मौजूद रहे।

### डिप्टी सीएम के साथ दोबारा किया नामांकन

भाजपा प्रत्याशी सांसद संगम लाल गुप्ता ने डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के आने में विलंब होने पर शुभ मुहूर्त पर एक सेट नामांकन पत्र दाखिल किया। डिप्टी सीएम के आने के बाद दोबारा जाकर नामांकन पत्र दाखिल किया। साथ में सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य, विश्ववनाथगंज विधायक जीतलाल पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव भी मौजूद रहे।

## छह ने किया नामांकन, दो ने 6 सेट में लिये पर्चे

**प्रतापगढ़ अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के लिए सोमवार से कड़ी सुरक्षा में नामांकन प्रक्रिया चल रही है। कलेक्ट्रेट स्थित डीएम न्यायालय में पांचवें दिन शुक्रवार को छह प्रत्याशियों ने जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन के समक्ष नामांकन किया। दो दावेदारों ने छह सेट में पर्चा खरीदा। कलेक्ट्रेट स्थित नामांकन परिसर में पुलिस ने प्रत्याशियों, उनके प्रस्तावकों और प्रतिनिधियों के अलावा किसी को भी प्रवेश करने नहीं दिया।

प्रतापगढ़ संसदीय सीट पर मतदान छठवें चरण में होगा। यहां 25 मई को वोटिंग होगी। इसके लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सोमवार से कलेक्ट्रेट में नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई, जो छह मई तक चलेगी। कलेक्ट्रेट में सुबह 11 बजे से तीन बजे तक नामांकन दाखिल किए जा रहे हैं। सात मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी। नाम वापसी नौ मई तक होगी। पांचवे दिन भाजपा से संगम लाल गुप्ता ने दो बार मे चार सेट में नामांकन दाखिल किया। बसपा उम्मीदवार प्रथमेश मिश्र ने तीन सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया। राष्ट्रीय जनशक्ति पार्टी से देवी प्रसाद, मानवतावादी समाज पार्टी से महेश कुमार व निर्दलीय हरिकेश बहादुर पांडेय में एक - एक सेट नामांकन किया। पांचवे दिन दो लोगों ने छह सेट में नामांकन पत्र प्राप्त किया। नामाकंन को लेकर सुरक्षा के सख्त इंतजाम रहे।

## सपा प्रत्याशी ने सरकार की नाकामियों को गिनाया


जनसंवाद को संबोधित करते सपा प्रत्याशी। अमृत विचार

**मिर्जापुर, अमृत विचार।** 79-मिर्जापुर लोकसभा क्षेत्र से सपा इण्डिया गठबंधन प्रत्याशी राजेन्द्र एस बिन्द का शुक्रवार को छानबे विधानसभा का क्षेत्रीय भ्रमण जनसंवाद कार्यक्रम अन्तर्गत दर्जनों गांवों का दौरा कर जोन व सेक्टर प्रभारियों से जनसंवाद किया। इस दौरान पतुलकी, लालगंज, दुबार, दीवानपुर, बरौधा ड्रमण्डगंज, लहुरियादह, भैसोर, गलरा, रतेह, रतेह चैराहा, गड़बड़ा पुल, थाना चैराहा हलिया, खम्हरिया, भटवारी आदि दर्जनो जगह जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित कर भ्रमण कर आमजन मानस की समस्याओं को सुना। इस दौरान ग्रामीणो ने जगह-जगह प्रत्याशी स्वागत किया। उन्होंने समाजवादी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों एवं सिद्धान्तों को जनसंवाद के दौरान लोगो को विस्तार से बताया। इस मौके पर प्रत्याशी राजेन्द्र एस बिन्द ने कहा कि भाजपा के लोग देश के संविधान और जनता की जान के पीछे पड़े हैं। वैक्सीन लगवाकर लोगों के सामने संकट पैदा किया है। कोरोना वैक्सीन को लेकर जो रिपोर्ट आयी है वह गंभीर है। भाजपा के लोग आपदा में अवसर तलाशते हैं। वैक्सीन बनाने वाली कम्पनी से भी चंदा वसूल लिया। इस दौरान जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि भाजपा पीडीए परिवार से घबराई है। पीडीए परिवार एनडीए को हरायेगा। इंडिया गठबंधन को मजबूत करेगा। पहले-दूसरे चरण के चुनाव में भाजपा के पैर उखड़ गये हैं। उनकी भाषा बदल गयी है। जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान आशीष यादव, मुन्नी यादव, आदर्श यादव, सियाराम जैसल, रामगोपाल बिन्द, सोकिम अहमद, परवीन बानो, हरिशंकर यादव, मुकुन्द यादव, अशोक मिश्रा, नेहा खान, वन्दना गुप्ता, कमला पटेल, गायत्री पटेल, संजय सिंह, पिन्टू पाण्डेय, धर्मेन्द्र मौर्या, बब्बू आदि थे।

## सार-संक्षेप

### पीयू में सेमेस्टर परीक्षा का मूल्यांकन शुरू

**जौनपुर, अमृत विचार।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के सम सेमेस्टर 2024 का मूल्यांकन शुक्रवार को बाबा साहब देवरस केंद्रीय मूल्यांकन भवन में प्रारंभ हो गया। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह और परीक्षा नियंत्रक अजीत सिंह ने विधिवत पूजन कर मूल्यांकन प्रारंभ कराया। इस अवसर पर कुलपति ने शिक्षकों को समय से परीक्षा कराने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया और मूल्यांकन कार्य को भी गुणवत्तापूर्ण ढंग से समय से पूरा करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जिस तरह से शुचिता से परीक्षा कराई गई है ठीक उसी तरह सही ढंग से मूल्यांकन कार्य भी होना चाहिए। मूल्यांकन समन्वयक डा. रामजीत सिंह, सह समन्वयक डॉ. अनुराग मिश्र एवं डॉ. ममता सिंह के पिछले मूल्यांकन के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि आपके कार्य को देखते हुए पुनः दायित्व दिया गया है। मूल्यांकन में लगे कर्मियों को निर्देश दिया कि बाहर से आए हुए परीक्षकों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। सर्वप्रथम समाजशास्त्र विषय का मूल्यांकन प्रारंभ हुआ इसमें कुल 190 परीक्षकों ने मूल्यांकन कार्य किया।

### एसडीएम ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण


मतदान केंद्र का निरीक्षण करते एसडीएम। अमृत विचार

**हलिया, मिर्जापुर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देश पर लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिकोण से मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने के लिए एसडीएम लालगंज गुलाब चंद्र ने शुक्रवार को हलिया के मतदान केंद्रों पर पंहुचकर मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया है। जिस मतदान केंद्र पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं है वहां मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। एसडीएम ने मतदान प्राथमिक विद्यालय नेवादा बूथ पर पहुंचकर मतदाताओं के लिए मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया। इसी क्रम में क्रिटिकल मतदान केंद्र नेवादा, कोठी खुर्द व बरौंधा के प्राथमिक विद्यालयों के बूथों पर पहुंचकर मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया गया है जो भी कमियां हैं उसे पूरा कराने के लिए ग्राम प्रधान को निर्देशित किया गया है। इस दौरान ग्राम प्रधान बनवा इंद्रबहादुर बिंद, सुपरवाइजर मंयक दूबे, ग्रामीण योगेश सिंह, राजबहादुर सिंह, संजय सिंह, बूथ लेवल अधिकारी आदि मौजूद रहे।

### केंद्रीय विद्यालय की प्रगति का डीएम ने किया निरीक्षण


निर्माणाधीन केंद्रीय विद्यालय का निरीक्षण करतीं डीएम।

**मिर्जापुर, अमृत विचार।** तहसील सदर के ग्राम देवरी में निर्माणाधीन केन्द्रीय विद्यालय के कार्य प्रगति का जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के कार्य प्रगति की जानकारी व पूर्ण होने की जानकारी प्राप्त करने के साथ ही क्लास रूम, प्रयोगशाला कक्ष, खेल मैदान, शौचालय, किचन आदि का भ्रमण कर निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित कार्यदायी संस्था को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्य में और तेजी लायी जाए ताकि अगामी सत्र से विद्यालय का संचालन इसी भवन से किया जा सकें। इस अवसर पर प्रधानाचार्य केन्द्रीय विद्यालय के द्वारा कार्य प्रगति व भवन के बारे में विस्तृत जानकारी जिलाधिकारी को दी गयी।

### लोकसभा चुनाव के लिए 727 होमगार्ड मुरादाबाद रवाना

**मिर्जापुर, अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के लिए जनपद के 727 होमगार्ड शुक्रवार को बसों से मुरादाबाद रवाना हुए। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने होमगार्डो के बसो को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इसके पूर्व उन्होने सभी जवानो को सम्बोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश जनपद में अच्छा कार्य करने का यह परिणाम है कि जनपद के होमगार्ड के जवानो को मध्य प्रदेश में भेजा गया था जहां पर जवानों के ड्यूटी व आचरण से काफी प्रशंसा मिली हैं। उन्होंने कहा कि आगे भी जहां भी हमारे जनपद के जवान निर्वाचन कार्य के लिये जाए अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुये अच्छे से जिम्मेदारी निभायें। उन्होने कहा कि यदि किसी को किसी प्रकार की परेशानी या दिक्कत हो तो तत्काल होमगार्ड कमांडेंट से वार्ता कर सम्पर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नितेश सिंह ने भी होमगार्ड के जवानो को निष्ठापूर्वक दायित्व के निर्वहन करने हेतु प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर जिला कमांडेंट बीके सिंह व मण्डलीय कमांडेंट सुधाकराचार्य पाण्डेय भी उपस्थित रहें।

### सगे भाइयों की हत्या के मामले में पांच आरोपी गिरफ्तार

**बरसठी जौनपुर, अमृत विचार।** स्थानीय थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार की सुबह हुए दो सगे भाइयों की हत्या के मामले में पीड़िता ने 11 लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा पंजीकृत कराया है। जिसमें बरसठी पुलिस ने पांच हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया पलटूपुर गांव में ग्राम समाज की पट्टे की जमीन को लेकर दशरथ यादव उर्फ मुन्ना व केशनाथ यादव में विवाद चल रहा था। जिसका फैसला न्यायलय ने दशरथ यादव के पक्ष में सुनाया था। राजस्व टीम ने आकर दशरथ यादव को उस जमीन पर कब्जा भी दिल दिया। जो केशनाथ यादव को खटक रहा था जिस पर केशनाथ यादव ने अपनी दबंगई दिखाते हुए उस मड़हे को बुधवार की शाम उठा कर फेंक दिया। दशरथ उस जमीन पर दीवार बनाने के लिए ईंट गिरवा चुके थे। वह जमीन दशरथ के घर से थोड़ी दूर थी जो की केशनाथ का घर बिलकुल पास में है जब मडहें को फेंक जाने की सूचना मृतक दशरथ यादव और उनके परिजनों को हुई तो वह मौके पर पहुंचे जहां पहले से ही घात लगाए बैठे कैशनाथ यादव और उनके परिवार सहित कुछ मनबढ़ लाठी डंडे से लैश थे वह दशरथ और उनके सगे भाई सुभाष यादव और परिवार के सदस्यों पर दर्जनों की संख्या में टूट पड़े और प्राण घातक हमला कर दिए जिसमे दशरथ और उनके भाई सुभाष जो की घर के मुखिया थे उन्हे गंभीर चोट आई दबंग मारपीट कर मौके से फरार हो गए इसकी जानकारी पुलिस को मिली तो पुलिस मौके पर पहुंच गई और घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जहां दशरथ और सुभाष और उनके बेटे को रेफर कर दिया गया जिला अस्पताल में दशरथ और उनके भाई सुभाष की मौत हो गई।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**हलिया, मिर्जापुर, अमृत विचार।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के ढेढी मझिगवां गांव निवासी युवक की गुरुवार की देर रात में चारपाई पर बरामदे में सोते समय संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के ढेढी मझिगवां गांव निवासी 30 वर्षीय देवीशंकर गुरुवार की रात्रि में खाना खाने के बाद बरामदे में चारपाई पर सो रहे थे कि संदिग्ध परिस्थितियों में चारपाई पर मौत हो गई सुबह से बरामदे में पहुंचे परिजनों ने युवक को चारपाई पर मृत अवस्था में देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज अरविंद कुमार सरोज ने तत्काल युवक को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जहां पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डाक्टर अवधेश कुमार ने देखते ही युवक को मृत घोषित कर दिया। लोगों में इस बात की भी चर्चा रही कि विद्युत तार टूट कर युवक के चारपाई पर गिर जाने से उसकी चपेट में आकर युवक की मौत हुई है। फिलहाल पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डाक्टर अवधेश कुमार ने बताया कि पुलिस द्वारा एक युवक को मृत अवस्था में लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया आयी थी। युवक के मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पायेगा।

### तमंचा व कारतूस के साथ हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**हलिया, मिर्जापुर, अमृत विचार।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के गड़बड़ा पुल नौगवां संपर्क मार्ग से गुरुवार की देर रात में पुलिस ने एक हिस्ट्रीशीटर को तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर हिस्ट्रीशीटर को जेल भेज दिया है। ड्रमंडगंज थाने के एसआई भरत राय मय हमराह हेड कांस्टेबल संतोष पटेल व इमरान के साथ गश्त कर रहे थे कि मुखबिर से सूचना मिली कि एक हिस्ट्रीशीटर किसी घटना को अंजाम देने के लिए तमंचा व कारतूस लेकर कंही जा रहा है। जिस पर एसआई मय हमराह हेड कांस्टेबल के साथ गड़बड़ा पुल नौगवां संपर्क मार्ग पर पंहुचकर हिस्ट्रीशीटर हलिया थाना क्षेत्र के महुगढ छतरिहा गांव निवासी हिस्ट्रीशीटर मोविन उर्फ अली हुसैन को तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर हिस्ट्रीशीटर को थाने पर लाकर शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर हिस्ट्रीशीटर को जेल भेज दिया है। हिस्ट्रीशीटर के विरुद्ध हलिया थाने में कई मामलों में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर बना दिया था।

# नया पुल बनने को लेकर ठेकेदार ने पानी का रास्ता रोका

**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** राजगढ़ क्षेत्र में गर्मी को देखते हुए जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने धनरौल बांध खोलने का आदेश दिया था उसी के बाद से लगभग एक महीने से नहर में पानी जा रहा है। लेकिन राजगढ़ का बकहर पुल एक महीने से काम चल रहा है और पानी बिना तालाब सुख रहे है पानी बिना जंगली जानवरों के अलावा पशु पक्षी सभी परेशान हो रहे हैं। अगर ऐसे ही पानी का रास्ता रोक दिया जाता है तो पशुओं को और जंगली जानवरों को पानी पीने में बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। आने वाले समय में लोगों को सुखे की स्थिति से सामना करना पड़ेगा। इस भीषण गर्मी को देखते हुए जगह-जगह लोगों पीने की पानी की व्यवस्था कर रहे हैं। लेकिन ठेकेदार ने पानी का रास्ता बंद कर दिया जिससे पानी राजगढ़ होते हुए नहीं जा पा रहा है और तालाब भी सूखे पड़े हुए हैं कई बार ग्रामीण ठेकेदार से मिलकर पानी खोलने की मिट्टी हटाने से पानी बकहर नाला में जाने लगेगा और लोग गर्मी को देखते हुए पानी का लेवल बनाने के लिए तालाबों की भराई हो सकेगी। ठेकेदार पर इसका कोई असर नहीं पड़ रहा है राजगढ़ में जितने भी पुल है मिर्जापुर होते हुए बन रहे हैं सभी ठेकेदारों ने अपना काम रोककर पानी आगे बढ़ा दिया और वाटर लेवल बना हुआ है।

## शिक्षकों को दी गयी पोर्टेबल किट

**प्रतापगढ़ अमृत विचार।** राजकीय माध्यमिक कॉलेज के गणित और विज्ञान के शिक्षकों को पोर्टेबल किट उपलब्ध कराई जाएगी। किट के साथ यूजर मैनुअल पुस्तिका भी दी जाएगी। पुस्तिका के अध्ययन के बाद किट का प्रयोग कर शिक्षक विद्यार्थियों को गणित और विज्ञान की पढ़ाई कराएंगे।

जनपद के 43 राजकीय इंटर कॉलेजों में करीब 20 हजार विद्यार्थी पंजीकृत है। विज्ञान और गणित शिक्षण को बढ़ावा देने के लिए पोर्टेबल (एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले सकना) किट की मदद से पढ़ाई कराई जाएगी। वर्तमान हाईस्कूल और इंटर के पाठ्यक्रम में नए वैज्ञानिक नवाचार को बढ़ावा देने में किट काफी मददगार साबित होगी।

# दो पक्षों में मारपीट, एक की मौत

कुण्डा, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** वर्चस्व को लेकर शुक्रवार दोपहर दो पक्ष शुक्रवार दोपहर आमने - सामने हो गए। जमकर लाठी-डंडे व धारदार हथियार चले। जिसमें एक पक्ष से युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे पक्ष का युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बाघराय थाना क्षेत्र के काशीपुर डुबकी मुड़ियापुर निवासी संजीत कुमार व सतीश कुमार एवं जंगू उर्फ जंग बहादुर के बीच करीब छह माह से वर्चस्व को लेकर संघर्ष चला आ रहा है। छह माह पहले जंगू उर्फ जंग बहादुर को संजीत आदि लोगों ने जमकर मारा-पीटा था। इस मामले की रिपोर्ट जंग बहादुर ने बाघराय थाने में दर्ज कराई थी। शुक्रवार को योजनाबद्ध तरीके से संजीत और उसका साथी राहुल सरोज निवासी बढ़ईपुर महेशगंज आदि लोगों ने मिलकर जंगू के घर पहुंचकर उस पर लाठी-डंडे व धारदार हथियार से हमला कर दिया। दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे व ईंट-पत्थर तथा कुल्हाड़ी चली। इससे मौके पर ही 20 वर्षीय राहुल सरोज पुत्र सुखलाल की मौत हो गई।

### सिगरेट मांगने पर मारपीट के बाद चला चाकू, दो घायल

**प्रयागराज, अमृत विचार।** गंगानगर इलाके के मऊआइमा थाना क्षेत्र के हरखपुर चौराहे पर गुरूवार की देर रात शराब के नशे में धुत दोस्तों में सिगरेट को लेकर विवाद हो गया। विवाद के बाद छीनाझपटी शुरू हो गई। इसके बाद जमकर मारपीट हुई। मारपीट में दोनों दोस्तों में चाकू बाजी शुरू हो गई। इस दौरान दोनो दोस्त चाकू की छीना झपटी में घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर लोगो की भिड़ जुट गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को इलाज के लिए भेजा गया साथ उनसे पूछताछ शुरू की गयी। हरखपुर गांव का रहने वाला हीरा यादव (21) वर्ष चौराहे पर अंडे और पान की दुकान चलाता है। उसके गांव का ही रहने वाले उसका दोस्त लालू प्रसाद रोज दुकान पर आकर बैठकी करता था। गुरुवार की देर रात तक दोनों ने बैठकर साथ में शराब पी। शराब के नशे में धुत हीरालाल और लालू के बीच सिगरेट को लेकर गाली-गलौच और मारपीट शुरू हो गई। लालू प्रसाद ने सिगरेट हीरा से मांगा तो न देने पर विवाद बढ़ गया। जिसके बाद जमकर मारपीट हुई। हीरा ने चाकू निकाला और हमला कर दिया। छीनाझपटी में चाकू दोनों को लग गया।

# अतीक के करीबियों ने मांगी रंगदारी

- जमीन कब्जा कर बेचने का बना रहे दबाव

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार:** माफिया अतीक अहमद के गुर्गों और करीबियों से परेशान लोग अब अपनी समस्याओं को लेकर जुबान खोलने लगे है। वह अब सीधे पुलिस के पास पहुंचकर फरियाद लग रहे है। ताज़ा मामला धूमनगंज का है। जहां अतीक के करीबियों ने करैली के रहने वाले एक पीड़ित परिवार की जमीन ओर जबरियन कब्जा कर रखा है। कब्जा छोड़ने के लिए रंगदारी न देने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पीड़ित ने पुलिस के पास पहुंचकर मुकदमा दर्ज कराया है।

करेली के रहने वाले मोहम्मद आमिर ने मोहम्मद फहीम, मोहम्मद मसरूर, जकी अहमद सहित अन्य कई अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी, रंगदारी मांगने, जान से मारने की धमकी सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कराया है। पीड़ित का आरोप है कि अतीक के करीबी जमीन के बदले रंगदारी मांग रहे हैं। गुरुवार देर रात पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दबिश देना शुरू कर दिया है। आमिर ने पुलिस को तहरीर में बताया है कि कसारी मसारी में खरीदी गई जमीन पर आरोपी दबंगई के दम पर अवैध कब्जा कर रहे हैं। जब विरोध किया जाता है, वह रंगदारी मांगने के साथ जान से मरने की धमकी देते है। आमिर का कहना है कि 25 अप्रैल को प्रशासन की टीम ने उस जमीन का स्थल निरीक्षण किया था। दोनों पक्षों ने अपने-अपने दस्तावेज भी दिखाए थे। इसके बाद दोनों पक्षों को किसी तरह से निर्माण करने के लिए रोक लगा दिया गया था। नाराज मोहम्मद फहीम और उसके कुछ साथी हमला करने पहुंच गए थे। यह सब मोहम्मद मसरुर और जकी अहमद के कहने पर ही किया गया था। आरोपियों ने धमकी दी की जमीन चाहिए तो 10 लाख रुपए रंगदारी दो। वरना तुम्हारा मकान नहीं बनने देंगे। ऐसा नहीं किया गया तो तुम्हें और तुम्हारे परिवार को जान से मार देंगे। आमिर का आरोप है कि मोहम्मद अशरफ नाम के शख्स ने फोन करके धमकी दी थी। जमीन को भूल जाओ वरना जान से मार दिया जाओगे।

## ट्रेन की चपेट में आने से दो महिलाओं की मौत

**प्रतापगढ़ अमृत विचार।** कोतवाली देहात के भुपियामऊ चौकी अंतर्गत राजगढ़ गांव में शुक्रवार सुबह साढ़े आठ बजे गांव की 48 वर्षीय सोनकली देवी पत्नी लालमणि पाल घर से कुछ दूर मवेशी छोड़कर चरा रही थी। उमरपुर रेलवे पटरी के किनारे टहलते समय वह ट्रेन की चपेट में आ गई, जिससे दर्दनाक मौत हो गई। इधर रानीगंज प्रतिनिधि के अनुसार लखनऊ - वाराणसी रेल मार्ग पर गौरा से मां बाराही धाम रेलवे स्टेशन के बीच कौलापुर गांव के पास नहर रेलवे पुलिया के समीप शुक्रवार की शाम करीब पांच बजे एक करीब 35 वर्षीय महिला ट्रेन की चपेट में आ गई। जिससे उसकी भी दर्दनाक मौत हो गई।

# हाईटेक सिटी में तैयार हो रहा सिक्सलेन फ्लाईओवर

**प्रयागराज। अमृत विचार:** नैनी स्थित सरस्वती हाईटेक सिटी में मिर्जापुर रोड के पास महाकुंभ-2025 को लेकर नैनी और फूलपुर में बन रही इनररिंग रोड पर नैनी की ओर से एक नए फ्लाईओवर का निर्माण कार्य शुरू किया गया है। यह फ्लाईओवर नैनी के सरस्वती हाईटेक सिटी में मिर्जापुर रोड के ऊपर तैयार किया जा रहा है। जिसकी लंबाई 1.1 किलोमीटर तय की गयी है। इस फ्लाईओवर के निर्माण से हाईटेक सिटी को कोई नुकसान नहीं होगा। इस फ्लाई ओवर से लोगो को काफी सहुलियत मिलेगी। वहीं पलाईओवर का निर्माण दिसंबर 2024 तक पूरा किया जाना है।

दरअसल इनर रिंग रोड के निर्माण में सरस्वती हाईटेक सिटी का निर्माण कर रही यूपीसीडा की ओर से आपत्ति दाखिल की गई थी। आपत्ति मे कहा गया था कि इनर रिंग रोड के तैयार होने से हाईटेक सिटी दो खंडों में विभाजित हो जायेगा। जिससे काफी नुकसान होगा। वहीं इस आपत्ति पर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने एक सिक्स लेन पुल का प्रस्ताव साल की शुरूआत में भेजा था, जिसे आचार संहिता लगने से पहले ही मंजूरी दे दी गई। जिसके बाद फ्लाईओवर का निर्माण शुरू कर दिया गया। यह फ्लाईओवर सरस्वती हाईटेक सिटी के ऊपर से होकर गुजरेगा।

**लगाया आरोप** | जौनपुर पहुंचने पर धनंजय सिंह का हुआ स्वागत

# चुनाव न लड़ सकूं इसलिए की गयी थी घेराबंदी

जौनपुर


धनंजय का स्वागत करते समर्थक।

**अमृत विचार।** बरेली जेल से रिहा होने के बाद आज बाहुबली पूर्व सांसद धनन्जय से अपने घर पहुंचे तो उनके समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

इस मौके पर मीडिया से बातचीत में कहा कि मुझे चुनाव न लड़ने के लिए घेराबंदी की जा रही थी, मेरी पत्नी को बीएसपी ने प्रत्याशी बनाया है मैं चुनाव में भागीदारी न कर सकूं इसके लिए भी घेराबंदी की गई। लेकिन इस विषम परिस्थितियों में मेरी पत्नी ने मोर्चा सम्भला लिया। उन्होंने कि मेरे साथ जो अन्याय हुआ उसे यहां की जनता सब देख रही है। इस वजह से मुझे जाति मजहब से उठकर सभी वर्गों का समर्थन मिल रहा है।

गौर तलब है कि एक अपराधिक मामले में 05 मार्च को अदालत द्वारा सज़ा सुनाए जाने के बाद पूर्व सांसद धनंजय सिंह को जिला कारागार भेज दिया गया था। बीते 27 अप्रैल को इलाहाबाद हाई कोर्ट ने पूर्व सांसद को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। लेकिन इससे पहले ही प्रशासन ने उन्हें जौनपुर जेल से बरेली केन्द्रीय कारागार भेज दिया।

दो दिन की कागजी कार्यवाही पूरी होने के बाद बुद्धवार की सुबह पूर्व सांसद धनंजय सिंह बरेली जेल से निकले। लोगों को जब पता चला कि धनंजय सिंह अपने अध्यात्मिक गुरु का आशीर्वाद लेने कैंचीधाम चले गए लेकिन गुरुवार को जैसे ही खबर लगी कि पूर्व सांसद धनंजय सिंह बिजेथुआ महावीरन धाम पर हनुमान जी का दर्शन करके जौनपुर की सीमा में प्रवेश कर चुके है।

वैसे ही रुधौली बाजार, बड़ागांव, सराय मोहिद्दीनपुर से लेकर शाहगंज और खेतासराय तक लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा।

विश्व प्रसिद्ध गुरैनी मदरसे मे पहुंच कर धनंजय सिंह ने लोगों से दुआ की।

# वन्यजीव प्रतिबंधित क्षेत्र से गुजर रहे ओवरलोड वाहन

**हलिया, मिर्जापुर।** स्थानीय कैमूर वन्यजीव अभयारण्य के प्रतिबंधित क्षेत्र से बिना किसी रोक-टोक के गिट्टी बालू लादकर मध्यप्रदेश की ओर से ओवरलोड ट्रक हाइवा वाहन धड़ल्ले के साथ गुजर रहे हैं लेकिन पुलिस व वन विभाग मौन है। वन्यजीव अभयारण्य प्रतिबंधित क्षेत्र से वाहनों के गुजरने के एवज में बताया जा रहा है पुलिस व वन विभाग द्वारा सुविधा शुल्क लिया जा रहा है। इतना ही नहीं इन वाहनों द्वारा राजस्व की चोरी भी हो रही है टोल टैक्स से बचाने के लिए वन्यजीव अभयारण्य के प्रतिबंधित क्षेत्र से होकर बेखौफ होकर गुजर रहे हैं। यह वाहन पुलिस व वन विभाग के काले कमाई का जरिया बन गया है। जबकि अंतर्राज्यीय बैरियर चेक पोस्ट मनिगढा जड़कुड़ बार्डर पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस द्वारा बैरियर लगाकर वाहनों की चेकिंग किया जा रहा है उच्च अधिकारियों द्वारा बार्डर चेक पोस्ट पर विशेष निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए और मानिटरिंग किया जा रहा है इसके बाद भी वाहनों के आवागमन में अंकुश नहीं लग पा रहा है। पुलिस के कारखास द्वारा वाहनों के एंट्री के नाम पर वसूली किया जा रहा जिन वाहनों के मालिकों द्वारा पुलिस या वन विभाग को एंट्री नहीं दिया जाता है उन वाहनों को सीज कर दिया जाता है।

इलेक्शन बायस्कोप



लोकतंत्र के उत्सव को इन दिनों स्कूलों में भी मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स पीजी कॉलेज, लखनऊ की ओर से बाबू बनारसी दास वार्ड लखनऊ में मतदाता जागरूकता को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया जिसमें छात्राओं ने काफी दिलचस्पी दिखायी। -अमृत विचार

## उपचुनाव : प्रत्याशी ने शुरू किया जनसंपर्क

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस पार्टी से लखनऊ पूर्वी विधानसभा उपचुनाव प्रत्याशी मुकेश सिंह चौहान ने शुक्रवार को जनसम्पर्क की शुरुआत अरविंदो पार्क और एकता पार्क से की। प्रत्याशी ने कहा कि जनता का रुझान इस बार कांग्रेस के पक्ष में दिखा रहा है। इसके साथ ही आज कांग्रेस पार्टी के शहर अध्यक्ष शहजाद आलम सहित कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ ने नेताओं ने समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष फाकिर सिद्दीकी से मध्य मुलाकात की। सपा महानगर अध्यक्ष ने समाजवादी पार्टी के समस्त कार्यकर्ताओं को पूरी ताकत से पूर्वी विधानसभा के उपचुनाव में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए आश्वासन दिया।

# राहुल के सामने विरासत बचाने की चुनौती

## 2019 लोकसभा चुनाव में उप्र. की रायबरेली सीट ही जीत पाई थी कांग्रेस

**रमेश चन्द्र , लखनऊ**

**अमृत विचार।** रायबरेली सीट पर चुनाव मैदान में उतरे कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के सामने अपनी प्रतिष्ठा के साथ विरासत बचाने की चुनौती है। मोदी लहर में भी अपना गढ़ बचाने में कांग्रेस सफल रही थी। पिछले चुनाव में सोनिया गांधी ने इस सीट पर जीत दर्ज की थी।

रायबरेली सीट पर सबसे पहले 1952 में फिरोज गांधी ने चुनाव लड़ा था और यह सीट जीती थी। इसके बाद 1957 में उन्होंने फिर इस सीट पर जीत दर्ज की। बाद में इंदिरा गांधी का राजनीतिक सफर शुरू हुआ। कुछ कांग्रेस नेताओं के इस सीट पर जीत के बाद 1971 से इंदिरा गांधी ने इस सीट पर विजय हासिल की। इसके बाद 1977 व 1980 में इंदिरा फिर इस सीट से चुनी गईं। बाद के चुनाव में इस सीट पर कांग्रेस के टिकट पर विक्रम कौल, दीपा कौल व कैप्टन सतीश शर्मा ने जीत हासिल की। वर्ष 2004 में इस सीट पर कांग्रेस के





- **1952 में सबसे पहले फिरोज गांधी ने लड़ा था चुनाव**
- **1971 में इंदिरा गांधी ने हासिल की थी जीत**

पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने चुनाव लड़ा और उन्होंने जीत हासिल की थी। इसके बाद वह लगातार 2019 तक चुनाव जीतती रहीं।

कांग्रेस के गढ़ मानी जाने वाली इस सीट पर इस बार प्रियंका गांधी के चुनाव लड़ने की चर्चा थी। स्थानीय कांग्रेस नेताओं के साथ ही प्रदेश कांग्रेस ने भी प्रियंका के चुनाव लड़ाने की मंशा से केंद्रीय नेतृत्व को अवगत करा दिया था, पर पार्टी ने रणनीति का तर्क देकर इस सीट के साथ अमेठी सीट पर भी प्रत्याशी घोषित नहीं किया। ऐसे में नामांकन के पहले तक प्रियंका गांधी के ही चुनाव लड़ने की संभावना बनी थी।

प्रियंका गांधी को चुनाव लड़ाने की मंशा रखने वाले स्थानीय लोगों व पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच राहुल गांधी को यह सीट जीतकर उनकी झोली में डालने की चुनौती है।



## अपनी ढपली अपना राग



बजरंग बली के सच्चे भक्त होने के नाते बाबाजी और हम लोग गुंडों को ठीक करते हैं, ताकि सच्चे अर्थों में रामराज्य की स्थापना हो सके। - डॉ. मोहन यादव



न्याय की जंग में, मैं मेरे अपनों की मोहब्बत और उनका आशीर्वाद मांगता हूं। संविधान और लोकतंत्र को बचाने की इस लड़ाई में सभी मेरे साथ हैं। - राहुल गांधी



देश का प्रधानमंत्री जनता को गुमराह कर रहा है। हम रोजगार देंगे। न्याय पत्र में जो घोषणाएं की हैं वह पूरी की जाएंगी। -प्रियंका गांधी



सपा की सरकार में सपाइयों का नारा, हर खाली प्लॉट हमारा। जिस गाड़ी में सपा का झंडा उस गाड़ी में बैठा गुंडा। भाजपा राज में ऐसा कुछ नहीं। -केशव प्रसाद मौर्य

# वोट की कसौटी पर फिर राम और अयोध्या

**इंदुभूषण पांडेय, अयोध्या**

**अमृत विचार :** राम मंदिर मुद्दे के नाते भाजपा के लिए सियासी ऊर्जा का केंद्र समझी जाने वाली अयोध्या एक बार फिर वोट की कसौटी पर है। बगैर किसी तामझाम के बिना किसी रैली व सभा के भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह का नामांकन और नामांकन के पहले उनका रामलला के शरणागत होना ही काफी है यह बताने के लिए कि भाजपा बहुत कुछ होते हुए भी इस चुनाव में भी राम के भी भरोसे है। वह भी तब जब भव्य राम मंदिर निर्माण और उसमें रामलला की प्राणप्रतिष्ठा भी हो चुकी है।

राम मंदिर आन्दोलन शुरू हुआ तो बीते लगभग चार दशकों में कई पड़ाव आए जब वोट के लिहाज से सियासत साधने की कोशिश में अयोध्या को मोहरा बनाया गया। पहला अहम पड़ाव था वर्ष 1992 का था जब राम मंदिर आन्दोलन के दौरान भाजपा, संघ और विश्व हिन्दू परिषद के तमाम शीर्ष नेताओं की मौजूदगी में दिसम्बर 92 में अयोध्या में विवादित ढांचा ढहा दिया गया था। तब इसे हिंदुत्व के उफान का चरम

- **1993 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को केवल एक सीट पर मिली थी सफलता**
- **विधानसभा चुनाव- 2022 में चार सीटों पर जीती थी पार्टी**

माना गया था। लेकिन ठीक इसी के बाद 1993 में जब विधानसभा के चुनाव हुए तो इस लोकसभा सीट की छह विधानसभा सीटों में मात्र अयोध्या सीट ही भाजपा के हाथ आई, शेष बीकापुर, सोहावल, रुदौली और दरियाबाद विधानसभा सीटें सपा के खाते में चलीं गईं और मिल्कीपुर सीट पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का परचम लहराया। उस चुनाव में अयोध्या से भाजपा के लल्लू सिंह, मिल्कीपुर से भाकपा के मित्रसेन यादव, बीकापुर से सपा के परशुराम यादव, सोहावल से सपा के अवधेश प्रसाद और रुदौली से सपा के इश्तियाक अहमद व दरियाबाद से सपा के राधेश्याम विजई हुए थे। एक तरह से कहा जाए तो ढांचा गिराने के बाद उठी हिंदुत्व की लहर भाजपा के काम नहीं आई।

दूसरा पड़ाव आया जब सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद अगस्त 2020 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन किया। इस अवसर का भी भरपूर सियासी लाभ लेने की कोशिश हुई। इसी के बाद हुए 2022 के विधानसमा चुनाव में राम मंदिर के मुद्दे को उभारा गया और तब भाजपा यह नारा देकर चुनाव में कूदी कि.. "जो राम को लाए हैं हम उनको लायेंगे"।

चुनाव के परिणाम आए तो भाजपा का यह नारा बहुत फलीभूत होता नहीं दिखा। फैजाबाद संसदीय सीट और अयोध्या ज़िले की विधानसभा सीटों में दो सीटें भाजपा के हाथ से खिसक गईं। 2022 के विधानसभा चुनाव में अयोध्या से भाजपा के वेद प्रकाश गुप्ता, बीकापुर से भाजपा के अमित सिंह, रुदौली से भाजपा के रामचंद्र यादव, दरियाबाद से भाजपा के सतीश शर्मा तो चुनाव जीते लेकिन पहले की जीती हुई दो सीटें भाजपा ने सपा के हाथों गंवा दी। मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर सपा के अवधेश प्रसाद ने भाजपा विधायक गोरखनाथ बाबा को शिकस्त देकर कब्जा किया तो वहीं गोसाईगंज में सपा के अभय सिंह ने भाजपा विधायक रहे खब्बू तिवारी की पत्नी को मात देकर सीट भाजपा से छीन ली।



### मंदिर निर्माण के बाद पहला चुनाव

राम मंदिर निर्माण और मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद हो रहे इस पहले लोकसभा आम चुनाव में भी अयोध्या को वोट की कसौटी पर भाजपा कस रही है। जाहिरा तौर पर फैजाबाद संसदीय सीट पर भाजपा के प्रत्याशी लल्लू सिंह के सामने कहीं कोई चुनौती नहीं दिख रही है लेकिन वहीं अवध क्षेत्र की अन्य सीटों पर भाजपा कड़े मुकाबले में हर जगह लगभग फंसी हुई दिख रही है। वह चाहे बाराबंकी हो अम्बेडकरनगर, बस्ती, गोंडा, बहराइच, कैंसरगंज और श्रावस्ती। इन सीटों पर कौन बाजी मार ले जाएगा कहना बहुत आसान नहीं है। इस तरह से देखा जाए तो इस चुनाव में भी भाजपा की नैया सिर्फ राम के सहारे पार होते नहीं दिख रही है। उत्तर प्रदेश में अब तक दो चरणों में हुआ फीका मतदान भी बहुत अच्छा संकेत नहीं है।

देखा जाए तो शिलान्यास के बाद अयोध्या के सहारे वोट साधने की कोशिश भाजपा की यहां भी बहुत कामयाब नहीं रही।

## बसपा ने उलटफेर करते हुए पांच और प्रत्याशी किए घोषित

**अमृत विचार ,लखनऊ :** बसपा ने प्रत्याशियों की 12वीं सूची में गैसड़ी विधान सभा सीट पर हो रहे उपचुनाव में मो.हारिस खान को प्रत्याशी बनाने के साथ ही लोकसभा की दो सीटों पर तीसरी बार फेरबदल किया हैं।

- **पार्टी ने प्रत्याशियों को उतारकर दिखाई सोशल इंजीनियरिंग**

राष्ट्रीय महासचिव मेवालाल द्वारा गुरुवार देर रात आधिकारिक सूची जारी करते हुए बताया कि वाराणसी व भदोही में फिर प्रत्याशी बदला गया है। वाराणसी में अतहर जमाल अंसारी और भदोही में हरिशंकर सिंह उर्फ दादा चौहान को उतारा है। वहीं इलाहाबाद सीट पर रमेश सिंह पटेल, बांसगांव सीट पर डॉ.राम समुझ को उतारा है। साथ ही श्रावस्ती से मुइनुद्दीन अहमद खान उर्फ हाजी दद्दन खान को प्रत्याशी बनाया गया है। सोशल इंजीनियरिंग का फार्मूले का दावा करने वाली बसपा ने अभी तक 20 मुस्लिम, इतने ही सवर्ण व ओबीसी प्रत्याशी उतारे हैं, जबकि 17 ओबीसी, एक सिख प्रत्याशी को मौका दिया है।

## चुनावी चक्कर

### अखिलेश-डिंपल की बिटिया भी हैं प्रचार में :

मैनपुरी सीट के चुनावी मुकाबले पर भी राजनीति के बड़े नेताओं की भी नजरें हैं। एक तरफ जहां समाजवादी पार्टी ने इस सीट पर अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव को प्रत्याशी बनाया है तो वहीं उनके मुकाबले भारतीय जनता पार्टी ने जयवीर सिंह को उम्मीदवार खड़ा किया है। जयवीर सिंह उप्र. सरकार में कैबिनेट मंत्री भी हैं। बहरहाल चुनाव प्रचार में कोई कमी ना रहे इसे लेकर समाजवादी पार्टी पूरे दमखम से जुटी हुई है। सपा की पारंपरिक सीट मानी जाने वाली मैनपुरी सीट पर सपा ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। यही वजह है कि डिंपल यादव के समर्थन में इस बार उनकी बेटी अदिति यादव भी चुनाव प्रचार करती हुई दिख रही हैं। अदिति मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र में घर-घर जाकर जनसम्पर्क कर रही हैं और डिंपल यादव के लिए वोट मांग रही हैं। यहां तक कि जनसभाओं में भी वह माइक हाथ में लेकर दो शब्दों में जनता से अपील कर देती हैं। इस बीच सपा प्रमुख अखिलेश यादव और उनकी पत्नी डिंपल यादव की बेटी अदिति यादव का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। दरअसल, अदिति को तेज गर्मी के बीच चुनाव प्रचार करना पड़ रहा है। मैनपुरी में चुनाव प्रचार के दौरान देखने को मिला कि अदिति यादव वहां क्षेत्रीय जनता के साथ बैठीं हैं। गर्मी के कारण आस-पास के लोग उन्हें हाथ वाले पंखे से हवा भी चला रहे थे। इसी बीच किसी ने अदिति को ही हाथ वाला पंखा दे दिया। पहली बार हाथ वाला पंखा अपने हाथों में पकड़ कर अदिति यादव ने पंखे से हवा लेने का प्रयास किया, लेकिन वह पंखा नहीं चला सकीं। बाद में अदिति यादव ने पंखा वापस कर दिया। हालांकि, सच तो यह है कि हाथ वाला पंखा पहली बार में बड़े भी नहीं चला पाते। वैसे क्षेत्रीय लोग इस वीडियो को देखकर अदिति की मासूमियत के कायल हो, आशीर्वाद भी दे रहे हैं।

## छठे चरण के लिए 45 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**अमृत विचार, लखनऊः** छठे चरण की 14 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव में शुक्रवार को 45 प्रत्याशियों ने किया नामांकन किया। इसमें भाजपा के संगम लाल गुप्ता, बसपा से नदीप अशरफ व सपा के बाबू सिंह समेत अन्य प्रत्याशी शामिल हैं। इन सीटों पर अब तक 100 प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं। इस चरण में नामांकन की अंतिम तारीख छह मई है। 25 मई को मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा सीट सुल्तानपुर में चार, प्रतापगढ़ में पांच, फूलपुर में पांच, इलाहाबाद में पांच, अम्बेडकरनगर में चार, श्रावस्ती में एक, डुमरियागंज में एक, बस्ती में एक, संतकबीरनगर में तीन, लालगंज में दो, आजमगढ़ में छह, जौनपुर में तीन, मछलीशहर (अजा) में एक व भदोही में चार प्रत्याशियों ने नामांकन किया। उन्होंने बताया कि सुल्तानपुर सीट के लिए बहुजन समाज पार्टी से उदराज वर्मा, प्रतापगढ़ सीट के लिए भारतीय जनता पार्टी से संगम लाल गुप्ता, इलाहाबाद सीट के लिए अपना दल (कमेरावादी) से हंसराज, अम्बेडकरनगर सीट के लिए भारतीय जनता पार्टी से रितेश पाण्डेय, व पीस पार्टी से सबाना खातून ने नामांकन किया। संतकबीरनगर सीट के लिए बहुजन समाज पार्टी से नदीम असरफ व लालगंज (अजा) सीट के लिए बहुजन समाज पार्टी से इन्दु चैधरी ने नामांकन किया। आजमगढ़ सीट के लिए बहुजन समाज पार्टी से मसूद अहमद व जौनपुर सीट के लिए समाजवादी पार्टी से बाबू सिंह ने नामांकन किया। मछलीशहर (अजा) सीट के लिए बहुजन समाज पार्टी से कृपाशंकर सरोज ने नामांकन किया। बलरामपुर की गैंसड़ी विधानसभा सीट के लिए बहुजन समाज पार्टी से मोहम्मद हारिस खान ने नामांकन किया।

# भाजपा के गढ़ को भेदने के प्रयास में विपक्ष

- **केंद्र सरकार में वित्त राज्य मंत्री भी हैं महाराजगंज के मौजूदा सांसद पंकज चौधरी**
- **संसदीय क्षेत्र की तीन विधानसभा सीट सिसवा महाराजगंज व पनियरा पर है भाजपा का कब्जा**

**चुनाव डेस्क, लखनऊ**

**अमृत विचार :** पूर्वांचल क्षेत्र में पड़ने वाली महाराजगंज लोकसभा सीट का अपना ही राजनीतिक महत्व है,यह शहर भारत-नेपाल बॉर्डर के करीब स्थित है, 2 अक्टूबर 1989 को गोरखपुर जिले का विभाजन कर महराजगंज के रूप में नए जिले का निर्माण किया गया।

महराजगंज संसदीय सीट पर बीजेपी के पंकज चौधरी सांसद हैं और वह केंद्र की मोदी सरकार में वित्त राज्य मंत्री भी हैं, भाजपा ने यहां से सातवीं बार पंकज चौधरी पर ही दांव लगाया है। इस सीट की पिछले तीन दशक की राजनीति में विपक्ष केवल दो बार ही भाजपा में इस गढ़ में सेंध लगा पाया। छह बार के राजनीतिक सफर में पंकज चौधरी एक बार जीत का हैट्रिक भी लगा चुके हैं। उनके समर्थक इस बार इसे दोहराने का दम भर रहे हैं जबकि विपक्ष भाजपा के विजय रथ को रोकने के लिए बिखरी ताकत को एकजुट करने की कोशिश में है।

यह देखना दिलचस्प होगा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा यहां अपनी साख को बरकरार रख पाएगी या नहीं। वहीं इंडी गठबंधन ने कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में वीरेंद्र चौधरी पर दांव खेला है चौधरी महाराजगंज जिले की फरेंदा सीट से विधायक हैं और कांग्रेस पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष हैं। ऐसे में यहां एक ही बिरादरी के दो प्रत्याशियों ने चुनाव को रोचक बना दिया है। बसपा ने मुस्लिम प्रत्याशी मौसमे आलम को उतार कर लड़ाई को त्रिकोणीय बनाने का प्रयास किया है।लोकसभा चुनाव 2019 में भाजपा प्रत्याशी पंकज चौधरी को जीत हासिल हुई थी, पंकज को 7,26,349 वोट मिले इस सीट पर सपा प्रत्याशी अखिलेश दूसरे स्थान पर रहे , जिन्हें 3,85,925 वोट मिले थे, इस सीट को भाजपा ने 3,40,424 मतो के अंतर से जीता था। वर्ष 2014 में भाजपा प्रत्याशी पंकज ने कुल 4,71,542 वोट हासिल कर जीत दर्ज की थी,उधर, दूसरे स्थान पर रहे बसपा उम्मीदवार काशीनाथ शुक्ला को 2,31,084 मत मिले थे, लोकसभा चुनाव 2014 में इस संसदीय सीट पर जीत का अंतर 2,40,458 मतो का था। वर्ष 2009 में कांग्रेस उम्मीदवार हर्षवर्धन ने 3,05,474 वोट पाकर जीत हासिल की थी, दूसरे स्थान पर रहे बसपा के उम्मीदवार गणेश शंकर पांडे को 1,81,846 मत मिले थे। कांग्रेस ने यह सीट 1,23,628 मतों से जीता था।



### विधानसभा क्षेत्र

इस संसदीय सीट की तीन विधानसभा सीट सिसवा, महाराजगंज और पनियरा पर भाजपा का कब्जा है। सिसवा से प्रेम सागर पटेल, महारजगंज जय मंगल कनौजिया औश्र पनियरा से ज्ञानेंद्र सिंह विधायक हैं। फरेंदा विधानसभा पर कांग्रेस विधायक वीरेंद्र चौधरी काबिज हैं। तो वहीं नौतनवा से निषाद पार्टी के ऋषि त्रिपाठी विधायक हैं।

### जातीय समीकरण

इस निर्वाचन क्षेत्र में अन्य पिछड़ा वर्ग की आबादी 56 प्रतिशत से अधिक है। यहां ओबीसी समुदाय में कुर्मी, पटेल, यादव, निषाद, गुप्ता, चौरसिया, चौहान, वर्मा, नाई व लोहार शामिल हैं जबकि ब्राह्मण मतदाता 12 प्रतिशत हैं। क्षत्रिय व कायस्थ समुदाय का एक छोटा हिस्सा यहां शामिल है। दलितों में जाटवों के अलावा धोबी और पासी हैं। मुस्लिम मतदाता भी यहां संख्यात्मक रूप से ज्यादा महत्वपूर्ण हैं।



पंकज चौधरी



वीरेंद्र चौधरी



मौसमे आलम

### 1989 में पार्षद भी रह चुके हैं पंकज

मौजूदा सांसद पंकज चौधरी को पार्षद से लेकर संसद सदस्य तक का अनुभव है। पंकज चौधरी 1991, 1996, 1998, 2004, 2014 में सांसद रह चुके हैं। 2019 में वे छठवीं बार सांसद चुने गए। गोरखपुर में जन्में पंकज चौधरी का राजनीतिक सफर गोरखपुर नगर निगम से शुरू हुआ था। वह पहली बार 1989-91 में नगर निगम गोरखपुर में पार्षद चुने गए थे। इसके बाद 1990-91 तक वे गोरखपुर नगर निगम में ही उप-महापौर भी रहे।

### महाराजगंज : 2019 के चुनाव का लेखा जोखा






| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| पंकज चौधरी | 7,26,349 |
| अखिलेश सिंह | 3,85,925 |
| सुप्रिया श्रीनेत | 72,516 |

### 2014 में किसको कितने वोट

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | पंकज चौधरी | 4,71,542 |
| बसपा | काशी नाथ शुक्ल | 2,31,084 |
| सपा | अखिलेश सिंह | 2,13,974 |
| कांग्रेस | हर्षवर्धन | 57,193 |




### निर्वाचित सांसद

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1952 व 57 | शिब्बन लाल सक्सैना | स्वतंत्र राजनीतिज्ञ |
| 1962 व 67 | महादेव प्रसाद | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1971 | शिब्बन लाल सक्सैना | स्वतंत्र राजनीतिज्ञ |
| 1977 | शिब्बन लाल सक्सैना | जनता पार्टी |
| 1980 | अशफाक हुसैन अंसारी | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1984 | जीतेन्द्र सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1989 | हर्ष वर्धन | जनता दल |
| 1991,96 व 98 | पंकज चौधरी | भारतीय जनता पार्टी |
| 1999 | कुँवर अखिलेश सिंह | समाजवादी पार्टी |
| 2004 | पंकज चौधरी | भारतीय जनता पार्टी |

| 2014 नोटा | 2019 नोटा |
|---|---|
| 4,545 | 10,478 |

### 2009 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| कांग्रेस | हर्ष वर्धन | 3,05,474 |
| बसपा | गणेश शंकर पांडेय | 1,81,846 |
| भाजपा | पंकज चौधरी | 1,73,041 |
| सपा | अजीत मनी | 1,06,602 |

### 2024 - मतदाताओं की संख्या

| | |
|---|---|
| कुल मतदाता | - 19,94,793 |
| पुरुष | - 10,51,133 |
| महिला | - 9,43,570 |
| अन्य | - 90 |



# कर्नाटक में वोटर की कसौटी पर है गारंटी

**भाजपा को मोदी की गारंटी पर भरोसा है तो कांग्रेस विधानसभा चुनाव में दी गारंटी की डिलीवरी को गेम चेंजर मान रही है। राज्य के उत्तरी भाग में भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधे मुकाबले वाली 14 सीटों पर सात मई को डाले जाएंगे वोट**

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार।** कर्नाटक के उत्तरी भाग की 14 लोकसभा सीटों पर सात मई को मतदान के साथ राज्य में चुनावी प्रक्रिया का समापन हो जाएगा। लेकिन तमाम सवाल चुनाव के बाद भी मुद्दे बने रहेंगे। फिलहाल भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधे मुकाबले वाली इन 14 सीटों पर प्रचार के अंतिम चरण में जबर्दस्त घमासान देखने को मिल रहा है। इस तथ्य के बावजूद कि कर्नाटक का मतदाता विधानसभा और लोकसभा चुनाव में अलग पैटर्न पर मतदान करता आया है, इस बार शायद यह अकेला राज्य है, जहां मोदी की गारंटी और राज्य की कांग्रेस सरकार की गारंटी चुनाव की कसौटी पर कसी जा रही है। 2019 के चुनाव में भाजपा ने ये सभी 14 सीटें जीती थीं। कर्नाटक के इस इलाके में कांग्रेस एक भी सीट नहीं जीत पाई थी। ऐसे में भाजपा के लिए चुनौती बड़ी है, जिसे और बड़ा कर दिया है, उसके अपने ही कुछ नेताओं ने बगावती तेवर दिखाकर। ऐसे में भाजपा अपने इस मजबूत गढ़ को बचाने के लिए पूरी ताकत लगाए है। पार्टी ने प्रचार अभियान में मोदी की गारंटी, विकसित भारत और हिंदुत्व पर लोगों का भरोसा जीतने के साथ हुबली का नेहा हत्याकांड, महिला सुरक्षा, कानून-व्यवस्था, अल्पसंख्यक तुष्टीकरण जैसे मुद्दों पर कांग्रेस के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। इसके मुकाबले सिद्धारमैया के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार सत्ता में आने के लगभग एक साल बाद लोकसभा के इम्तिहान में अपनी पांच गारंटियां लागू करने का श्रेय लेते हुए हाल ही में हाथ लगे जेडीएस सांसद रेवन्ना के सेक्स वीडियो कांड पर भाजपा को घेरते हुए बढ़त लेने की कोशिश करती नजर आ रही है।

### इन लोकसभा क्षेत्रों में पड़ेंगे वोट

- शिमोगा, दावणगिरी, उत्तर कन्नड़, धारवाड़–हुबली, हावेरी, बेल्लारी, कोप्पल, वीदर, रायचूर, गुलबर्ग, बीजापुर, बागलकोट, बेलगाम और चिक्कोड़ी।



**2018**

के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का वोट शेयर 38.1% था, जो 2023 में बढ़कर 42.8% हो गया था।

### कांग्रेस पर विधानसभा की तरह चुनाव लड़ने का आरोप

- विधानसभा में विपक्ष और भाजपा के नेता, वोक्कालिगा समुदाय में मजबूत पकड़ रखने वाले आर अशोक लगातार यह बात कह रहे हैं कि कांग्रेस लोकसभा के चुनावों को विधानसभा चुनाव के स्तर पर ले जा रही है। अपनी इस बात के सहारे वह कांग्रेस पर हमला बोल रहे हैं कि कांग्रेस राष्ट्रीय मुद्दों पर भाजपा से मुकाबला नहीं कर सकती है, इसलिए ऐसे मुद्दों से दूर भाग रही है। लोग केंद्र में स्थिर सरकार, नरेंद्र मोदी जैसा सशक्त और लोकप्रिय नेतृत्व, राष्ट्रीय सुरक्षा, देश का विकास और मजबूत अंतरराष्ट्रीय संबंध चाहते हैं। लेकिन मुख्यमंत्री सिद्धारमैया लोकसभा चुनावों को विधानसभा चुनाव जैसा बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

### भाजपा को 2019 जैसी सफलता दोहराने की उम्मीद

- 2018 के विधानसभा चुनावों में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनी थी। हालांकि वह बहुमत से चूक गई थी। पार्टी का वोट शेयर 36% था। लेकिन अगले साल 2019 में हुए लोकसभा चुनावों में भाजपा का वोट शेयर 54% पहुंच गया था और पार्टी ने 25 लोकसभा सीटों पर कमल खिला दिया था। इस बार 2023 के विधानसभा चुनाव के नतीजों के हिसाब से देखें तो कांग्रेस 21 लोकसभा सीटों पर आगे रही थी। 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का वोट शेयर 38.1% था, जो 2023 में बढ़कर 42.8% हो गया था। वहीं भाजपा पांच लोकसभा सीटों पर आगे रही थी। एक सीट पर कांग्रेस और भाजपा में नजदीकी मुकाबला जैसी स्थिति थी, जबकि जेडी (एस) केवल हासन लोकसभा सीट पर आगे रहा था।




**2019**

में हुए लोकसभा चुनावमें भाजपा ने 25 लोकसभा सीटों पर कमल खिला दिया था

### 14 में छह सांसदों के टिकट काटने के बाद भी मुश्किल

- सात मई के मतदान वाली सीटों पर कांग्रेस के अभियान में ज्यादा आक्रामकता देखने को मिल रही है। पार्टी भाजपा से जीतने और सीटें छीनने की भूख दिखा रही है। पिछले चुनाव में 28 में सिर्फ एक सीट जीतने वाली कांग्रेस ने इस बार राज्य में 20 सीटें हासिल करने का लक्ष्य रखा है। हालांकि कांग्रेस की रणनीति से सतर्क भाजपा ने उत्तरी क्षेत्र की सीटों को लेकर पहले ही व्यूह रचना कर ली थी। इस इलाके के मौजूदा सांसदों के खिलाफ लोगों की नाराजगी का आकलन करने के साथ विधानसभा चुनाव के बाद बदले समीकरणों को देखते हुए छह सीटों कोप्पल, बेलगाम, हावेरी, दावनगिरी, बेल्लारी और रायचूर में नए चेहरे मैदान में उतार दिए थे। लेकिन जिस तरह पूर्व उप मुख्यमंत्री ईश्वरप्पा बागी होकर मैदान में उतरे हैं, उससे संदेश अच्छा नहीं गया है। ईश्वरप्पा शिवमोगा सीट पर बीएस येदियुरप्पा के बेटे बीवाई राघवेंद्र के खिलाफ निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। हावेरी सीट से बेटे केई कांतेश को टिकट नहीं दिए जाने से नाराज ईश्वरप्पा का कहना है कि उनकी लड़ाई पूर्व मुख्यमंत्री और लिंगायत नेता बीएस येदियुरप्पा के परिवार के खिलाफ है। हालांकि भाजपा ने धारवाड़–हुबली में केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी के सामने मैदान में उतरे सिरेट्टी मठ के प्रमुख और लिंगायत समाज के बड़े धर्मगुरु दिंगालेश्वर स्वामी को समझा–बुझाकर चुनाव मैदान से हटा दिया है, लेकिन फांस तो रह ही गई है।

> हमें पूरा भरोसा है कि मोदी की गारंटी के मुकाबले राज्य में हमारी गारंटियां गेमचेंजर साबित हो सकती हैं।
>
> **मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**



### ग्रामीण इलाकों में कांग्रेस, शहरी क्षेत्र में भाजपा के लिए समर्थन

- कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के मुताबिक लोग बदलाव चाहते हैं, गरीबों की सरकार चाहते हैं और चाहते हैं कि बेरोजगारी तथा महंगाई कम हो। हम उन्हें यह बताने की कोशिश कर रहे हैं कि भाजपा सत्ता में लौटी तो संविधान खत्म हो जाएगा, लोकतंत्र खत्म हो जाएगा। लोगों के मुताबिक मुख्यमंत्री पद को लेकर भले ही खींचतान रही हो, लेकिन लोकसभा चुनाव में कांग्रेस अधिक एकजुट है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार, मल्लिकार्जुन खड़गे का नेतृत्व प्रभावी दिख रहा है। पार्टी नेताओं को भरोसा है कि उसकी गारंटियां गेमचेंजर साबित हो सकती हैं। गरीब परिवार की मुखिया महिलाओं को प्रति माह 2,000 रुपये का सीधा हस्तांतरण, राज्य परिवहन बसों में मुफ्त यात्रा और 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली चुनावी नतीजों में फर्क डाल सकती है।
- एक विधि छात्रा जयश्री ने पिछले हफ्ते प्रचार के दौरान सिद्धारमैया को मुफ्त बस टिकटों से बनी माला भेंट की थी। उसने मुख्यमंत्री से कहा था कि कांग्रेस सरकार से बस में मुफ्त यात्रा मिलने से वह बिना किसी तनाव के अपनी पढ़ाई कर सकती है।
- माहौल की बात करें, तो ग्रामीण इलाकों और गरीब परिवारों की महिलाएं कांग्रेस का समर्थन करती नजर आ रही हैं। हालांकि शहरी क्षेत्रों में भाजपा की ओर अधिक झुकाव साफ दिख रहा है।

# बिहार में आरजेडी से यादव भाजपा का राजपूतों पर दांव

चुनाव डेस्क

बिहार के चुनावी मैदान में एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच मुकाबला है। भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए में जेडीयू, एलजेपी-आर, हम (सेक्युलर) और राष्ट्रीय लोक मोर्चा शामिल है, जबकि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में आरजेडी, कांग्रेस, वीआईपी, सीपीआई एमएल, सीपीआई और सीपीआई एम शामिल हैं।

इस लोकसभा चुनाव में एनडीए की तरफ से भाजपा- 17, जदयू - 16, चिराग पासवान की लोजपा (रामविलास)- 5, जीतन राम मांझी का हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा और उपेंद्र कुशवाहा का राष्ट्रीय लोक मोर्चा एक-एक सीट पर चुनाव लड़ रहा है। इंडिया गठबंधन में 23 सीटें आरजेडी के हिस्से में आई हैं। कांग्रेस नौ सीटों पर मैदान में है। तीन सीटों पर वीआईपी (विकासशील इंसान पार्टी) और तीन पर ही सीपीआई-एमएल के अलावा एक-एक सीट पर सीपीआई-एम और सीपीआई के उम्मीदवार ताल ठोक रहे हैं। राज्य में सात चरणों में हो रहे चुनाव में आरजेडी का हर तीसरा प्रत्याशी यादव, भाजपा का हर तीन में से एक उम्मीदवार राजपूत तो कांग्रेस के एक तिहाई दावेदार अगड़ी जाति से हैं। भाजपा ने अपने कोटे की 17 में से 10 सीटों पर अगड़ी जाति के उम्मीदवारों को उतारा है। इसमें 5 राजपूत, दो भूमिहार, दो ब्राह्मण, एक कायस्थ शामिल है।

### आरजेडी और कांग्रेस ने दो-दो मुस्लिमों को दिया है इस बार मौका

- आरजेडी और कांग्रेस ने सबसे ज्यादा दो–दो सीटों पर मुस्लिम उम्मीदवारों को टिकट दिया है। अररिया से शाहनवाज़ आलम और मधुबनी से अली अशरफ फातमी उसकी तरफ से चुनावी मैदा में उतरे हैं। कांग्रेस ने अपनी नौ सीटों में किशनगंज सीट से अपने मौजूदा सांसद मोहम्मद जावेद को चुनाव मैदान में उतारा है, जबकि कटिहार सीट से वरिष्ठ नेता तारिक अनवर पर दांव लगाया है। भाजपा ने एक भी मुस्लिम उम्मीदवार को टिकट नहीं दिया है। उसकी सहयोगी जदयू ने एक मुस्लिम को प्रत्याशी बनाया है।

इसी तरह राज्य में एनडीए और इंडिया गठबंधन ने कुल मिलाकर 16 यादवों को जबकि 11 कोइरी को टिकट दिए हैं। हालांकि राज्य की जातिगत जनगणना के आंकड़ों के अनुसार राज्य में यादव आबादी करीब 14 प्रतिशत है जबकि कोइरी आबादी करीब 4.2 प्रतिशत है।

**महिलाओं को मौका देने में राजद और चिराग आगे:** महिलाओं को अवसर देने के मामले में आरजेडी सबसे आगे रही है। आरजेडी ने कुल 6 महिला उम्मीदवारों को इस बार लोकसभा का टिकट दिया है। इनमें पाटलिपुत्र सीट से मीसा भारती और सारण से रोहिणी आचार्य तो लालू प्रसाद यादव की बेटियां हैं।

### बिहार में जातीय समीकरण

| प्रत्याशी | इंडिया गठबंधन | एनडीए |
|---|---|---|
| अगड़ी जाति के प्रत्याशी | 13% | 34 % |
| ओबीसी वर्ग के प्रत्याशी | 50 % | 30 % |
| अति पिछड़ा वर्ग प्रत्याशी | 13% | 17 % |
| अनुसूचित जाति प्रत्याशी | 16 % | 16 % |
| मुस्लिम प्रत्याशी | 10% | 03 % |

# भाजपा के साथ असली-नकली एनसीपी की परीक्षा

### बारामती है हॉट सीट

चुनाव डेस्क

महाराष्ट्र की 48 लोकसभा सीटों के लिए पांच चरणों में मतदान हो रहा है। विदर्भ की 10 और मराठवाड़ा की तीन सीटों के लिए 19 और 26 अप्रैल को वोट डाले जा चुके हैं। अब तीसरे चरण में 11 सीटों पर सात मई को वोट पड़ेंगे। इसमें पश्चिमी महाराष्ट्र की सात, कोंकण और मराठवाड़ा की दो-दो लोकसभा सीटों पर चुनाव होगा।

### महाराष्ट्र में तीसरे चरण में 11 सीटों पर सात मई को मतदान

तीसरे चरण में बारामती, हातकणंगले, कोल्हापुर, लातूर, उस्मानाबाद, रायगढ़, रत्नागिरी सिंधुदुर्ग, सांगली, सतारा, माधा और सोलापुर सीट पर मतदान होना है। इन 11 सीटों में भाजपा छह सीटों पर मैदान में है। अजित पवार की नेतृत्व वाली एनसीपी के उम्मीदवार तीन सीटों पर हैं, जबकि दो सीटों पर एकनाथ नाथ शिंदे की शिवसेना किस्मत आजमा रही है। उधर, इंडिया गठबंधन की तरफ से कांग्रेस के तीन सीटों पर प्रत्याशी हैं। उद्धव ठाकरे की शिवसेना और शरद पवार की एनसीपी चार-चार सीटों पर मैदान में उतरी है। शरद पवार और अजित पवार खेमे के बीच आमने-सामने की लड़ाई बारामती लोकसभा सीट पर है। बारामती में शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले के सामने अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार चुनाव लड़ रही हैं। बारामती शरद पवार का गढ़ माना जाता है। सुप्रिया तीन बार से यहां से सांसद हैं। लेकिन भाजपा ने खुद मैदान में उतरने के बजाय अजित पवार की पत्नी को आगे कर दिया है। अजित पवार के लिए यह सीट जीतना आसान नहीं नजर आ रहा है।

भाजपा के लिए सबसे बड़ी चुनौती इसलिए है कि सबसे ज्यादा छह सीटों पर उसी के उम्मीदवार मैदान में हैं। भाजपा के लिए माढ़ा और सोलापुर में दल-बदल और विपक्ष की स्थिति से मुकाबला कठिन बन गया है. माढ़ा में भाजपा के मौजूदा सांसद रंजीत सिंह नाइक का मुकाबला शरद पवार की एनसीपी के धैर्यशील मोहिते पाटिल से है। मोहिते पाटिल भाजपा के साथ थे, लेकिन अब एनसीपी पवार में शामिल हो गए हैं।

लातूर सीट पर भाजपा के सुधाकर श्रृंगारे का मुकाबला कांग्रेस के शिवाजीराव कालगे से है। लातूर कांग्रेस का गढ़ रहा है। पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री शिवराज पाटिल सात बार सांसद रहे हैं। हालांकि पिछले दो चुनाव से भाजपा जीत रही है। भाजपा ने शिवराज पाटिल की बहू अर्चना पाटिल को अपने खेमे में शामिल करके कांग्रेस को झटका दिया है।

हातकणंगले सीट पर शिंदे गुट की शिवसेना से धैर्यशील माने और उद्धव ठाकरे की शिवसेना से सत्यजीत पाटिल हैं, लेकिन स्वाभिमानी पक्ष से राजू शेट्टी ने यहां मुकाबला त्रिकोणीय बना दिया है। सांगली में उद्धव की शिवसेना से चंद्रहार पाटिल मैदान और शिवसेना (शिंदे) के सांसद संजय मांडलिक आमने-सामने हैं। यहां कांग्रेस नेता विशाल पाटिल बगावत कर निर्दलीय उतर गए हैं, इससे त्रिकोणीय संघर्ष के आसार है।

### अजित पवार का एक सांसद है लेकिन चार पर लड़ रहे चुनाव

- **शिंदे के पास 13 सांसद, 15 सीटों पर उतारे प्रत्याशी**

महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन में भाजपा, शिवसेना (शिंदे) और एनसीपी (अजित पवार) के बीच हुए सीट समझौते के मुताबिक भाजपा राज्य की 48 में 28, शिवसेना शिंदे 15 और एनसीपी (अजित) चार सीटों के साथ आरएसपी एक सीट पर चुनाव लड़ रही है। इसके मुकाबले महाविकास अघाडी से शिवसेना (उद्धव ठाकरे) 21 सीटों पर, कांग्रेस 17 सीटों पर और एनसीपी (शरद पवार) 10 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। महायुति में हुए सीटों के इस बंटवारे में सबसे ज्यादा फायदे में उपमुख्यमंत्री अजित पवार की अगुवाई वाली एनसीपी रही है। पार्टी का वर्तमान में एक सांसद रायगढ़ से है, लेकिन चार सीटों पर चुनाव लड़ रही है।



बारामती से अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार चुनाव लड़ रही हैं। रायगढ़ में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और मौजूदा सांसद सुनील तटकरे मैदान में हैं, जबकि शिरूर में शिवसेना शिंदे और धाराशिव में भाजपा नेता को उम्मीदवार बनाया गया है। इसी तरह मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना 15 सीटों पर चुनाव मैदान में है, जबकि पार्टी के पास वर्तमान में 13 सांसद हैं। पार्टी ने विगत दिवस कल्याण, ठाणे और नासिक सीट पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। शिंदे की शिवसेना और भाजपा के बीच ठाणे और नासिक सीट पर पेच फंसा था। भाजपा ठाणे सीट से चुनाव लड़ना चाहती थी और नासिक में शिवसेना सांसद हेमंत गोडसे को फिर से प्रत्याशी बनाने का विरोध कर रही थी। ठाणे में शिवसेना शिंदे ने पूर्व महापौर नरेश म्हस्के को उम्मीदवार बनाया है। उनके बेटे और मौजूदा सांसद श्रीकांत शिंदे कल्याण से तीसरी बार सांसद का चुनाव लड़ रहे हैं। महायुति के तीनों दलों ने परभणी सीट पर आरएसपी का समर्थन किया था, वहां दूसरे चरण में वोट पड़ चुके हैं। शिवसेना ने 2019 में 22 सीटों पर चुनाव लड़कर 18 सीटों पर जीत हासिल की थी। शिवसेना में बंटवारे के बाद 13 सांसद शिंदे के साथ चले गए थे और पांच उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के साथ थे।

### मुंबई में दोनों शिवसेना आमने-सामने

मुंबई में 20 मई को मतदान होना है। यहां महा विकास अघाड़ी में हुए सीट बंटवारे के मुताबिक कांग्रेस मुंबई में दो लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ रही है। मुंबई नार्थ सीट पर कांग्रेस के भूषण पाटिल भाजपा के केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल का मुकाबला करेंगे। नॉर्थ सेंट्रल से कांग्रेस ने वर्षा गायकवाड़ को टिकट दिया है जिनका मुकाबला भाजपा के उज्ज्वल निकम से होगा। नॉर्थ वेस्ट सीट पर शिवसेना उद्धव के अमोल कीर्तिकर और शिवसेना शिंदे के रवींद्र वायकर के बीच मुकाबला है। साउथ मुंबई से शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट ने अरविंद सावंत को टिकट दिया है। उनका मुकाबला शिंदे गुट की शिवसेना की यामिनी जाधव से होगा। साउथ सेंट्रल से शिवसेना उद्धव ठाकरे के अनिल देसाई का सामना शिवसेना शिंदे के राहुल शेवाले से है। नॉर्थ ईस्ट सीट पर संजय डी पाटिल शिवसेना उद्धव के उम्मीदवार हैं। यहां भाजपा से मिहिर कोटेचा चुनाव लड़ रहे हैं।



**2019**

लोकसभा चुनाव में शिवसेना व एनसीपी अविभाजित थीं, इससे अब उनके वोट शेयर का अनुमान नहीं लग सकता। शिवसेना के 23 एनसीपी के 15 फीसदी वोट थे।

### पिछली बार कुछ ऐसा था सीन

| राजनीतिक दल | चुनाव लड़ा | जीती सीटें | मत % |
|---|---|---|---|
| भाजपा | 25 | 23 | 27.84 |
| शिवसेना | 23 | 18 | 23.5 |
| एनसीपी | 19 | 04 | 15.66 |
| कांग्रेस | 25 | 01 | 16.41 |
| एआईएमआईएम | 01 | 01 | 0.73 |
| वंचित बहुजन आघाडी | 47 | 00 | 6.92 |



**माटी-मानुष** बर्धमान में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनावी सबा के दौरान महिलाओं के साथ मिलकर पारंपरिक लोक नृत्य करके जीत का संदेश दिया।




**शहीद को नमन** सिंहभूम में भाजपा प्रत्याशियों के लिए चुनावी जनसभा करने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पार्टी की महिला कार्यकर्ताओं ने कोल विद्रोह के नायक शहीद का चित्र भेंट किया।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 995 फ्लैग 1105 डीएमओ 880 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 990 फ्लैग 1100 बोल्ड 1135 डीएमओ 885।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-1300 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

# उतार-चढ़ाव में सेंसेक्स 733 अंक फिसला

## भारी मुनाफावसूली से निफ्टी 172 अंक गिरकर अपने रिकॉर्ड स्तर से नीचे आया

मुंबई, एजेंसी

घरेलू शेयर बाजार में शुक्रवार को अत्यधिक उतार-चढ़ाव वाले कारोबार में सेंसेक्स 733 अंक गिरकर 74,000 के स्तर से नीचे आ गया जबकि निफ्टी अपने रिकॉर्ड स्तर से फिसल गया। दूरसंचार, पूंजीगत उत्पाद और प्रौद्योगिकी कंपनियों में भारी बिकवाली होने से बाजार नुकसान में रहा। विश्लेषकों ने कहा कि रिलायंस इंडस्ट्रीज, एलएंडटी और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में भारी बिकवाली का दबाव होने से सूचकांकों में गिरावट आई।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स दिन की शुरुआत में 484.07 अंक चढ़ गया था। लेकिन उसके बाद यह 732.96 अंक यानी 0.98 प्रतिशत तक लुढ़कते हुए 73,878.15 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स कारोबार के दौरान 75,095.18 अंक के ऊपरी स्तर और 73,467.73 अंक के निचले स्तर पर भी आया। इस तरह एक दिन में ही इसमें 1,627.45 अंकों की भारी उठापटक देखी गई। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 172.35 अंक यानी 0.76 प्रतिशत गिरकर 22,475.85 पर आ गया। शुरुआती कारोबार में निफ्टी 146.5 अंक यानी 0.64 प्रतिशत बढ़कर 22,794.70 अंक के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था लेकिन बाद में तगड़ी बिकवाली का शिकार हो गया। इस बड़ी गिरावट के बावजूद कारोबारी सप्ताह के अंत में सूचकांक बढ़त में रहे। इस सप्ताह सेंसेक्स में 147.99 अंक यानी 0.20 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई जबकि निफ्टी 55.9 अंक यानी 0.24 प्रतिशत चढ़ गया। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजीत मिश्रा ने कहा, "एक बार फिर बाजार में काफी उतार-चढ़ाव रहा और यह एक प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। मुनाफावसूली के चलते सारी शुरुआती बढ़त चली गई और बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से लार्सन एंड टुब्रो, मारुति, रिलायंस इं., नेस्ले, एयरटेल, अल्ट्राटेक सीमेंट, कोटक महिंद्रा बैंक और जेएसडब्ल्यू स्टील में प्रमुख रूप से गिरावट दर्ज की गई।

### शेयर बाजार में गिरावट से निवेशकों को 2.25 लाख करोड़ रुपये की चपत



भारी मुनाफावसूली के बीच शेयर बाजार में गिरावट से निवेशकों को 2.25 लाख करोड़ रुपये की चपत लगी। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 732.96 अंक गिरकर 73,878.15 अंक पर बंद हुआ। हालांकि यह शुरुआती कारोबार में 484.07 अंक चढ़ा था। कारोबार के दौरान 75,095.18 अंक के अधिकतम स्तर पर पहुंचने के बाद यह 1,627.45 अंक गिरकर 73,467.73 अंक पर बंद हुआ। बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2,25,543.41 करोड़ रुपये घटकर 4,06,24,224.49 करोड़ रुपये (4.89 लाख करोड़ डॉलर) रहा।

## आरबीआई के फैसले के बाद बजाज फाइनेंस के शेयरों में आई तेजी

**नई दिल्ली।** बजाज फाइनेंस के शेयरों में शुक्रवार को 7.50 प्रतिशत से अधिक की तेजी आई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के बजाज फाइनेंस पर ईकॉम और इंस्टा ईएमआई कार्ड के जरिए कर्ज की मंजूरी और वितरण पर लगी पाबंदी बृहस्पतिवार को हटाने के बाद कंपनी के शेयरों में उछाल आया है। बीएसई पर शेयर 7.54 प्रतिशत बढ़कर 7,400 रुपये पर और एनएसई पर 7.51 प्रतिशत चढ़कर 7,400 रुपये पर पहुंच गया। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 23,008.1 करोड़ रुपये बढ़कर 4,49,205.63 करोड़ रुपये हो गया। केंद्रीय बैंक ने पिछले साल नवंबर में बजाज फाइनेंस को अपने दो कर्ज उत्पादों ईकॉम और इंस्टा ईएमआई कार्ड के तहत ऋण की मंजूरी और वितरण को रोकने का निर्देश दिया था।

## विदेशी मुद्रा भंडार 2.41 अरब डॉलर घटकर 637.92 अरब डॉलर पर

मुंबई, एजेंसी



देश का विदेशी मुद्रा भंडार 26 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 2.41 अरब डॉलर घटकर 637.92 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.28 अरब डॉलर घटकर 640.33 अरब डॉलर रहा था। यह कई सप्ताह की तेजी के बाद पांच अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 648.56 अरब डॉलर के नये सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। इससे पहले, सितंबर 2021 में विदेशी मुद्रा भंडार रिकॉर्ड 642.45 अरब डॉलर पर पहुंच गया था।

रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 26 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.16 अरब डॉलर घटकर 559.70 अरब डॉलर रही। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 1.27 अरब डॉलर घटकर 55.53 अरब डॉलर रहा। रिजर्व बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 1.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.04 अरब डॉलर हो गया।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 82,400 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 85,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 90,000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,200 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,550-54,750 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 70,850 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 70,700 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 81,000 |
| चांदी तैयार | 81,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 70,650 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 69,650 |
| चांदी पक्की | 805 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 70,650 |
| चांदी आभूषण | 81,000। |

## सोने के दाम में 350 रुपये की आई गिरावट, चांदी की कीमत रहीं स्थिर

नई दिल्ली, एजेंसी

वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोना 350 रुपये की गिरावट के साथ 72,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 83,500 रुपये प्रति किलो पर अपरिवर्तित रही।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा-विदेशों में नरमी के रुख के बीच दिल्ली में हाजिर सोना (24 कैरेट) 72,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा जो पिछले बंद भाव से 350 रुपये कम है। अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,297 डॉलर प्रति औंस पर रहा जो पिछले बंद भाव से सात डॉलर कम है। गांधी ने कहा-अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर में कटौती में अभी समय लगने की चिंता के कारण शुक्रवार को सोने की कीमतों में गिरावट आई। ब्याज दर में कमी में देरी का कारण मुद्रास्फीति जोखिम का बरकरार रहना है।

## कोयला, गैस पर आधारित बिजली उत्पादन क्षमता 2.44 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** देश में कोयला और गैस जैसे जीवाश्म ईंधन आधारित बिजली उत्पादन क्षमता वित्त वर्ष 2023-24 में 2.44 प्रतिशत बढ़कर 243.22 गीगावाट हो गई, जो मार्च 2023 में 237.27 गीगावाट थी। आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी सामने आई है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार हरित ऊर्जा स्रोतों (गैर-जीवाश्म ईंधन) पर आधारित बिजली उत्पादन क्षमता पिछले वित्त वर्ष में 10.79 प्रतिशत बढ़कर 190.57 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) हो गई जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में यह 172.01 गीगावाट थी।

# अडाणी की सात कंपनियों को सेबी ने भेजा नोटिस

- लेनदेन के उल्लंघन और नियमों का अनुपालन न करने पर कार्रवाई

नई दिल्ली, एजेंसी



अडाणी समूह की दस सूचीबद्ध कंपनियों में से सात को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से संबंधित पक्षों के बीच लेनदेन के कथित उल्लंघन और सूचीबद्धता नियमों का अनुपालन नहीं करने के लिए कारण बताओ नोटिस मिला है। कंपनियों ने शेयर बाजारों को इस नोटिस के बारे में सूचना दी है।

बाजार नियामक सेबी का नोटिस पाने वाली कंपनियों में अडाणी समूह की प्रमुख कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज के साथ अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड, अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन, अडाणी पावर, अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस, अडाणी टोटल गैस और अडाणी विल्मर शामिल हैं। इन कंपनियों ने जनवरी-मार्च तिमाही और वित्त वर्ष 2023-24 के अपने-अपने वित्तीय परिणामों से संबंधित टिप्पणियों में सेबी की तरफ से जारी नोटिस का खुलासा किया है। सभी कंपनियों ने कमोबेश एक ही तरह के बयानों में कहा कि लागू कानूनों और विनियमों का कोई भी गैर-अनुपालन का कोई भी ठोस मामला नहीं है और उन पर इसका कोई कोई खास प्रभाव नहीं पड़ेगा। हालांकि, अडाणी ग्रीन एनर्जी, अडाणी टोटल गैस और अडाणी विल्मर के अलावा बाकी चार कंपनियों के ऑडिटरों ने वित्तीय विवरणों पर एक पात्र विचार रखते हुए कहा है कि सेबी की जांच के परिणामों का भविष्य में उनके वित्तीय विवरणों पर असर पड़ सकता है। वहीं समूह की सीमेंट कंपनियों- अंबुजा सीमेंट और एसीसी ने इस संबंध में सेबी से कोई भी नोटिस न आने की बात कही है।



## बर्द्धमान-कृष्णानगर लोकसभा क्षेत्रों में चुनावी रैलियों को प्रधानमंत्री ने किया संबोधित

# सबसे कम सीट पर सिमटेगी कांग्रेस: मोदी

बर्द्धमान/कृष्णानगर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को दावा किया कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस अब तक की सबसे कम सीटों पर सिमट जाएगी क्योंकि देश की सबसे पुरानी पार्टी आम चुनाव में 'अर्ध-शतक' का आंकड़ा पार करने के लिए संघर्ष करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सबसे कम सीट पर सिमेटेगी।

बर्द्धमान-दुर्गापुर और कृष्णानगर लोकसभा क्षेत्रों में रैलियों को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो वह अनुसूचित जाति, दलितों और ओबीसी का आरक्षण छीन लेगी और उसे अपने 'जिहादी वोट बैंक' को दे देगी ताकि पार्टी अपनी 'तुष्टिकरण की राजनीति' कर सके। प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी (सपा) के एक उम्मीदवार द्वारा 'वोट जिहाद' संबंधी टिप्पणी का समर्थन करने के लिए विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन और कांग्रेस की आलोचना की। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर नरेंद्र मोदी झारखंड व पश्चिम बंगाल के दौरे पर थे।

मोदी ने दावा किया इस बार के चुनाव के नतीजे का अनुमान लगाने के लिए किसी ओपिनियन पोल या फिर एक्जिट पोल की जरूरत नहीं है क्योंकि परिणाम 'स्पष्ट' हैं। उन्होंने कहा, ''कांग्रेस इस बार पहले से भी कम सीटों पर सिमटने जा रही है। अब देश भी समझ रहा है कि ये लोग चुनाव जीतने के लिए नहीं लड़ रहे हैं, ये सिर्फ देश को बांटने के लिए चुनाव के मैदान का उपयोग कर रहे हैं।'' कांग्रेस ने शुक्रवार को अमेठी और रायबरेली को लेकर जारी संशय को समाप्त करते हुए उनकी मां सोनिया गांधी की सीट से राहुल गांधी की उम्मीदवारी की घोषणा की। राहुल गांधी 2019 में अमेठी निर्वाचन क्षेत्र से हार गए थे लेकिन वायनाड से जीते थे। वायनाड सीट से वह इस बार भी लड़ रहे हैं।



झारखंड: प्रधानमंत्री प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पश्चिमी सिंहभूम में सार्वजनिक बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने पारंपरिक टोपी पहनकर स्वागत किया। ● एजेंसी

## गुरुग्राम की झुग्गी बस्ती में लगी भीषण, 240 से ज्यादा झुग्गियां जलकर खाक

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के सेक्टर-53 में स्थित एक झुग्गी बस्ती में शुक्रवार को आग लगने की घटना में 240 झुग्गियां जलकर खाक हो गईं। दमकल विभाग ने यह जानकारी दी। विभाग के अधिकारी ने बताया कि इस हादसे में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है, लेकिन आग लगने के दौरान जो लोग अपना सामान बाहर निकाल रहे थे, उन्हें मामूली चोटें आई हैं। अधिकारी ने बताया कि सुबह करीब 10.40 बजे खाना बनाने के दौरान गैस सिलेंडर में रिसाव होने के कारण आग लगी और जल्द ही इसने अन्य झुग्गियों को भी अपनी चपेट में ले लिया। उन्होंने बताया कि बंजारा मार्केट के पास एक झुग्गी बस्ती में करीब 100 सिलेंडर फट गए। निवासियों ने अग्निशमन विभाग को इस बारे में सूचना दी थी।

भीषण गर्मी में ठंडे-ठंडे पानी से नहाना चाहिए...



नागपुर में पड़ रही भीषण गर्मी में शुक्रवार को फुटाला झील में नहाते बच्चे। ● एजेंसी

## एक नजर

### कांग्रेस के पूर्व नेता संजय निरुपम दोबारा शिवसेना में शामिल

**ठाणे।** कांग्रेस के पूर्व नेता संजय निरुपम शुक्रवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल हो गए। मुंबई के पूर्व सांसद ने लगभग दो दशक पहले अविभाजित शिवसेना छोड़ी थी। निरुपम को पिछले महीने 'पार्टी विरोधी गतिविधियों' में शामिल होने के आरोप में कांग्रेस से निष्कासित कर दिया था। निरुपम आज मुख्यमंत्री शिंदे की उपस्थिति में शिवसेना में शामिल हो गए।

### काला जादू करने के संदेह में दो की मौत

**गढ़चिरौली।** महाराष्ट्र के आदिवासी बहुल गढ़चिरौली जिले में काला जादू करने के संदेह में ग्रामीणों ने कथित रूप से एक पुरुष और एक महिला को आग के हवाले कर दिया जिसके बाद उनकी मौत हो गई। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने बुधवार रात एट्टापल्ली तालुका के बसेरवाड़ा गांव में हुई घटना के सिलसिले में 14 लोगों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने कहा कि आरोपियों ने पीड़ितों देउ अतलामी और जमनी तेलामी (52) को उनके घरों से खींचकर निकाला और तीन घंटे तक उनकी पिटाई करने के बाद उन्हें आग के हवाले कर दिया था।

## महिला की व्यथा सुन मेरा दिल रो पड़ा: ममता बनर्जी

कोलकाता, एजेंसी

- बंगाल की मुख्यमंत्री ने महिला कर्मी से दुर्व्यवहार को लेकर राज्यपाल को आड़े हाथों लिया



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने राजभवन में महिला कर्मी से कथित तौर पर दुर्व्यवहार करने को लेकर राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस को शुक्रवार को आड़े हाथों लिया। महिला कर्मी से कथित दुर्व्यवहार का मामला बृहस्पतिवार शाम को सामने आया था। पूर्वी बर्धवान जिले में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने राजभवन में महिला से कथित दुर्व्यवहार को लेकर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा-कल राजभवन में काम करने वाली एक युवा महिला सामने आई और राज्यपाल के कथित उत्पीड़न के बारे में बताया ...कल, महिला की व्यथा सुन मेरा दिल रो पड़ा। मैंने उसका वीडियो देखा।

ममता बनर्जी ने सवाल किया कि कल राजभवन गए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने क्यों इस मुद्दे पर चुप्पी साधे रखी? उन्होंने कहा, ''महिला रोती हुई बाहर आई और कहा कि उसे अब राजभवन में काम करने से डर लग रहा है। उसने बताया कि उसे असमय बुलाया जाता था और उत्पीड़न किया जाता था। और ये लोग हमारी माताओं और बहनों की गरिमा की बात करते हैं।'' राज्यपाल बोस ने बृहस्पतिवार को कहा था कि वह 'मनगढ़ंत आरोपों' से नहीं डरेंगे और 'सच्चाई की जीत होगी।' उन्होंने यह बयान तृणमूल कांग्रेस नेताओं के इस दावे के बाद दिया कि राजभवन में काम करने वाली एक महिला कर्मी ने उन पर छेड़छाड़ के आरोप में पुलिस में शिकायत दर्ज करायी है। ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल पुलिस के 1500 जवानों को दूसरे राज्यों में चुनाव ड्यूटी पर तैनात करने को लेकर निर्वाचन आयोग की आलोचना की। उन्होंने कहा, ''दूसरे राज्य से कोई पुलिस कर्मी पश्चिम बंगाल नहीं आया है। निर्वाचन आयोग ने केवल केंद्रीय बल भेजे हैं। लेकिन आश्चर्य है कि राज्य से बाहर भेजे गए किसी भी पुलिस कर्मी को डाक मतपत्र से मतदान करने की अनुमति नहीं दी गई।

## न्यायालय ने सुनवाई के लिए 14 मई की तारीख निर्धारित की

नई दिल्ली, एजेंसी

**उत्तर प्रदेश का धर्मांतरण मामला**

उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश के सैम हिगिनबॉटम यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज के कुलपति राजेन्द्र बिहारी लाल और अन्य के खिलाफ कथित अवैध धर्मांतरण मामले में दर्ज पांच प्राथमिकियों को रद करने या इन्हें आपस में जोड़ने का अनुरोध करने वाली याचिकाओं पर अंतिम सुनवाई के लिए शुक्रवार को 14 मई की तारीख निर्धारित की।

न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने सिद्धार्थ दवे और मुक्ता गुप्ता सहित वरिष्ठ अधिवक्ताओं की दलीलों पर गौर किया तथा कहा कि सभी नौ याचिकाओं को 14 मई को अंतिम निस्तारण के लिए लिया जाएगा। पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से शीर्ष अदालत में पेश हुईं वरिष्ठ अधिवक्ता गरिमा प्रसाद को पहली दो प्राथमिकियों की प्रति अगली सुनवाई से पहले या उस दिन दवे को मुहैया कराने का भी निर्देश दिया। दवे, विश्वविद्यालय के कुलपति का न्यायालय में प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश सरकार और आरोपियों के वकील को लिखित दलीलें दाखिल करने का भी निर्देश दिया।

## न्यूजक्लिक के मानव संसाधन प्रमुख की जमानत याचिका पर आदेश सुरक्षित

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने गैर-कानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत दर्ज मामले में समाचार पोर्टल न्यूजक्लिक के मानव संसाधन विभाग प्रमुख अमित चक्रवर्ती की जमानत याचिका पर शुक्रवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। चीन समर्थक दुष्प्रचार के लिए धन प्राप्त करने के आरोप में समाचार पोर्टल के खिलाफ यूएपीए के तहत मामला दर्ज किया गया था। चक्रवर्ती के वकील ने कहा कि मामले में आरोपपत्र पहले ही दायर किया जा चुका है और याचिकाकर्ता को सरकारी गवाह बनने के बाद अभियोजन पक्ष के गवाह के रूप में उद्धृत किया गया है। इसके बाद न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने आदेश सुरक्षित रख लिया। वकील ने कहा कि उच्च न्यायालय के पास चक्रवर्ती को जमानत देने का विवेकाधिकार है।

## हाईकोर्ट ने सिसोदिया की जमानत पर ईडी, सीबीआई से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने आबकारी नीति में कथित घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार एवं धनशोधन मामलों में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जवाब मांगा। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने निचली अदालत के 30 अप्रैल के आदेश को चुनौती देने वाली सिसोदिया की याचिकाओं पर सीबीआई और ईडी को नोटिस जारी किया। निचली अदालत ने उनकी जमानत याचिकाएं खारिज कर दी थीं। मामले की सुनवाई आठ मई तक के लिए स्थगित कर दी गई है।

# मणिपुर में हिंसा का एक साल, बदल गई राज्य की तस्वीर

- आदिवासी एकजुटता मार्च के कारण हुई थी हिंसा

इंफाल/चुराचांदपुर (मणिपुर), एजेंसी

मणिपुर के निवासी उस दिन को याद कर रहे हैं जब उनका राज्य जातीय हिंसा में झुलसकर सामाजिक रूप से बंट गया, पीढ़ियों से साथ रहे परिवार व पड़ोसी एक दूसरे से अलग हो गए और हजारों लोगों की जिंदगी पूरी तरह बदल गई। यह सबकुछ ठीक एक साल पहले हुआ था। तीन मई, 2023 का वह दिन आज भी सभी लोगों की यादों में ताजा है, जब एक आभासी नियंत्रण रेखा द्वारा विभाजित दो मणिपुर अस्तित्व में आए। इस दिन मेइती समुदाय की अनुसूचित जनजाति (एसटी) दर्जे की मांग के विरोध में पहाड़ी जिलों में आयोजित 'आदिवासी एकजुटता मार्च' के कारण मेइती और कुकी समुदायों के बीच जातीय हिंसा की शुरुआत हुई। इस संघर्ष के कारण लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी अनेक तरीकों से प्रभावित हुई है। संघर्ष के चलते 200 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और कई हजार लोग विस्थापित हुए हैं। पूर्वोत्तर भारत के इस राज्य में तीन मुख्य जातीय समूह ऐतिहासिक रूप से साथ रह रहे थे- घाटी क्षेत्र में मेइती, दक्षिणी पर्वतीय क्षेत्र में कुकी और उत्तरी पर्वतीय इलाकों में नगा समुदाय। लेकिन पिछले साल मई में ये समुदाय अलग होकर एक दूसरे के दुश्मन बन गए। अब मेइती समुदाय के लोग इंफाल घाटी तक सीमित हैं जबकि कुकी समुदाय के लोग पहाड़ी इलाकों की ओर चले गए हैं। मैदानी और पहाड़ी जिलों के बीच मौजूद सीमावर्ती इलाकों के हालात देखकर राज्य की गहरी जातीय जड़ों को आसानी से समझा जा सकता है।

### मणिपुर में मानवता नष्ट हो गई: मल्लिकार्जुन खरगे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मणिपुर की स्थिति को लेकर शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर हमला बोला और उस पर उदासीन एवं निष्ठुर होने का आरोप लगाया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि मणिपुर ठीक एक साल पहले तीन मई, 2023 को जलना शुरू हुआ था। उन्होंने कहा-मणिपुर में मानवता नष्ट हो गई। (केंद्र में) उदासीन मोदी सरकार और राज्य में अयोग्य भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) सरकार के क्रूर मेल ने राज्य को वस्तुत: दो हिस्सों में बांट दिया है। उन्होंने कहा-निष्ठुर प्रधानमंत्री मोदी ने इस सीमावर्ती राज्य में कदम नहीं रखा जो उनकी अक्षमता और पूर्ण उदासीनता को उजागर करता है। उनके अहंकार ने एक खूबसूरत राज्य के सामाजिक ताने-बाने को नुकसान पहुंचाया है। खरगे ने कहा कि मणिपुर के सभी समुदायों के लोग अब जानते हैं कि भाजपा ने उनके जीवन को कैसे दयनीय बना दिया है।

**आज का मुकाबला**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु
बनाम
गुजरात टाइटंस
शाम 7:30 बजे

**पर्पल कैप**

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 11 | 17 |
| टी नटराजन (हैदराबाद) | 10 | 15 |
| मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई) | 10 | 14 |

**ऑरेंज कैप**

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 10 | 509 |
| विराट कोहली (आरसीबी) | 10 | 500 |
| साई सुदर्शन (गुजरात टाइटंस) | 10 | 418 |

## आरसीबी-गुजरात के लिए करो या मरो मुकाबला

**बेंगलुरू, एजेंसी**

समीकरणों के आधार पर अभी भी प्लेआफ की दौड़ से बाहर नहीं हुई रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू और गुजरात टाइटंस को अपनी थोड़ी बहुत उम्मीदें भी कायम रखने के लिये शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में हर हालत में जीत दर्ज करनी होगी।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू दस मैचों में छह अंक लेकर तालिका में सबसे नीचे है जबकि टाइटंस दस मैचों में आठ अंक लेकर आठवें स्थान पर है। चेन्नई सुपर किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स (10 अंक) की पिछले मैच में हार के बाद इन दोनों टीमों की उम्मीदें बंधी है। दोनों को बखूबी पता है कि दूसरी टीमों के नतीजों पर निर्भर रहने की बजाय खुद अपने अभियान को ढर्रे पर लाना होगा। अपने मैदान पर खेल रही आरसीबी के लिए विराट कोहली शानदार फॉर्म में हैं जो इस सत्र में 500 रन पार करने वाले



बल्लेबाज हैं। आरसीबी को उनसे इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद होगी। गेंदबाजों ने हालांकि मेजबान को निराश किया है। मोहम्मद सिराज, यश दयाल, कर्ण शर्मा और स्वप्निल सिंह कोई भी प्रभावित नहीं कर सका है।

वहीं, शुभमन गिल और बी साई सुदर्शन ने मिलकर गुजरात के लिए 700 से अधिक रन बनाए हैं। रिधिमान साहा, डेविड मिलर, राहुल तेवतिया, विजय शंकर और शाहरूख खान 200 रन के आसपास भी नहीं पहुंच सके हैं। गेंदबाजी में स्टार स्पिनर राशिद खान समेत कोई भी अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सका है। राशिद ने दस मैचों में आठ की इकॉनॉमी रेट से आठ विकेट लिए हैं।

## पारी की शुरूआत करें कोहली : जडेजा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पूर्व हरफनमौला अजय जडेजा का मानना है कि अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को तीसरे नंबर पर उतरकर विराट कोहली से पारी का आगाज कराना चाहिए। भारत ने इस सप्ताह टूर्नामेंट के लिए 15 सदस्यीय टीम का ऐलान किया।

भारत को पहला मैच पांच जून को आयरलैंड से खेलना है। जडेजा ने कहा विराट कोहली को पारी का आगाज करना चाहिए। रोहित को तीसरे नंबर पर उतरना चाहिए। उसे थोड़ा समय मिल जाएगा क्योंकि बतौर कप्तान उसके दिमाग में बहुत कुछ चल रहा होगा। विराट के टीम में होने से निरंतरता मिलेगी। वह शीर्षक्रम का सर्वश्रेष्ठ



बल्लेबाज है और पावरप्ले में उसे जमने का मौका मिलेगा। खराब फॉर्म से जूझ रहे हार्दिक पंड्या के चयन का भी समर्थन करते हुए उन्होंने कहा वह कई कारणों से सुर्खियों में हैं। वह खास खिलाड़ी है और भारत में इस तरह के हरफनमौला कम ही मिलते हैं। चयन फॉर्म के आधार पर नहीं किया गया। यह इस पर निर्भर है कि आप कैसे खेलना चाहते हैं। आपके पास टीम में स्थापित खिलाड़ी हैं। अब देखना यह है कि रोहित क्या सोचते हैं।

### हार्दिक-विराट का संयोजन होगा शानदार : श्रीसंत



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज एस श्रीसंत ने शुक्रवार को हार्दिक पंड्या के टी20 विश्व कप टीम में चयन का समर्थन करते हुए कहा कि विराट कोहली के साथ इस आल राउंडर की मौजूदगी मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए अच्छा संयोजन साबित होगी। पंड्या को 15 सदस्यीय टीम में शामिल करने से सवाल उठ रहे हैं लेकिन चयनकर्ताओं ने उनके रिकॉर्ड तथा गेंद एवं बल्ले दोनों से खेल का परिदृश्य बदलने की काबिलियत को ध्यान में रखकर यह फैसला किया है।

## खेल डायरी

### वनडे में भारत शीर्ष पर, टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया नंबर वन

**दुबई।** भारत ने शुक्रवार को जारी ताजा आईसीसी सालाना रैंकिंग अपडेट में वनडे और टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा लेकिन पुरुष टेस्ट टीम रैंकिंग में दूसरे स्थान पर खिसक गई। पांच दिवसीय प्रारूप में विश्व टेस्ट चैंपियन ऑस्ट्रेलिया शीर्ष स्थान पर आया है। सालाना अपडेट में 2020-21 सत्र के नतीजे हटा दिये गये हैं और इसमें मई 2021 के बाद पूरी हुई सभी श्रृंखलाएं शामिल हैं। भारत (120 अंक) टेस्ट रैंकिंग में आस्ट्रेलिया (124) से महज चार अंक पीछे है और तीसरे स्थान पर काबिज इंग्लैंड से 15 अंक आगे है। दक्षिण अफ्रीका (103 अंक) 100 अंक से ऊपर हासिल करने वाली चौथी टीम है।

### चौरसिया 13वें स्थान के साथ कोरिया में भारतीय गोल्फरों में शीर्ष पर

**सियोल।** भारतीय गोल्फर एसएसपी चौरसिया जीएस कैल्टेक्स मेक्यूंग ओपन के दूसरे चरण में चार अंडर 67 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 13वें स्थान पर पहुंच गए हैं। एशियाई टूर पर 2017 के बाद से कोई खिताब नहीं जीतने वाले चौरसिया ने पहले दौर में एक ओवर 72 का कार्ड खेला था। दूसरे दौर में शानदार खेल से वह संयुक्त 52वें स्थान से संयुक्त 13वें स्थान पर पहुंचने में सफल रहे। इस प्रतियोगिता में पांच भारतीय खिलाड़ियों में चौरसिया के अलावा सिर्फ अजीतेश संधू (71-71) ही कट हासिल करने में सफल रहे।

### शुभंकर ने बीजिंग में कट हासिल किया, संयुक्त 32वें स्थान पर

**बीजिंग।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने वोल्वो चाइना ओपन के दूसरे दौर में एक ओवर 73 का कार्ड खेलकर कट में जगह बनाई। 27 साल का यह भारतीय दूसरे दिन महज एक बर्डी ही लगा सका लेकिन कट हासिल करने में सफल रहा। शर्मा संयुक्त 32वें स्थान पर बने हुए हैं। शर्मा ने पहले दिन छह अंडर 66 का कार्ड खेला था जिससे अब 36 होल में उनका कुल स्कोर पांच अंडर का है। अन्य भारतीयों में ओम प्रकाश पहले दौर के अच्छे प्रदर्शन के बाद दूसरे दौर में दो ओवर 75 का स्कोर बनाने से संयुक्त 94वें स्थान पर रहे और कट में जगह बनाने से चूक गए।

### टोटेनहम की चैंपियंस लीग की उम्मीदों को झटका



**लंदन।** चेल्सी के हाथों 2-0 से मिली हार के साथ टोटेनहम की चैंपियंस लीग फुटबॉल के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों को करारा झटका लगा। प्रीमियर लीग में टोटेनहम की यह चार दिन में दूसरी हार थी। उसे आर्सनल ने पिछले रविवार को 3-2 से हराया था। इंग्लैंड को अगले सत्र में चैंपियंस लीग में चार ही कोटा स्थान मिलेंगे। टोटेनहम तालिका में पांचवें स्थान पर है और चौथे स्थान पर काबिज एस्टोन विला उससे सात अंक आगे है।

### डॉ. नड्डा एशिया प्रशांत सलाहकार परिषद की अध्यक्ष



**नई दिल्ली।** डॉ. मल्लिका नड्डा को स्पेशल एशिया प्रशांत सलाहकार परिषद (एपीएसी) का अध्यक्ष नियुक्त किया है। डॉ. नड्डा 2021 से स्पेशल ओलंपिक भारत की अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। वे सामाजिक जिम्मेदारी की गहरी समझ रखने वाली अग्रणी सामाजिक कार्यकर्ताओं में से एक हैं। वह 30 से अधिक वर्षों से दिव्यांगों, वंचितों और महिला सशक्तिकरण के लिए समर्पित हैं। इतिहास में डॉक्टरेट और शहरी अध्ययन में विशेष रुचि रखने वाली शिक्षाविद डॉ. मल्लिका नड्डा हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से जुड़ी हुई हैं। एपीएसी की अध्यक्ष के रूप में, डॉ. नड्डा 34 देशों में फैले पूरे स्पेशल ओलंपिक एशिया प्रशांत क्षेत्र की एक सुसंगत आवाज बनेंगी।

# केकेआर ने मुंबई को 145 पर किया ढेर

## 24 रन से जीता कोलकाता, स्टार्क ने 4 और नारायण ने लिए 2 विकेट






मुंबई के खिलाफ 24 रनों की जीत के बाद जश्न मनाते केकेआर के खिलाड़ी। ● एजेंसी

**मुम्बई, एजेंसी**

वेंकटेश अय्यर (70) और मनीष पांडे (42) रनों की शानदार पारियों और छठें विकेट लिए 83 रन की साझेदारी के बाद मिचेल स्टार्क की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर केकेआर ने शुक्रवार को मुम्बई इंडियंस को 18.5 ओवर में 145 रनों पर समेटते हुए 24 रन से जीत दर्ज की। कोलकाता की 10 मैचों में यह सातवीं जीत है।

170 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुम्बई इंडियंस की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने एक-एक करके अपने छह विकेट 71 के स्कोर तक गवां दिए थे। सबसे पहले दूसरे ओवर में इशान किशन(13) पर उसके बाद नमन (11), रोहित (11), तिलक (4), नेहाल वढेरा (6) और कप्तान हार्दिक (1) रन बनाकर पवेलियन लौट चुके थे। सूर्यकुमार और टिम डेविड ने पारी को संभाला और सातवें विकेट लिये 49 रनों की साझेदारी की। सूर्यकुमार यादव ने 35 गेंदों में सर्वाधिक 56 रन बनाए। मुम्बई इंडियंस की पूरी टीम 18.5 ओवर में 145 रनों सिमट गई। कोलकाता नाइट राइडर्स की ओर से स्टार्क ने चार विकेट लिये। वरुण चक्रवर्ती, नारायण और आंद्रे रसल को दो-दो विकेट मिले।

**अंकतालिका**

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 10 | 8 | 2 | 16 | +0.622 |
| कोलकाता | 10 | 7 | 3 | 14 | +1.098 |
| लखनऊ | 10 | 6 | 4 | 12 | +0.094 |
| हैदराबाद | 10 | 6 | 4 | 12 | +0.072 |
| चेन्नई | 10 | 5 | 5 | 10 | +0.627 |
| दिल्ली | 11 | 5 | 6 | 10 | -0.442 |
| पंजाब | 10 | 4 | 6 | 8 | -0.062 |
| गुजरात | 10 | 4 | 6 | 8 | -1.113 |
| मुंबई | 11 | 3 | 8 | 6 | -0.356 |
| बेंगलुरु | 10 | 3 | 7 | 6 | -0.415 |

**83** रन की शानदार साझेदारी कर वेंकटेश अय्यर और मनीष पांडे ने पहुंचा सम्मानजनक स्कोर तक

**केकेआर 169/10** 19.5 ओवर, अतिरिक्त : 7

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| फिल सॉल्ट का तिलक बो तुषारा | 5 | 3 | 1/0 |
| सुनील नारायण बो हार्दिक | 8 | 8 | 0/1 |
| अंगकृष रघुवंशी का सूर्यकुमार बो तुषारा | 13 | 6 | 0/2 |
| श्रेयस अय्यर का डेविड बो तुषारा | 6 | 4 | 1/0 |
| वेंकटेश अय्यर बो बुमराह | 70 | 52 | 6/3 |
| रिंकू सिंह का एवं बो चावला | 9 | 8 | 2/0 |
| मनीष का स्थानापन्न (ब्रेविस) बो हार्दिक | 42 | 31 | 2/2 |
| आंद्रे रसेल रन आउट | 7 | 2 | 0/1 |
| रमनदीप सिंह का कोएत्जी बो बुमराह | 2 | 2 | 0/1 |
| मिचेल स्टार्क बो बुमराह | 0 | 02 | 0/0 |
| वैभव अरोड़ा नाबाद | 0 | 0 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** तुषारा 4-0-42-3, बुमराह 3.5-0-18-3, कोएत्जी 2-0-24-0, हार्दिक 4-0-44-2, नमन 3-0-25-0, चावला 3-0-15-1

**मुंबई 145/10** 18.5 ओवर, अतिरिक्त : 10

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| इशान किशन बो स्टार्क | 13 | 7 | 1/1 |
| रोहित शर्मा का पांडे बो नारायण | 11 | 12 | 0/1 |
| नमन धीर बो चक्रवर्ती | 11 | 11 | 2/0 |
| सूर्यकुमार यादव का सॉल्ट बो रसेल | 56 | 35 | 6/2 |
| तिलक वर्मा का नारायण बो चक्रवर्ती | 4 | 6 | 0/0 |
| नेहाल वढेरा बो नारायण | 6 | 11 | 1/0 |
| हार्दिक पंड्या का पांडे बो रसेल | 1 | 3 | 0/0 |
| टिम डेविड का श्रेयस बो स्टार्क | 24 | 20 | 1/1 |
| जेराल्ड कोएत्जी बो स्टार्क | 8 | 7 | 0/1 |
| पीयूष चावला का नारायण बो स्टार्क | 0 | 1 | 0/0 |
| जसप्रीत बुमराह नाबाद | 1 | 1 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** अरोड़ा 3-0-35-2, स्टार्क 3.5-0-33-4, चक्रवर्ती 4-0-22-2, नारायण 4-0-22-2, रसेल 4-0-30-2

## अतीत के संघर्षों ने उपलब्धियों के लिए प्रेरणा दी : सुमित



**बेंगलुरू।** ओलंपिक और एशियाई खेल पदक विजेता भारतीय हॉकी टीम के सदस्य रहे सुमित को अतीत के संघर्षों ने एक और पदक अपनी झोली में डालने के लिये प्रेरित किया है। सुमित को पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने की उम्मीद है और अंतिम 16 में स्थान पाने के लिये कड़ी प्रतिस्पर्धा से वह विचलित नहीं हैं। सुमित ने भारतीय टीम की तैयारियों के शिविर से इतर कहा मेरे जीवन में काफी संघर्ष रहे हैं और कठिन अतीत की यादों से मुझे आगे अच्छा करने की प्रेरणा मिलती है।

सुमित ने 2021 में तत्कालीन कोच ग्राहम रीड द्वारा उन्हें टीम से बाहर किये जाने को मैदान पर सबसे बड़ी चुनौती बताया। उस साल एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के बाद सुमित को टीम से बाहर कर दिया गया और उसके बाद राष्ट्रमंडल खेल या विश्व कप के लिए नहीं चुना गया। दो साल टीम से बाहर रहना उनके लिये कठिन था लेकिन सुमित ने उम्मीद नहीं छोड़ी।

## धावकों से विश्व रिले में अच्छे नतीजे की उम्मीद

**नसाउ (बहामास), एजेंसी**

भारत का 15 सदस्यीय मजबूत दल नसाउ में शनिवार से शुरू होने वाले दो दिवसीय विश्व एथलेटिक्स रिले बहामास 24 में दमदार प्रदर्शन के साथ तीनों श्रेणियों में पेरिस ओलंपिक का कोटा सुनिश्चित करना चाहेगा। भारतीय पुरुष चार गुणा 400 रिले टीम पिछले कुछ समय से सुर्खियां बटोर रही है।

इस टीम ने तोक्यो ओलंपिक में प्रभावशाली प्रदर्शन किया और इसके बाद पिछले अगस्त में बुडापेस्ट में विश्व चैंपियनशिप में अमेरिका के खिलाड़ियों को चुनौती दी। टीम ने हांग्झोऊ एशियाई खेलों में तीन मिनट 01:58 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। पिछले साल के शानदार प्रदर्शन के बाद बुडापेस्ट में मुहम्मद अनस याहिया, अमोज जैकब, मुहम्मद अजमल और राजेश रमेश की भारतीय चौकड़ी द्वारा बनाए गए 2:59.05 सेकंड के राष्ट्रीय और एशियाई रिकॉर्ड को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी।



यह हालांकि इतना आसान नहीं होगा क्योंकि इस चौकड़ी का मौजूदा सत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन तीन मिनट 05:71 सेकेंड रहा है। यह उनके हांगझोऊ के प्रदर्शन से लगभग चार सेकेंड अधिक है। ओलंपिक के लिए विश्व रिले प्रारूप के अनुसार शनिवार को प्रत्येक हीट में से दो शीर्ष टीमें फाइनल में पहुंचने के साथ पेरिस का टिकट पक्का करेगी। भारत पुरुष, महिला और मिश्रित चार गुणा 400 मीटर में टीमें उतरेगा। इसमें पुरुष चौकड़ी पिछले साल के प्रदर्शन के आधार पर पेरिस के लिए क्वालीफाई करने के लिए सर्वश्रेष्ठ स्थिति में है।

## स्वियातेक मैड्रिड ओपन फाइनल में

**मैड्रिड।** इगा स्वियातेक ने मेडिसन कीस को सीधे सेटों में हराकर मैड्रिड ओपन के फाइनल में प्रवेश कर लिया जहां उनका सामना एरिना सबालेंका से होगा। शीर्ष वरीयता प्राप्त स्वियातेक ने कीस को 6-1, 6-3 से मात दी। अब वह सबालेंका से खेलेंगी जिन्होंने चौथी रैंकिंग वाली एलेना रिबाकिना को 1-6, 7-5, 7-6 से हराया है। पुरूष वर्ग में दानिल मेदवेदेव 31वीं रैंकिंग वाले जिरि लेहेका से पहला सेट 4-6 से हारने के बाद क्वार्टर फाइनल मैच से रिटायर हो गए। उन्हें दाहिने पैर में चोट लगी थी और उपचार भी लेना पड़ा। लेहेका का सामना अब 35वीं रैंकिंग वाले फेलिक्स आगर एलियास्सिमे से होगा।

### अल्काराज चोट के कारण इटैलियन ओपन से हटे

**रोम।** विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज कार्लोस अल्काराज ने शुक्रवार को दायें हाथ में चोट के कारण इटैलिन ओपन से हटने की घोषणा की। इस चोट के कारण उन्हें मोंटे कार्लो और बार्सिलोना ओपन से भी हटने के लिए बाध्य होना पड़ा। दो दिन पहले उनकी लगातार तीसरा मैड्रिड ओपन खिताब जीतने की उम्मीद क्वार्टरफाइनल में आंद्रे रूबलेव से मिली तीन सेट की हार के बाद टूट गई थी। अल्काराज ने अपने सोशल मीडिया चैनल पर लिखा कि मैड्रिड में खेलने के बाद मुझे अपने हाथ में थोड़ा दर्द महसूस हुआ।



## बॉलीवुड हलचल

### 17 से डिज्नी+हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी बाहुबली: क्राउन ऑफ ब्लड




**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने निर्देशक एसएस राजामौली की फिल्म बाहुबली : क्राउन ऑफ ब्लड 17 मई से डिज्नी हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। बाहुबली, बाहुबली 2 और आरआरआर जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म देने के बाद, फैंस और दर्शक निर्देशक एसएस राजामौली की अगली फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। राजामौली ने अपने आगामी प्रोजेक्ट बाहुबली : क्राउन ऑफ ब्लड'' एनिमेटेड सीरीज का एलान किया है। बाहुबली : क्राउन ऑफ ब्लड का निर्माण एस.एस. राजामौली, शरद देवराजन और शोबु यार्लागड्डा ने किया है। निर्देशन जीवन जे. कांग और नवीन जॉन ने किया है। डिज्नी हॉटस्टार और एचएसएम एंटरटेनमेंट नेटवर्क, डिज्नी स्टार में कंटेन्ट के हेड गौरव बैनर्जी ने कहा, हम बाहुबली क्राउन ऑफ ब्लड के साथ इस मशहूर फ्रैंचाइजी की गहराइयों में जाने के लिए उत्साहित हैं। हम आज के समय में कहानी कहने की कला में एनिमेशन की महत्वपूर्ण भूमिका को समझते हैं। हम बाहुबली और द लेजेंड ऑफ हनुमान जैसी रोमांचक कहानियों को अपने दर्शकों के लिए पेश करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा लक्ष्य वयस्कों के लिये एनिमेशन जोनर को लगातार बेहतर बनाना और दर्शकों को लुभाना है। हम ग्राफिक इंडिया के साथ अपने रिश्ते को भी समृद्ध बनाना चाहते हैं। बाहुबली क्राउन ऑफ ब्लड के रचनाकर एवं निर्माता एस.एस. राजामौली ने कहा, बाहुबली की दुनिया बहुत बड़ी है और यह फिल्म फ्रैंचाइजी उसका सही परिचय देती है। हालांकि अभी बहुत कुछ जानना बाकी है और ऐसे में बाहुबली क्राउन ऑफ ब्लड की बारी आती है। यह कहानी पहली बार बाहुबली और भल्लालदेव की जिन्दगी के कई अनजाने ट्विस्ट दिखाएगी। लंबे वक्त से भुलाया गया एक गहरा रहस्य भी उजागर होगा, जब दोनों भाई मिलकर माहिष्मती को बचाएंगे। हम बाहुबली के प्रशंसकों के लिए इस नए अध्याय की पेशकश करके बहुत खुश हैं। हम इस कहानी को एनिमेटेड फॉर्मेट में लेकर आ रहे हैं, जो बाहुबली की दुनिया का एक नया और रोमांचक नजारा देगा। अर्का मीडियावर्क्स और मैं शरद देवराजन, डिज्नी हॉटस्टार तथा ग्राफिक इंडिया के साथ मिलकर काम करके बहुत खुश हैं। हम बच्चों के अलावा भी ज्यादा से ज्यादा दर्शकों के लिये भारतीय एनिमेशन को नया आकार दे रहे हैं।

## श्रीलंका और पाकिस्तान की पुरुष टीमों की मेजबानी करेगा दक्षिण अफ्रीका

**प्रिटोरिया।** दक्षिण अफ्रीका इस वर्ष के आखिर में श्रीलंका और पाकिस्तान की पुरुष टीम की मेजबानी करेगा और इस दौरान उसकी महिला टीम भी इंग्लैंड से मुकाबला करेगी। नवंबर 2024 से जनवरी 2025 की इस अवधि के दौरान पांच टेस्ट सहित कुल 17 मैच खेले जाएंगे। पुरुषों की टेस्ट सीरीज विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा होगी। इस दौरान जोहैनेसबर्ग में एक भी मैच नहीं खेला जाएगा।



यह लगातार दूसरी बार है जब गर्मियों के सीजन में इस मैदान एक भी टेस्ट मैच नहीं हो रहा है। सत्रों ने बताया कि इस जोहैनेसबर्ग में एनुअल पिंक डे के दिन एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच खेला जाएगा। यह मैच ब्रेस्ट कैंसर से पीड़िताओं के लिए फंड एकत्रित करने के उद्देश्य से खेला जाएगा। किंग्समीड और सेंट जॉर्ज्स पार्क श्रीलंका के साथ टेस्ट मैच खेला जाएगा। जबकि पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला शुरू होने से पहले तीन एकदिवसीय और तीन टी-20 भी खेले जाएंगे। बॉक्सिंग डे टेस्ट सुपरस्पोर्ट पार्क और न्यू ईयर टेस्ट न्यूलैंड्स में खेला जाएगा। फरवरी में पाकिस्तान में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी से पहले पाकिस्तान में एकदिवसीय त्रिकोणीय श्रृंखला भी खेली जानी है। ऐसे में एसए-20 के कार्यक्रम से इसके ओवरलैप होने की भी

## श्रीनाथ, मेनन और मदनगोपाल होंगे मैच अधिकारी

**दुबई।** अंपायर नितिन मेनन और जयरमन मदनगोपाल के साथ आईसीसी मैच रैफरी जवागल श्रीनाथ अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

आईसीसी ने शुक्रवार को अमेरिका और वेस्टइंडीज में एक जून से शुरू हो रहे टी20 विश्व कप के पहले दौर के लिए 26 मैच अधिकारियों की सूची की घोषणा की। इसमें 20 अंपायर नौ स्थलों पर 55 मैच में अंपायरिंग करेंगे जिसमें आईसीसी के मशहूर अंपायर रिचर्ड इलिंगवर्थ, कुमार धर्मसेना, क्रिस गाफाने और पॉल रीफेल शामिल हैं। मदनगोपाल के अलावा सैम नोगाजस्की, अलाहुद्दीन पालेकर, राशिद रियाज और आसिफ याकूब भी अपना आईसीसी सीनियर पुरुष टूर्नामेंट पदार्पण करेंगे। छह रैफरियों में श्रीनाथ के अलावा रंजन मदुगले, जेफ क्रो और एंड्रयू पायक्रोफ्ट भी शामिल होंगे।

## द. अफ्रीका महिला टीम की भारत करेगा मेजबानी

**बेंगलुरु, एजेंसी**

भारत जून और जुलाई में एक टेस्ट, तीन एकदिवसीय और तीन टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों के लिए दक्षिण अफ्रीका महिला टीम की मेजबानी करेगा।

कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के एक अधिकारी ने बताया कि वनडे और टी-20 मैच बेंगलुरु में खेले जाएंगे, जबकि टेस्ट मैच चेन्नई में खेला जाएगा। वनडे मैच 16 जून से एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होंगे, जबकि एकमात्र टेस्ट 28 जून से एमए चिदंबरम स्टेडियम में शुरू होगा। इसके बाद टीमें पांच, सात और नौ जुलाई को टी-20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला के लिए बेंगलुरु लौटेंगी।

इस टी-20 श्रृंखला की अहमियत इसलिए भी ज्यादा है क्योंकि सितंबर-अक्टूबर में बांग्लादेश में महिला





टी-20 विश्व कप खेला जाएगा। सफेद गेंद प्रारूप की श्रृंखला मूल रूप से पिछले साल के आखिर में खेली जानी थी और यह आईसीसी भविष्य दौरा कार्यक्रम (एफटीपी) का हिस्सा थे, लेकिन पिछले साल अक्टूबर और नवंबर के बीच भारत में आयोजित 50 ओवर के आईसीसी पुरुष विश्व कप के कारण उन्हें आगे बढ़ाना पड़ा। सीमित ओवरों की श्रृंखला में अब एक टेस्ट मैच को भी शामिल कर लिया है। बीसीसीआई और क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) पारंपरिक प्रारूप में महिला क्रिकेट को और अधिक प्रोत्साहन देने चाहता है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# जीएसटी के तहत कार्रवाई का ब्योरा दे केंद्र

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा- हम कानून की व्याख्या करेंगे ताकि लोगों का हनन न हो सके, अगली सुनवाई 9 को



सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से जीएसटी कानून के तहत हुई गिरफ्तारियों और नोटिस का पूरा ब्योरा देने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह कानून की व्याख्या करेगा और जरूरी दिशा निर्देश देगा ताकि लोगों की स्वतंत्रता का हनन न हो सके।

जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की विशेष पीठ ने 281 याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए ये निर्देश दिया। इन याचिकाओं में जीएसटी कानून, कस्टम कानून और पीएमएलए कानून के प्रावधानों को चुनौती दी गई है। जीएसटी कानून की धारा 69 को लेकर अस्पष्टता है। इसी धारा में गिरफ्तारी के प्रावधान हैं। ऐसे में इसे लेकर चिंता जताई गई है। सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो वे कानून की व्याख्या करेंगे, लेकिन नागरिकों का शोषण नहीं होने देंगे। पीठ ने केंद्र की तरफ से पेश हुए एडिश्नल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से कहा 'पिछले तीन वर्षों में एक करोड़ से लेकर 5 करोड़ रुपये तक के कथित डिफॉल्ट के लिए जीएसटी कानून के तहत जितने नोटिस जारी किए गए हैं और गिरफ्तारियां हुई हैं, उनका डाटा प्रस्तुत करें। इससे लोगों का उत्पीड़न हो सकता है और हम इसकी इजाजत नहीं देंगे। अगर हमें लगता है कि प्रावधानों में स्पष्टता नहीं है तो हम उसे ठीक करेंगे। सभी लोगों को सलाखों के पीछे नहीं भेज सकते हैं।' याचिकाकर्ताओं की तरफ से वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ लूथरा कोर्ट में पेश हुए। लूथरा ने आरोप लगाया कि जीएसटी कानून के तहत प्राधिकरण ताकत का गलत इस्तेमाल कर रहा है और इससे लोगों की आजादी प्रभावित हो रही है। लूथरा ने बताया कि कई मामलों में गिरफ्तारियां नहीं हुई हैं, लेकिन लोगों को नोटिस देकर गिरफ्तारी का डर दिखाकर परेशान किया गया है। जब एसवी राजू ने कहा कि केंद्रीय जीएसटी का डाटा तो मिल सकता है, लेकिन राज्यों का डाटा इकट्ठा करना मुश्किलो होगा, तो इस पर कोर्ट ने कहा कि 'जीएसटी परिषद के पास वह डाटा होगा और अगर डाटा है तो हम चाहते हैं कि सारे डाटा को हमारे सामने पेश किया जाए। अब कोर्ट 9 मई को इस मामले पर सुनवाई करेगा।

## केजरीवाल की अंतरिम जमानत को लेकर सुनवाई के लिए तैयार हुआ उच्चतम न्यायालय

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई के संकेत दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, अगर मुख्य मामले में बहस में समय लगेगा तो दिल्ली में चुनावों के कारण अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई पर विचार किया जा सकता है।

जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने प्रवर्तन निदेशालय की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू को बताया कि गिरफ्तारी के खिलाफ केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई में समय लगने की संभावना है। पीठ ने कहा कि इसलिए अदालत अंतरिम जमानत पर जांच एजेंसी का पक्ष सुनने पर विचार कर रही है। इस पर राजू ने कहा कि वह केजरीवाल की अंतरिम जमानत का विरोध करेंगे। पीठ ने कहा, हम कह रहे हैं कि हम अंतरिम जमानत पर सुनवाई करेंगे और यह नहीं कह रहे हैं कि हम अंतरिम जमानत देंगे। हम अंतरिम जमानत दे भी सकते हैं और नहीं भी। शीर्ष अदालत ने राजू से कहा कि वह अंतरिम जमानत याचिका पर सात मई को दलीलों के लिए तैयार होकर आएं।

# हरे-भरे इलाके में घर तो एंग्जाइटी और डिप्रेशन होने का जोखिम कम

*एक नई रिसर्च में पता चला है कि शहर के हरे-भरे इलाकों में रहने वालों को डिप्रेशन और एंग्जाइटी होने का जोखिम उन लोगों के मुकाबले 71% तक कम होता है, जो घने और कंक्रीट के घने इमारतों वाले इलाके में रहते हैं। रिसर्च के निष्कर्ष में कहा गया है कि जैव विविधता का मानसिक स्वास्थ्य से गहरा संबंध हैं। तमाम स्टडी में इस पर विचार नहीं किया गया है कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए हरा-भरा क्षेत्र कितना और कैसे लाभकारी है।*

### 25 % लोगों ने माना तनाव का असर कम

25 फीसदी लोगों ने माना कि जहां नदी, पेड़, झाड़ियां और झरने आदि होते हैं, वहां मन को शांति मिलती है। जबकि कम प्राकृतिक विविधता वाले स्थानों पर एक बेचैनी सी महसूस होती है। रिसर्च में बताया गया है कि जैव विविधता की रक्षा और प्रचार करके मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ाया जा सकता है। 15,000 घरों को लेकर किए गए अन्य हालिया सर्वेक्षण में पाया गया कि जो लोग पौधों और पक्षियों की प्रजातियों से समृद्ध प्राकृतिक क्षेत्रों में रहते थे, उनमें सामाजिक और आर्थिक मतभेदों के बावजूद मानसिक स्वास्थ्य की समस्याएं कम थीं। रिसर्च में कहा गया है कि हमेशा हरे-भरे इलाकों में रहना जरूरी नहीं है। किए गए शोध में लोगों ने कहा- कि हरी-भरी जगह शांति का आनंद मिलता है।

### शोध में परखा गया अंतर

लंदन के किंग्स कॉलेज की रिसर्च में कहा गया है कि स्टडी में हरे-भरे इलाके और घनी इमारतों वाले क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के मानसिक स्वास्थ्य में अंतर को परखा गया। यह रिसर्च अप्रैल 2018 से सितंबर 2023 के बीच की गई। इसके लिए अर्बन माइंड एप के जरिए डेटा जुटाया गया, जो शहरी और ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों के अनुभव को दर्ज करता है। इसमें दिनभर में 1,998 लोगों ने अपने पर्यावरण और मानसिक स्वास्थ्य के बारे में 41,000 आकलन पेश किए।



- पूरी नींद लें। अच्छी नींद हमें सकारात्मक ऊर्जा से भर देती है।
- खूब पानी पीएं और हरी पत्तेदार सब्जियों-मौसमी फलों का ज्यादा से ज्यादा सेवन करें।
- एल्कोहल और धूम्रपान का सेवन न करें।
- जंक फूड और बासी खाना बिल्कुल न खाएं।
- नमक, चीनी, चाय, कॉफी का सेवन कम से कम करें।

## एक नजर

### छत्तीसगढ़: बीएसएफ जवानों की बस पेड़ से टकराई, 17 घायल

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में चुनाव ड्यूटी पर तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसफ) के जवानों की बस शुक्रवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना में 17 जवान घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि घटना सुबह 11 बजे जिले के धरमजयगढ़ क्षेत्र के चहला गांव के पास की है। उन्होंने बताया कि बीएसएफ के 32 जवान बस में सवार होकर मतदान केंद्रों का मुआयना करने के लिए रवाना हुए थे। जब वे धरमजयगढ़ के सुदूर पहाड़ी इलाके में स्थित छूही पहाड़ के मतदान केंद्र का निरीक्षण कर लौट रहे थे तभी चहला गांव के करीब बस अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। घटना में 17 जवान घायल हो गए, जिनमें से 13 जवानों का उपचार धरमजयगढ़ के अस्पताल में किया जा रहा है।

### म्यांमार में फंसे 3 भारतीयों में से एक की वतन वापसी : रणधीर

**नई दिल्ली।** म्यांमार में नौकरी के नाम पर ठगे गए भारतीय नागरिकों के मामले में विदेश मंत्रालय ने कहा कि तीन भारतीयों ने स्वदेश वापसी के लिए संपर्क किया था। एक को पहले ही वापस लाया जा चुका है, बाकी बचे दो लोगों की वापसी के लिए प्रयास जारी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि दो अन्य को लाने के लिए वहां का दूतावास इस पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा दक्षिण पूर्व एशियाई देशों में नौकरियों के लिए आवेदन करते समय सावधानी रखें। 2022 में भारत ने म्यांमार से 45 भारतीयों को बचाया था।

### फिलीपींस ने चीन के राजदूत को भेजा समन, हमले पर जताई नाराजगी

**मनीला।** फिलीपींस ने चीन के राजदूत को समन जारी किया है। दरअसल बीते दिनों चीन की नौसेना ने दक्षिण चीन सागर में फिलीपींस के एक जहाज पर पेट्रोलिंग के दौरान वाटर कैनन से तेज प्रेशर के साथ पानी की बौछार की थी। फिलीपींस की सरकार ने इस पर नाराजगी जताई है। फिलीपींस के विदेश मंत्रालय ने चीन के राजदूत झोउ जियोंग को समन भेजा है। दरअसल दक्षिण चीन सागर में स्थित शोआल द्वीप पर फिलीपींस अपना दावा जताता है। इस द्वीप पर फिलीपींस के कुछ सैनिक भी तैनात हैं। इन सैनिकों को फिलीपींस द्वारा नौकाओं के जरिए राशन आदि सामान पहुंचाया जाता है।

### बलूचिस्तान में बम विस्फोट में एक पत्रकार की मौत, 7 लोग घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में बम विस्फोट में एक वरिष्ठ पत्रकार की मौत हो गई। इस विस्फोट में सात अन्य लोग घायल भी हुए हैं। वरिष्ठ पत्रकार की पहचान मोहम्मद सिद्दीक मेंगल के तौर पर की गई है, जो खुजदार प्रेस क्लब के अध्यक्ष थे। खुजदार शहर के बाहरी इलाके में एक रिमोट कंट्रोल बम से उनकी वाहन टकरा गई। इस टक्कर के बाद विस्फोट हुआ, जिसमें उनकी मौत हो गई। इससे पहले गुरुवार को लैंडमाइन विस्फोट में एक की मौत हो गई थी। वहीं 20 अन्य घायल भी हुए थे।

# यूएन में भारत ने पाकिस्तान को लताड़ा कहा- हर मामले में ट्रैक रिकॉर्ड खराब

## कंबोज बोलीं- चुनौतीपूर्ण समय में रचनात्मक बात करें, भारत के खिलाफ टिप्पणी नहीं

संयुक्त राष्ट्र/ नई दिल्ली, एजेंसी

भारत ने एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान को जमकर लताड़ लगाई। भारत ने पाकिस्तान की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि पाकिस्तान का ट्रैक रिकॉर्ड हर मामले में संदिग्ध है। संयुक्त राष्ट्र में शांति की संस्कृति विषय पर आम सभा की बैठक में पाकिस्तान के राजदूत मुनीर अकरम ने भारत के खिलाफ बयानबाजी की और कश्मीर, सीएए और अयोध्या के राम मंदिर मुद्दे पर भारत के खिलाफ टिप्पणियां की।

इसका जवाब देते हुए संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने पाकिस्तान को जमकर लताड़ा। रुचिरा कंबोज ने कहा कि इस सभा में हम शांति की संस्कृति की बात कर रहे हैं। ऐसे चुनौतीपूर्ण समय में हमारा फोकस रचनात्मक बातचीत पर होना चाहिए।

ऐसे में हमें एक प्रतिनिधिमंडल (पाकिस्तान) की टिप्पणियों को नजरअंदाज करना चाहिए क्योंकि उनमें न सिर्फ शिष्टाचार की कमी है, बल्कि उनका खुद का ट्रैक रिकॉर्ड हर मामले में संदिग्ध है। ये अपनी विनाशकारी और हानिकारक स्वभाव के चलते हमारे सामूहिक प्रयासों को भी गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं।

कंबोज ने कहा कि हम चाहेंगे कि ये प्रतिनिधिमंडल सम्मान और कूटनीति के आधारभूत सिद्धांतों का पालन करे। कंबोज ने कहा कि 'अहिंसा का मंत्र महात्मा गांधी ने दिया था और यह आज भी हमारे देश का आधार है। पाकिस्तान को आईना दिखाते हुए भारत की प्रतिनिधि ने कहा कि भारत न सिर्फ हिंदू धर्म, बौद्ध धर्म, जैन धर्म और सिख धर्म की जन्मस्थली है बल्कि यहां इस्लाम, यहूदी, ईसाई और पारसी जैसे धर्मों का भी मजबूत आधार है।

जिन वर्गों और धर्मों के लोगों को शोषण का सामना करना पड़ा, उन्हें शरण देने और विविधता में एकता बनाए रखने का भारत का इतिहास रहा है।

### आतंकवाद शांति की संस्कृति के खिलाफ, चुनौतियों पर दें ध्यान

भारत की स्थायी प्रतिनिधि ने कहा कि आतंकवाद शांति की संस्कृति के खिलाफ है और यह धर्म की शिक्षाओं जैसे दया, सहअस्तित्व के भी खिलाफ है। हमारा देश मानता है कि ये पूरी दुनिया एक परिवार है और संयुक्त राष्ट्र सभा के सभी सदस्य देशों को भी ऐसा मानना चाहिए ताकि शांति की संस्कृति को बढ़ावा मिल सके। कंबोज ने कहा वैश्विक चुनौतियां बढ़ रही हैं। बढ़ती असहिष्णुता, भेदभाव और धर्म आधारित हिंसा की चुनौतियों पर तुरंत ध्यान देने की जरूरत है। पवित्र स्थलों जैसे चर्च, बौद्ध स्थल, गुरुद्वारे, मस्जिद, मंदिर और यहूदी धर्मस्थलों पर हमलों की घटनाओं में तेजी आने से हम चिंतित हैं। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान में आए दिन हिंदू मंदिरों और गुरुद्वारों पर हमले की घटनाएं सामने आती रहती हैं।




# पाकिस्तान में बस खाई में गिरी, 20 की मौत

- गिलगित-बाटलिस्तान क्षेत्र में हुआ हादसा, 21 लोग घायल प्रधानमंत्री शहबाज ने जताया दुख



इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के पहाड़ी क्षेत्र में दुर्घटना में बस फिसलकर खाई में गिर गई, जिससे सवार 20 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है, जबकि 21 लोग घायल हुए हैं।

उत्तर पश्चिम पाकिस्ताान में शुक्रवार को एक बस गिलगित-बाटलिस्तान क्षेत्र के डायमेर जिले में काराकोरम मार्ग पर रावलपिंडी से हुंजा जा रही थी। सुबह लगभग 5:30 बजे रास्ते में चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया जिस कारण बस फिसलकर सिंधू नदी में जा गिरी। बस में सवार 43 लोगों में से 21 जख्मी हो गए है, जबकि गई गंभीर रूस से घायल हैं। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। मरने वालों में तीन महिलाएं भी शामिल हैं। मरने वालों की संख्या बढ़ भी सकती है क्योंकि घायलों की हालत गंभीर है। सेना के हेलीकॉप्टरों से बचाव कार्य कराया गया। साथ ही घायल और मृतकों को अस्पताल ले जाया गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज किया जा रहा है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों को घायलों को हर संभव चिकित्सा उपचार प्रदान करने का निर्देश दिए। गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने भी घटना पर शोक व्यक्त किया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की।

# अमेरिकी झंडे का अपमान करने पर मस्क ने जताई नाराजगी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में हो रहे फिलिस्तीन समर्थित विरोध प्रदर्शनों के मुद्दे पर एलन मस्क ने एक ऐसा पोस्ट किया, जिस पर अमेरिकी व्हिसल ब्लोअर एडवर्ड स्नोडेन ने करारा जवाब दिया है। दरअसल मस्क ने सोशल मीडिया पर एक पोल साझा किया, जिसमें अमेरिकी झंडे का अपमान करने वाले को देश से बाहर भेजने पर लोगों की राय मांगी गई थी। इस पर स्नोडेन ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि देश में अभिव्यक्ति की आजादी है। अमेरिकी विश्वविद्यालयों में जारी फिलिस्तीन समर्थक विरोध प्रदर्शनों पर एलन मस्क ने एक ट्वीट किया। जिसमें मस्क ने लिखा, 'प्रस्तावित कानूनः अगर कोई अमेरिकी झंडे का फाड़ता है और उसकी जगह कोई दूसरा झंडा लगाता है तो उस व्यक्ति को अनिवार्य रूप से उस देश भेज देना चाहिए, जहां का झंडा उसने लगाया है। मस्क ने इस पोस्ट पर लोगों से हां और नहीं में जवाब भी मांगा था।



## भीषण आग



**पटना :** पटना के बांस घाट में झोपड़ पट्टी में शुक्रवार को भीषण आग लग गई। दो दर्जन से अधिक घर आग की चपेट में आने से जलकर राख हो गए। दमकल की एक दर्जन गाड़ियां पहुंचकर आग बुझाने में जुट गई। घटना में किसी तरह कोई हताहत होने की सूचना नहीं है। कुछ लोगों को मामूली चोटें आई हैं। • एजेंसी

## तिहाड़ जेल में दो कैदियों के बीच हिंसक झड़प, एक की हत्या

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली की तिहाड़ जेल में शुक्रवार दोपहर को एक कैदी की हत्या कर दी गई। जेल अधिकारी के मुताबिक, तिहाड़ की जेल नंबर-3 में एक कैदी की दूसरे कैदी ने खाने को लेकर हत्या कर दी।

पुलिस ने बताया कि दीपक नामक कैदी को डीडीयू अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दीपक पर उसके साथी कैदी ने नुकीले हथियार से हमला कर दिया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया, इसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टारों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दिल्ली के शकरपुर का रहने वाला दीपक पर हमला करने का आरोप अफगानिस्तान का अब्दुल बाशिर पर लगा है। पुलिस ने इस घटना के संबंध में केस दर्ज कर लिया है।

# 40 सालों में सुनक की पार्टी का सबसे खराब प्रदर्शन, उपचुनाव हारे

लंदन, एजेंसी



ब्रिटेन में स्थानीय चुनाव के साथ एक सीट पर हुए उपचुनाव के नतीजे से कंजरवेटिव पार्टी और प्रधानमंत्री ऋषि सुनक पर दबाव बढ़ गया है। इसे सत्तारूढ़ कंजरवेटिव पार्टी का 40 वर्षों में सबसे खराब प्रदर्शन माना जा रहा है। अपनी पार्टी में प्रतिद्वंद्विता से दबाव का सामना कर रहे भारतवंशी ऋषि सुनक पर अब विपक्षी लेबर पार्टी का दबाव बढ़ जाएगा।

स्थानीय चुनावों में बढ़त के साथ ब्लैकपूल साउथ के संसदीय उपचुनाव में कंजरवेटिव पार्टी को करारी हार का सामना करना पड़ा है। लेबर पार्टी के नेता सर कीर स्टार्मर ने इस परिणाम को भूकंप लाने वाली जीत बताया है। कहा, ब्लैकपूल के नतीजे ने पूरे देश का मिजाज बता दिया। यह एक ऐसा चुनाव था जिसमें मतदाताओं को सीधे ऋषि सुनक को संदेश भेजने का मौका था। स्टार्मर ने कहा कि यह उपचुनाव ऋषि सुनक के लिए स्पष्ट बदलाव का संकेत देता है। ब्लैकपूल साउथ में लेबर पार्टी के उम्मीदवार क्रिस वेब ने कंजरवेटिव प्रत्याशी डेविड जोन को करारी शिकस्त दी। यह सीट 2019 में पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के समय कंजरवेटिव पार्टी ने जीती थी।

## कनाडा में भारतीय दंपती समेत 4 की सड़क हादसे में मौत

**टोरंटो।** कनाडा की यात्रा पर गए एक भारतीय दंपती और उनके तीन महीने के पोते सहित चार लोगों की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। यह दुर्घटना तब घटी, जब ओंटारियो पुलिस गलत दिशा में गाड़ी चला रहे एक शराब दुकान में डकैती करने वाले अपराधी का पीछा कर रही थी।

पुलिस ने गुरुवार को बताया कि टोरंटो से लगभग 50 किलोमीटर दूर राजमार्ग पर सभी चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। ओंटारियो पुलिस ने कहा कि मृतकों में 60 वर्षीय पुरुष और एक 55 वर्षीय महिला, भारतीय कपल शामिल हैं। पुलिस के बयान में कहा गया है इसी कार में दंपति के तीन महीने के पोते की भी मौत हो गई। मां को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर है।

# चीन का मिशन मून लॉन्च, धरती पर लाएगा नमूने

बीजिंग, एजेंसी

- चांग ई-6 मिशन अपनी यात्रा 53 दिन में पूरी करेगा, चंद्रमा के सुदूर हिस्से से धूल को इकट्ठा करेगा



चीन ने चंद्रमा के नमूने एकत्र करने और उन्हें शोध के लिए पृथ्वी पर लाने के लिए शुक्रवार को चंद्र जांच मिशन भेजा है। चीन ने इस अभियान का नाम मिशन चांग ई-6 दिया है। यह पूरा मिशन 53 दिनों का है।

चीन के राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रशासन (सीएनएसए) के अनुसार चांग ई-6 मिशन के अंतर्गत चंद्रमा के सुदूर हिस्से से नमूने इकट्ठा किए जाएंगे। इसके बाद इन नमूनों को पृथ्वी पर लाकर इन पर शोध की जाएगी। सीएनएसए का कहना है कि मानव चंद्र अन्वेषण के इतिहास में यह अपनी तरह का पहला प्रयास है। चांग ई-6 को लॉन्ग मार्च-5 वाई-8 रॉकेट द्वारा चांद पर ले जाया गया है। इसे हैनान प्रांत के वेनचांग अंतरिक्ष प्रक्षेपण स्थल से प्रक्षेपित किया गया। एक रिपोर्ट के अनुसार चांग ई-6 में ऑर्बिटर, लैंडर, एसेंडर और री-एंट्री मॉड्यूल के रूप में चार घटक शामिल हैं। इस मिशन के तहत चंद्रमा पर मौजूद धूल और चट्टानों को इकट्ठा किया जाएगा। इसके बाद इन नमूनों को री-एंट्री मॉड्यूल में स्थानांतरित करने के लिए एसेंडर की मदद से ऑर्बिटर में ले जाया जाएगा। इसके बाद ऑर्बिटर की मदद से इन नमूनों को रिसर्च के लिए पृथ्वी पर लाया जाएगा। सीएनएसए के अनुसार यह मिशन ऑटोमैटिक सैंपल कलेक्शन, टेक-ऑफ और चंद्रमा पर दूर से आरोहण जैसी प्रमुख प्रौद्योगिकियों में सफलता हासिल करने के लिए तैयार है।

सीएनएसए ने बताया कि चांग ई-6 मिशन के लैंडर और ऑर्बिटर पर फ्रांस, इटली और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के वैज्ञानिक उपकरण और एक पाकिस्तानी पेलोड है। इससे पहले चीन ने चंद्रमा पर मानवरहित मिशन लॉन्च किया था, जिसके तहत चंद्रमा पर एक रोवर को उतारना भी शामिल था। इसके अलावा चीन ने मंगल ग्रह पर भी एक रोवर भेजा है। चीन ने 2030 तक चंद्रमा पर मानवयुक्त लैंडिंग की योजना की भी घोषणा की है। बता दें कि पिछले साल भारत ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान-3 का लैंडर प्रज्ञान रोवर उतारा था। ऐसा करने वाला भारत विश्व का पहला देश बना था।

## गूगल ने सर्च इंजन बनाने के लिए एपल को 1.6 लाख करोड़ दिए

**वाशिंगटन।** गूगल की मूल कंपनी अल्फाबेट ने गूगल को सफारी ब्राउजर का सर्च इंजन बनाने के लिए एप्पल को 20 बिलियन (लगभग 1.6 लाख करोड़ रुपए) दिए। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार यह खुलासा गूगल के खिलाफ अमेरिकी एंटीट्रस्ट ट्रायल के अदालती दस्तावेजों में हुआ है।

गूगल पर बाजार पर हावी होने, सर्च इंजन और विज्ञापन क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा को खत्म करने के लिए अपनी स्थिति का दुरुपयोग करने का मामला दर्ज है। मामले का मुख्य हिस्सा गूगल और एपल के संबंधों पर निर्भर करता है। 2020 में, एपल को गूगल द्वारा किया गए भुगतान एप्पल की परिचालन आय का 17.5% हिस्सा था। पिछले साल सुंदर पिचाई ने यूजर्स के लिए उपलब्ध सर्वोत्तम सेवा के रूप में बचाव किया था। वहीं, माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नाडेला ने दावा किया था गूगल का उपभोक्ताओं पर मजबूत पकड़ है।

**विज्ञान** वैज्ञानिकों ने ईएसए के मार्स एक्सप्रेस ऑर्बिटर द्वारा खोजी मकड़ी के आकृति जैसी तस्वीर

# मंगल की धरती है भूगर्भीय रासायनिक संरचना

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** मंगल ग्रह पर जीवन की संभावनाओं को लेकर मकड़ियों की आकृति जैसी लाइनॉन की तस्वीर सामने आई है। यह तस्वीर मंगल के दक्षिणी ध्रुव के ऊपर की तस्वीर है। मंगल पर यह भूगर्भीय रासायनिक संरचना है। मंगल पर जीवन की संभावना को आगे बढ़ाने के लिए वैज्ञानिकों का मनोबल बढ़ाने वाली खोज है।

बियाबान मंगल पर मानव बस्ती बसाने का मानव सपना साकार होने में लंबा वक्त लगेगा। मगर वैज्ञानिकों की कड़ी मेहनत रंग लाती प्रतीत होती है, जो एक एक पग के साथ आगे बड़ रही है। अब सामने आई नई तस्वीर से पता चलता है कि वैज्ञानिक सही दिशा में आगे बड़ रहे हैं। नई खोज को लेकर वैज्ञानिकों का कहना है कि ईएसए के मार्स एक्सप्रेस ऑर्बिटर ने द्वारा यह खोज हुई है। जिसमें मंगल के दक्षिणी ध्रुव पर मकड़ियों की आकृति जैसा दृश्य देखने को मिला है। यह दृश्य तब बनता है जब सूरज की रोशनी के कारण कार्बन डाइऑक्साइड की बर्फ पिघने लगती है और गैस में बदल जाती है। यह बदलाव बर्फ के स्लैब के माध्यम से बनता है और फिर टूट जाता है। इसके बाद गैस और काली धूल वापस सतह पर गिरती है। जिससे मकड़ी जैसी संरचनाएँ बनती हैं। मंगल के दक्षिणी ध्रुव पर यह रहस्यमय भूगर्भिक मकड़ियो की आकृति है। जिसे स्पष्ट करने के लिए वैज्ञानिकों का कहना है कि मंगल ग्रह की मकड़ियाँ वास्तविक मकड़ी नहीं हैं। यह अंतरिक्ष यान द्वारा ऊपर से देखे गए मकड़ियों जैसे काले धब्बे हैं, जो कार्बन डाइऑक्साइड गैस और धूल के गीजर द्वारा बनाए गए हैं, जो मंगल पर बर्फ की परतों के माध्यम से फूट रहे हैं।



मंगल की सतह पर जमी बर्फ के ऊपर मकड़ियों की लंबी लाइन की तस्वीर।

### 2030 में मंगल की धरती पर पड़ेगा मानव का पहला कदम

लाल ग्रह मंगल पर इंसान का पहला कदम 2030 में पड़ेगा। इसके लिए नासा तैयारियों में जुटा हुआ है। नासा आर्टेमिस मिशन मंगल पर भेजेगा। मिशन के दो चरण की शुरुआती चरण की तैयारियां सफल हो चुकी हैं। पांचवा चरण में मंगल की धरती के साथ पूरा होगा। इससे पहले आर्टेमिस के चौथे चरण के साथ वैज्ञानिको का दल चांद पर पहुंचेगा।